सीनियर स्कूल

पाठ्यचर्या

2011

मुख्य विषय

भाग-1

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

2, सामुदायिक केन्द्र, प्रीत विहार, दिल्ली-110092

सीनियर स्कूल पाठ्यक्रम 2011

खण्ड-1

कक्षा 11 के शैक्षणिक सत्र वर्ष 2009-2010 से प्रभावी और
वर्ष 2011 में होने वाली बोर्ड की परीक्षा के लिए

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

शिक्षा केन्द्र 2, कम्यूनिटी सेन्टर, प्रीत विहार, विकास मार्ग
दिल्ली-110092

© **केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, दिल्ली 110092**

मार्च, 2010

प्रतियाँ : 1000

मूल्य : 125 रु.

टिप्पणी : बोर्ड को यह अधिकार है कि वह जब जैसा भी आवश्यक समझे, पाठ्यक्रमों तथा कोर्सों में संशोधन कर सकता है। सभी स्कूलों को कहा जाता है कि वे बोर्ड द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम और पुस्तकों को, जो कि शिक्षा सत्र व परीक्षाओं से संबंधित है, उनका वास्तव में अनुसरण करें। किसी भी प्रकार का विचलन क्षम्य नहीं है।

प्रकाशक : सचिव, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,
शिक्षा केन्द्र-2 कम्यूनिटी सेन्टर, प्रीत विहार, दिल्ली-110092

मुद्रक : नवप्रभात प्रिटिंग प्रेस
275, पटपड़गंज दिल्ली-110093

भारत का संविधान
उद्देशिका

हम, भारत के लोग, भारत को एक [1][सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य] बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को:

सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय,
विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म
और उपासना की स्वतंत्रता,
प्रतिष्ठा और अवसर की समता

प्राप्त कराने के लिए,
तथा उन सब में,

व्यक्ति की गरिमा और [2][राष्ट्र की एकता
और अखण्डता] सुनिश्चित करने वाली बंधुता

बढ़ाने के लिए

दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० को एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

---

1. संविधान (बयालीसवां संशोधन) अधिनियम, 1976 की धारा 2 द्वारा (3.1.1977) से "प्रभुत्व-संपन्न लोकतंत्रात्मक गणराज्य" के स्थान पर प्रतिस्थापित।
2. संविधान (बयालीसवां संशोधन) अधिनियम, 1976 की धारा 2 द्वारा (3.1.1977 से), "राष्ट्र की एकता" के स्थान पर प्रतिस्थापित।

भाग 4 क
मूल कर्त्तव्य

51 क. मूल कर्त्तव्य - भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्त्तव्य होगा कि वह -

(क) संविधान का पालन करें और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्र ध्वज और राष्ट्र गान का आदर करें;

(ख) स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखें और उनका पालन करें;

(ग) भारत की प्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करें और उसे अक्षुण्ण रखें;

(घ) देश की रक्षा करें और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करें;

(ङ) भारत के सभी लोगों मे समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करें जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हों, ऐसी प्रथाओं का त्याग करें जो स्त्रियों के सम्मान के विरूद्ध हैं;

(च) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का महत्व समझें और उसका परिरक्षण करें;

(छ) प्राकृतिक पर्यावरण की जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी, और वन्य जीव हैं, रक्षा करें और उसका संवर्धन करें तथा प्राणि मात्र के प्रति दयाभाव रखें;

(ज) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करें;

(झ) सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रखें और हिंसा से दूर रहें;

(ञ) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करें जिससे राष्ट्र निरंतर बढ़ते हुए प्रयत्न और उपलब्धि की नई ऊंचाईयों को छू लें।

THE CONSTITUTION OF INDIA

PREAMBLE

WE, THE PEOPLE OF INDIA, having solemnly resolved to constitute India into a [1] **[SOVEREIGN SOCIALIST SECULAR DEMOCRATIC REPUBLIC]** and to secure to all its citizens :

JUSTICE, social, economic and political;

LIBERTY of thought, expression, belief, faith and worship;

EQUALITY of status and of opportunity; and to promote among them all

FRATERNITY assuring the dignity of the individual and the [2] [unity and integrity of the Nation];

IN OUR CONSTITUENT ASSEMBLY this twenty-sixth day of November, 1949, do **HEREBY ADOPT, ENACT AND GIVE TO OURSELVES THIS CONSTITUTION.**

1. Subs, by the Constitution (Forty-Second Amendment) Act. 1976, sec. 2, for "Sovereign Democratic Republic (w.e.f. 3.1.1977)
2. Subs, by the Constitution (Forty-Second Amendment) Act. 1976, sec. 2, for "unity of the Nation (w.e.f. 3.1.1977)

THE CONSTITUTION OF INDIA

Chapter IV A

Fundamental Duties

ARTICLE 51A

Fundamental Duties - It shall be the duty of every citizen of India-

(a) to abide the Constitution and respect its ideals and institutions, the National Flag and the National Anthem;

(b) to cherish and follow the noble ideals which inspired our national struggle for freedom;

(c) to uphold and protect the sovereignty, unity and integrity of India;

(d) to defend the country and render national service when called upon to do so;

(e) To promote harmony and the spirit of common brotherhood amongst all the people of India transcending religious, linguistic and regional or sectional diversities; to renounce practices derogatory to the dignity of women;

(f) to value and preserve the rich heritage of our composite culture;

(g) to protect and improve the natural environment including forests, lakes, rivers, wild life and to have compassion for living creatures;

(h) to develop the scientific temper, humanism and the spirit of inquiry and reform;

(i) to safeguard public property and to abjure violence;

(j) to strive towards excellence in all spheres of individual and collective activity so that the nation constantly rises to higher levels of endeavour and achievement.

पाठ्यक्रम को अद्यतन करना एक सतत् प्रक्रिया है, अतः बोर्ड प्रत्येक वर्ष संशोधित पाठ्यक्रम प्रकाशित करता है। विद्यालयों तथा किसी विशिष्ट वर्ष की बोर्ड की परीक्षा के लिए तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए यह अनिवार्य है कि वे उक्त वर्ष के लिए बोर्ड द्वारा निर्धारित पाठ्य विवरण, पाठ्यक्रम व पुस्तकों को अपनायें। निर्धारित किए गए पाठ्यक्रम से कोई भी अंतर क्षम्य नहीं है। अतः समस्त संबंधितों को दृढ़ता से परामर्श दिया जाता है कि वे अपनी जानकारी व उपयोग के लिए संबंधित वर्ष के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के मुख्यालय से अथवा इसके क्षेत्रीय कार्यालयों से ही खरीदे। अपेक्षित दाम तथा डाक खर्च की राशि के साथ आदेश यथास्थिति मुख्यालय में भंडारी/भंडारपालक (प्रकाशन को) अथवा ज़ोन के क्षेत्रीय अधिकारी को भेजे जा सकते हैं। पाठकों को यह भी परामर्श दिया जाता है कि वे इस प्रकाशन के अंत में दिए गए विवरण को देख लें। प्रादेशिक व विदेशी भाषाओं में पाठ्यक्रम और कोर्स, अलग से प्रकाशित **खण्ड-2** में दिया गया है। वह भी एक समूल्य प्रकाशन है।

अनुक्रम

खण्ड-1 : **पात्रता अपेक्षाएँ, अध्ययन योजना तथा परीक्षा की योजना**

1. उम्मीदवार की पात्रता 9
2. परीक्षाओं की योजना और उत्तीर्ण होने के मापदण्ड 18
3. अध्ययन की रूपरेखा 23

खण्ड-2 : **अध्ययन के कोर्स**

1. English Elective 29
2. Functional English 35
3. English Cone 43
4. हिन्दी (आधार) कोड़ नं. 302 51
5. English (Elective) Code No : 001 29
6. गणित (कोड संख्या 041) 68
7. भौतिकी (कोड संख्या 042) 75
8. रसायन (कोड संख्या 043) 86
9. जीवविज्ञान (कोड संख्या 044) 100
10. BIOTECHNOLOGY (Code No. 045) 107
11. अभियांत्रिक रेखाचित्र, इन्जीनियरिंग ड्राइंग (कोड संख्या 046) 112
12. गृह विज्ञान (कोड संख्या 064) 120
13. कृषि (कोड संख्या 068) 135
14. कम्प्यूटर विज्ञान (कोड संख्या 083) 142
15. सूचना विज्ञान... (कोड संख्या 065) 155
16. मल्टीमीडिया तथा वेब प्रौद्योगिकी (कोड संख्या 067) 175
17. अर्थशास्त्र (कोड संख्या 030) 190
18. व्यवसाय अध्ययन (कोड संख्या 054) 197
19. लेखाशास्त्र (कोड संख्या 055) 206
20. उद्यमिता (कोड संख्या 066) 214
21. इतिहास (कोड संख्या 027) 222
22. राजनीति विज्ञान (कोड संख्या 028) 233
23. भूगोल (कोड संख्या 029) 241
24. मनोविज्ञान (कोड संख्या 037) 249
25. समाजशास्त्र (कोड संख्या 040) 256
26. दर्शनशास्त्र (कोड संख्या 040) 265
27. CREATIVE WRITINGAND TRANSLATION STUDIES (Code No. 069) 270
28. शारीरिक शिक्षा (कोड संख्या 048) 286
29. फैशन अध्ययन (कोड संख्या 053) 318
30. ललित कलाएं 328
31. संगीत 360
32. नृत्य 360

खण्ड–1

पात्रता अपेक्षाएँ, अध्ययन योजना तथा परीक्षा की योजना

1. उम्मीदवारों की पात्रता

1. किसी विद्यालय में विद्यार्थियों का प्रवेश : विद्यार्थियों का स्थानान्तरण/अभिगमन (माइग्रेशन)

प्रवेश : सामान्य शर्तें :–

1.1 'विद्यालय' में किसी कक्षा में प्रवेश प्राप्त करने का इच्छुक विद्यार्थी उस कक्षा में प्रवेश के लिए केवल तभी पात्र होगा यदि वह

(i) इस बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त या इसी बोर्ड से संबद्ध किसी विद्यालय में अथवा भारत में स्थित किसी अन्य मान्यता प्राप्त माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के विद्यालय में अध्ययन कर रहा हो।

(ii) कोई ऐसी अर्हक अथवा समकक्ष अर्हक परीक्षा, उत्तीर्ण कर चुका हो, जिसके आधार पर वह उस कक्षा में प्रवेश के लिए पात्र हो।

(iii) राज्य/संघ शासित क्षेत्र की सरकार द्वारा यथा-निर्धारित तथा जिस स्थान में विद्यालय स्थित हो, उस स्थान में लागू की आयुसीमा (न्यूनतम व अधिकतम) अपेक्षाओं को पूरा करता हो

(iv) निम्नलिखित प्रस्तुत करता हो।

(क) जिस संस्था में उसने आखिर बार पढ़ा हो उस संस्था के प्रमुख द्वारा हस्ताक्षरित व प्रति हस्ताक्षरित विद्यालय छोड़ने का प्रमाण-पत्र/स्थानान्तरण प्रमाणपत्र।

(ख) अर्हक अथवा समकक्ष अर्हक परीक्षा उत्तीर्ण करने की पुष्टि संबंधी दस्तावेज, और

(ग) जन्मतिथि के प्रमाण के रूप में जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रार जहाँ कहीं विद्यमान हो, द्वारा जारी जन्मतिथि-प्रमाण पत्र।

स्पष्टीकरण :

(क) कोई व्यक्ति, किसी ऐसे संस्थापन में पढ़ रहा हो, जो इस बोर्ड द्वारा अथवा किसी अन्य माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा अथवा संबंधित स्थान की राज्य/संघ शासित की सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त न हो तो ऐसे व्यक्ति को उस गैर-मान्यता प्राप्त संस्था जिसमें वह पहले पढ़ रहा था, ऐसे अमान्यता प्राप्त संस्थापनों द्वारा जारी प्रमाण पत्र (पत्रों) के आधार पर किसी कक्षा अथवा किसी 'विद्यालय' में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

(ख) अर्हक परीक्षा से तात्पर्य एक ऐसी परीक्षा से है जिसके उत्तीर्ण करने पर कोई विद्यार्थी किसी कक्षा विशेष में प्रवेश के लिए पात्र हो जाता है; और 'समकक्ष परीक्षा' से तात्पर्य एक ऐसी परीक्षा से है जो किसी मान्यता प्राप्त माध्यमिक शिक्षा बोर्ड/भारतीय विश्वविद्यालय द्वारा अथवा इस बोर्ड/विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त हो अथवा उससे सम्बद्ध किसी संस्थापन द्वारा संचालित की गई हो तथा इस बोर्ड द्वारा तदनरूपी परीक्षा के समकक्ष मान्यता प्राप्त हो जो इस बोर्ड द्वारा संचालित की गई हो, अथवा इस बोर्ड से सम्बद्ध/द्वारा मान्यता प्राप्त 'विद्यालय' द्वारा संचालित की गई हो।

1.2. यदि को विद्यार्थी विदेश में स्थित किसी ऐसे विद्यालय से आता है, तो वह जो इस बोर्ड से सम्बद्ध नहीं है विद्यार्थी तब तक प्रवेश के लिए पात्र नहीं होगा जब तक, कि उस विद्यार्थी के संबंध में इस बोर्ड से

पात्रता प्रमाण-पत्र प्राप्त न कर लिया गया हो। बोर्ड से पात्रता प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए, जिस विद्यालय में प्रवेश मांगा जा रहा है, उस विद्यालय के प्रिंसिपल अपनी टिप्पणी/सिफारिश के साथ मामले का पूरा विवरण व संबंधित दस्तावेज बोर्ड को प्रस्तुत करेंगे जब बोर्ड इस बात से संतुष्ट हो जाए कि किया गया अध्ययन तथा उत्तीर्ण परीक्षा का पाठ्यक्रम इस बोर्ड की तद्नुरूपी कक्षा के समकक्ष हैं, तभी बोर्ड द्वारा पात्रता प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

1.3 ऐसा कोई भी व्यक्ति को जो इस बोर्ड के सम्बद्ध विद्यालय की किसी भी कक्षा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा, जो विद्यालय/कॉलेज द्वारा दिये निष्कासन की सजा भुगत रहा हो अथवा किसी बोर्ड/विश्वविद्यालय/विद्यालय द्वारा निकाल दिया गया हो अथवा किसी बोर्ड/विश्वविद्यालय द्वारा किन्हीं कारणों से परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया गया हो।

1.4 किसी भी विद्यार्थी को, किसी विद्यालय की किसी अगली उच्च कक्षा में तब तक प्रवेश नहीं दिया जाएगा, और न ही पद्दोन्नत किया जाएगा, जब तक कि उसने उस कक्षा, जिसमें शैक्षणिक सत्र की शुरूआत में उसने दाखिला लिया था, के नियमित पाठ्यक्रम की पढ़ाई पूरी नहीं कर ली हो, तथा अगली उच्च कक्षा में प्रोन्नति की अर्हता प्राप्त नहीं ली हो।

1.5. किसी भी विद्यार्थी को, वर्ष के 31 अगस्त के पश्चात् कक्षा XI में, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष राज्य/संघ शासित के शिक्षा अधिनियम में यथा परिभाषित सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना प्रवेश नहीं दिया जाएगा। 31 अगस्त के पश्चात् प्रवेश देने संबंधी प्रार्थनापत्र अपरिहार्य कारणों का स्पष्ट उल्लेख करते हुए विद्यालय के प्रिंसिपल के माध्यम से भेजा जाएगा। परीक्षा की पात्रता प्राप्त करने के लिए, प्रवेशार्थी को बोर्ड की परीक्षा उप नियम के अनुसार कक्षा XI और XII में अपेक्षित उपस्थिति प्रतिशत (75%) पूरी करनी होगी। ऐसे मामलों में जहाँ, बोर्ड द्वारा परीक्षा-परिणाम विलम्ब से घोषित किए जाने के कारण, प्रवेशार्थी नियत तिथि तक उच्चतर कक्षा में प्रवेश नहीं ले सका ऐसी अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी, बशर्ते प्रवेशार्थी ने परिणाम घोषित किए जाने के एक पखवाड़े के भीतर प्रवेश के लिए आवेदन कर दिया हो।

1.6 प्रवेश : विनिर्दिष्ट आवश्यकताएं

किसी विद्यालय की कक्षा XI में प्रवेश केवल ऐसे विद्यार्थी के लिए खुला होगा, जिसने उत्तीर्ण की हो

(क) इस बोर्ड द्वारा आयोजित माध्यमिक स्कूल परीक्षा (कक्षा X परीक्षा); अथवा

(ख) किसी अन्य मान्यता प्राप्त माध्यमिक शिक्षा बोर्ड/भारतीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित समतुल्य परीक्षा जिसे इस बोर्ड द्वारा अपनी माध्यमिक विद्यालय परीक्षा के समतुल्य होने की मान्यता प्रदान की गई हो।

1.7. कक्षा XII में प्रवेश :

(i) कक्षा XII में सीधे कोई प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परन्तु किसी विद्यालय की कक्षा XII में प्रवेश केवल ऐसे विद्यार्थी के लिए खुला होगा जिसने

(क) कक्षा XI के लिए अध्ययन का नियमित कोर्स पूरा कर लिया हो और,

(ख) इस बोर्ड से सम्बद्ध किसी विद्यालय से कक्षा XI उत्तीर्ण कर ली हो।

(ii) एक ऐसे विद्यार्थी जिसने कक्षा XI के लिए नियमित कोर्स पूरा कर लिया है तथा इस बोर्ड अथवा भारत के किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त/के साथ सम्बद्ध किसी संस्थापन से कक्षा XI की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो, को कक्षा XII में केवल उसके माता-पिता के स्थानान्तर होने पर अथवा उनके परिवार के एक स्थान से दूसरे स्थान जाने पर विद्यार्थी से अंकतालिका और स्थानान्तरण

प्रमाण पत्र, जिसे संबंधित बोर्ड के शैक्षिक प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया हो, प्राप्त करने के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा। ऐसे प्रवेश के मामलों में विद्यार्थी के प्रवेश लेने के एक माह के भीतर विद्यालय बोर्ड से कार्योत्तर अनुमोदन प्राप्त करेंगे।

(iii) इस उप विधि के पैरा 1 से 5 तक में कोई बात होने के बाद भारत के बाहर के किसी परीक्षा निकाय से अर्हक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले प्रवेशार्थियों के प्रवेश का नियमन इस अध्याय की उपविधि 6.2 के अनुसार होगा, बशर्ते कक्षा X व XII में प्रवेश के मामलों में क्रमशः कक्षा IX व XI का नियमित अध्ययन कोर्स पूरा करने की शर्त पूरी कर ली गई हो।

1.8 प्रवेश प्रक्रिया

(i) संबंधित राज्य सरकार/केन्द्रीय विद्यालय संगठन/नवोदय विद्यालय समिति, जैसी भी स्थिति हो, द्वारा निर्धारित रूपरेखा के प्रवेश रजिस्टर का अनुरक्षण 'विद्यालय' द्वारा किया जाएगा। 'विद्यालय' में भर्ती होने वाले प्रत्येक विद्यार्थी का नाम इस रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा।

(ii) विद्यार्थियों को प्रवेश लेने पर क्रमिक नम्बर आबंटित किया जाना चाहिए तथा प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा विद्यालय में अपने पूरे जीवनकाल (कैरियर) के दौरान इस नम्बर को रखा जाएगा। विद्यार्थी कितनी भी अवधि की अनुपस्थिति के बाद, विद्यालय में वापस आने पर अपना मूल नम्बर पुनः ग्रहण करेगा।

(iii) किसी विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाला कोई विद्यार्थी यदि किसी अन्य विद्यालय में पढ़ा हो तो, उसका नाम प्रवेश रजिस्टर में दर्ज किए जाने से पहले उसके पिछले विद्यालय द्वारा जारी उप नियम में दिए गए फारमैट में स्थानान्तरण प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत की जाएगी।

(iv) किसी भी परिस्थिति में किसी विद्यार्थी को, स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र के अनुसार उसकी पात्रता की कक्षा से उच्च कक्षा में प्रवेश नहीं किया जाएगा।

(v) किसी विद्यार्थी का नाम बोर्ड की परीक्षा के लिए भेजे दिए जाने के बाद, सत्र के दौरान उसे एक 'विद्यालय' से दूसरे में स्थानान्तरण पर जाने (माइग्रेट करने) की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस शर्त में केवल विशेष परिस्थितियों में अध्यक्ष द्वारा छूट प्रदान की जा सकती है।

(vi) सत्र के अंत में अपना विद्यालय छोड़ने वाला विद्यार्थी या सत्र के दौरान अपना विद्यालय छोड़ने के लिए अनुमति प्राप्त विद्यार्थी उसके द्वारा देय राशि की अदायगी करने के बाद अद्यतन स्थानांतरण प्रमाण-पत्र की अधिप्रमाणित प्रति प्राप्त करेगा। यदि संस्था का अध्यक्ष इस बात से संतुष्ट हो कि मूल प्रति गुम हो गई है, तो उस प्रमाणपत्र की दूसरी प्रति जारी की जा सकती है, परन्तु उस प्रति पर अनुलिपि (डुप्लीकेट) लिख दिया जाएगा।

(vii) बोर्ड से असम्बद्ध किसी संस्थापन का कोई विद्यार्थी जो बोर्ड से संम्बद्ध न हो, यदि इस बोर्ड से सम्बद्ध किसी विद्यालय में प्रवेश चाहता है तो ऐसा विद्यार्थी, परीक्षा उपनियम में दिए गए फारमैट में इंगित प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित स्थानांतरण प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेगा।

(viii) यदि किसी विद्यार्थी के माता-पिता अथवा अभिभावक द्वारा अथवा स्वयं विद्यार्थी द्वारा बशर्ते कि विद्यालय में अपने प्रवेश के समय वह बालिग था/थी, दिए गए किसी विवरण में, विद्यार्थी के जीवन के संबंध में जानबूझकर गलत तथ्य दिए गए हैं तो, संस्थापन का प्रधान उसे राज्य/संघ शासित क्षेत्र के शिक्षा अधिनियम अथवा केन्द्रीय विद्यालय संगठन/नवोदय विद्यालय समिति के नियमों, के अंतर्गत यथास्थिति उसे दण्डित कर सकता है तथा इसकी जानकारी बोर्ड को देगा।

परीक्षाओं में प्रवेश

1.9 सामान्य

यदि किसी विद्यार्थी को निष्कासित कर दिया गया है अथवा अस्थाई रूप से निकाले जाने (रस्टीकेशन) का दण्ड दिया गया हो, अथवा किसी भी कारण से परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित कर दिया गया है, तो इस विद्यार्थी को बोर्ड की किसी परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

अखिल भारतीय/दिल्ली उच्च विद्यालय प्रमाण पत्र परीक्षा

1.10 परीक्षा देने के लिए शैक्षणिक योग्यता

(i) ऑल इण्डिया/दिल्ली सीनियर स्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी ने :

(क) इस बोर्ड की माध्यमिक विद्यालय परीक्षा (कक्षा X) अथवा किसी अन्य मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से समकक्ष परीक्षा, उस वर्ष से कम से कम दो वर्ष पूर्व उत्तीर्ण की हो, जिस वर्ष में वह इस बोर्ड की सीनियर स्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा (कक्षा XII) में सम्मिलित होना चाहता/चाहती हो।

(ख) उपर्युक्त (क) में उल्लखित माध्यमिक विद्यालय परीक्षा (कक्षा X) में आंतरिक मूल्यांकन के प्रत्येक विषय में श्रेणी (ग्रेड) ई से उच्च श्रेणी प्राप्त की हो।

1.11 परीक्षाओं में प्रवेश : नियमित उम्मीदवार

आल इण्डिया/दिल्ली सीनियर स्कूल प्रमाण-पत्र परीक्षा में ऐसे नियमित उम्मीदवार भाग ले सकेंगे जिन्होंने संबंधित परीक्षा में प्रवेश के लिए अपना विधिवत् भरा हुआ आवेदन पत्र और/अथवा बोर्ड की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जिनका नाम तथा निर्धारित फीस संस्था/विद्यालय के अध्यक्ष द्वारा परीक्षा नियंत्रक को अग्रेषित किया गया हो तथा यह विधिवत् प्रमाणित किया गया हो, कि

(i) उसके पास परीक्षा उपनियमों द्वारा निर्धारित शैक्षणिक योग्यताएं हैं।

(ii) उसने किसी अन्य बोर्ड/विश्व विद्यालय की कोई समकक्ष अथवा उच्च परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है;

(iii) विद्यालय के सक्रिय हाजिरी रजिस्टर (एक्टिव रोल) पर उसका नाम दर्ज है;

(iv) वह परीक्षा के जिन विषयों में सम्मिलित होना चाहता है, उन विषयों में उसने परीक्षा उपनियमों में यथा परिभाषित एवं उल्लिखत 'अध्ययन का नियमित पाठ्यक्रम' को उसने किसी विद्यालय में पूरा किया है;

(v) उसका चरित्र एवं आचरण अच्छा है; और

(vi) वह परीक्षा उप-नियमों के अनुसार उन सभी प्रावधानों तथा संबंधित परीक्षा में प्रवेश को नियंत्रित करने के लिए बोर्ड जो उन पर लागू होते हैं। यदि कोई हो, द्वारा बनाए गए अन्य प्रावधानों की शर्तों को पूरा करता है/करती है,

1.12 (i) बोर्ड के साथ सम्बद्ध किसी विद्यालय के लिए यह अनिवार्य होगा कि बोर्ड के उपनियमों का पूर्णतः पालन करे।

(ii) कोई भी सम्बद्ध विद्यालय ऐसे विद्यार्थी को बोर्ड की किसी भी परीक्षा में प्रस्तुत नहीं करेगा, जो उनके विद्यालय के हाजिरी रजिस्टर में दर्ज नहीं है, अथवा उस विद्यालय की असम्बद्ध शाखा/विद्यालय का विद्यार्थी हो।

(iii) यदि बोर्ड इस बात से विश्वस्त है कि कोई सम्बद्ध विद्यालय इस अनुच्छेद (सेक्शन) के उप अनुच्छेद (सेक्शन) (i) और (ii) का अनुपालन नहीं कर रहा है, तो बोर्ड कोई भी समुचित दण्ड निर्धारित कर सकता है।

1.13 अध्ययन का नियमित पाठ्यक्रम

(i) परीक्षा उपनियम में उल्लखित अभिव्यक्ति 'अध्ययन का नियमित पाठ्यक्रम' से आशय, यथास्थिति कक्षा XI/XII में शिक्षण कार्य आरंभ होने के दिन से गिनती करके विद्यालय/बोर्ड की परीक्षा प्रारंभ होने वाले माह से पूर्ववर्ती माह की प्रथम तिथि तक आयोजित कक्षाओं में न्यूनतम 75% उपस्थिति से है। जिन विद्यार्थियों ने (ऐसे विषय लिए हैं) जिनमें प्रयोगात्मक कार्य सम्मिलित हों उनके लिए यह अपेक्षित होगा कि उस विषय से संबंधित प्रयोगशाला में प्रयोगात्मक कार्य के लिए, कुल उपस्थिति में से न्यूनतम 75% उपस्थिति दर्ज की हो। संस्था के अध्यक्ष को ऐसे किसी भी विद्यार्थी को तब तक प्रयोगात्मक परीक्षाओं में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान नहीं करनी चाहिए जब तक उम्मीदवार उपस्थिति के संबंध में इस नियम में दी गई उपस्थिति अपेक्षाओं को पूरा नहीं करता (करते)।

(ii) विगत वर्ष की इसी परीक्षा में जो उम्मीदवार अनुत्तीर्ण हो गया है और उसने कक्षा XI/XII में पुनः प्रवेश ले लिया हो, तो उसे उस परीक्षा का परिणाम प्रकाशित किए जाने की तारीख के अगले माह की प्रथम तिथि से गणना करके विद्यालय/बोर्ड की परीक्षा प्रारंभ होने वाले महीने से पूर्ववर्ती महीने की प्रथम तिथि तक, संभावित उपस्थिति में से 75% उपस्थिति पूरी करनी अपेक्षित होगी।

(iii) किसी अन्य संस्था से स्थानान्तरण (माइग्रेशन) के मामले में उपस्थिति की अपेक्षित प्रतिशतता की गणना करने के लिए राज्य/संघ शासित क्षेत्र के शिक्षा विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थापन/विद्यालय में दर्ज उपस्थिति को भी शामिल किया जाएगा, जहां से वह विद्यार्थी स्थानान्तरित (माइग्रेट) हुआ है।

1.14 आंतरिक मूल्यांकन के विषयों में उपस्थिति की अपेक्षा

(i) बोर्ड से सम्बद्ध किसी विद्यालय का कोई भी विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए तब तक पात्र नहीं होगा, जब तक कि वह कक्षा XI/XII के प्रारंभ होने के पहले दिन से गणना करके, आंतरिक मूल्यांकन वाले विषयों की परीक्षा प्रारंभ होने वाले महीने से पहले आने वाले महीने की प्रथम तिथि तक परिकलित उपस्थिति में से 75% उपस्थिति पूरी नहीं कर लेता।

(ii) उम्मीदवार को कार्य अनुभव (वर्क एक्सपीरियेंस)/कला शिक्षा (आर्ट एडुकेशन)/शारीरिक एवं स्वास्थ्य शिक्षा से अस्वस्थता के कारण के आधार पर से चिकित्सा आधार पर छूट प्रदान की जा सकती है, बशर्ते कि, आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत चिकित्सक, जो कि सहायक सर्जन से कम स्तर का न हो, द्वारा दिया गया प्रमाण-पत्र संलग्न हो तथा इसे विद्यालय के प्रधान की सिफारिश के साथ अग्रेषित किया गया हो।

(iii) आंतरिक मूल्यांकन वाले विषयों के संबंध में उपस्थिति की कमी को माफ करने का अधिकार चेयरमेन के पास होगा।

1.15 उपस्थिति में कमी के माफ करने के नियम

(i) यदि किसी उम्मीदवार की उपस्थिति निर्धारित प्रतिशत से कम होती है तो विद्यालय का प्रधान, उसका नाम अनन्तिमरूप से बोर्ड को भेज सकता है। यदि परीक्षा प्रारम्भ होने की तारीख से तीन सप्ताह के भीतर भी, उम्मीदवार की उपस्थिति अपेक्षित प्रतिशत से कम है तो, संस्थापन के प्रधान द्वारा इस मामले की जानकारी तुरन्त संबंधित क्षेत्रीय अधिकारी को दी जाएगी। यदि संस्थान के प्रधान की राय में उम्मीदवार विशेष रूप से ध्यान दिए जाने का पात्र है तो केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के चेयरमेन से उपस्थिति की कमी को माफ कराने के लिए वह अपनी सिफारिश संबंधित क्षेत्रीय अधिकारी को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम तीन सप्ताह पहले प्रस्तुत करेगा। चेयरमेन जैसा उचित समझेंगे वैसा आदेश देंगे। विद्यालय के प्रधान, उपस्थिति में कमी को माफ करने के अपने अनुरोध पत्र में, विद्यार्थी द्वारा दर्ज की गई अधिकतम संभावित उपस्थिति का

उल्लेख करेंगे। उपस्थिति की गणना, कक्षा XII का शिक्षण प्रारंभ होने की तिथि (सत्र के प्रारम्भ होने) से करके, बोर्ड की परीक्षा प्रारंभ होने वाले माह से पहले आने वाले माह की प्रथम तिथि तक की जाएगी। उक्त अवधि के दौरान संबंधित उम्मीदवार द्वारा दर्ज उपस्थिति तथा उक्त अवधि के दौरान ऐसे उम्मीदवार की उपस्थिति के प्रतिशत का उल्लेख किया जाएगा।

(ii) अध्यक्ष द्वारा उपस्थिति में केवल 15% तक की कमी क्षम्य है। कक्षा XII में 60% से कम उपस्थिति वाले परीक्षार्थियों के मामलों पर, अध्यक्ष द्वारा क्षमा के लिए केवल चिकित्सा आधार पर विशिष्ट रूप से विचार किया जाएगा यदि उम्मीदवार कैंसर, एड्स, टी.बी. जैसे गम्भीर रोग से ग्रस्त हो अथवा उसे ऐसी चोट लगी हो जिसमें लम्बी अवधि के लिए अस्पताल में रहना अपेक्षित हो।

(iii) प्रधानाचार्य उपस्थिति में कमी के ऐसे मामले को बोर्ड में भेजगा जो इस संबध में माफी देने की उपर्युक्त विहित समय सीमा के भीतर हो जिसमें वह उपस्थिति में कमी को माफ करने की सिफारिश करेगा या मामले की सिफारिश न करने के वैध कारणों का उल्लेख करेगा।

(iv) निर्धारित प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले परीक्षार्थियों के मामलों के संबंध में सिफारिश करने के लिए निम्नलिखित को वैध कारण माना जाएगा

(क) लम्बी बीमारी

(ख) माता/पिता की मृत्यु अथवा ऐसी कोई अन्य घटना जिसके कारण वह विद्यालय से अनुपस्थित हुआ हो और जो विशेष विचार किए जाने के लिए उपयुक्त हो;

(ग) समान गंभीर प्रकृति का कोई अन्य कारण; स्तर की हो,

(घ) प्रायोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं जो कम से कम अंतर-विद्यालय तथा एन.सी.सी./एन.एस.एस शिविरों में प्राधिकृत रूप से भाग लेने की अवधि तथा इस प्रकार से भाग लेने के लिए यात्रा में लगी अवधि को पूर्ण उपस्थिति माना जाएगा।

1.16 पात्र उम्मीदवारों को रोकना

सम्बद्ध विद्यालयों के प्रधान किसी भी मामले में पात्र उम्मीदवारों को बोर्ड की परीक्षा में सम्मिलित होने से नहीं रोकेंगे।

1.17 निजी (प्राईवेट) उम्मीदवार

परिभाषा उपनियम परीक्षा उपविधि देखें।

1.18 दिल्ली सीनियर स्कूल सर्टीफिकेट प्रमाण पत्र (कक्षा XII) परीक्षा में प्राईवेट उम्मीदवार के रूप में सम्मिलित होने के पात्र व्यक्ति :

(i) जो उम्मीदवार बोर्ड की दिल्ली सीनियर स्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो चुका है, वह उम्मीदवार अनुवर्ती परीक्षा में निजी उम्मीदवार के रूप में पुनः दाखिला लेने के लिए पात्र होगा/लेकिन उसे उस वर्ष की परीक्षा के लिए विहित पाठ्य विवरण और पाठ्यपुस्तकों का ही अध्ययन करना होगा जिस वर्ष में वह परीक्षा में पुनः दाखिल हो रहा है।

(ii) निम्नलिखित श्रेणियों के उम्मीदवार भी प्राईवेट उम्मीदवारों के रूप में बोर्ड की दिल्ली सीनियर स्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा में नीचे निर्धारित शर्तो पर सम्मिलित होने के पात्र होंगे

(क) बोर्ड से सम्बद्ध शैक्षणिक संस्थापनों में कार्यरत ऐसे अध्यापक जिन्होंने उच्चतर माध्यमिक परीक्षा में सम्मिलित होने के कम से कम दो वर्ष पहले माध्यमिक अथवा इसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो। अध्यापक उम्मीदवार जिस विद्यालय में सेवारत हैं, उस विद्यालय के प्रधान द्वारा जारी किए गए व संबंधित राज्य/संघ शासित क्षेत्र के शिक्षा निदेशक द्वारा विधिवत् प्रतिहस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र के साथ अपना आवेदन पत्र उस क्षेत्र के बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे, जिस क्षेत्र में वे कार्य कर रहे हों।

(ख) नियम 1.18 (iii) में उल्लिखित शर्तो के अधीन, वे महिला उम्मीदवार जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की वास्तविक निवासी हैं तथा जिन्होंने उच्चतर माध्यमिक परीक्षा में सम्मिलित होने के कम से कम दो वर्ष पहले दिल्ली माध्यमिक अथवा इसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो।

(ग) शारीरिक रूप से विकलांग वे विद्यार्थी जो सीनियर स्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा में सम्मिलित होने के कम से कम दो वर्ष पहले सैकण्डरी स्कूल परीक्षा अथवा इसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हों और वे इस आशय का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें कि वे अध्ययन के लिए सामान्य संस्थानों जा सकने में असमर्थ हैं।

(घ) नियम 17 (ii) : गतवर्ष के ऐसे नियमित उम्मीदवार जिसने (जिन्होंने) अध्ययन का नियमित पाठ्यक्रम पूरा कर लिया है और जिन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए रोल नम्बर आवंटित कर दिया गया है, परन्तु जैसा कि परीक्षा के उपनियम में निर्धारित है, के अनुसार उपस्थिति में कमी से इतर चिकित्सा (मेडीकल) कारणों से वार्षिक परीक्षा में नहीं बैठ पाए हैं, वे भी अनुवर्ती परीक्षा में उस वर्ष की परीक्षा जिसमें वे सम्मिलित होंगे, के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों के अनुसार पुनः सम्मिलित होने के लिए पात्र होंगे।

(iii) महिलाओं/शारीरिक रूप से विकलांग प्राइवेट उम्मीदवारों को निम्नांकित अतिरिक्त शर्तो को पूरा करना होगा

(क) यह कि उन्होंने उचित मार्ग दर्शन में निजी स्तर पर निर्धारित पाठ्यक्रम का अध्ययन जारी रखा है;

(ख) यह कि वे बोर्ड के साथ सम्बद्ध उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश लेने में असमर्थ हैं अथवा ऐसे कुछ अन्य कारण हैं जिनसे बाध्य होकर वे प्राईवेट उम्मीदवार के रूप में परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं।

1.19 ऑल इंडिया सीनियर स्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा कक्षा XII में 'प्राईवेट उम्मीदवारों' के रूप में सम्मिलित होने के लिए पात्र व्यक्ति

(i) बोर्ड की ऑल इंडिया सीनियर स्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो चुका उम्मीदवार अनुवर्ती परीक्षा में निजी छात्र के रूप में भाग लेने के लिए पात्र होगा लेकिन उसे उस वर्ष की परीक्षा के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम और पाठ्य पुस्तकों की ही परीक्षा देनी होगी जिस वर्ष में वह पुनः परीक्षा दे रहा है।

(ii) बोर्ड से सम्बद्ध शैक्षणिक संस्थापनों में कार्यरत ऐसे अध्यापक जिन्होंने उच्चतर माध्यमिक परीक्षा में सम्मिलित होने के कम से कम दो वर्ष पहले माध्यमिक अथवा इसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो। अध्यापक उम्मीदवार उस विद्यालय जिसमें वे सेवारत हैं के प्रधान द्वारा जारी व संबंधित राज्य/संघ शासित क्षेत्र के निदेशक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित प्रमाण पत्र के साथ अपना आवेदन पत्र उस क्षेत्र के क्षेत्रीय अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे, जिसमें वे सेवारत हैं।

(iii) **नियम 18 (iii)** : गतवर्ष के ऐसे नियमित उम्मीदवार, जिसने (जिन्होंने) अध्ययन का नियमित पाठ्यक्रम पूरा कर लिया है और जिन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए रोलनम्बर आवंटित कर दिया गया है, परन्तु जैसा कि परीक्षा उपनियम में निर्धारित है के अनुसार उपस्थिति में कमी से इतर चिकित्सा (मेडीकल) कारणों से वार्षिक परीक्षा में नहीं बैठ पाए हैं, वे भी परवर्ती परीक्षा में प्राईवेट उम्मीदवार के रूप में उस वर्ष की परीक्षा जिसमें वे सम्मिलित होंगे, के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम और पाठ्य पुस्तकों के अनुसार पुनः सम्मिलित होने के पात्र होंगे।

1.20 ऑल इण्डिया/दिल्ली सीनियर स्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा (कक्षा XII) के लिए निजी (प्राईवेट) उम्मीदवारों के आवेदन जमा करने की प्रक्रिया

(i) एक प्राइवेट उम्मीदवार परीक्षा के लिए निर्धारित फीस व उम्मीदवार द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित तथा अध्यापक उम्मीदवारों के मामले में नियम 1.18 (ii) (क) अथवा 1.19 (ii) में दर्शाए गए प्राधिकारियों, और अन्यों के मामले में बोर्ड के शासी निकाय के किसी सदस्य अथवा बोर्ड से सम्बद्ध विद्यालय के प्रधान द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित पास पोर्ट साइज के तीन फोटो के साथ विहित फार्म में अपना आवेदन पत्र निर्धारित समय सीमा में बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे।

(ii) अगर किसी प्राइवेट उम्मीदवार का आवेदन पत्र निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होता है तो उसे विहित विलम्ब शुल्क देना होगा।

(iii) अगर किसी प्राइवेट उम्मीदवार का आवेदन-पत्र परीक्षा में प्रवेश के लिए अस्वीकृत कर दिया जाता है तो उसके द्वारा अदा की गई फीस व विलम्ब शुल्क अगर कोई दिया हो तो उसमें से 10 रु. घटाकर अथवा चेयरमैन द्वारा समय-समय पर निर्धारित धनराशि उसे वापस लौटाई जाएगी, परन्तु ऐसे उम्मीदवारों की पूरी राशि जब्त कर ली जाएगी जिनके आवेदन झूठे प्रमाण-पत्र अथवा असत्य वक्तव्य देने के कारण अस्वीकार किए गए हैं।

(iv) प्राइवेट उम्मीदवारों को अपनी परीक्षा के लिए ऐसे विषय को लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। (चाहे वह परीक्षा के लिए मान्य विषय क्यों न हो) जो किसी सम्बद्ध विद्यालय में पढ़ाया नहीं जाता है।

(v) प्राइवेट उम्मीदवारों को परीक्षा के लिए ऐसे विषय चुनने की अनुमति नहीं होगी जिसमें प्रयोगात्मक कार्य भी सम्मिलित हैं। परन्तु ऐसे उम्मीदवार जो पूर्ववर्ती शैक्षिक वर्ष में बोर्ड से सम्बद्ध संस्थान में उस पाठ्यक्रम का नियमित अध्ययन कर चुके हों परन्तु अनुत्तीर्ण रहे थे उन पर यह नियम लागू नहीं होगा। तथापि इस शर्त के बावजूद महिला उम्मीदवार के साथ गृह विज्ञान में परीक्षा देने की अनुमति दी जा सकती है।

(vi) ऐसे नियमित उम्मीदवार को, जो इस बोर्ड अथवा किसी अन्य मान्यता प्राप्त बोर्ड से सम्बद्ध विद्यालय में कक्षा XII के लिए पदोन्नत नहीं किया जा सका हो, उन विद्यार्थियों का बोर्ड की उच्चतर विद्यालय प्रमाण पत्र परीक्षा में प्राइवेट उम्मीदवार के रूप में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(vii) प्रत्येक वर्ष सत्र के प्रारम्भ में विद्यालय के प्रधान द्वारा कक्षा XI में रोके गए महिला व विकलांग छात्रों की सूची, जिसमें छात्र/छात्रा का नाम, जन्म की तारीख, पिता या अभिभावक का नाम, आवास का पता सम्मिलित होगा, संबंधित क्षेत्रीय अधिकारी को भेजी जाएगी।

1.21 विषय बदलने संबंधी नियम

(i) कक्षा XI में विषय (यों) को बदलने की अनुमति विद्यालय के प्रधान द्वारा प्रदान की जा सकती है, परन्तु ऐसी अनुमति उक्त शिक्षा सत्र के 31 अक्तूबर के बाद नहीं दी जाएगी।

(ii) किसी भी उम्मीदवार को कक्षा XI उत्तीर्ण करने के पश्चात् अपने अध्ययन के विषय बदलने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

(iii) उम्मीदवार कक्षा XII में वह विषय नहीं ले सकता जिसका उसने कक्षा XI में अध्ययन न किया हो और उसमें उत्तीर्ण न हुआ हो।

(iv) नियम 1.21 (ii) और (iii) में निहित शर्तों के बावजूद चेयरमेन को यह अधिकार होगा कि उम्मीदवार को अनावश्यक परेशानी से बचाने के लिए विषय/विषयों में परिवर्तन की अनुमति प्रदान करें बशर्ते कि ऐसे परिवर्तन के लिए अनुरोध 30 सितम्बर से पहले किया गया हो।

1.22 ऑल इण्डिया/दिल्ली सीनियर स्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा के लिए निजी/अध्यापक उम्मीदवारों द्वारा स्थानान्तरण (माइग्रेशन) प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना

जिन उम्मीदवारों ने किसी अन्य मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से माध्यमिक या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की है, उन्हें परीक्षा आवेदन पत्र के साथ, संबंधित बोर्ड/विश्वविद्यालय का स्थानान्तरण (माइग्रेशन) प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि किसी का स्थानान्तरण (माइग्रेशन) प्रमाण पत्र परीक्षा प्रारंभ होने से 15 दिन पहले तक प्राप्त नहीं होता है तो उस उम्मीदवार की परीक्षा में बैठने की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी तथा बोर्ड द्वारा उसको परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा।

2. परीक्षाओं की योजना और उत्तीर्ण होने के मानदण्ड

2.1 सामान्य शर्तें

(i) बोर्ड द्वारा आयोजित ऑल इण्डिया/दिल्ली सीनियर स्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा के लिए परीक्षा योजनाओं व उत्तीर्ण होने के मानदण्ड समय-समय पर किए गए निर्धारित अनुसार होंगे।

(ii) विद्यालयों द्वारा कक्षा XI की परीक्षा का आयोजन स्वयं विद्यालय की आंतरिक व्यवस्था में किया जाएगा।

(iii) कक्षा XII के समापन पर बोर्ड द्वारा बाह्य परीक्षा संचालित की जाएगी।

(iv) बोर्ड द्वारा समय-समय पर कक्षा XII के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम पर कक्षा XII की परीक्षा आधारित होगी।

(v) प्रश्नपत्रों की संख्या, परीक्षा की अवधि तथा प्रत्येक विषय/प्रश्न पत्र के लिए अंक, उस वर्ष के पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठ्यचर्या में किए गए उल्लेख के अनुसार होंगे।

(vi) विषय (विषयों) के स्वरूप के आधार पर, सिद्धान्त (थ्योरी) व प्रायोगिक (प्रैक्टीकल्स) की भी परीक्षा आयोजित की जाएगी तथा आबंटित अंक और ग्रेड पाठ्यचर्या में निर्धारण के अनुसार होगा।

(vii) प्रत्येक विषय के लिए अंक/ग्रेड अलग-अलग दिए जाएंगे तथा अंकों का योगफल नहीं दिया जाएगा।

2.2 श्रेणीकरण (ग्रेडिंग)

(i) बाह्य विषयों के सैद्धान्तिक व प्रयोगिक प्रश्न पत्रों का मूल्यांकन संख्यात्मक प्राप्तांकों में होगा। संख्यात्मक प्राप्तांकों के अलावा, उम्मीदवार को जारी की गई अंकतालिका में, बाह्य परीक्षाओं के विषयों के मामलों में, बोर्ड द्वारा अंक श्रेणी (ग्रेड) का उल्लेख भी किया जाएगा। आंतरिक मूल्यांकन वाले विषयों के संबंध में केवल श्रेणी (ग्रेड) का उल्लेख किया जाएगा।

(ii) नौ-बिंदु पैमाने की वर्णक्रम श्रेणी (लेटर ग्रेड) का प्रयोग किया जाएगा।

(iii) बाह्य परीक्षा से संबंधित विषयों के लिए श्रेणी (ग्रेड) का निर्धारिण अंकों के आधार पर किया जाएगा। आंतरिक मूल्यांकन से संबंधित विषयों के मामले में विद्यालय द्वारा ग्रेड प्रदान किए जाएंगे।

(iv) सीनियर स्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा स्तर पर बाह्य परीक्षा के प्रत्येक विषय में उत्तीर्ण होने के लिए 33% अंक अपेक्षित हैं। तथापि उच्च विद्यालय प्रमाण पत्र परीक्षा के ऐसे विषय जिनमें प्रायोगिक कार्य भी सम्मिलित हैं, में प्रत्येक उम्मीदवार को उस विषय में उत्तीर्ण होने के लिए कुल मिलाकर 33% के अलावा सिद्धान्त (थ्योरी) में 33% अंक और प्रायोगिक कार्य (प्रैक्टिल) में 33% अंक अलग-अलग प्राप्त करने होंगे।

(v) श्रेणी (ग्रेड) प्रदान करने के लिए बोर्ड द्वारा सभी उत्तीर्ण छात्रों को प्राप्त स्थान के क्रमानुसार रखा जाएगा तथा निम्नानुसार श्रेणी (ग्रेड) प्रदान की जाएगी।

ए 1	उत्तीर्ण	उम्मीदवारों	में से सर्वोच्च	**१/८**
ए 2	उत्तीर्ण	उम्मीदवारों	में से अगले	1/8
बी 1	उत्तीर्ण	उम्मीदवारों	में से अगले	1/8

बी 2	उत्तीर्ण	उम्मीदवारों	में से अगले	1/8
सी 1	उत्तीर्ण	उम्मीदवारों	में से अगले	1/8
सी 2	उत्तीर्ण	उम्मीदवारों	में से अगले	1/8
डी 1	उत्तीर्ण	उम्मीदवारों	में से अगले	1/8
डी 2	उत्तीर्ण	उम्मीदवारों	में से अगले	1/8
ई 1	अनुतीर्ण	उम्मीदवार		

टिप्पणी

(क) समान अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों का समायोजन (एडजस्टमेंट) करने के लिए अनुपात में (प्रोपोर्शन) में छोटे परिवर्तन (माइनर वैरिएशन) किए जाएँगे।

(ख) समान अंक प्राप्त करने के मामलों में समान अंक प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को एक जैसी श्रेणी (ग्रेड) प्रदान की जाएगी। अगर प्राप्तांक के किसी बिन्दु पर विद्यार्थियों की संख्या को दो खंडों में विभाजित करने की जरूरत हो तो लघु खण्ड को वृहद् में मिलाया जाएगा। (द स्मालर सेगमेंट विल गो विदद लार्जर)।

(ग) जिन विषयों में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों की संख्या 500 से अधिक है, श्रेणीकरण (ग्रेडिंग) का तरीका प्रयोग में लाया जाएगा।

(घ) ऐसे विषयों में, जहां उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों की कुल संख्या 500 से कम है तो श्रेणीकरण अन्य समान विषयों में श्रेणीकरण (ग्रेडिंग) और वितरण की पद्धति के अनुसार किया जाएगा।

2.3 विशेष योग्यता (उत्कृष्टता) प्रमाण-पत्र

(i) बोर्ड द्वारा प्रत्येक विषय में उत्तीर्ण सर्वोच्च 0.1% उम्मीदवारों को योग्यता प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे, बशर्ते कि उन्होंने बोर्ड द्वारा उत्तीर्ण होने के लिए निर्धारित मानक के अनुरूप परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

(ii) किसी विषय में योग्यता प्रमाण पत्र प्रदान करने की संख्या उस विषय में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों की संख्या को हजार के निकटतम गुणज (मल्टीपल) की ओर पूर्णांक में बदलकर निर्धारित की जाएगी। अगर किसी विषय में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों की संख्या 500 से कम है तो कोई योग्यता प्रमाण पत्र प्रदान नहीं किया जाएगा।

(iii) समान अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के मामले में यदि एक विद्यार्थी को योग्यता प्रमाण पत्र दिया जाता है तो उतने अंक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को योग्यता प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

2.4 परीक्षा की योजना (सीनियर स्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा)

(i) उन विषयों के अलावा जैसे सामान्य अध्ययन, कार्य अनुभव, शारीरिक व स्वास्थ्य शिक्षा, जिनका विद्यालय द्वारा आंतरिक मूल्यांकन किया जाना है, अन्य सभी विषयों की परीक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित की जाएगी।

(ii) उन सभी विषयों में जिनकी परीक्षा बोर्ड द्वारा ली जाती हैं, विद्यार्थी को 100 अंकों वाला प्रश्नपत्र दिया जाएगा जिसकी अवधि 3 घण्टे की होगी तथापि प्रैक्टिकल परीक्षा वाले विषयों में एक लिखित प्रश्नपत्र और पाठ्यविवरण तथा पाठ्यक्रम में यथा अपेक्षित प्रैक्टिकल परीक्षा होगी।

(iii) कार्य अनुभव, सामान्य अध्ययन और शारीरिक स्वास्थ्य एवं शिक्षा के संबंध में विद्यालय छात्र की साल भर की आवधिक उपलब्धि व प्रगति का संचयी रिकार्ड रखेंगे। बोर्ड द्वारा जब जैसे उपयुक्त समझा जाएगा इन रिकार्डों की समीक्षा की जा सकती है।

(iv) यदि किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय का कोई उम्मीदवार जो शारीरिक विकलांगता अथवा अन्य किसी कारण से कार्य अनुभव और शारीरिक एवं स्वास्थ्य शिक्षा की परीक्षा देने में असमर्थ हो तो उसे चिकित्सा अधिकारी, जिसका पद सहायक सर्जन से कम न हो, द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र व संस्थापन के प्रधान की इस आशय से अनुशंसा के आधार पर अध्यक्ष, सी.बी.एस.ई. द्वारा छूट प्रदान की जा सकती है।

(v) प्राइवेट/पत्राचार विद्यालय तथा प्रौढ़ विद्यालय द्वारा प्रायोजित उम्मीदवारों को कार्य अनुभव, सामान्य अध्ययन और शारीरिक व स्वास्थ्य शिक्षा की परीक्षा से छूट प्रदान की जाएगी।

(vi) कोई उम्मीदवार उत्तीर्ण होने के लिए निर्धारित मानदण्ड की शर्तों के अनुरूप, एक अतिरिक्त विषय ले सकता है जो या तो वैकल्पिक स्तर पर कोई भाषा हो अथवा अध्ययन की योजना में निर्धारित कोई अन्य वैकल्पिक विषय हो।

2.5 उत्तीर्ण होने के मानदण्ड (सीनियर स्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा)

(i) कोई भी उम्मीदवार जब तक कि उसे छूट प्रदान नहीं की गई हो, यदि आतंरिक मूल्यांकन में सभी विषयों में ई. श्रेणी (ग्रेड) से उच्च श्रेणी (ग्रेड) प्राप्त करता है तो वह बोर्ड से उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए पात्र होगा। अन्यथा बाह्य परीक्षा का परिणाम रोक लिया जाएगा, लेकिन इस प्रकार एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए परिणाम नहीं रोका जाएगा।

(ii) परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित किए जाने के लिए उम्मीदवार को बाह्य परीक्षा की मुख्य अथवा पूरक (कपार्टमेंट) परीक्षा के सभी पांच विषयों में ई (E) से उच्चतर श्रेणी (ग्रेड) अर्थात् कम से कम 33% अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। बाह्य परीक्षा के प्रत्येक विषय में उत्तीर्णांक 33% होंगे। ऐसे विषय, जिनमें प्रायोगिक कार्य (प्रैक्टिकल) भी सम्मिलित हैं, उन विषयों में उत्तीर्ण होने के लिए प्रत्येक उम्मीदवार को कुल मिलाकर 33% अंक के अलावा सिद्धान्त प्रश्नपत्र और प्रैक्टिकल परीक्षा में 33% अंक और प्रैक्टिकल परीक्षा अलग-अलग प्राप्त करने होंगे।

(iii) कोई डिवीजन/विशेष योग्यता (डिस्टिंक्शन)/कुल योग प्रदान नहीं किया जाएगा।

(iv) अतिरिक्त विषय लेने वाले उम्मीदवारों के संबंध में निम्नलिखित मानदण्ड लागू होंगे :

(क) यदि कोई उम्मीदवार किसी भाषा में अनुत्तीर्ण होता है तो विकल्प के रूप में ली गई भाषा उसका स्थान लेगी बशर्ते कि प्रतिस्थापना के बाद उम्मीदवार के पास अंग्रेजी/हिन्दी में से किसी भाषा में उत्तीर्ण होना चाहिए।

(ख) अतिरिक्त विषय के रूप में लिया गया कोई वैकल्पिक विषय उम्मीदवार द्वारा लिए गए वैकल्पिक विषयों में से एक की प्रतिस्थापना कर सकता है। यह किसी भाषा की भी प्रतिस्थापना कर सकता है, बशर्ते प्रतिस्थापना के बाद उम्मीदवार के पास अंग्रेजी/हिन्दी एक भाषा के रूप में रहती है।

(ग) विकल्प के रूप में ली गई अतिरिक्त भाषा किसी वैकल्पिक विषय की प्रतिस्थापना कर सकती है, बशर्ते प्रतिस्थापना के बाद ली गई भाषा की संख्या दो से अधिक न हो।

(v) आंतरिक परीक्षा में एक या अधिक विषयों में छूट प्राप्त उम्मीदवार उस विषय की बाह्य परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र होंगे और इनका परिणाम उत्तीर्ण होने के मानदण्डों में निर्धारित अन्य शर्तों को पूरा करने पर ही घोषित किया जाएगा।

(vi) कक्षा XI की परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित किए जाने के लिए उम्मीदवार को सभी विषयों में 33% अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। परीक्षा के प्रत्येक विषय के लिए उत्तीर्णांक 33% होंगे। परीक्षा के ऐसे विषय जिनमें प्रायोगिक कार्य भी सम्मिलित हैं उन विषयों में ये प्रत्येक उम्मीदवार को उत्तीर्ण होने के लिए कुल मिलाकर 33% के अलावा सिद्धान्त (थ्योरी) में 33% अंक और प्रयोगिक कार्य (प्रैक्टिल) में 33% अंक अलग-अलग प्राप्त करने होंगे।

2.6 सीनियर स्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा की अनुपूरक परीक्षा के लिए पात्रता

बाह्य परीक्षा के पांच विषयों में से किसी एक विषय में अनुत्तीर्ण होने वाला उम्मीदवार उस विषय की मनु पूरक परीक्षा देने के लिए पात्र होगा, बशर्तें वह आंतरिक मूल्यांकन के सभी विषयों में उत्तीर्ण रहा हो।

2.7 सीनियर स्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा के लिए कम्पार्टमेंट (अनुपूरक) परीक्षा

(i) सीनियर स्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा की अनुपूरक परीक्षा के लिए पात्र उम्मीदवार को अनुपूरक परीक्षा में बैठने के लिए 5 अवसर मिल सकते हैं। पहला अवसर उसी वर्ष जुलाई/अगस्त में आयोजित होने वाली अनुपूरक परीक्षा में, दूसरा अवसर अगले वर्ष मार्च/अप्रैल में, तीसरा अवसर अगले वर्ष जुलाई/अगस्त में, तथा इसके बाद चौथे व पांचवे अवसर का उपयोग दूसरे वर्ष के मार्च/अप्रैल और जुलाई/अगस्त में आयोजित होने वाली परीक्षा में सम्मिलित होकर प्राप्त कर सकता है। उम्मीदवार यदि अनुतीर्ण हुए विषय/विषयों में सफल रहता है तो उसे उत्तीर्ण घोषित किया जाएगा।

(ii) ऐसा उम्मीदवार जो या तो अनुपूरक परीक्षा में सम्मिलित नहीं होता है अथवा अनुपूरक परीक्षा के एक या सभी अवसरों में अनुत्तीर्ण रहता है, तो उसे उस परीक्षा में अनुतीर्ण माना जाएगा। परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए उसे संबंधित परीक्षा के लिए निर्धारित कोर्स के पाठ्यक्रम के अनुसार बोर्ड की अगली वार्षिक परीक्षा के सभी विषयों में पुनः सम्मिलित होना पड़ेगा।

(iii) मार्च में आयोजित की जाने वाली परीक्षा में बैठने वाले कम्पार्टमेंट के उम्मीदवारों के लिए पाठ्यक्रम व कोर्स वही होगा जो इस परीक्षा में शामिल होने वाले सभी विषयों के उम्मीदवारों के लिए लागू होगा।

(iv) कम्पार्टमेंट प्राप्त उम्मीदवार को केवल उन्हीं विषयों में सम्मिलित होने के लिए अनुमति दी जाएगी जिनमें उसे कंपार्टमेंट में रखा गया है। नियम 42 (ii)

(v) उन विषयों में जिनमें प्रयोगात्मक कार्य भी सम्मिलित है, अगर उम्मीदवार परीक्षा के प्रयोगात्मक (प्रैक्टिकल) कार्य में उत्तीर्ण हो चुका है तो, उसे केवल पूर्ववर्ती परीक्षा ही देनी होगी तथा सैद्धान्तिक उत्तीर्ण प्रयोगात्मक (प्रैक्टिल) परीक्षा में प्राप्त अंकों को अग्रनीत कर दिया जाएगा। अगर कोई उम्मीदवार प्रयोगात्मक (प्रैक्टिल) परीक्षा में अनुतीर्ण रहा है तो यह ध्यान किए बिना कि वह सैद्धान्तिक (थ्योरी) की परीक्षा में उत्तीर्ण था, उसे प्रयोगात्मक (प्रैक्टिल) व सैद्धान्तिक (थ्योरी) दोनों ही परीक्षाएं देनी होंगी।

(vi) ऐसा परीक्षार्थी जिसे माध्यमिक विद्यालय परीक्षा (कक्षा X) में कंपार्टमेंट में रखा गया है, पहली बार में ही उस वर्ष के जुलाई/अगस्त में होने वाली कंपार्टमेंट परीक्षा में सम्मिलित होने तक अस्थाई रूप से कक्षा XI में प्रवेश दिया जाएगा। यदि वह प्रथम अवसर में कंपार्टमेंट परीक्षा उत्तीर्ण करने में असफल रहता है तो उसके प्रवेश (एडमीशन) को रद्द कर दिया जाएगा।

2.8 सीनियर स्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा के लिए अनुत्तीर्ण परीक्षार्थियों के प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक सुरक्षित रखना

प्रथम प्रयास में अनुत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवार को बोर्ड की परवर्ती वार्षिक परीक्षा के सभी विषयों में सम्मिलित

होना पड़ेगा। यदि उसने प्रयोगात्मक (प्रैक्टिकल) उत्तीर्ण कर लिया है तो उसे केवल सैद्धान्तिक (थ्योरी) भाग में सम्मिलित होना पड़ेगा तथा प्रयोगात्मक (प्रैक्टिकल) के अंकों को आगे बढ़ाया जाएगा व गणना में लिया जाएगा। यदि कोई उम्मीदवार प्रयोगात्मक (प्रेक्टिकल) में अनुत्तीर्ण रहा है तो उसे सिद्धान्त थ्योरी व प्रयोगात्मक (प्रेक्टिकल) दोनों में सम्मिलित होना पड़ेगा। यदि प्रथम प्रयास के पश्चात् वह लगातार तीन वर्षो तक परीक्षा उत्तीर्ण करने में असफल रहता है तो उसे प्रयोगात्मक (प्रेक्टिकल) सहित सभी विषयों की परीक्षा में पुनः सम्मिलित होना पड़ेगा।

2.9. अतिरिक्त विषय

(i) बोर्ड की सीनियर स्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाला कोई उम्मीदवार प्राइवेट उम्मीदवार के रूप में अतिरिक्त विषय ले सकता है, बशर्ते ऐसा अतिरिक्त विषय अध्ययन योजना में सम्मिलित है तथा यह बोर्ड की परीक्षा उत्तीर्ण करने के छः वर्ष के भीतर लिया गया है। छः वर्षो के बाद समय-सीमा में कोई छूट प्रदान नहीं की जाएगी। अतिरिक्त विषय में सम्मिलित होने की सुविधा केवल वार्षिक परीक्षा के दौरान उपलब्ध होगी।

(ii) तथापि सीनियर स्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा में छः विषयों की परीक्षा देने वाले उम्मीदवार नियम 40 (iv) के अनुसार पांच विषयों में उत्तीर्णांक प्राप्त करने के कारण 'उत्तीर्ण' घोषित किए जाने पर अनुत्तीर्ण विषय में उसी वर्ष जुलाई/अगस्त में आयोजित होने वाली कंपार्टमेंट परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

2.10 निष्पादन में सुधार–उच्च विद्यालय प्रमाण पत्र परीक्षा

(i) बोर्ड की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाला उम्मीदवार निष्पादन में सुधार करने के लिए केवल परवर्ती वर्ष की परीक्षा में पुनः सम्मिलित हो सकता है। तथापि व्यावसायिक योजना के अंतर्गत बोर्ड की कोई परीक्षा उत्तीर्ण करने वाला उम्मीदवार, निष्पादन में सुधार के लिए, परवर्ती वर्ष अथवा बाद के वर्ष की मुख्य परीक्षा में सम्मिलित हो सकता है, बशर्ते इस बीच उसने उच्च अध्ययन न किया हो। वे प्राइवेट उम्मीदवार के रूप में सम्मिलित होंगे। पूर्ण परीक्षा में सम्मिलित होने वाले, परीक्षार्थी नियमित उम्मीदवार के रूप में भी सम्मिलित हो सकते हैं, यदि विद्यालय द्वारा उन्हें नियमित विद्यार्थी के रूप में प्रवेश दिया गया है। निष्पादन सुधार के लिए सम्मिलित होने वाले उम्मीदवार केवल उन विषय (यों) जिनमें उन्हें उत्तीर्ण घोषित किया गया है, में सम्मिलित हो सकते हैं। जिन विषयों में वे अनुत्तीर्ण रहे हैं उनमें सम्मिलित नहीं हो सकते हैं।

(ii) प्रयोगात्मक कार्य (प्रेक्टिकल वर्क) वाले विषयों के संबंध में यदि उम्मीदवार ने मुख्य परीक्षा में प्रयोगात्मक (प्रेक्टिकल) परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है तो उसे केवल सिद्धान्त (थ्योरी) भाग में सम्मिलित होने की अनुमति दी जाएगी, तथा मुख्य परीक्षा के प्रयोगात्मक (प्रेक्टिकल) में प्राप्त अंकों को आगे ले जाया जाएगा व गणना में लिया जायेगा। प्रयोगात्मक प्रेक्टिकल में अनुत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवार के मामले में, इस बात को ध्यान में लिए बिना कि उसने सिद्धान्त (थ्योरी) परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, उसे सिद्धान्त (थ्योरी) व प्रयोगात्मक (प्रैक्टिकल) दोनों में सम्मिलित होना पड़ेगा।

(iii) निष्पादन सुधार के लिए सम्मिलित होने वाले उम्मीदवारों को सुधार परीक्षा में प्राप्तांकों को दर्शाती हुई अंक तालिका ही प्रदान की जाएगी।

(iv) एक अथवा अधिक विषय की सुधार परीक्षा में सम्मिलित होने वाला उम्मीदवार, साथ-ही-साथ अतिरिक्त विषयों की परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकता है।

2.11 परीक्षा उपनियम

परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए शेष शर्तें बोर्ड द्वारा समय-समय पर निर्धारित परीक्षा उप नियमों के अनुसार होंगी।

3. अध्ययन की रूपरेखा

3.1 शैक्षणिक धारा

I व II निम्नलिखित में से दो भाषाएं (कोर/ऐच्छिक) अधिगम के विषयों में निम्नलिखित सम्मिल होंगे हिंदी, अंग्रेजी, असमी, बंगला, गुजराती, कश्मीरी, कन्नड़, मराठी, मलयालम, मणिपुरी, उड़िया, पंजाबी, सिंधी, तमिल, तेलुगू, उर्दू संस्कृत, अरबी, फारसी, लिम्बू, लेपचा, भूटिया, मिज़ो, नेपाली, तिब्बती, फ्रेंच, जर्मन, पुर्तगाली, रूसी व स्पेनिश।

टिप्पणी

1. *भाषाओं में से एक अंग्रेजी अथवा हिंदी होगी, अंग्रेजी व हिंदी दोनों साथ-साथ भी ली जा सकती हैं।*
2. *भाषाएं या तो कोर अथवा ऐच्छिक स्तर पर ली जा सकती हैं। तथापि एक ही भाषा को दोनों कोर स्तर व ऐच्छिक स्तर पर नहीं लिया जो सकता है।*
3. *उम्मीदवार ऊपर दी गई दो भाषाओं में से एक भाषा के बदले किसी ऐसे अन्य वैकल्पिक विषय को चुनने के लिए स्वतंत्र होगा, जिसकी व्यवस्था नीचे III में दी गई है।*

टिप्पणी *: नीचे दिये तीन स्तरों में से किसी एक स्तर के लिए अंग्रेजी ली जा सकती है :*

1. *अंग्रेजी कोर*
2. *अंग्रेजी वैकल्पिक*
3. *व्यावहारिक अंग्रेजी*

III-V. निम्नांकित में से तीन ऐच्छिक विषय

गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, बायो टेक्नोलोजी, इंजीनियरिंग ड्राइंग, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, इतिहास, भूगोल, व्यवसाय अध्ययन, लेखा शास्त्र, गृह विज्ञान, ललित कला, कृषि, कंप्यूटर विज्ञान/सूचना प्रोद्यौगिक अभ्यास, मल्टी मीडिया व वेब प्रौद्योगिकी, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, दर्शन शास्त्र, शारीरिक शिक्षा, संगीत व नृत्य, उद्यमिता, फैशन अध्ययन, सृजनात्मक लेखन एवं अनुवाद पर्यावरण शिक्षा, (इस संबंध में कृपया नीचे 3.2.1 और 3.2.2. में दी गई टिप्पणियों का भी अवलोकन करें।

टिप्पणी : *उम्मीदवार कंप्यूटर विज्ञान अथवा सूचना प्रौद्योगिकी अभ्यास में से कोई एक चुन सकता है। तथापि इन दोनों में से किसी एक के साथ वे मल्टीमीडिया व वेब प्रोद्योगिकी ले सकते हैं। इस प्रकार एक उम्मीदवार सूचना प्रौद्योगिकी कोर्सों में से अधिकतम दो कोर्स चुन सकता है।*

6. *सामान्य अध्ययन*
7. *कार्य अनुभव।*
8. *शारीरिक व स्वास्थ्य शिक्षा*

अतिरिक्त विषय :

उम्मीदवार, एक अतिरिक्त वैकल्पिक विषय भी ले सकता है जो वैकल्पिक स्तर पर भाषा (उपर्युक्त में से कोई एक) हो सकती है या कोई अन्य वैकल्पिक विषय भी हो सकता है। इस संबंध में कृपया अध्याय-2

के खंड 2.5 (iv) को भी देखें। पाठ्यक्रम को पढ़ाते समय राष्ट्रीय पहचान व नैतिक शिक्षा पर जोर दिया जाना चाहिए। विद्यालयों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे बोर्ड द्वारा प्रकाशित 'विद्यालयों के माध्यम से राष्ट्रीय एकीकरण' नामक पुस्तिका में निर्दिष्ट मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुरूप इस क्षेत्र में अपने कार्यक्रम तैयार करें। उसी प्रकार बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट निर्देशों के अनुरूप सामान्य अध्ययन, कार्य अनुभव व शारीरिक तथा स्वास्थ्य शिक्षा के कार्यक्रमों की योजना बनाई जाए। विस्तृत जानकारी के लिए कृपया पाठ्यक्रम के भाग-IV का अवलोकन करें।

3.2 व्यावसायिक धारा

3.2.1 व्यावसायिक तथा शैक्षिक धाराओं के मध्य सेतु

वाणिज्य आधारित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों/पैकेज़ों व शैक्षिक धारा के अंतर्गत विभिन्न विषयों के मध्य सेतु पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए गए हैं। तदनुसार व्यवसाय अध्ययन, लेखा शास्त्र व अन्य विषयों को वाणिज्य आधारित निम्नलिखित व्यावसायिक कोर्सों से अध्ययन योजना के अंतर्गत अपेक्षित बंधनों को पूरा किए जाने की शर्तों पर मिलाकर लिया जा सकता है

1. अंग्रेजी टंकण (कोड सं. 607)
2. अंग्रेजी आशुलिपि (कोड सं. 608)
3. हिंदी टंकण (कोड सं. 609)
4. हिंदी आशुलिपि (कोड सं. 610)
5. विपणन (कोड सं. 613)
6. उपभोक्ता व्यवहार व संरक्षण (कोड सं. 615)
7. भंडारण (कोड सं. 617)
8. भंडार लेखाकरण (कोड सं. 618)

3.2.2 निम्नलिखित शर्तों के अधीन इन एच्छिक विषयों को व्यवसाय अध्ययन, लेखाशास्त्र व अन्य विषयों के साथ लिया जा सकता है;

(i) उपर्युक्त सूची में से दो से अधिक ऐच्छिक विकल्प नहीं लिए जाएंगे।

(ii) पुनरावृत्ति से बचने के लिए, इन प्रश्न पत्रों को शैक्षिक धारा के अधीन समान विषयों से संबंधित वैकल्पिक विषयों के साथ न जोड़ा जाए, उदाहरण के लिए भण्डार लेखाकरण (कोड सं. 618) को लेखाशास्त्र (कोड सं.55) के साथ नहीं जोड़ा जा सकता है।

(iii) यदि हिंदी अथवा अंग्रेजी में आशुलिपि ली जाती है तो संयोजन को अधिक उद्‌देश्य पूर्ण बनाने के लिए यह अनिवार्य होगा कि क्रमशः हिंदी टंकण या अंग्रेजी टंकण, जैसी भी स्थिति हो ली जाए। तथापि अंग्रेजी आशुलिपि को हिंदी टंकण के साथ संयोजन नहीं किया जा सकता अथवा इसी प्रकार हिंदी आशुलिपि को अंग्रेजी टंकण के साथ संयोजन नहीं होगा।

3.3 अध्यापन का समय

प्रति सप्ताह अध्यापन का समय

विषय	प्रस्तावित घंटे (पीरियड)
भाषा-I	7
भाषा-II	7
एच्छिक-I	8
एच्छिक-II अथवा व्यावसायिक कोर्स	8
एच्छिक-III	8
सामान्य अध्ययन/सामान्य आधारभूत पाठ्यक्रम (जी.एफ.सी)	3
कार्य अनुभव (व्यावसायिक धारा में लागू नहीं होता)	2+2*
शारीरिक एवं स्वास्थ्य शिक्षा	2

** अपेक्षित समय विद्यालय समय के बाद बिताया जाए।*

पाठ्यक्रम की रूपरेखा बनाते समय, यह मान लिया गया है कि लम्बे अवकाश (वैकेशन्स), सार्वजनिक अवकाश व अन्य आकस्मिकताओं को ध्यान में रखते हुए, हर शिक्षण सत्र में वास्तविक शिक्षण कार्य के लिए न्यूनतम 30 सप्ताह का शिक्षण समय उपलब्ध होगा। तदनुसार पीरियडों को इकाई व उप इकाई में बांटा गया है, जो केवल सांकेतिक है। विद्यालय प्रत्येक विषय क्षेत्र के समग्र पीरियडों की संख्या को ध्यान रखते हुए, यदि आवश्यक समझते हैं तो विशिष्ट यूनिटों को उनके संबंधित महत्त्व के अनुसार अधिक अथवा कम संख्या में पीरियड आबंटित कर सकते हैं। प्रत्येक इकाई के लिए अंकों का आबंटन आदेशात्मक है, अतः यह अपरिवर्तित रहेगा।

टिप्पणी

1. *विद्यालयों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे विद्यालय समय के बाद सामुदायिक सेवा के लिए पर्याप्त समय दें जो प्रति सप्ताह 2 पीरियड से कम न हो।*
2. *व्यावसायिक वर्ग के शिक्षकों को चाहिए कि वे कार्य अनुभव के लिए आबंटित समय का उपयोग, यदि अपेक्षित हो, तो कार्य के साथ-साथ प्रशिक्षण के लिए कर सकते हैं।*

3.4 शिक्षण का माध्यम

सामान्यतः बोर्ड से सम्बद्ध सभी विद्यालयों में शिक्षण का माध्यम अंग्रेजी अथवा हिंदी होगा।

3.5 विशेष प्रौढ़ शिक्षा अभियान (एस.ए.एल.डी.)

परीक्षक किसी प्रासंगिक विषय पर एक अनुच्छेद का स्पष्ट वाचन करेगा। अनुच्छेद, तथ्यात्मक या सुझाावात्मक हो सकता है। अनुच्छेद लगभग 250 शब्दों का होना चाहए। परीक्षक/अध्यापक को सुनते-सुनते परीक्षार्थी अलग कागज़ पर दिए हुए श्रवण-बोध के अभ्यासों को हल कर सकेंगे।

अभ्यास रिक्तस्थान-पूर्ति, बहुविकल्पी अथवा सही-गलत का चुनाव आदि विधाओं में हो सकते हैं। आधे-आधे अंक के 10 परीक्षण-प्रश्न होंगे।

मौखिक अभिव्यक्ति (बोलना) का मूल्यांकन :

1. चित्रों के क्रम पर आधारित वर्णनः इस भाग में अपेक्षा की जाएगी कि विवरणात्मक भाषा का प्रयोग करें।
2. किसी चित्र का वर्णन : चित्र लोगों या स्थानों के हो सकते हैं।
3. किसी निर्धारित विषय पर बोलना, जिससे विद्यार्थी/परीक्षार्थी अपने व्यक्तिगत अनुभव का प्रत्यास्मरण कर सके।
4. कोई कहानी सुनाना या किसी घटना का वर्णन करना।

टिप्पणी :

परीक्षण से पूर्व परीक्षार्थी को कुछ तैयारी के लिए समय दिया जाए।

- विवरणात्मक भाषा में वर्तमान काल का प्रयोग अपेक्षित है।
- निर्धारित विषय परीक्षार्थी के अनुभव-जगत के हों जैसे

  कोई चुटकला या हास्य प्रसग सुनाना।

  हाल में पढ़ी पुस्तक या देखे सिनेमा की कहानी सुनाना।

जब परीक्षार्थी बोलना आरंभ कर दे तो परीक्षक कम से कम हस्तक्षेप करें।

कौशलों के अंतरण का मूल्यांकन

(इस बात का निश्चय करना कि क्या विद्यार्थी में श्रवण और वाचन की निम्नलिखित योग्यताएँ हैं।)

श्रवण (सुनना)

विद्यार्थी में -

1. परिचित संदर्भों में प्रयुक्त शब्दों और पदों को समझने की सामान्य योग्यता है किन्तु वह सुसबंद्ध आशय को नहीं समझ पाता।

3. छोटे संबद्ध कथनों को परिचित संदर्भों में समझने की योग्यता है।

5. परिचित या अपरिचित दोनों संदभों में कथित सूचना को स्पष्ट समझने की योग्यता है।

7. दीर्घ कथनों की श्रृंखला को पर्याप्त शुद्धता से समझने और निष्कर्ष निकाल सकने की योग्यता है।

9. जटिल कथनों के विचार-बिंदुओं को समझने की योग्यता प्रदर्शित करने की क्षमता है। वह उद्देश्य के अनुकूल सुनने की कुशलता प्रदर्शित करता है।

वाचन (बोलना)

विद्यार्थी -

1. केवल अलग-अलग शब्दों और पदों के प्रयोग की योग्यता प्रदर्शित करता है किन्तु एक सुसंबद्ध स्तर पर नहीं बोल सकता।

3. परिचित संदर्भों मे केवल छोटे संबद्ध कथनों का सीमित शुद्धता से प्रयोग करता है।

5. अपेक्षाकृत दीर्घ भाषण में अधिक जटिल कथनों के प्रयोग की योग्यता प्रदर्शित करता है, अभी भी कुछ अशुद्धियां करता है, जिससे प्रेषण में रूकावट आती है।

7. अपरिचित स्थितियों में विचारों को तार्किक ढंग से संगठित कर धारा-प्रवाह रूप में प्रस्तुत करता है। ऐसी गलतियाँ करता है जिनसे प्रेषण में रूकावट नहीं आती।

9. उद्देश्य और श्रोता के लिए उपयुक्त शैली को अपना सकता है, केवल मामूली गलतियाँ करता है।

निर्धारित पुस्तकें:

(i) आरोह भाग-1 एन.सी.ई.आर.टी, द्वारा प्रकाशित

(ii) वितान भाग-1 एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित

(iii) अभिव्यक्ति और माध्यम एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित

हिंदी (केंद्रिक)

कोड सं. 302

कक्षा - 12

			अंक
(क)	अपठित बोध (गद्यांश और काव्यांश-बोध)	12+8	20
(ख)	रचनात्मक लेखन एवं जन-संचार माध्यम ● **अभिव्यक्ति और माध्यम**		
	(प्रिंट माध्यम संपादकीय, रिपोर्ट, आलेख, फीचर-लेखन)	15+5+5+5	25
(ग)	● पाठ्य पुस्तक : ● **आरोह** (भाग-2) (काव्यांश-20 गद्यांश-20)		40
	● पूरक पुस्तक : **वितान** (भाग-2)		15
			100

क	**अपठित बोध :**		**20**
1.	काव्यांश-बोध पर आधारित पाँच लघूत्तरात्मक प्रश्न		10
2.	गद्यांश-बोध पर आधारित बोध, प्रयोग, रचनांतरण, शीर्षक आदि पर लघूत्तरात्मक प्रश्न		10
ख	**रचनात्मक लेखन एवं जन-संचार माध्यमः**		**25**
3.	निबंध		10
	जन-संचार की निम्नलिखित विधाओं पर दो प्रश्न -		
4.	रिपोर्ट		05
5.	आलेख		05
6.	फीचर लेखन (जीवन-संदर्भों से जुड़ी घटनाओं और स्थितियों पर फीचर-लेखन)		05
ग	**आरोह भाग-2 (काव्य-भाग और गद्य-भाग)**	**(20+20)**	**40**
7.	दो काव्यांशों में से किसी एक पर अर्थग्रहण के चार/पाँच प्रश्न		10
8.	काव्यांश के सौंदर्यबोध पर दो प्रश्न के स्थान पर विकल्प दिया जाएगा। किसी एक काव्यांश के तीनों प्रश्नों के उत्तर देने होंगे।	(2+2+2)	6
9.	कविताओं की विषय-वस्तु से संबंधित तीन में से लघूत्तरात्मक प्रश्न	(2+2)	4
10.	दो में से किसी एक गद्यांश पर आधारित अर्थ-ग्रहण के चार प्रश्न	(2+2+2+2)	08
11.	पाठों की विषय वस्तु पर आधारित पांच में से चार बोधात्मक प्रश्न	(3+3+3+3)	12

पूरक पुस्तक : वितान भाग 2 **15**

12.	पाठों की विषयवस्तु पर आधारित तीन में से दो लघूत्तरात्मक प्रश्न	(3+3)	06
13.	विचार/संदेश पर आधारित तीन में से दो लघूत्तरात्मक प्रश्न	(2+2)	04
14.	विषयवस्तु पर आधारित दो में से एक निबंधात्मक प्रश्न		05

निर्धारित पुस्तकें :

(i) **आरोह भाग-2** एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित

(ii) **वितान भाग-2** एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित

(iii) **'अभिव्यक्ति और माध्यम'** एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित

5. हिंदी (ऐच्छिक) कोड सं. 002

XI-XII

उच्चतर माध्यमिक स्तर में प्रवेश लेने वाला विद्यार्थी पहली बार सामान्य शिक्षा से विशेष अनुशासन की शिक्षा की ओर उन्मुख होता है। दस वर्षों में विद्यार्थी भाषा के कौशलों से परिचित हो जाता है। भाषा और साहित्य के स्तर पर उसका दायरा अब घर, पास-पड़ोस, स्कूल, प्रांत और देश से होता हुआ धीरे-धीरे विश्व तक फैल जाता है। वह इस उम्र में पहुँच चुका है कि देश की सांस्कृतिक, सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक समस्याओं पर विचार-विमर्श कर सके, एक ज़िम्मेदार नागरिक की तरह अपनी जिम्मेदारियों को समझ सके तथा देश और खुद को सही दिशा दे सकने में भाषा की ताकत को पहचान सके। ऐसे दृढ़ भाषिक और वैचारिक आधार के साथ जब विद्यार्थी आता है तो उसे विमर्श की भाषा के रूप में हिंदी की व्यापक समझ और प्रयोग में दक्ष बनाया सबसे पहला उद्देश्य होगा। किशोरावस्थ से युवावस्था के इस नाजुक मोड़ पर किसी भी विषय का चुनाव करते समय बच्चे और उनके अभिभावक इस बात को लेकर सबसे अधिक चिंतित रहते हैं कि चयनित विषय उनके भावी कैरियर और जीविका के अवसरों में मदद करेगा कि नहीं। इस उम्र के विद्यार्थियों में चितन और निर्णय करने की प्रवृत्ति भी प्रबल होती है। इसी आधार पपर वे अपने मानसिक, सामाजिक, बौद्धिक और भाषिक विकास के प्रति भ सचेत होते हैं और अपने भावी अध्ययन की दिशा तय करते हैं। इस स्तर पर ऐच्छिक हिंदी का अध्ययन एक सृजनात्मक, साहित्यिक, सांस्कृतिक और विभिन्न प्रयुक्तियों की भाषा के रूप में होगा। इस बात पर भी बल दिया जाएगा कि निरंतर विकसित होती हिंदी के अखिल भारतीय स्वरूप से बच्चे का रिश्ता बन सके।

इस स्तर पर विद्यार्थियों मे भाषा के लिखित प्रयोग के साथ-साथ उसके मौखिक प्रयोग की कुशलता और दक्षता का विकास भी ज़रूरी है। प्रयास यह भी होगा कि विद्यार्थी अपने बिखरे हुए विचारों और भावों की सहज और मौलिक अभिव्यक्ति की क्षमता हासिल कर सके।

इस पाठ्यक्रम के अध्ययन से (i) विद्यार्थी अपनी रूचि और आवश्यकता के अनुरूप साहित्य का गहन और विशेष अध्ययन जारी रख सकेंगे। (ii) विश्वविद्यालय स्तर पर निर्धारित हिंदी-साहित्य से संबंधित पाठ्यक्रम के साथ सहज संबंध स्थापित कर सकेंगे। (iii) लेखन-कौशल के व्यावहारिक और सृजनात्मक रूपों की अभिव्यकित में सक्षम हो सकेंगे। (पअ) रोजगार के किसी भी क्षेत्र में जाने पर भाषा का प्रयोग प्रभावी ढंग से कर सकेंगे। और (अ) यह पाठ्यक्रम विद्यार्थी को संचार तथा प्रकाशन जैसे विभिन्न-क्षेत्रों में अपनी क्षमता आजमाने के अवसर प्रदान कर सकता है।

उद्देश्य

- सृजनात्मक साहित्य की सराहना, उसका आनंद उठाना और उसके प्रति सृजनात्मक और आलोचनात्मक दृष्टि का विकास।
- साहित्य की विविध विधाओं (कविता, कहानी, निबधं आदि) महत्वपूर्ण कवियों और रचनाकारों, प्रमुख धाराओं और शैलियों का परिचय कराना।
- भाषा की सृजनात्मक बारीकियों और व्यावहारिक प्रयोगों का बोध तथा संदर्भ और समय के अनुसार प्रभावशाली ढंग से उसकी मौखिक और लिखित अभिव्यक्ति कर सकना।
- विभिन्न ज्ञानानुशासनों के विमर्श की भाषा के रूप में हिंदी की विशिष्ट प्रकृति एवं क्षमता का बोध कराना।
- साहित्य की प्रभावशाली क्षमता का उपयोग करते हुए, सभी प्रकार की विविधताओं (धर्म, जाति, लिंग, वर्ग, भाषा आदि) एवं अंतरों के प्रति सकारात्मक और संवेदनशील रवैये का विकास कराना।
- देश-विदेश में प्रचलित हिंदी के रूपों से परिचित कराना।
- संचार-माध्यमों (प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक) में प्रयुक्त हिंदी की प्रकृति से अवगत कराना और नवीन विधियों के प्रयोग की क्षमता का विकास करना।
- साहित्य की व्यापक धारा के बीच रखकर विशिष्ट रचनाओं का विश्लेषण और विवेचन करने की क्षमता हासिल करना।
- विपरीत परिस्थितियों में भी भाषा का इस्तेमाल शांति के साथ करना।
- अमूर्त विषयों पर प्रयुक्त भाषा का विकास और कल्पनाशीलता और मौलिक चिंतन के लिए प्रयोग करना।

शिक्षण - युक्तियाँः

इन कक्षाओं में उचित वातावरण-निर्माण में अध्यापकों की भूमिका सदैव सहायक की होनी चाहिए। उनको भाषा और साहित्य की पढ़ाई में इस बात पर ध्यान देने की जरूरत होगी कि -

- कक्षा का वातावरण संवादात्मक हो ताकि अध्यापक, विद्यार्थी और पुस्तक तीनों के बीच एक रिश्ता बन सकें ।

- गलत से सही की ओर पहुँचने का प्रयास हो। यानी बच्चों को स्वतंत्र रूप से बोलने, लिखने और पढ़ने दिया जाए और फिर उनसे होने वाली भूलों की पहचान करा कर अध्यापक अपनी पढ़ाने की शैली में परिवर्तन करें।

- ऐसे शिक्षण-बिंदुओं की पहचान की जाए, जिससे कक्षा मे विद्यार्थी की सक्रिय भागीदारी रहे और अध्यापक भी उनका साथी बना रहे।

- शारीरिक बाधाग्रस्त विद्यार्थियों के लिए उपयुक्त शिक्षण-सामग्री का इस्तेमाल किया जाए तथा किसी भी प्रकार से उन्हें अन्य विद्यार्थियों से कमतर या अलग न समझा जाए।

- विभिन्न विधाओं से संबंधित रूचिकर और महत्वपूर्ण 10 अन्य पुस्तकें - जिनका जिक्र पाठ्यपुस्तक के अंत में किया जाएगा-स्वयं पढ़ने के लिए उन्हें प्रेरित किया जाए।

- कक्षा में अध्यापक को हर प्रकार की विभिन्नताओं (लिंग, धर्म, जाति, वर्ग आदि) के प्रति सकारात्मक और संवेदनशील वातावरण निर्मित करना चाहिए।

- सृजनात्मकता के अभ्यास के लिए विद्यार्थी से साल में कम से कम दो रचनाएं लिखवाई जाएं।

हिंदी (ऐच्छिक)

कोड सं. 002

कक्षा - 11

(क)	अपठित बोध (गद्यांश और काव्यांश-बोध)	(10 + 5)	15
(ख)	रचनात्मक तथा व्यावहारिक लेखन		25
(ग)	**अंतरा भाग-1** : (काव्य भाग)		20
	: (गद्य-भाग)		15
	अंतराल, भाग - I		15
(घ)	मौखिक		10

क	**अपठित बोध : (गद्यांश और काव्यांश-बोध)**		**20**
1.	गद्यांश पर आधारित बोध, प्रयोग, रचानांतरण, शीर्षक आदि पर लघूत्तरात्मक प्रश्न-		15
2.	काव्यांश पर आधारित पाँच लघूत्तरात्मक प्रश्न -		05
ख	**रचनात्मक तथा व्यावहारिक लेखनः**		**25**
	अभिव्यक्ति और माध्यम के आधार पर सृजनात्मक लेखन से संबंधित दो प्रश्न :		
3.	निबंध -		10
4.	कार्यालयी पत्र-		05
5.	व्यावहारिक लेखन (प्रतिवेदन, कार्यसूची, कार्यवृत्त इत्यादि) पर दो प्रश्न	(5+5)	10
ग	**अंतरा - भाग - 1**	(20+15)	**35**
	काव्य - भागः		**20**
6.	सप्रसंग व्याख्या (दो में से एक) -		08
7.	कविताओं के कथ्य पर दो प्रश्न -	(3+3)	06
8.	काव्य-सौंदर्य पर दो प्रश्न -	(3+3)	06

	गद्य-भाग :		**15**
9.	सप्रसंग व्याख्या (दो में से एक)-		04
10.	पाठों की विषय वस्तु पर आधारित तीन में से दो प्रश्न -	(3+3)	06
11.	किसी एक लेखक/कवि का साहित्यिक परिचय-		05
	अंतराल : भाग 1		**15**
12.	विषयवस्तु पर आधारित (तीन में से दो प्रश्न) -	(4+4)	08
13.	विधि विधाओं पर आधारित दो बोधात्मक प्रश्न -	(4+3)	07
(घ)	**मौखिक परीक्षण : (ऐच्छिक) -**	**5+5**	**10**

श्रवण (सुनना) : वर्णित या पठित सामग्री को सुनकर अर्थग्रहण करना, वार्तालाप करना, वाद-विवाद, भाषण, कवितापाठ आदि को सुनकर समझना, मूल्यांकन करना और अभिव्यक्ति के ढंग को समझना।

बोलना : भाषण, सस्वर कविता-पाठ, वार्तालाप और उसकी औपचारिकता, कार्यक्रम-प्रस्तुति, कथा-कहानी अथवा घटना सुनाना, परिचय देना, भावानुकूल संवाद-वाचन।

वार्तालाप की दक्षताँ :

टिप्पणी : वार्तालाप की दक्षताओं का मूल्यांकन निंरतरता के आधार पर परीक्षा के समय ही होगा। निर्धारित 10 अंकों में से 5 श्रवण (सुनना) के मूल्यांकन के लिए और 5 (बोलना) के मूल्यांकन के लिए होंगे।

श्रवण (सुनना) का मूल्यांकन :

परीक्षक किसी प्रासंगिक विषय पर एक अनुच्छेद का स्पष्ट वाचन करेगा। अनुच्छेद तथ्यात्मक या सुझावात्मक हो सकता है। अनुच्छेद लगभग 250 शब्दों को होना चाहिए। अध्यापक को सुनते-सुनते परीक्षार्थी/परीक्षक अलग कागज़ पर दिए हुए श्रवण बोध के अभ्यासों को हल कर सकेंगे।

अभ्यास रिक्तस्थान-पूर्ति, बहुविकल्पी अथवा सत्य/असत्य का चुनाव आदि विधाओं में हो सकते हैं। प्रत्येक आधे अंक के लिए 1-1 परीक्षण प्रश्न होगा।

मौखिक अभिव्यक्ति (बोलना) का मूल्यांकन :

1. चित्रों के क्रम पर आधारित वर्णनः इस भाग में अपेक्षा की जाएगी कि विद्यार्थी विवरणात्मक भाषा का प्रयोग करें।
2. किसी चित्र का वर्णन : चित्र लोगों या स्थानों के हो सकते हैं।
3. किसी निर्धारित विषय पर बोलना : जिससे विद्यार्थी अपने व्यक्तिगत अनुभव का प्रत्यास्मरण कर सकें।
4. कोई कहानी सुनाना या किसी घटना का वर्णन करना।

टिप्पणी :

- परीक्षण से पूर्व परीक्षार्थी को कुछ तैयारी के लिए दिया जाए।
- विवरणात्मक भाषा में वर्तमान काल का प्रयोग अपेक्षित है।
- निर्धारित विषय परीक्षार्थी के अनुभव-जगत के हों। जैसे :

  कोई चुटकला या हास्य प्रसंग सुनाना।

  हाल में पढ़ी पुस्तक या देखे हुए चलचित्र (सिनेमा) की कहानी सुनाना।

जब परीक्षार्थी बोलना आरंभ कर दे तो परीक्षक कम से कम हस्तक्षेप करे।

कौशलों के अंतरण का मूल्यांकन

श्रवण (सुनना)	वाचन (बोलना)
विद्यार्थी में -	**विद्यार्थी**
1. परिचित संदर्भो में प्रयुक्त शब्दों और पदों समझने की सामान्य योग्यता है। किन्तु वह सुसंबद्‌घ आशय को नहीं समझ पाता।	1. केवल अलग-अलग शब्दों और पदों के प्रयोग की योग्यता प्रदर्शित करता है, किन्तु एक सुसंबद्‌ध स्तर पर नहीं बोल सकता।
3. परिचित संदर्भो में से छोटे संबद्‌ध कथनों को समझने की योग्यता है।	3. परिचित संदर्भों में केवल छोटे संबद्‌ध कथनों का सीमित शुद्धता से प्रयोग करता है।
5. परिचित या अपरिचित दोनों संदर्भों में कथित को स्पष्ट सूचना समझने की योग्यता है।	5. अपेक्षाकृत दीर्घ भाषण में अधिक जटिल कथनों के प्रयोग की योग्यता प्रदर्शित करता है, अभी भी कुछ अशुद्धियां करता है जिससे प्रेषण में रूकावट आती है।
7. दीर्घ कथनों की श्रृंखला को पर्याप्त शुद्धता से समझने और निष्कर्ष निकालने की योग्यता है।	7. अपरिचित स्थितियों में विचारों को तार्किक ढंग से संगठित कर धारा-प्रवाह रूप में प्रस्तुत करता है। वह ऐसी गलतियाँ करता है, जिनसे प्रेषण में रूकावट नहीं आती।
9. जटिल कथनों के विचार-बिंदुओं को समझने की योग्यता प्रदर्शित करने की क्षमता है। वह उद्देश्य के अनुकूल सुनने की कुशलता प्रदर्शित करता है।	9. उद्देश्य और श्रोता के लिए उपयुक्त शैली को अपना सकता है, ऐसा करते समय वह केवल मामूली गलतियां करता है।

निर्धारित पुस्तकें :

(i) **अंतरा भाग-1** एन.सी.ई.आर.टी, द्वारा प्रकाशित

(ii) **अंतराल भाग-1** एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित

(iii) **अभिव्यक्ति और माध्यम -** एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित

हिंदी (ऐच्छिक) कोड सं. 002

कक्षा - 12

			अंक
(क)	अपठित बोध (गद्यांश और काव्यांश-बोध)	12+8	20
(ख)	रचनात्मक तथा व्यावहारिक लेखन		25
(ग)	• **अंतरा** (भाग-2) • काव्य - भाग		20
	• गद्य - भाग		20
(घ)	• **अंतराल** (भाग-2)		40

क) अपठित बोध : (गद्यांश और काव्यांश बोध) **20**

1. गद्यांश बोधः गद्यांश पर आधारित वोध, प्रयोग, स्थानांतरण तथा शीर्षक आदि पर लघूत्तरात्मक प्रश्न 10

2. काव्यांश बोध : काव्यांश पर आघारित पाँच लघूत्तरात्मक प्रश्न 10

(ख) रचनात्मक तथा व्यावहारिक लेखन : **25**

3. निबंध (विकल्प) 10

4. कार्यालयी पत्र 05

5. **'अभिव्यक्ति और माध्यम'** के आधार पर व्यावहारिक लेखन पर पाँच लघूत्तरात्मक प्रश्न (1+5) 05

6. रचनात्मक लेखन पर एक प्रश्न 05

(ग) अंतरा भाग - 2 (20+20 अंक) **40**

काव्य-भागः 20

6. (i) काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या (दो में से एक) 8

7. (ii) कविता के कथ्य पर दो प्रश्न (3+3) 6

8. (iii) कविताओं के काव्य-सौंदर्य पर दो प्रश्न (3+3) 6

गद्य-भागः **20**

9. (i) सप्रसंग व्याख्या (दो में से एक) 08

10. (ii) पाठों की विषय वस्तु पर तीन में से दो प्रश्न (3+3) 06

11. (iii) किसी एक कवि/लेखक का साहित्यिक परिचय 06

(घ) पूरक पुस्तक : अंतराल (भाग-2) 15

13. (i) विषय वस्तु पर आधारित (चार में से तीन लघूत्तरात्मक प्रश्न) 09

14. (ii) विषय वस्तु पर आधारित एक निबंधात्मक प्रश्न 06

निर्धारित पुस्तकें :

(i) अंतरा भाग-2 एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित

(ii) अंतराल भाग-2 (विविध विधाओं का संकलन) एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित

(iii) अभिव्यक्ति और माध्यम एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित

6. गणित (कोड नं. 041)

गणित के पाठ्यक्रम में समय-समय पर विषय के विकास तथा समाज की उभरती आवश्यकताओं के अनुसार परिवर्तन हुए हैं। उच्चतर माध्यमिक स्तर (Stage) वह सीढ़ी है जिस पर चढ़कर विद्यार्थी या तो गणित की उच्च शिक्षा की ओर जाते हैं या व्यावसायिक कोर्सिस (Courses) जैसे इंजीनीयरिंग, भौतिक, शास्त्र, जीव विज्ञान वाणिज्य अथवा कम्प्यूटर अनुप्रयोग की ओर जाते हैं। वर्तमान संशोधित (Revised) पाठ्यक्रम राष्ट्रीय पाठ्यर्चया रूपरेखा (NCF) -2005 के आधार पर तथा गणित शिक्षण पर बने फोकस समूह (Focus Group) के निर्देशानुसार बनाया गया है जिससे यह अपेक्षित है कि यह प्रत्येक श्रेणी के विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को पूर्ण करेगा। दैनिक जीवन की घटनाओं से प्रेरित होकर तथा अन्य विषयों की आवश्यकताओं से प्रेरणा लेकर विषय सामग्री तैयार की गई है जिसमें संकल्पनाओं (Concepts) के अनुप्रयोग पर विशेष ध्यान दिया गया है।

उद्देश्य

उच्चतर माध्यमिक स्तर पर गणित शिक्षण के मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को निम्न योग्यताओं/कौशलों को प्राप्त करने में सहायक हैं

- (विशेषतया) प्रेरणा तथा पूर्ण मानसिक चित्रण करके गणित की मूल संकल्पनाओं, पदों, नियमों, संकेतों (Symbols) का ज्ञान तथा निर्णायक समझ प्राप्त करना तथा इसमें निहित तरीकों तथा कौशलों में पूर्ण दक्षता प्राप्त करना।
- किसी तथ्य की उत्पत्ति अथवा किसी प्रश्न (समस्या) को हल करने के अन्तर्गत तर्कों के प्रवाह का अनुभव करना।
- प्राप्त ज्ञान तथा कौशलों का प्रयोग, जहाँ तक हो सके, एक से अधिक तरीके के प्रयोग से, प्रश्नों को हल करने में करना।
- सोचने, निर्णय करने, विश्लेषण करने तथा स्पष्ट तर्क करने के लिए धनात्मक अधिवृत्ति (Positive attilude) को विकसित करना।
- विषय से सम्बन्धित प्रतियोगिताओं में भाग लेकर विषय में विशेष रूचि विकसित (जागृत) करना।
- विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में प्रयुक्त गणित के विभिन्न रूपों तथा पहलुओं की जानकारी देना।
- विद्यार्थियों में गणित को एक विषय विशेष की तरह पढ़ने में रूचि जागृत करना।
- राष्ट्रीय एकता, पर्यावरण की रक्षा, छोटा मानक परिवार, सामाजिक बुराइयों को हटाना, लिंग भेद हटाने के लिए विद्यार्थियों को जानकारी देना, तथा विद्यार्थियों को इनके लिए प्रेरित करना।
- महान गणितज्ञों के लिए उनके गणित के क्षेत्र में योगदान के लिए आदर तथा सम्मान के भाव जागृत करना।

पाठ्यक्रम संरचना
कक्षा XI

प्रश्न पत्र	समय : तीन घंटे	अधिकतम अंक : 100
एकक		**अंक**
I समुच्चय तथा फलन		29
II बीजगणित		37
III निर्देशांक ज्यामिती		13
IV कलन		06
V गणितीय विवेचना		03
VI सांख्यिकी तथा प्रायिकता		12
	कुल	**100**

एकक-I : समुच्चय तथा फल **(12 पीरियड)**

1. समुच्चय :

समुच्चय तथा उनका निरूपण रिक्त समुच्चय, परिमित तथा अपरिमित समुच्चय। समान समुच्चय/उपसमुच्चय। वास्तविक संख्याओं के समुच्चय के उपसमुच्चय, विशेषकर अन्तराल के रूप में (संकेतन सहित), अधिसमुच्चय, समष्टीय समुच्चय, वेन-आरेख, समुच्चयों का सम्मिलनर (Union) तथा सर्वनिष्ट (Intersection) समुच्चयों का अन्तर, पूरक समुच्चय।

2. फलन तथा सम्बन्ध **(14 पीरियड)**

क्रमित युग्म, समुच्चयों का कार्तीयगुणन, दो परिमित समुच्चयों के कार्तीय गुणन में अवयवों की संख्या। वास्तविक संख्याओं का अपने से कार्तीयगुणन (R×R×R तक) सम्बन्ध की परिभाषा, चित्रीय आरेख (Pictorial diagrams), सम्बन्ध का प्रांत सहप्रांत तथा परास। एक समुच्चय से दूसरे समुच्चय पर फलन एक विशेष प्रकार का सम्बन्ध/एक फलन का चित्रीय निरुपण, एक फलन का प्रांत, सहप्रांत तथा परास/वास्तविक चरों के वास्तविक मान फलन इन फलनों का प्रांत तथा परास अचर, तत्समक, बहुपद, परिमेयी, मापांक, चिन्ह तथा महत्तम पूर्णांक फलन तथा उनके आलेख (Graphs), फलनों का योग, अन्तर, गुणन तथा भागफल

3. त्रिकोणमितीय फलन : धनात्मक कोण तथा ऋणात्मक कोण **(18 पीरियड)**

कोणों की रेडियन तथा डिगरी में माप तथा उनका एक मापन से दूसरे में रूपान्तरण, इकाई वृत्त (Unit circle) की सहायता से त्रिकोणमितीय फलनों की परिभाषा। सभी के मानों के लिए तत्समक $\sin^2x+\cos^2x=1$ का सत्यापन। त्रिकोणमितीय फलनों के चिन्ह तथा उनके आलेख का चित्रण। Sin (x+y) तथा Cos (x+y) के Sinx, Siny, Cos x तथा Cos y के रूप में अभिव्यक्ति। निम्न प्रकार के तत्समकों का निगमन करना :

$$\tan(x\pm y)=\frac{\tan x\pm\tan y}{\mathrm{I}\pm\tan x\tan y},\ \cot+(x\pm y)=\frac{\cot x\cot y\pm I}{\cot y\pm\cot x}$$

$$\sin x+\sin y=2\sin\frac{x+y}{2},\cos\frac{x-y}{2},\cos x+\cos y=2\cos\frac{x+y}{2},\cos\frac{x-y}{2}$$

$$\sin x-\sin y=2\cos\frac{x+y}{2},\sin\frac{x-y}{2},\cos x-\cos y=2\mathrm{S}\mathrm{in}\frac{x+y}{2},\sin\frac{x-y}{2}$$

Sin2x, Cos2x, Tan2x, Sin3x, Cos3x तथा Tan3x से सम्बन्धित तत्समक Sinθ=Sin, Cosθ=Cos तथा Tanθ=Tan प्रकार के त्रिकोणमितीय समीकरणों के सामान्य हल

एकक-2 : बीजगणित

1. गणितीय आगमन का सिद्धान्त (Principle of Mathematical Inducation)

आगमन द्वारा उत्पत्ति के प्रक्रम (Processes) । इस तरीके के अनुप्रयोग की प्रेरणा प्राकृत संख्याओं को वास्तविक संख्याओं के न्यूनतम आगमनिक (Least inductive) उपसमुच्चय के रूप में देखने से लेना गणितीय आगमन का सिद्धान्त (नियम) तथा उसके सामान्य अनुप्रयोग।

2. सम्मिश्र संख्याएं तथा द्विघात समीकरण (10 पीरियड)

सम्मिश्र संख्याओं की आवश्यकता, विशेषतया $\sqrt{-1}$ के लाने की प्रेरणा सभी द्विघात समीकरणों का हल न कर पाने की अयोग्यता पर। सम्मिश्र संख्याओं के बीजीय गुणधर्मो का संक्षिप्त विवरण। आरगंड (Argand) तल तथा सम्मिश्र संख्याओं का ध्रुवीय निरुपण। बीजगणित के मूल प्रमेय का कथन। सम्मिश्र संख्याओं की पद्धति (निकाय) में द्विघात समीकरणों के हल।

3. रैखिक असमिकाएं (10 पीरियड)

रैखिक असमिकाएं। एक चर में रैखिक असमिकाओं का बीजीय हल तथा उनका संख्या रेखा पर निरुपण। दो चरों में रैखिक असमिकाओं का आलेखीय हल। दो चरों में रैखिक असमिका निकाय का आलेखीय हल।

4. क्रमचय तथा संचय (12 पीरियड)

गणना का आधारभूत सिद्धान्त/फैक्टोरियल (Factorial), क्रमचय तथा संचय सूत्रों (Formulae) की व्युत्पत्ति तथा उनका सम्बन्ध/साधारण अनुप्रयोग।

5. द्विपद प्रमेय (8 पीरियड)

ऐतिहासिक वर्णन। द्विपद प्रमेय का धन पूर्णाकीय घातांकों के लिए कथन तथा उपपत्ति/पास्कल की त्रिभुज (Pascal's Triangle)/द्विपद प्रमेय के प्रसार में व्यापक पद तथा मध्यपद। सरल अनुप्रयोग

6. अनुक्रम तथा श्रेणी (10 पीरियड)

अनुक्रम तथा श्रेणी, समान्तर श्रेढ़ी (A.P.), समान्तर माध्य (A.M.), गुणोत्तर श्रेढ़ी (G.P.), एक गुणोत्तर श्रेढ़ी का व्यापक पद, गुणोत्तर श्रेणी के n पदों का योग, गुणोत्तर माध्य (G.M.)। A.M. तथा G.M. के बीच सम्बन्ध। विशेष अनुक्रमों ($\sum n, \sum n^2$ तथा $\sum n^3$) के n पदों का योग

एकक-III : निर्देशांक ज्यामिति

1. सरल रेखा (9 पीरियड)

पिछली कक्षाओं से द्विआयामी सकल्पनाओं (2 D) का दोहराना। एक रेखा की ढाल तथा दो रेखाओं के बीच का कोण। रेखा के समीकरण के विविध रूप : अक्षों के समान्तर, बिन्दु-ढाल रूप, ढाल-अन्तः खंड रूप दो बिन्दु रूप, अन्तःखंड रूप तथा लम्बरूप। एक रेखा का व्यापक समीकरण। एक बिन्दु की एक रेखा से दूरी।

2. शंकु परिच्छेद **(12 पीरियड)**

शंकु परिच्छेद : वृत्त, दीर्घवृत्त, परवलय, अतिपरवलय। एक बिन्दु तथा रेखा, शंकु परिच्छेद का अपभ्रष्ट (Degenerated) रूप। परवलय, दीर्घवृत्त तथा अतिपरवलय के मानक समीकरण तथा उनके सामान्य गुणधर्म एक वृत्त का मानक समीकरण।

3. त्रिविमीय ज्योमिति का परिचय **(8 पीरियड)**

त्रिविमीय अंतरिक्ष में निर्देशांक्ष तथा निर्देशांक तल, एक बिन्दु के निर्देशांक, दो बिन्दुओं के बीच दूरी तथा खण्ड-सूत्र।

एकक-IV : कलन

1. सीमा तथा अवकलज **(18 पीरियड)**

अवकलन को दूरी के फलन के परिवर्तन की दर के रूप में परिभाषित करना तथा उसकी ज्यामितीय व्याख्या। सीमा का सहजानुभूत बोध (Intuitive Idea) अवकलज की परिभाषा तथा इसका सम्बन्ध स्पर्श रेखा की ढाल से करना। फलनों के योग अन्तर, गुणन तथा भाग द्वारा बने फलनों का अवकलन करना। बहुपद फलनों तथा त्रिकोणमितीय फलनों का अवकलज ज्ञात करना।

एकक-V : गणितीय विवेचना **(8 पीरियड)**

गणितीय

गणित में मान्य कथन, संयोजक शब्द। वाक्यांश 'यदि और केवल यदि (आवश्यक तथा पर्याप्त) प्रतिबध' 'अर्न्तभाव (Implies) 'और', 'या', 'से अर्न्तनिहित है (Implied by), 'और' 'या' 'एक ऐसे का अस्तित्व है' की समझ को पक्का करना तथा उनका दैनिक जीवन तथा गणित से लिए उदाहरणों द्वारा तथा इनमें प्रयोग संयोजक शब्दों सहित कथनों की वैद्यता को सत्यापित करना विरोध (Contradiction), विलोम (Converse) तथा प्रतिधानात्मक (Contrapositive) के बीच अन्तर।

एकक-VI : संख्यिकी तथा प्रायिकता

1. सांख्यिकी **(10 पीरियड)**

प्रर्कीणन के माप, वर्गीकृत तथा अवर्गीकृत आँकड़ों के लिए माध्य विचलन, प्रसरण तथा मानक विचलन। उन बारंबारता बंटनों का विश्लेषण जिनका माध्य समान हो लेकिन प्रसरण अलग-अलग हों

2. प्रायिकता **(10 पीरियड)**

यादृच्छिक परीक्षण, परिणाम, प्रतिर्दश समष्टि (समुच्चय रूप में) घटनाएं, घटनाओं का घटित होना, ''घटित न होना। not तथा (and) 'और' 'या' निःशेष घटनाएं, परस्पर अपवर्जी घटनाएं। प्रायिकता की अभिगृहीतीय दृष्टिकोण (समुच्चय उपगमन)। पिछली कक्षा के प्रायिकता सिद्धान्तों से सम्बन्ध। एक घटना की प्रायिकता। 'न घटने', 'A तथा B' तथा 'A या B' की प्रायिकता।

प्रस्तावित पाठ्य पुस्तकें

1. गणित, एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित

पाठ्यक्रम-संरचना
कक्षा XII

प्रश्न-पत्र	तीन घंटे	अधिकतम अंक : 100
एकक		**अंक**
I. सम्बन्ध तथा फलन		10
II. बीज गणित		13
III. कलन		44
IV. सदिश तथा त्रि-विमीय ज्यामिति		17
V. रैखिक प्रोग्रामन		6
VI. प्रायिकता		10
	कुल	**100**

एकक-I : सम्बन्ध तथा फलन

1. सम्बन्ध तथा फलन **(10 पीरियड)**

सम्बन्धों के प्रकार : स्वतुल्य, सममित, संक्रामक तथा तुल्यता सम्बन्ध, एकैकी तथा आच्छादक फलन, संयुक्त फलन, एक फलन का व्युत्क्रम, द्विआधारी संक्रियाए।

2. प्रतिलोम त्रिकोणमितीय फलन **(12 पीरियड)**

परिभाषा, परिसर, प्रांत, मुख्य मान शाखाएं। प्रतिलोम त्रिकोणमितीय फलनों के आलेख। प्रतिलोम त्रिकोणमितीय फलनों के प्रारम्भिक गुणधर्म।

एकक-II : बीजगणित

1. आव्यूह **(18 पीरियड)**

संकल्पना, संकेतन (Notation), क्रम, समानता, आव्यूहों के प्रकार, शून्य आव्यूह, एक आव्यूह का परिर्वत, सममित तथा विषम-सममित आव्यूह। आव्यूहों का योग, गुणन तथा अदिश गुणन। योग, गुणन तथा अदिश गुणन के सरल गुणधर्म। आव्यूहों के गुणन की अक्रमविनिमेयता (Non-commutativity) तथा अशून्य आव्यूहों का अस्तित्व जिनका गुणन एक शून्य आव्यूह है (क्रम 2 के वर्ग आव्यूहों तक सीमित), प्रारंभिक पंक्ति तथा स्तंभ संक्रियाओं की संकल्पना व्युतक्रमणीय आव्यूह तथा व्युतक्रम की अद्वितीयता, यदि उसका अस्तित्व है [यहाँ सभी आव्यूहों के अवयव वास्तविक संख्याएं हैं]

2. सारणिक **(20 पीरियड)**

एक वर्ग आव्यूह का सारणिक (3×3 के वर्ग आव्यूह तक), सारणिकों के गुणधर्म, उपसारणिक (Minor) तथा सहखण्ड (Co-factor)/सारणिकों का अनुप्रयोग त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात करने में। सहखंडज आव्यूह तथा। आव्यूह का व्युत्क्रम। संगत तथा असंगत, तथा उदाहरणों द्वारा रैखिक समीकरण निकाय के हलों की संख्या ज्ञात करना। दो अथवा तीन चरों में रैखिक समीकरण निकाय को (जिनका अद्वितीय हल हो) को प्रतिलोम (व्युतक्रम) का प्रयोग कर हल करना।

एकक-III : कलन

1. सततता तथा अवकलनीयता (18 पीरियड)

सततता तथा अवकलनीयता। संयुक्त फलनों का अवकलन; श्रृंखला नियम, प्रतिलोम त्रिकोणमितीय फलनों का अवकलन, अस्पष्ट (Implicit) फलनों का अवकलन चरघांताकी तथा लघुगणकीय फलनों की संकल्पना तथा उनका अवकलन, लघुगणकीय अवकलन; प्राचल रूप में व्यक्त फलनों का अवकलन, द्वितीय क्रम के अवकलन, रोले तथा लागरांज के मध्यमान प्रमेय (बिना उपपत्ति के) तथा उनकी ज्यामितीय व्याख्या।

2. अवकलजों के अनुप्रयोग (10 पीरियड)

अवकलजों के अनुप्रयोग : परिवर्तन की दर, वर्धमान/ह्रासमान फलन, अभिलंब तथा स्पर्श रेखाएं, सन्निकटन, उच्चतम तथा निम्नतम (प्रथम अवकलन परीक्षण की ज्यामितीय प्रेरणा तथा द्वितीय अवकलन परीक्षण-उपपत्ति लायक औज़ार), सरल प्रश्न (जो विषय के मूलभूत सिद्धान्तों की समझ दर्शाते हैं तथा वास्तविक जीवन से सम्बन्धित हों)

3. समाकलन (20 पीरियड)

समाकलन को अवकलन के व्युत्क्रम प्रक्रम के रूप में। कई प्रकार के फलनों का समाकलन-प्रतिस्थापना द्वारा, आंशिक भिन्नों द्वारा, खंडशः द्वारा, केवल निम्न प्रकार के सरल समाकलों का मान ज्ञान करना :

$$\int\frac{dx}{x^2 \pm a^2},\ \int\frac{dx}{\sqrt{x^2 \pm a^2}},\ \int\frac{dx}{\sqrt{a^2 - x^2}},\ \int\frac{dx}{\sqrt{ax^2+bx+c}},\ \int\frac{dx}{ax^2+bx+c}$$

$$\int\frac{px+q}{ax^2+bx+c}dx,\ \int\frac{px+q}{\sqrt{ax^2+bx+c}}dx,\ \int\sqrt{a^2 \pm x^2}dx \text{ तथा } \int\sqrt{x^2 - a^2dx}$$

योगफल की सीमा के रूप में निश्चित समाकलन, कलन का आधारभूत प्रमेय (बिना उपपत्ति के), निश्चित समाकलों के मूल गुणधर्म, निश्चित समाकलों का मान ज्ञात करना।

4. समाकलनों के अनुप्रयोग (10 पीरियड)

अनुप्रयोग : साधारण वक्रों के अन्तर्गत क्षेत्रफल ज्ञात करना, विशेषतया रेखाएं वृत्त/परवलयों/दीर्घवृत्तों (जो केवल मानक रूप में हैं) का क्षेत्रफल, उपरोक्त दो वक्रों के मध्यवर्ती क्षेत्र का क्षेत्रफल (ऐसा क्षेत्र जो स्पष्ट रूप से पहचान में आ सके)

5. अवकल समीकरण (10 पीरियड)

परिभाषा, कोटि एवं घात, अवकल समीकरण का व्यापक एवं विशिष्ट हल दिए हुए व्यापक हल वाले अवकल समीकरण का निर्माण, पृथक्करणीय चर के तरीके द्वारा अवकल समीकरणों का हल, प्रथम कोटि एवं प्रथम घात वाले समघातीय अवकल समीकरणों का हल। निम्न प्रकार के रैखिक अवकल समीकरणों का हल

$$\frac{dy}{dx} + p(x)y = Q(x)$$

जहां $p(x)$ तथा $Q(x)$, x के फलन हैं।

एकक-IV : सदिश तथा त्रि-विमीय ज्यामिति (12 पीरियड)

(i) **सदिश** : सदिश तथा अदिश, एक सदिश का परिमाण तथा दिशा, संदिशों के दिककोसाईन/अनुपात, सदिशों के प्रकार (समान, मात्रक, शून्य, समान्तर तथा संरेख सदिश) किसी बिन्दु का स्थितिसदिश, ऋणात्मक सदिश, एक सदिश के घटक, सदिशों का योगफल, एक सदिश का अदिश से गुणन, दो बिन्दुओं को मिलाने वाले रेखाखंड को किसी अनुपात में बांटनें वाले बिन्दु का स्थिति सदिश, दो सदिशों तथा गुणनफल अदिश एक अदिश का एक रेखा पर प्रक्षेप, दो सदिशों का सदिश गुणनफल।

(ii) **त्रि-विमीय ज्यामिति :** दो बिन्दुओं को मिलाने वाली रेखा के दिक् कोसाइन/अनुपात। एक रेखा का कार्तीय तथा सदिश समीकरण, समतलीय तथा विषम तलीय रेखाएं, दो विषम तलीय रेखाओं के बीच की दूरी। एक तल के कार्तीय तथा सदिश समीकरण (i) दो रेखाओं (ii) दो तलों (iii) एक रेखा तथा एक तल के बीच का कोण। एक बिन्दु की एक तल से दूरी

एकक-V : रैखिक प्रोग्रामन (12 पीरियड)

रैखिक प्रोग्रामन : भूमिका, सम्बन्धित पदों जैसे व्यवरोध, उद्देश्य फलन, इष्टतम हल, रैखिक प्रोग्राम समस्याओं के विभिन्न प्रकार, रैखिक प्रोग्रामन (LP) समस्याओं का गणितीय सूत्रण, दो चरों में दी गई समस्याओं का आलेखीय हल, सुसंगत तथा असुसंगत क्षेत्र, सुससंगत तथा असुसंगत हल, इष्टतम सुसंगत हल (तीन अतुच्छ व्यवरोधों तक)

एकक-VI : प्रायिकता (18 पीरियड)

प्रायिकता : प्रायिकता का गुणन नियम, सप्रतिबंध प्रायिकता, स्वतंत्र घटनाएं, कुल प्रायिकता, बेज प्रमेय, यादृच्छिक चर और उसका प्रायिकता बंटन, यादृच्छ चर का माध्य तथा प्रसरण, बरनौली परीक्षण तथा द्विपद बटंन।

प्रस्तावित पाठ्य पुस्तकें

1. गणित भाग - I एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित
2. गणित भाग - II एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित

7. भौतिकी (कोड संख्या 042)

स्कूल शिक्षा का सीनियर सेकण्डरी चरण वह चरण है जिसके अन्तर्गत पाठ्यचर्या का केन्द्रबिन्दु सामान्य शिक्षा से विषय आधारित पाठ्यचर्या पर संक्रमित हो जाता है। प्रस्तुत आधुनिक पाठ्यक्रम में विषयात्मक उपगमन की गहराई एवं कठोरता के साथ-साथ विद्यार्थियों के बोध के व्यापक स्तर को दृष्टिगत रखा गया है। इस तथ्य के बारे में भी विशेष सावधानी बरती गई है कि पाठ्यक्रम बोझिल भी न हो और साथ ही अन्तर्राष्ट्रीय मानको की दृष्टि से तुलनात्मक भी हो। इस पाठ्यक्रम में सम्मिलित प्रमुख विशेषताएं इस प्रकार हैं :

- विषय वस्तु की आधारभूत प्रत्यात्मक समझ (विवेक) को महत्व देना।
- अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार भौतिक राशियों की पारिभाषिक शब्दावली, सूत्रीकरण SI मात्रकों तथा प्रतीकों के उपयोग को महत्व देना।
- विषयवस्तु की विभिन्न इकाइयों को तार्किक क्रम प्रदान करके बेहतर समझ के लिए संकल्पनाओं का उचित संयोजन एवं स्थापन करना।
- विषय के ही भीतर तथा अन्य विषयों की विषय वस्तुओं/संकल्पनाओं के परस्परव्यापीकरण का बहिष्कार करके पाठ्यचर्या के बोझ को कम करना।
- प्रकार्यात्मक कौशलों, समस्या-समाधान की योग्यताओं तथा भौतिकी की संकल्पनाओं के अनुप्रयोगों को प्रोत्साहित करना।

पाठ्यक्रम के अतिरिक्त यह भी प्रयास किया गया है कि

- सेकण्डरी स्तर पर विकसित संकल्पनाओं को सुहढ़ बनाकर विषय की बेहतर समझ के लिए दृढ़ आधार प्रदान करना।
- औद्योगिक तथा प्रोद्यौगिकीय अनुप्रयोगों से संबंधित भौतिकी में उपयोग होने वाली विभिन्न प्रक्रियाओं से छात्रों को उद्भासित करना।
- छात्रों में प्रकार्यात्मक कौशलों को विकसित करने तथा प्रयोगात्मक, प्रेक्षणात्मक हस्तकौशल, अन्वेषणात्मक एवं निर्णय ले सकने जैसी कुशलताओं का विकास करना।
- छात्रों में समस्या समाधान करने की योग्यता एवं सृजनात्मक सोच को प्रोत्साहित करना।
- छात्रों में संकल्पनात्मक सामर्थ्य विकसित करना तथा उनमें अन्य विषयों के साथ भौतिकी के अन्तरापृष्ठ की अनुभूति एवं रसास्वादन कराना।

पाठ्यक्रम संरचना
कक्षा XI (सैद्धान्तिक)

एक प्रश्न-पत्र	समय : 3 घण्टे	अधिकतम अंक : 70
इकाई		**अंक**
इकाई-I	भौतिक जगत तथा मापन	03
इकाई-II	शुद्ध गतिकी	10
इकाई-II	गति के नियम	10
इकाई-IV	कार्य, ऊर्जा तथा शक्ति	06
इकाई-V	दृढ़ पिण्ड तथा कणों के निकाय की गति	06
इकाई-VI	गुरुत्वाकर्षण	05
इकाई-VII	स्थूल द्रव्य के गुण	10
इकाई-VIII	ऊष्मा गतिकी	05
इकाई-IX	आदर्श गैस का व्यवहार तथा गैसों का अणुगति सिद्धान्त	05
इकाई-X	दोलन तथा तरंगें	10
	कुल योग	**70**

इकाई–I : भौतिक जगत तथा मापन (10 पीरियड)

भौतिकी कार्यक्षेत्र तथा अन्तर्निहित रोमांच; भौतिक नियमों की प्रकृति, भौतिकी; प्रौद्योगिकी एवं समाज; मापन की आवश्यकता माप के मात्रक; मात्रक प्रणालियां; S I मात्रक, मूल तथा व्युत्पन्न मानक, लम्बाई, द्रव्यमान तथा समय मापन; यथार्थता तथा मापक यंत्रों की परिशुद्धता; माप में त्रुटि; सार्थक अंक भौतिक राशियों की विभाएं; विभीय विश्लेषण तथा इसके अनुप्रयोग।

इकाई–II : शुद्ध गतिकी (28 पीरियड)

निर्देश फ्रेमः सरल रेखा में गति, स्थिति-समय ग्राफ, चाल तथा वेग, एक समान तथा असमान गति; माध्य चाल तथा तात्क्षणिक वेग। एक समान त्वरित गति : वेग-समय, स्थिति, समय ग्राफ; एकसमान त्वरित गति के लिए संबंध (ग्राफीय विवेचना)।

गति के वर्णन के लिए अवकलन तथा समाकलन की आरम्भिक संकल्पनाएं आदिश तथा सदिश राशियां : सदिश तथा संकेतन पद्धति, स्थिति तथा विस्थापन सदिश, सदिश की समताः सदिशों का वास्तविक संख्याओं से गुणन; संदिशों का संकलन तथा व्यकलन : आपेक्षिक वेग

एकांक सदिश : किसी तल में सदिश का वियोजन-समकोणिक घटक : किसी तल में गति : एकसमान वेग तथा एकसमान त्वरण के प्रकरण; प्रक्षेप्य गति, एक समान वर्तुल गति।

इकाई–III : गति के नियम (पीरियड 16)

बल की सहजानुभूत संकल्पना : जड़त्व, न्यूटन का गति का पहला नियम, संवेग तथा न्यूटन का गति का दूसरा नियम : आवेग : न्यूटन का गति का तीसरा नियम, रैखिक संवेग संरक्षण नियम तथा इसके अनुप्रयोग।

संगामी बलों का संतुलन; स्थैतिक तथा गतिज घर्षण, घर्षण के नियम; लोटनिक घर्षण; एक समान वर्तुल गति एकसमान वर्तुल गति की गतिकी, अभिकेन्द्र बल, वर्तुल गति के उदाहरण (समतल वृत्ताकार सड़कों पर वाहन, ढालू सड़कों पर वाहन)

इकाई–IV : कार्य, ऊर्जा तथा शक्ति **(पीरियड 16)**

सदिशों का आदिश गुणनफल; नियत बल तथा परिवर्ती बल द्वारा किया गया कार्य, गतिज ऊर्जा, कार्य-ऊर्जा प्रमेय शक्ति।

स्थितिज ऊर्जा की धारणा, कमानी की स्थितिज ऊर्जा, संरक्षी बल, यांत्रिक ऊर्जा का संरक्षण (गतिज तथा स्थितिज ऊर्जाएं) : असंरक्षी बल; प्रत्यास्थ तथा अप्रत्यास्थ संघटों का आरम्भिक बोध।

इकाई–V : दृढ़ पिण्ड तथा कणों के निकाय की गति **(पीरियड 18)**

द्विकण निकाय का संहति केन्द्र; संवेग संरक्षण तथा संहति केन्द्र; दृढ़ पिण्ड का संहति केन्द्र, एकसमान छड़ का संहति केन्द्र।

संदिशों का सदिश गुणनफल; बल का आघूर्णः बल आघूर्ण, कोणीय संवेग; कोणीय संवेग संरक्षण कुछ उदाहरणों सहित।

दृढ़ पिण्डों का संतुलन; दृढ़ पिण्डों की घूर्णी गति तथा घूर्णी गति के समीकरण : रैखिक तथा घूर्णी गतियों की तुलना।

जड़त्व आघूर्ण; परिभ्रमण त्रिज्या सरल ज्यामितीय पिण्डों के जड़त्व आघूर्णो के मान (व्युत्पत्ति नहीं)। समान्तर अक्ष तथा लम्बवत अक्ष प्रमेयों के प्रक्कथन तथा इनके अनुप्रयोग।

इकाई–VI : गुरुत्वाकर्षण **(पीरियड 14)**

ग्रहीय गति के केप्लर के नियम : गुरुत्वाकर्षण का सार्वत्रिक नियम।

गुरुत्वीय त्वरण तथा ऊंचाई एवं गहराई के साथ इसमें परिवर्तन।

गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा, गुरुत्वीय विभव, पलायन वेग, उपग्रह का कक्षीय वेग, भूतुल्यकाली उपग्रह।

इकाई–VII : स्थूल द्रव्य के गुण **(पीरियड 28)**

प्रत्यास्थ व्यवहार; प्रतिबल-विकृति संबंध; हुक का नियमः यंग-गुणांक; आयतन प्रत्यास्थता गुणांक, दृढ़ता मापांक।

तरल-स्तम्भ के कारण दाब, पास्कल का नियम तथा इसके अनुप्रयोग (द्रवचालित लिफ्ट तथा द्रवचालित ब्रेक) : तरल दाब पर गुरुत्व का प्रभाव।

श्यानता, स्टोक्स का नियम, सीमान्त वेग, रेनाल्ड अंक, धारारेखी तथा प्रक्षुब्ध प्रवाह, बर्नूली-प्रेमय तथा इसके अनुप्रयोग।

पृष्ठ ऊर्जा तथा पृष्ठ तनाव, सम्पर्क कोण, पृष्ठ तनाव की धारणा का बूंदों, बुलबुलों तथा कोशिका क्रिया में अनुप्रयोग।

ऊष्मा, ताप, तापीय प्रसार, विशिष्ट ऊष्मा धारिता, ऊष्मामिति, अवस्था परिवर्तन-गुप्त ऊष्मा ऊष्मा-स्थानान्तरण, चालन, संवहन तथा विकिरण, ऊष्मा चालकता, न्यूटन का शीतलन नियम।

इकाई–VIII : ऊष्मागतिकी **(पीरियड 12)**

तापीय साम्य तथा ताप की परिभाषा (ऊष्मागतिकी का शून्य कोटि नियम), ऊष्मा, कार्य तथा आन्तरिक ऊर्जा, ऊष्मागतिकी का पहला नियम।

ऊष्मागतिकी का दूसरा नियम : उत्क्रमणीय तथा अनुत्क्रमणीय प्रक्रमः ऊष्मा इंजन तथा प्रशीतित्र

इकाई–IX : आदर्श गैस का व्यवहार तथा अणुगति सिद्धान्त **(पीरियड 8)**

आदर्श गैस के लिए अवस्था का समीकरण : गैस के संपीडन में किया गया कार्य। गैसों का अणुगति सिद्धान्त-अभिगृहीत, दाब की संकल्पना, गतिज ऊर्जा तथा ताप; गैस के अणुओं की वर्गमाध्य मूल चाल; स्वातंत्रय कोटि, ऊर्जा समविभाजन नियम (केवल प्रकथन) तथा गैसों की विशिष्ट ऊष्मा धारिताओं पर अनुप्रयोग, माध्य मुक्त पथ; आवोगाद्रो संख्या।

इकाई–X : दोलन तथा तरंगें

आवर्ती गति, आवर्तकाल, आवृत्ति, समय के फलन के रूप में विस्थापन; आवर्ती फलन, सरल आवर्त गति (S.H.M.) तथा इसका समीकरण, कला, कमानी के दोलन, प्रत्यानयन बल तथा बल-स्थिरांक, S.H.M. में ऊर्जा-गतिज तथा स्थितिज ऊजाएं : सरल लोलक-इसके आवर्तकाल के लिए व्यंजक की व्युत्पत्ति; मुक्त, अवमंदित तथा प्रणोदित दोलन (केवल गुणात्मक धारणा) : अनुनाद

तरंग गति; अनुदैर्ध्य तथा अनुप्रस्थ तरंगें; तरंग गति की चाल; प्रगामी तरंग के लिए विस्थापन : संबंध तरंगों के अध्यारोपण का सिद्धान्त, तरंगों का परावर्तन, डोरियों तथा पाइपों में अप्रगामी तरंगें; मूल विद्या तथा गुणावृत्तियां, विस्पन्द, डॉप्लर प्रभाव।

प्रायोगिक कार्य

नोट : शैक्षणिक वर्ष की अवधि में प्रत्येक छात्र द्वारा 10 प्रयोग (प्रत्येक अनुभाग से 5) तथा 8 क्रियाकलाप (प्रत्येक अनुभाग से 4) किए जाएंगे।

विद्यार्थियों की प्रतिभागिता के साथ शिक्षक द्वारा दो निदर्शन प्रयोग किए जाने चाहिए। छात्र इन निदर्शन प्रयोगों के रिकार्ड रखेंगे। विद्यालयों को यह सलाह दी जाती है कि वे कक्षा XII के प्रायोगिक कार्यों के मूल्यांकन के लिए दिए गए मार्गदर्शन का अनुसरण करें।

अनुभाग A

प्रयोग

1. **वर्नियर कैलिपर्स का उपयोग**
   (i) किसी छोटी गोलीय/बेलनाकार वस्तु के व्यास-मापन के लिए करना।

   (ii) ज्ञात द्रव्यमान की किसी नियमित वस्तु की विमाएं मापने के लिए करना तथा उसका घनत्व ज्ञात करना।

   (iii) दिए गए बीकर/कैलोरीमीटर का आन्तरिक व्यास तथा गहराई मापने के लिए करना तथा उसका आयतन ज्ञात करना।

2. स्क्रूगेज़ का उपयोग
   (i) दिए गए तार का व्यास मापने के लिए करना।
   (ii) दी गई चादर की मोटाई मापने के लिए करना।
   (iii) किसी अनियमित पटल का आयतन मापने के लिए करना।
3. स्फेरोमीटर द्वारा किसी दिए गए गोलीय पृष्ठ की वक्रता त्रिज्या ज्ञात करना।
4. सदिशों के समान्तर चतुर्भुज नियम के उपयोग द्वारा दी गई वस्तु का भार ज्ञात करना।
5. सरल लोलक का उपयोग करके L–T तथा $L–T^2$ ग्राफ खींचना तथा उचित ग्राफ का उपयोग करके सेकण्डी-लोलक की प्रभावी लम्बाई ज्ञात करना।
6. गुटके तथा क्षैतिज पृष्ठ के बीच घर्षण गुणांक ज्ञात करने के लिए सीमान्त घर्षण तथा अभिलम्ब प्रतिक्रिया के बीच संबंध का अध्ययन करना।
7. पृथ्वी के गुरूत्वीय खिंचाव के कारण किसी रोलर पर कार्यरत आनत समतल के अनुदिश अधोमुखी बल ज्ञात करना तथा बल एवं Sinθ के बीच ग्राफ खींचकर इसके आनत कोण से संबंध का अध्ययन करना

क्रियाकलाप

1. दिए गए अल्पतमांक जैसे 0.2 cm, 0.5 cm का कागज़ का पैमाना बनाना।
2. आघूर्णों के सिद्धान्त द्वारा मीटर पैमाने का उपयोग करके दी गई वस्तु का द्रव्यमान ज्ञात करना।
3. पैमानों तथा त्रुटि रेखाओं के उचित चयन के साथ आंकड़ों के दिए गए समुच्चय का ग्राफ खींचना।
4. क्षैतिज तल पर रोलर की लोटनिक गति के लिए सीमांत घर्षण मापना।
5. प्रेक्षेप्य कोण के साथ जल की धार के परिसर में परिवर्तन का अध्ययन करना।
6. (दोहरे आनत तल का उपयोग करके) आनत तल पर नीचे लुढ़कती बाल की ऊर्जा के संरक्षण का अध्ययन करना।

अनुभाग B

प्रयोग

1. दिए गए तार के पदार्थ का यंग प्रत्यास्थता गुणांक ज्ञात करना।
2. लोड-विस्तार ग्राफ खींचकर किसी कुण्डलिनी कमानी का बल-स्थिरांक ज्ञात करना।
3. P तथा V एवं P तथा $\frac{1}{V}$ के बीच ग्राफ खींचकर नियत ताप पर वायु के नमूने के लिए दाब के साथ आयतन में परिवर्तन का अध्ययन करना।
4. केशिकीय उन्नयन विधि द्वारा जल का पृष्ठ तनाव ज्ञात करना।
5. किसी दी गयी गोल वस्तु का सीमान्त वेग मापकर दिए गए श्यान द्रव का श्यानता गुणांक ज्ञात करना।
6. शीतलन वक्र खींचकर किसी तप्त वस्तु के ताप तथा समय के बीच संबंध का अध्ययन करना।

7. (i) स्वरमापी का उपयोग करके नियत तनाव पर किसी दिए गए तार की लम्बाई तथा आवृत्ति के बीच संबंध का अध्ययन करना।

   (ii) स्वरमापी का उपयोग करके नियत आवृत्ति के लिए किसी दिए गए तार की लम्बाई तथा तनाव के बीच संबंध का अध्ययन करना।

8. अनुनाद नली का उपयोग करके दो अनुनाद स्थितियों द्वारा कक्ष ताप पर वायु में ध्वनि की चाल ज्ञात करना।

9. मिश्रण विधि द्वारा किसी दिए गए (i) ठोस (ii) द्रव की विशिष्ट ऊष्मा धारिता ज्ञात करना।

क्रियाकलाप

1. अवस्था परिवर्तन का प्रेक्षण करना तथा पिघले मोम के लिए शीतलन वक्र खींचना।

2. किसी द्विधातु पत्री पर गर्म करने के प्रभाव का प्रेक्षण तथा व्याख्या करना।

3. किसी पात्र में भरे द्रव को गर्म करने पर उसके स्तर में परिवर्तन को नोट करना तथा प्रेक्षणों की व्याख्या करना।

4. कोशिकीय उन्नयन के प्रेक्षण द्वारा पृष्ठ तनाव पर अपमार्जक के प्रभाव का अध्ययन करना।

5. किसी द्रव की ऊष्मा-क्षय की दर को प्रभावित करने वाले कारकों का अध्ययन करना।

6. उचित प्रकार से जकड़े किसी मीटर पैमाने, जिसे (i) इसके सिरे पर (ii) मध्य में भारित किया गया है, के अवनमन पर लोड के प्रभाव का अध्ययन करना।

प्रस्तावित पाठ्य पुस्तकें

1. भौतिकी, भाग - I एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित
2. भौतिकी, भाग - II एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित

पाठ्यक्रम संरचना
कक्षा XII (सैद्धान्तिक)

एक प्रश्न पत्र		समय : 3 घण्टे	अधिकतम अंक : 70
इकाई I	स्थिर विद्युतिकी		08
इकाई II	धारा विद्युत		07
इकाई III	धारा का चुम्बकीय प्रभाव तथा चुम्बकत्व		08
इकाई IV	वैद्युत चुम्बकीय प्रेरण तथा प्रत्यावर्ती धाराएं		08
इकाई V	वैद्युत चुम्बकीय तरंगें		03
इकाई VI	प्रकाशिकी		14
इकाई VII	द्रव्य की द्वैत प्रकृति		04
इकाई VIII	परमाणु तथा नाभिक		06
इकाई IX	इलेक्ट्रॉनिक युक्तियां		07
इकाई X	संचार व्यवस्था		05
		कुल	70

इकाई–I : स्थिर विद्युतिकी **(पीरियड 25)**

वैद्युत आवेश : आवेश का संरक्षण : कूलॉम-नियम-दो बिन्दु आवेशों के बीच बल, बहुत आवेशों के बीच बल : अध्यारोपण-सिद्धान्त तथा सतत आवेश वितरण।

विद्युत क्षेत्र, बिन्दु आवेश के कारण विद्युत क्षेत्र, विद्युत क्षेत्र रेखाएं, वैद्युत द्विध्रुव, द्विध्रुव के कारण विद्युत क्षेत्र, एक समान विद्युत क्षेत्र में द्विध्रुव पर बल आघूर्ण, वैद्युत फ्लक्स, गाउस नियम का प्रकथन तथा अनन्त लम्बाई के एक समान आवेशित सीधे तार, एक समान आवेशित अनन्त समतल चादर तथा एक समान आवेशित पतले गोलीय खोल (के भीतर तथा बाहर) विद्युत क्षेत्र ज्ञात करने में इस नियम का अनुप्रयोग। स्थिर वैद्युत विभव, विभवान्तर; किसी बिन्दु आवेश, वैद्युत द्विध्रुव, आवेशों के निकाय के कारण विभव; समविभव पृष्ठ, किसी स्थिर वैद्युत क्षेत्र में दो बिन्दु आवेशों के निकाय तथा वैद्युत द्विध्रुव की स्थिर वैद्युत स्थितिज ऊर्जा चालक तथा विद्युतरोधी; किसी चालक के भीतर मुक्त आवेश तथा बद्ध आवेश, परावैद्युत पदार्थ तथा वैद्युत ध्रुवण; संधारित्र तथा धारिता, श्रेणीक्रम तथा पार्श्वक्रम में संधारित्रों का संयोजन; पट्टिकाओं के बीच परावैद्युत माध्यम होने अथवा न होने पर किसी समान्तर पाट्टिका संचारित्र की धारिता; संधारित्र में संचित ऊर्जा, वान डे ग्राफ जनित्र।

इकाई–II धारा विद्युत **(पीरियड 22)**

विद्युतधारा, धात्विक चालक में वैद्युत आवेशों का प्रवाह, अपवाह वेग, गतिशीलता तथा इनका विद्युतधारा से संबंध; भोम का नियम, वैद्युत प्रतिरोध, V-I अभिलक्षण (रैखिक तथा अरैखिक), विद्युत ऊर्जा तथा शक्ति, वैद्युत प्रतिरोधकता तथा चालकता कार्बन प्रतिरोधक, कार्बन प्रतिरोधकों के लिए वर्ण कोड, प्रतिरोधकों का श्रेणी तथा पर्श्व क्रम संयोजन, प्रतिरोध की ताप निर्भरता।

सेल का आन्तरिक प्रतिरोध, सेल की emf तथा विभवान्तर सेलों को श्रेणी क्रम तथा पार्श्वक्रम संयोजन।

किरखोफ का नियम तथा इसके अनुप्रयोग, व्हीटस्टोन सेतु, मीटर सेतु।

पोटोशियोमीटर – सिद्धान्त तथा विभवान्तर एवं दो सेलों की emf की तुलना करने के लिए इसका अनुप्रयोग; लघु प्रतिरोधों एवं किसी सेल के आन्तरिक प्रतिरोध की माप

इकाई III : विद्युधारा के चुम्बकीय प्रभाव तथा चुम्बकत्व (पीरियड 25)

चुम्बकीय क्षेत्र की संकल्पना, ओर्स्टेड का प्रयोग।

बायो-सावर्ट नियम तथा धारावाही वृत्तीय लूप में इसका अनुप्रयोग।

ऐम्पियर का नियम तथा इसका अनन्त लम्बाई के सीधे तार में अनुप्रयोग। दो सामान्तर धारावाी चालकों के बीच बल-ऐम्पियर की परिभाषा सीधी एवं टोराइडी परिनालिकाएं अनुप्रयोग।

एक समान चुम्बकीय क्षेत्र में किसी धारावाही चालक पर बल; एक समान चुम्बकीय क्षेत्र में धारावाही लूप द्वारा बल आघूर्ण का अनुभव, चल कुण्डली गैल्वेनोमीटर इसकी धारा सुग्राह्यता तथा इसका ऐमीटर एवं वोल्टमीटर में रूपान्तरण।

एक समान चुम्बकीय तथा विद्युत क्षेत्रों में गतिमान आवेशों पर बल, साइक्लोट्रॉन।

चुम्बकीय द्विध्रुव के रूप में धारा लूप तथा इसका चुम्बकीय द्विध्रुव आघूर्ण। किसी परिभ्रमण करते इलेक्ट्रॉन का चुम्बकीय द्विध्रुव आघूर्ण। चुम्बकीय द्विध्रुव (छड़ चुम्बक) के कारण इसके अक्ष के अनुदिश तथा अक्ष के अभिलम्बवत चुम्बकीय क्षेत्र तीव्रता। एक समान चुम्बीय क्षेत्र में चुम्बकीय द्विध्रुव (छड़ चुम्बक) पर बल आघूर्ण; तुल्यांकी परिनालिका के रूप में छड़ चुम्बक, चुम्बकीय क्षेत्र रेखाएं; पृथ्वी का चुम्बकीय क्षेत्र तथा चुम्बकीय अवयव, अनुचुम्बकीय, प्रतिचुम्बकीय तथा लोह चुम्बकीय पदार्थ उदाहरणों सहित। विद्युतचुम्बक तथा इनकी तीव्रताओं को प्रभावित करने वाले कारक। स्थायी चुम्बक।

इकाई–IV : वैद्युतचुम्बकीय प्रेरण तथा प्रत्यावर्ती धाराएं (पीरियड 20)

वैद्युतचुम्बकीय प्रेरण : फैराडे के नियम, प्रेरित emf तथा धारा, लेंज का नियम, भंवर धाराएं। स्वप्रेरकत्व तथा अन्योन्य प्रेरकत्व स्थानान्तरण धारा।

प्रत्यावर्ती धारा, प्रत्यावर्ती धारा तथा वोल्टता के शिखर तथा वर्ग माध्यमूल मान, प्रतिघात तथा प्रतिबाधा; LC दोलन (केवल गुणात्मक विवेचना), श्रेणीबद्ध LCR परिपथ, अनुवाद, AC परिपथों में शक्ति, वाटहीन धारा/AC जनित्र तथा ट्रान्सफॉर्मर।

इकाई–V : वैद्युतचुम्बकीय तरंगें (पीरियड 4)

स्थानान्तरण धारा, वैद्युत चुम्बकीय तरंगें तथा इनके अभिलक्षण (केवल गुणात्मक संकल्पना) वैद्युत चुम्बकीय तरंगों की अनुप्रस्थ प्रकृति।

वैद्युत चुम्बकीय स्पेक्ट्रम (रेडियो तरंगें, सूक्ष्मतरंगें, अवरक्त, दृश्य, पराबैंगनी, X-किरणें, गामा किरणें) इनके उपयोग के विषय में मौलिक तथ्यों सहित।

इकाई–VI : प्रकाशिकी (पीरियड 30)

प्रकाश का परावर्तन, गोलीय दर्पण, दर्पण सूत्र, प्रकाश का अपवर्तन, पूर्ण आन्तरिक परावर्तन तथा इसके अनुप्रयोग, प्रकाशित तन्तु, गोलीय पृष्ठों पर अपवर्तन, लेंस, पतले लेंसों का सूत्र, लेंस मेकर-सूत्र, आवर्धन, लेंस की शक्ति, सम्पर्क में रखे पतले लेंसों का संयोजन, प्रिज्म से होकर प्रकाश का अपवर्तन तथा परिक्षेपण।

प्रकाश का प्रकीर्णन आकाश का नीला वर्ण तथा सूर्योदय एवं सूर्यास्त के समय आकाश में सूर्य का रक्ताभ दृष्टिगोचर होना।

तरंग प्रकाशिकी : तरंगाग तथा हाइगेन्स सिद्धान्त, तरंगाग्रों के उपयोग द्वारा समतल तरंगों का समतल पृष्ठों पर परावर्तन तथा अपवर्तन, हाइगेन्स सिद्धान्त के उपयोग द्वारा परावर्तन तथा अपवर्तन के नियमों का सत्यापन, व्यतिकरण, यंग का द्विझिरी प्रयोग तथा फ्रिज चौड़ाई के लिए व्यंजक, कला संबद्ध स्रोत तथा प्रकाश का प्रतिपालित व्यतिकरण; एकलझिरी के कारण विवर्तन, केन्द्रीय उच्चिष्ठ की चौड़ाई, ध्रुवण, समतल ध्रुवित प्रकाश, ब्रुस्टर नियम, समतल ध्रुवित प्रकाश तथा पोलरॉयडों का उपयोग।

प्रकाशित यंत्र मानव नेत्र, प्रतिबिम्ब बनना तथा संयजन क्षमता लेंसों द्वारा दृष्टि दोषों का संशोधन (निकट दृष्टिदोष, दूर दृष्टिदोष, जरा दूर दृष्टि दोष, अविन्दुकता) सूक्ष्मदर्शी, तथा खगोलीय दूरदर्शक (परावर्ती तथा अपवर्ती) तथा इनकी आवर्धन क्षमताएं। सूक्ष्मदर्शी तथा दूरदर्शकों की विभेदन क्षमता।

इकाई–VII : द्रव्य तथा विकिरणों की द्वैत प्रकृति (पीरियड 8)

विकिरणों की द्वैत प्रकृति, प्रकाश विद्युत प्रभाव, हर्त्ज तथा लीनार्ड प्रेक्षण आइंस्टीन-प्रकाश विद्युत समीकरण, प्रकाश की कणात्मक प्रकृति।

द्रव्य तरंगें कणों की तरंगात्मक प्रकृति, दे ब्राग्ली संबंध, डेविसन तथा जर्मर प्रयोग।

इकाई–VIII : परमाणु तथा नाभिक (पीरियड 18)

ऐल्फा कण प्रकीर्णन प्रयोग, परमाणु का रदरफोर्ड मॉडल, बोर मॉडल, ऊर्जास्तर हाइड्रोजन स्पेक्ट्रम।

नाभिकों की संरचना तथा आमाप, परमाणु द्रव्यमान, समस्थानिक, समभारिक, विघटनाभिकता-ऐल्फा, बीटा तथा गामा कण/किरणें तथा इनके गुण, रेडियोऐक्टिव क्षय नियम।

द्रव्यमान-ऊर्जा संबंध, द्रव्यमान क्षति, बंधन ऊर्जा प्रति न्यूक्लिऑन तथा द्रव्य संख्या के साथ इसमें परिवर्तन, नाभिकीय विघटन, नाभिकीय रिएक्टर, नाभिकीय संलयन

इकाई–IX : इलेक्ट्रॉनिक युक्तियां (पीरियड 18)

अर्धचालक, अर्धचालक डायोड : I-V अभिलाक्षणिक (भग्रदिशिक तथा पश्चदिशिक वायसन में); डायोड दिष्टकारी के रूप में, LED के अभिलाक्षणिक, फोटोडायोड, सौर सेल तथा जेनर डायोड; वोल्टता नियंत्रक के रूप में जेनर डायोड, संधि ट्रांजिस्टर, ट्रांजिस्टर क्रिया, ट्रांजिस्टर के अभिलाक्षणिक, ट्रांजिस्टर प्रवर्धक के रूप में (उभयनिष्ठ उत्सर्जक विन्यास) तथा ट्रांजिस्टर दोलित्र के रूप में, लॉजिक गेट (OR, AND, NOT, NAND तथा NOR), ट्रांजिस्टर स्विच के रूप में।

इकाई–X : संचार व्यवस्था (पीरियड 10)

संचार व्यवस्था के अवयव (केवल ब्लॉक आरेख), सिग्नलों की बैंड चौड़ाई (वाक्, TV अंकीय आंकड़े), प्रेषण माध्यम की बैण्ड चौड़ाई, वायुमंडल में वैद्युत चुम्बकीय तरंगों का संरचण, व्योम तथा आकाश तरंगों का संचरण; माडुलन की आवश्यकता, आयाम माडुलित तरंगों का उत्पादन तथा संसूचन।

प्रायोगिक कार्य

A. शैक्षिक वर्ष की अवधि में प्रत्येक छात्र को 10 प्रयोग (प्रत्येक अनुभाग से 5) तथा 8 क्रियाकलाप (प्रत्येक अनुभाग से 4) करने हैं। छात्रों की सहभागिता से शिक्षण द्वारा दो निदर्शन प्रयोग भी किए जाने चाहिए। छात्र इन निदर्शन प्रयोगों के रिकार्ड रखेंगे।

अनुभाग-A

प्रयोग

1. विभवान्तर तथा धारा के बीच ग्राफ खींचकर किसी दिए गए तार का प्रति सेन्टीमीटर प्रतिरोध ज्ञात करना।
2. मीटर सेतु द्वारा किसी दिए गए तार का प्रतिरोध ज्ञात करके उसके पदार्थ की प्रतिरोधकता ज्ञात करना।
3. मीटर सेतु द्वारा प्रतिरोधकों के (श्रेणी/पार्श्व) संयोजनों के नियमों का सत्यापन करना।
4. पोटोन्शियोमीटर द्वारा दो दिए गए प्राथमिक सेलों की emf की तुलना करना।
5. पोटोन्शियोमीटर द्वारा दिए गए प्राथमिक सेल का आन्तरिक प्रतिरोध ज्ञात करना।
6. किसी गैल्वेनोमीटर का प्रतिरोध अर्धविक्षेपण विधि द्वारा निर्धारित करना तथा इसका दक्षतांक ज्ञात करना।
7. दिए गए गैल्वेनोमीटर (जिसका प्रतिरोध तथा दक्षतांक ज्ञात है) को वांछित परिसर के ऐमीटर तथा वोल्टमीटर में रूपान्तरित करना तथा इनका सत्यापन करना।
8. सोनोमीटर द्वारा a.c. मेन्स की आवृत्ति ज्ञात करना।

क्रियाकलाप

1. लोइक्रोड के साथ तथा लोइक्रोड के बिना किसी प्रेरक का प्रतिरोध एवं प्रतिबाधा मापना।
2. बहुलमापी द्वारा किसी दिए गए परिपथ की सततता का परीक्षण करना तथा प्रतिरोध वोल्टता (AC/DC) एवं धारा (A.C.) मापना
3. एक शक्ति स्रोत, तीन बल्ब, तीन (ऑन/ऑफ) स्विच तथा एक फ्यूज का एक घरेलू परिपथ संयोजित करना।
4. दिए गए विद्युत परिपथ के अवयवों को संयोजित करना।
5. स्थायी धारा के लिए किसी तार की लम्बाई के साथ विभवपात में परिवर्तन का अध्ययन करना।
6. किसी दिए गए ऐसे परिपथ का आरेख खींचना जिसमें कम से कम एक बैटरी, प्रतिरोधक/धारा नियंत्रक, कुंजी, ऐमीटर तथा वोल्टमीटर हो। उन अवयवों को चिह्नित करना जो उचित क्रम में संयोजित नहीं है। परिपथ को ठीक करके परिपथ आरेख को भी संशोधित करना।

अनुभाग-B

प्रयोग

1. अवतल दर्पण के प्रकरण में u के विभिन्न मानों के लिए v के मान ज्ञात करके दर्पण की फोकस दूरी ज्ञात करना।
2. u तथा v अथवा $\frac{1}{u}$ अथवा $\frac{1}{v}$ के बीच ग्राफ खींचकर किसी उत्तल लेंस की फोकस दूरी ज्ञात करना।
3. उत्तल लेंस का उपयोग करके उत्तल दर्पण की फोकस दूरी ज्ञात करना।
4. उत्तल लेंस का उपयोग करके अवतल लेंस की फोकस दूरी ज्ञात करना।
5. दिए गए प्रिज्य के लिए आपतन कोण तथा विचलन कोण के बीच ग्राफ खींचकर न्यूनतम विचलन कोण ज्ञात करना।
6. चल सूक्ष्मदर्शी द्वारा कोच की सिल्ली का अपवर्तनांक ज्ञात करना।
7. (i) अवतल दर्पण, (ii) समतल दर्पण तथा उत्तल लेंस द्वारा किसी द्रव का अपवर्तनांक ज्ञात करना।
8. अग्रदिशिक वायस तथा पश्चदिशिक बायस में p—n संधि के I—V अभिलाक्षणिक वक्र खींचना।
9. जेनर डायोड के अभिलाक्षणिक वक्र खींचना तथा इसकी प्रतीप भंजन वोल्टता ज्ञात करना।
10. किसी उभयनिष्ठ-उत्सर्जक pnp अथवा npn ट्रांजिस्टर के अभिलाक्षणिकों का अध्ययन करना तथा धारा एवं वोल्टता लाब्धियों के मान ज्ञात करना।

क्रियाकलाप

1. किसी L.D.R. पर प्रकाश की तीव्रता के प्रभाव का (स्रोत की दूरी में परिवर्तन करके) अध्ययन करना।
2. डायोड, LED, ट्रांजिस्टर, I.C. प्रतिरोधक तथा संघारित्र की ऐसे ही मिश्रित वस्तुओं के संचयन में से पहचान करना।
3. बहुलमापी द्वारा (i) ट्रांजिस्टर के आधार को पहचानना, (ii) npn तथा pnp प्रकार के ट्रांजिस्टरों में विभेदन करना, (iii) डायोड तथा LED के प्रकरणों में धारा के एकदिशिक प्रवाह का प्रेक्षण करना, (iv) डायोड, ट्रांजिस्टर, अथवा I.C. जैसे दिए गए इलेक्ट्रानिक अवयवों का परीक्षण उनके चालू अवस्था में होने अथवा न होने का परीक्षण करना।
4. किसी कांच की सिल्ली पर तिर्यक आपतित प्रकाश पुन्ज के अपवर्तन तथा पार्श्विक विचलन का प्रेक्षण करना।
5. दो पोलरॉयडों द्वारा प्रकाश के ध्रुवण का अध्ययन करना।
6. पतली झिरी के कारण प्रकाश के विवर्तन का प्रेक्षण करना।
7. मोमबत्ती एवं परदे का उपयोग करके (i) उत्तल लेंस, (ii) अवतल दर्पण द्वारा परदे पर बनने वाले प्रतिबिम्ब की प्रकृति तथा आमाप (लेंस/दर्पण से मोमबत्ती की विभिन्न दूरियों के लिए) का अध्ययन करना।
8. लेन्सों के दिए गए समुच्चय से दो लेंसों द्वारा किसी विशिष्ट फोकस दूरी का लेंस-संयोजन प्राप्त करना।

B. प्रायोगिक परीक्षा के लिए मूल्यांकन की रूपरेखा

● किसी भी एक अनुभाग से एक प्रयोग	8 अंक
● दो क्रियाकलाप (प्रत्येक अनुभाग से एक क्रियाकलाप) (4+4)	8 अंक
● प्रयोगिक रिकार्ड (प्रयोग तथा क्रियाकलाप)	6 अंक
● दो निदर्शन प्रयोगों का रिकार्ड तथा इन प्रयोगों पर आधारित मौखिक प्रश्न	3 अंक
● प्रयोग तथा क्रियाकलापों पर मौखिक प्रश्न	5 अंक
कुल	**30 अंक**

नोट : यही रूप रेखा कक्षा XI के लिए भी मान्य है।

प्रस्तावित पाठ्यपुस्तकें

1. भौतिकी, भाग - I एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित कक्षा XI की पाठ्यपुस्तक
2. भौतिकी, भाग - II एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित कक्षा XII की पाठ्यपुस्तक

8. रसायन (कोड संख्या 043)

आधार

विद्यालयी शिक्षा में उच्चतर माध्यमिक स्तर अत्यंत निर्णायक स्तर है क्योंकि इस समय विशेष विषय-आधारित, विषयोन्मुख पाठ्यक्रम प्रारंभ होते हैं। विद्यार्थी दस वर्ष की सामान्य शिक्षा के पश्चात् इस स्तर तक पहुँचते हैं और अपनी जीविका मूल विज्ञान अथवा औषध, इंजीनियरी या तकनीकी जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों से खोजने के लिए और तृतीयक स्तर पर विज्ञान के व्यावहारिक क्षेत्रों में पाठ्यक्रमों के अध्ययन के लिए रसायन विषय का चुनाव करते हैं। इसलिए विद्यार्थियों को रसायन की अवधारणाओं की पर्याप्त पृष्ठभूमि उपलब्ध कराना आवश्यक है, जो उन्हें उच्चतर माध्यमिक स्तर के पश्चात अकादमिक और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की चुनौतियाँ स्वीकार करने के लिए सक्षम बनाएगी।

नई और नवीनीकृत पाठचर्या को विषय की कठिनाई और गहनता पर यह ध्यान रखते हुए आधारित किया गया है कि पाठ्यक्रम बोझिल न होने पाए और साथ ही यह अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के समतुल्य हो। पिछले एक दशक में रसायन विषय से संबंधित ज्ञान में अभूतपूर्व परिवर्तन हुए हैं। संश्लेषित पदार्थ, जैव-अणु, प्राकृतिक संपदा, औद्योगिक रसायन जैसे अनेक नए क्षेत्र महत्त्वपूर्ण रूप से उभरे हैं और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर रसायन पाठ्यक्रम का अनिवार्य भाग बनने योग्य हैं। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आई.यू.पी.ए.सी (IUPAC) एवं सी.जी.पी.एम. (CGPM) जैसी वैज्ञानिक संस्थाओं द्वारा तत्वों और यौगिकों के नवीन प्रतिपादन और नाम पद्धति तथा भौतिक राशियों के प्रारंभ करे गए प्रतीक और मात्रक भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं और नवीनीकृत पाठ्यक्रम में शामिल करने आवश्यक हैं। संशोधित पाठ्यक्रम में इन सभी पक्षों का ध्यान रखा गया है। इसमें नई नामपद्धति, प्रतीकों, प्रतिपादनों को प्रयोग करने; मूल अवधारणाओं का अध्यापन; रसायन की अवधारणाओं के उद्योग/तकनीकी में अनुप्रयोग; एककों का तर्कसंगत क्रमांकन एवं पुरानी पड़ गई और पुनरावृत्त अवधारणाओं के त्यागने इत्यादि को अधिक महत्त्व दिया गया है।

उद्देश्य

उच्चतर माध्यमिक स्तर पर रसायन के अध्यापन का व्यापक उद्देश्य विद्यार्थियों की सहायता करना है। इसके प्रमुख उद्देश्य हैं

- रसायन में जिज्ञासा बनाए रखते हुए रसायन के मूल तथ्यों और संकल्पनाओं की समझ में वृद्धि करना;
- तृतीयक स्तर पर अकादमिक और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों (जैसे औषध, इंजीनियरी, तकनीकी) में रसायन के अध्ययन के लिए सक्षम बनाना;
- विद्यार्थियों को रसायन के विभिन्न नए उभरते हुए क्षेत्रों से अवगत कराना और उन्हें भावी अध्ययन में इनकी सार्थकता तथा रासायनी-विज्ञान एवं तकनीकी के विभिन्न क्षेत्रों में इनके अनुप्रयोग से अवगत कराना;
- विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, पोषण, पर्यावरण, जनसंख्या, मौसम, उद्योगों और कृषि से संबंधित विभिन्न परिवर्तनों का सामना करने योग्य बनाना;
- विद्यार्थियों में समस्याओं के समाधान की प्रवीणता विकसित करना;
- विद्यार्थियों को उद्योगों में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न प्रक्रमों और उनके तकनीकी अनुप्रयोगों से परिचित कराना;
- विद्यार्थियों को विज्ञान की अन्य विधाओं जैसे भौतिकी, जीव विज्ञान, भू-विज्ञान, इंजीनियरिंग इत्यादि से रसायन के परस्पर संबंध से अवगत कराना;

- विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में उपयोग में आने वाले रसायन के विभिन्न पक्षों से परिचित कराना;
- विद्यार्थियों में रसायन का विशिष्ट विषय के रूप में अध्ययन करने की अभिरूचि उत्पन्न करना।

पाठ्यक्रम-संरचना

कक्षा XI (सैद्धांतिक)

एक प्रश्न-पत्र	समय : 3 घण्टे	अधिकतम अंक : 70
एकक संख्या	**शीर्षक**	**अंक**
इकाई I	रसायन की कुछ मूल अवधारणाएं	3
इकाई II	परमाणु की संरचना	6
इकाई III	तत्वों का वर्गीकरण और गुणधर्मों की आवर्तिता	4
इकाई IV	रासायनिक आबंधन एवं आण्विक संरचना	5
इकाई V	द्रव्य की अवस्थाएं-गैस और द्रव	4
इकाई VI	ऊष्मागतिकी	6
इकाई VII	साम्य	6
इकाई VIII	रेडॉक्स अभिक्रियाएं	3
इकाई IX	हाइड्रोजन	3
इकाई X	*s*-ब्लाक के तत्व	5
इकाई XI	*p*-ब्लाक के कुछ तत्व	7
इकाई XII	कार्बनिक रसायन-कुछ मूल सिद्धांत और तकनीकें	7
इकाई XIII	हाइड्रोकार्बन	8
इकाई XIV	पर्यावरणीय रसायन	3
	कुल योग	**70**

एकक-I : रसायन की कुछ मूल अवधारणाएं **(12 पीरियड)**

सामान्य परिचय-रसायन विषय का महत्व और विस्तार

द्रव्य की विविक्त (कणिक) प्रकृति तक ऐतिहासिक पहुँच, रासायनिक संयोजन के नियम, डाल्टन का परमाणु सिद्धांत; तत्व, परमाणु और अणु की अवधारणा

परमाण्विक और आण्विक द्रव्यमान, मोल की अवधारणा और मोलर द्रव्यमान-प्रतिशत संघटन, मूलानुपाती एवं आण्विक सूत्र; रासायनिक अभिक्रियाएं, स्टाइकियोमीट्री और स्टाइकियोमीट्री पर आधारित परिकलन

एकक-II : परमाणु की संरचना **(16 पीरियड)**

इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन और न्यूट्रॉन की खोज; परमाणु क्रमांक, समस्थानिक और समभारिक। टॉमसन का मॉडल और इसकी सीमाएं, रदरफोर्ड मॉडल और इसकी सीमाएं, बोर मॉडल और इसकी सीमाएं, कोशों और उपकोशों की अवधारणा,

द्रव्य एवं प्रकाश की द्वैत प्रकृति, दे ब्रॉग्ली संबंध, हाइज़ेनबर्ग अनिश्चितता सिद्धांत, कक्षकों की अवधारणा, क्वान्टम संख्याएं, s, p और d-कक्षकों की आकृतियां, कक्षकों में इलेक्ट्रॉन भरने के नियम ऑफबाऊ नियम, पाउली अपवर्जन नियम तथा हुड का नियम, परमाणुओं का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास, अर्ध-भरित और पूर्ण भरित कक्षकों का स्थायित्व।

एकक-III : तत्वों का वर्गीकरण और गुणधर्मों की आवर्तिता (8 पीरियड)

वर्गीकरण की सार्थकता, आवर्त सारणी के विकास का संक्षिप्त इतिहास, आधुनिक आवर्त नियम तथा आवर्त सारणी का वर्तमान स्वरूप, तत्वों के गुणधर्मों की आवर्ती प्रवृत्ति-परमाणु त्रिज्याएं, आयनी त्रिज्याएं, आयनन एन्थैल्पी, इलेक्ट्रॉन लब्धि-एन्थैल्पी, विद्युत् ऋणात्मकता, संयोजकता।

एकक-IV : रासायनिक आबंधन और आण्विक संरचना (16 पीरियड)

संयोजकता इलेक्ट्रॉन, आयनी आबंध, सहसंयोजक आबंध, आबंध प्राचल, लूइस संरचना, सहसंयोजक आबंध का ध्रुवीय गुण, आयनी आबंध का सहसंयोजक गुण, संयोजकता आबंध सिद्धांत, अनुनाद, सहसंयोजक अणुओं की ज्यामिति, VSEPR सिद्धांत, s, p और d-कक्षकों और कुछ सामान्य अणुओं की आकृतियाँ को सम्मिलित करते हुए संकरण की अवधारणा समनाभिकीय द्विपरमाणुक अणुओं के आबंधन का आण्विक कक्षक सिद्धांत (केवल गुणात्मक परिचय) हाइड्रोजन आबंध।

एकक-V : द्रव्य की अवस्थाएं-गैस और द्रव (14 पीरियड)

द्रव्य की तीन अवस्थाएं, अंतराआण्विक अन्योन्य क्रियाएं, आबंधन के प्रकार, गलनांक और क्वथनांक, अणुओं की अवधारणा की व्याख्या में गैस नियमों की भूमिका, बॉयल का नियम, चार्ल्स का नियम, गै-लुसैक नियम, आदर्श व्यवहार, आदर्श गैस समीकरण की आनुभाविक व्युत्पत्ति, आवोगाद्रो संख्या, आदर्श गैस समीकरण। आदर्श व्यवहार से विचलन, गैसों का द्रवण, क्रांतिक ताप।

द्रव अवस्था-वाष्पदाब, श्यानता और पृष्ठ तनाव (केवल गुणात्मक परिचय)

एकक-VI : ऊष्मागतिकी (16 पीरियड)

निकाय की अवधारणा तथा निकाय के प्रकार, परिवेश, कार्य, ऊष्मा, ऊर्जा, मात्रा आश्रित गुणधर्म और मात्रा स्वतंत्र गुणधर्म, अवस्था फलन।

ऊष्मागतिकी का प्रथम नियम, आन्तरिक ऊर्जा और एन्थैल्पी, ऊष्माधारिता एवं विशिष्ट ऊष्मा धारिता, ΔU और ΔH का मापन, ऊष्मा संकलन का हेस नियम, एन्थैल्पी-आबंध वियोजन, दहन, संभवन (विरचन), कणीकरण, ऊर्ध्वपातन, प्रावस्था रूपान्तरण, आयनन तथा विलयन।

एन्ट्रॉपी का अवस्था फलन की भांति परिचय, स्वतः प्रवर्तित और स्वतः अप्रवर्तित प्रक्रमों के लिए मुक्त ऊर्जा परिवर्तन, साम्य।

एकक-VII : साम्य (16 पीरियड)

भौतिकी और रासायनिक प्रक्रमों में साम्य, साम्य की गतिक प्रकृति, द्रव्यानुपाती क्रिया नियम, साम्य स्थिरांक साम्य को प्रभावित करने वाले कारक ले शातैलिए का सिद्धांत; आयनिक साम्य-अम्लों एवं क्षारकों का आयनन, प्रबल

और दुर्बल वैद्युत् अपघट्य, आयनन की मात्रा, pH की अवधारणा, लवणों का जलअपघटन (प्रारंभिक जानकारी), बफ़र विलयन (उभय प्रतिरोधी विलयन), विलेयता गुणनफलन, उभयनिष्ठ आयन प्रभाव (समआयन प्रभाव) उदाहरण सहित।

एकक-VIII : रेडॉक्स अभिक्रियाएं **(6 पीरियड)**

ऑक्सीकरण और अपचयन की अवधारणा, रेडॉक्स अभिक्रियाएं, ऑक्सीकरण संख्या, रेडॉक्स अभिक्रियाओं की रसायनिक समीकरण को संतुलित करना, रेडॉक्स अभिक्रियाओं के अनुप्रयोग।

एकक-IX : हाइड्रोजन **(8 पीरियड)**

आवर्त सारणी में हाइड्रोजन का स्थान, उपलब्धता, समस्थानिक, विरचन, गुणधर्म तथा हाइड्रोजन के उपयोग; हाइड्राइड-आयनी, सहसंयोजक एवं अंतराकाशी; जल के भौतिक तथा रसायनिक गुणधर्म, भारी जल, हाइड्रोजन परॉक्साइड-विरचन, गुणधर्म और संरचना, हाइड्रोजन ईंधन के रूप में।

एकक-X : S ब्लाक के तत्व (क्षार एवं क्षारी मृदा धातुएं) **(14 पीरियड)**

वर्ग 1 एवं वर्ग 2 के तत्व

सामान्य परिचय, इलेक्ट्रॉनिक विन्यास, उपलब्धता, प्रत्येक वर्ग के प्रथम तत्व के असंगत गुणधर्म, विकर्ण संबंध, गुणधर्मों के विचरण में प्रवृत्ति (जैसे आयनन एन्थैल्पी, परमाणु एवं आयनी त्रिज्या), आक्सीजन जल, हाइड्रोजन एवं हैलोजन से रासायनिक अभिक्रियाशीलता में प्रवृत्तियाँ; उपयोग।

कुछ महत्त्वपूर्ण यौगिकों का विरचन और गुणधर्म

सोडियम कार्बोनेट, सोडियम क्लोराइड, सोडियम हाइड्रॉक्साइड और सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट, सोडियम और पोटैशियम का जैविक महत्व।

कैल्सियम ऑक्साइड तथा कैल्सियम कार्बोनेट एवं चूना व चूना पत्थर के औद्योगिक उपयोग; मैग्नेशियम तथा, कैल्सियम का जैविक महत्व।

एकक-XI : P ब्लाक के तत्व **(16 पीरियड)**
p-ब्लाक के तत्वों का सामान्य परिचय

वर्ग 13 के तत्व-सामान्य परिचय, इलेक्ट्रॉनिक विन्यास, उपलब्धता, गुणधर्मों का विचरण, ऑक्सीकरण अवस्थाएं, रासायनिक अभिक्रियाशीलता में प्रवृत्ति, वर्ग के प्रथम तत्व के असंगत गुणधर्म; बोरॉन-भौतिक और रासायनिक गुणधर्म, कुछ महत्वपूर्ण यौगिक-बोरेक्स, बोरिक अम्ल, बोरॉन हाइड्राइड। ऐलुमिनियम-उपयोग, अम्लों और क्षारों के साथ अभिक्रियाएं, उपयोग।

वर्ग 14 के तत्व-सामान्य परिचय, इलेक्ट्रॉनिक विन्यास, उपलब्धता, गुणधर्मों का विचरण, ऑक्सीकरण अवस्थाएं, रासायनिक अभिक्रियाशीलता में प्रवृत्तियां, समूह के प्रथम तत्व का असंगत व्यवहार, कार्बन-शृंखलन, अपररूप, भौतिक और रासायनिक गुणधर्म; कुछ महत्त्वपूर्ण यौगिकों के उपयोग-ऑक्साइड।

सिलिकन के महत्त्वपूर्ण यौगिक और उनके उपयोग-सिलिकन टेट्राक्लोराइड, सिलिकोन, सिलिकेट एवं जिओलाइट।

एकक-XII : कार्बनिक रसायन–कुछ मूल सिद्धांत और तकनीकें **(14 पीरियड)**

सामान्य परिचय, गुणात्मक और मात्रात्मक विश्लेषण, की विधियां वर्गीकरण और कार्बनिक यौगिकों की आई.यू.पी. ए.सी (IUPAC) नामपद्धति।

सहसंयोजक आबंध में इलेक्ट्रॉनिक विस्थापन-प्रेरणिक प्रभाव, इलेक्ट्रोमरी प्रभाव, अनुनाद और अतिसंयुग्मन।

सहसंयोजक आबंध का समापघटनीय और विषम अपघटनीय विखंडन-मुक्त मूलक, कार्बोकेटायन, कार्बेनायन; इलेक्ट्रॉनरागी (इलेक्ट्रॉन स्नेही) और नाभिकरागी (नाभिक स्नेही), कार्बनिक अभिक्रियाओं के प्रकार।

एकक-XIII : हाइड्रोकार्बन (16 पीरियड)

हाइड्रोकार्बनों का वर्गीकरण

ऐल्केन-नामपद्धति, समावयवता, संरूपण (केवल एथेन), भौतिक गुणधर्म, रासायनिक अभिक्रियाएं (हैलोजनन की मुक्तमूलक क्रियाविधि सहित) दहन और उत्ताम अपघटन।

ऐल्कीन-नामपद्धति, द्विक्-आबंध की संरचना (एथीन), ज्यामितीय समावयवता, भौतिक गुणधर्म, विरचन की विधियाँ; रासायनिक अभिक्रियाएं-हाइड्रोजन, हैलोजन, जल और हाइड्रोजन हैलाइड (मार्कोनीकॉफ योगज और परॉक्साइड प्रभाव) का योगज, ओजोनी अपघटन, ऑकसीकरण, इलेक्टॉनरागी योगज की क्रियाविधि।

ऐल्काइन-नामपद्धति, त्रिक-आबंध की संरचना (एथाइन), भौतिक गुणधर्म। विरचन की विधियाँ, रासायनिक अभिक्रियाएं-एल्काइनों की अम्लीय प्रकृति, हाइड्रोजन, हैलोजन, हैलोजन हैलाइडों और जल के साथ योगज अभिक्रियाएं।

ऐरोमैटिक हाइड्रोकार्बन-परिचय, IUPAC नामपद्धति; बेन्जीन-अनुनाद, ऐरोमैटिकता; रासायनिक अभिक्रियाएं नाइट्रोकरण, सल्फोनेशन, हैलोजनन, फ्रीडेल क्रॉफ्ट्स ऐल्किलन एवं ऐसीटिलन; इलेक्ट्रॉन रागी प्रतिस्थापन की क्रिया विधि-मोनो-प्रतिस्थापित बेन्जीन में किसी प्रतिस्थायी समूह का दैशिक प्रभाव; कैंसरजनीयता और विषाक्तता।

एकक-XIV पर्यावरण रसायन (6 पीरियड)

पर्यावरण प्रदूषण-वायु, जल और मृदा प्रदूषण, वायुमंडल में रसायनिक अभिक्रियाएं, धूम-कोहरा, प्रमुख वायुमंडलीय प्रदूषक, अम्लीय-वर्षा, ओजोन और इसकी अभिक्रियाएं, ओज़ोन-परत के क्षय और इसके प्रभाव, ग्रीनहाउस प्रभाव और रेखिक उष्मन-औद्योगिक अपशिष्टों के कारण प्रदूषण, पर्यावरण प्रदूषण कम करने के लिए हरित-रसायन एक वैकल्पिक साधन की तरह, पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए योजनाएं।

प्रायोगिक

परीक्षा की मूल्यांकन योजना	पूर्णांक
आयतनमितीय विश्लेषण	10
लवण विश्लेषण	6
विषय-वस्तु आधारित प्रयोग	4
कक्षा का रिकार्ड तथा मौखिक परीक्षा	5
परियोजना (प्रोजेक्ट)	5
कुल योग	**30**

प्रायोगिक पाठ्यक्रम (कुल पीरियड 60)

(क) आधारभूत प्रयोगशाला तकनीकें (2 पीरियड)

1. काँच की नली तथा छड़ को काटना
2. काँच की नली को मोड़ना
3. काँच का जेट खींचना
4. कॉर्क में छेद करना

(ख) रासायनिक पदार्थों का शुद्धिकरण और अभिलक्षणन (6 पीरियड)

1. कार्बनिक यौगिक का गलनांक ज्ञात करना
2. कार्बनिक यौगिक का क्वथनांक ज्ञात करना
3. निम्नलिखित में से किसी एक के अशुद्ध नमूने का क्रिस्टलन

   ऐलम (फिटकरी), कॉपर सल्फेट, बेन्जोइक अम्ल

(ग) pH पर विचारित संबंधित प्रयोग (6 पीरियड)

(क) निम्नलिखित प्रयोगों में से कोई एक

- फलों के रस, अम्लों, क्षारकों और लवणों की विभिन्न ज्ञात सांद्रताओं के विलयनों की pH-पत्र अथवा साविंक सूचक द्वारा pH निर्धारित करना।
- समान सांद्रता वाले प्रबल और दुर्बल अम्लों के विलयनों की pH की तुलना करना।
- प्रबल और दुर्बल अम्ल और प्रबल क्षारक की आयतनमिति में सार्विक सूचक के उपयोग द्वारा pH परिवर्तन का अध्ययन।

(ख) दुर्बल अम्ल और दुर्बल क्षारक के प्रकरण में उभयनिष्ठ आयन प्रभाव के कारण pH परिवर्तन का अध्ययन।

(घ) रसायनिक साम्य (4 पीरियड)

निम्नलिखित में से एक प्रयोग

(क) फेरिक आयनों और थायोसायनेट आयनों के बीच साम्य में किसी भी आयन की सांद्रता बढ़ाने/घटाने से साम्य के विस्थापन का अध्ययन।

(ख) $[Co(H_2O)_6]^{2+}$ और क्लोराइड आयनों के बीच साम्य में दोनों आयनों में से किसी भी आयन की सांद्रता परिवर्तित करने से साम्य के विस्थापन का अध्ययन।

(च) मात्रात्मक आकलन (16 पीरियड)

- रसायनिक तुला का प्रयोग करना।
- ऑक्सैलिक अम्ल का मानक विलयन बनाना।
- ऑक्सैलिक अम्ल के मानक विलयन से अनुमापन द्वारा दिए गए सोडियम हाइड्रॉक्साइड विलयन की सांद्रता ज्ञात करना।
- सोडियम कार्बोनेट का मानक विलयन बनाना।
- सोडियम कार्बोनेट के मानक विलयन से अनुमापन द्वारा दिए गए हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के विलयन की सांद्रता

ज्ञात करना।

(छ) गुणात्मक विश्लेषण **(16 पीरियड)**

दिए गए लवण में एक ऋणायन और एक धनायन ज्ञात करना।

धनायन Pb^{2+}, Cu^{2+}, As^{3+}, Al^{3+}, Fe^{3+}, Mn^{2+}, Zn^{2+}, Co^{2+}, Ca^{2+}, Sr^{2+}, Ba^{2+}, Mg^{2+}, NH_4^+

ऋणायन CO_3^{2-}, S^{2-}, SO_3^{2-}, SO_4^{2}, NO_3^-, Cl, Br, I, PO_4^{3-}, $C_2O_4^{2-}$, CH_3COO^-

(नोट अविलेय लवण अपवर्जित)

(ज) किसी कार्बनिक यौगिकों में अतिरिक्त तत्वों नाइट्रोजन, सल्फर, क्लोरीन, ब्रोमीन और आयोडीन की पहचान करना **(10 पीरियड)**

परियोजना **(10 पीरियड)**

वैज्ञानिक अन्वेषण जिसमें प्रयोगशाला परीक्षण और अन्य स्रोतों से सूचना एकत्रित करनी हो।

प्रस्तावित परियोजनाएं

- सल्फाइड आयन का परीक्षण करके पेय जल में बैक्टीरिया के संदूषण की जांच करना।
- जल शोधन की विधियों का अध्ययन
- स्थानीय परिवर्तन की स्थितियों में पेय जल में कठोरता, आयरन, फ्लुओराइड और क्लोराइड इत्यादि की उपस्थिति की जांच करना और इन आयनों की अनुमेय सीमा (permissible limit) से अधिक मात्रा में उपस्थित (यदि हो तो) के कारण का अध्ययन।
- कपड़ा धोने के विभिन्न साबुनों की फेन-कारी क्षमता और उस पर सोडियम कार्बोनेट मिलाने के प्रभाव की जांच।
- चाय की पत्तियों के विभिन्न नमूनों में अम्लीयता का अध्ययन।
- विभिन्न द्रवों की वाष्पन दर का निर्धारण।
- तंतुओं की तनन क्षमता पर अम्लों और क्षारकों के प्रभाव का अध्ययन।
- फलों और सब्जियों के रसों की उनकी अम्लीयता का अध्ययन।

नोट अन्य कोई भी परियोजना जिसमें लगभग 10 पीरियड का कार्य सम्मिलित हो, शिक्षक की अनुमति से चयनित की जा सकती है।

प्रस्तावित पाठ्यपुस्तकें

1. रसायन, भाग - I एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित, 2006
2. रसायन, भाग - II एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित, 2006

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

कक्षा XII सैद्धांतिक

एक प्रश्न-पत्र	समय : 3 घण्टे	अधिकत अंक : 70
एकक		
एकक I	ठोस अवस्था	4
एकक II	विलयन	5
एकक III	वैद्युत् रसायन	5
एकक IV	रासायनिक बलगतिकी	5
एकक V	पृष्ठ रसायन	4
एकक VI	तत्वों के निष्कर्षण के सिद्धांत एवं प्रक्रम	3
एकक VII	*p*-ब्लाक के तत्व	8
एकक VIII	*d*-और *f*-ब्लाक के तत्व	5
एकक IX	उपसहसंयोजन यौगिक	3
एकक X	हैलोएल्केन तथा हैलोऐरीन	4
एकक XI	एल्कोहॉल, फ़ीनॉल एवं ईथर	4
एकक XII	एल्डीहाइड, कीटोन एवं कार्बोक्सिलिक अम्ल	6
एकक XIII	नाइट्रोजन युक्त कार्बनिक यौगिक	4
एकक XIV	जैव-अणु	4
एकक XV	बहुलक	3
एकक XVI	दैनिक जीवन में रसायन	3
	कुल योग	**70**

एकक-I : ठोस अवस्था (12 पीरियड)

विभिन्न बंधन बलों के आधार पर ठोसों का वर्गीकरण-आण्विक, आयनिक, सहसंयोजक और धात्विक, ठोस, अक्रिस्टलीय और क्रिस्टलीय ठोस (प्रारंभिक परिचय), क्रिस्टल जालकों एवं एकक कोष्ठिकाएं, एकक कोष्ठिका के घनत्व का परिकलन ठोसों में संकुलन, रिक्तियां, घनीय एकक कोष्ठिका में प्रति एकक कोष्ठिका परमाणुओं की संख्या, बिन्दु दोष, विद्युतीय एवं चुंबकीय गुण।

एकक-II : विलयन (12 पीरियड)

विलयनों के प्रकार, ठोसों के द्रवों में बने विलयन की सांद्रता को व्यक्त करना, गैसों की द्रवों में विलेयता, ठोस विलयन, अणुसंख्य गुणधर्म-वाष्पदाब का आपेक्षिक अवनमन, क्वथनांक का उन्नयन, हिमांक का अवनमन, परासरण दाब, अणुसंख्य गुणधर्मो द्वारा आण्विक द्रव्यमान ज्ञात करना, असामान्य अण्विक द्रव्यमान।

एकक-III : वैद्युत् रसायन

रेडॉक्स अभिक्रियाएं, वैद्युत् अपघटनी विलयनों का चालकत्व, विशिष्ट एवं मोलर चालकत्व, सांद्रता के साथ चालकत्व में परिवर्तन, कोलराऊश नियम, वैद्युत अपघटन और वैद्युत् अपघटन के नियम (प्रारंभिक परिचय), शुष्क सेल-वैद्युत अपघटनी सेल और गैल्वैनी सेल, लेड संचायक, सेल की emf, मानक इलेक्ट्रोड विभव, नेर्न्स्ट समीकरण और रासायनिक सेलों में इसका अनुप्रयोग, ईंधन सेल, संक्षारण।

एकक-IV : रसायनिक बलगतिकी (12 पीरियड)

अभिक्रिया का वेग (औसत और तात्क्षणिक), अभिक्रिया वेग को प्रभावित करने वाले कारक-सांद्रता, ताप, उत्प्रेरक; अभिक्रिया की कोटि और आण्विकता; वेग नियम और विशिष्ट दर स्थिरांक, समाकलित वेग समीकरण और अर्धायु (केवल जीरो और प्रथम कोटि की अभिक्रियाओं के लिए) रासायनिक अभिक्रियाओं की दर का संघट्ट सिद्धांत की अवधारणा (प्रारंभिक परिचय, गणितीय विवेचना नहीं)

एकक-V : पृष्ठ रसायन (8 पीरियड)

अधिशोषण-भौतिक अधिशोषण और रसोवशोषण, ठोसों पर गैसों के अधिशोषण को प्रभावित करने वाले कारक; उत्प्रेरण-समांगी एवं विषमांगी, सक्रियता और चयनात्मकता-एन्जाइम उत्प्रेरण, कोलॉइडी; वास्तविक विलयन, कोलॉइड और निलंब में विभेद; द्रवरागी, द्रवविरागी, बहुआण्विक और बृहत आण्विक कोलॉइड; कोलॉइडों के गुणधर्म; टिंडल प्रभाव, ब्रउनी गति, वैद्युत् कण संचलन, स्कंदन, पायस-पायसों के प्रकार

एकक-VI : तत्वों के निष्कर्षण के सिद्धांत एवं प्रक्रम (पीरियड)

निष्कर्षण के सिद्धांत एवं विधियां-सांद्रण, ऑक्सीकरण, अपचयन, वैद्युतूअपघटनी विधि और शोधन, एलुमिनियम, कॉपर, जिंक और आयरन की उपलब्धता एवं निष्कर्षण के सिद्धांत।

एकक-VII : *P*-ब्लाक के तत्व (14 पीरियड)

वर्ग-15 के तत्व सामान्य परिचय, इलेक्ट्रॉनिक विन्यास, उपलब्धता, ऑक्सीकरण अवस्थाएं भौतिक और रासायनिक गुणों में प्रवृत्तियां, नाइट्रोजन-विरचन, गुणधर्म और उपयोग; नाइट्रोजन के यौगिक-अमोनिया और नाइट्रिक अम्ल का विरचन और गुणधर्म, नाइट्रोजन के ऑक्साइड (केवल संरचना); फ़ास्फ़ोरस-अपररूप; फ़ास्फ़ोरस के यौगिक-फ़ास्फीन, हैलाइडों ($PC\ell_3, PC\ell_5$) और ऑक्सीअम्लों का विरचन और गुणधर्म (केवल प्रारंभिक परिचय)

वर्ग-16 के तत्व-सामान्य परिचय, इलेक्ट्रॉनिक विन्यास, आक्सीकरण अवस्थाएं, उपलब्धता, भौतिक और रासायनिक गुणों में प्रवृत्तियां; डाइऑक्सीजन-विरचन, गुणधर्म और उपयोग; सामान्य ऑक्साइड; ओजोन। सल्फर-अपररूप; सल्फर के यौगिक-सल्फर डाइऑक्साइड का विरचन, गुणधर्म और उपयोग; सल्फ्यूरिक अम्ल-औद्योगिक उत्पादन का प्रक्रम, गुणधर्म और उपयोग, सल्फर के ऑक्सोअम्ल (केवल संरचनाएं)

वर्ग-17 के तत्व सामान्य परिचय, इलेक्ट्रॉनिक विन्यास, ऑक्सीकरण अवस्थाएं, उपलब्धता, भौतिक और रासायनिक गुणों में प्रवृत्तियां; हैलोजनों के यौगिक क्लोरीन और हाइड्रोक्लोरिक अम्ल का विरचन, गुणधर्म और उपयोग, अंतराहैलोजन यौगिक, हैलोजनों के ऑक्सोअम्ल (केवल संरचनाएं)

वर्ग-18 के तत्व सामान्य परिचय, इलेक्ट्रॉनिक विन्यास, उपलब्धता, भौतिक और रसायनिक गुणधर्मों में प्रवृत्तियाँ, उपयोग।

एकक-VIII : *d*-और *f* ब्लाक के तत्व (14 पीरियड)

सामान्य परिचय, इलेक्ट्रॉनिक विन्यास, संक्रमण धातुओं के अभिलक्षण और उपलब्धता, संक्रमण धातुओं की प्रथम श्रेणी के गुणधर्मों में सामान्य प्रवृत्तियाँ धात्विक अभिलक्षण, आयनन एन्थैल्पी, ऑक्सीकरण अवस्थाएं, आयनी त्रिज्या, वर्ण, उत्प्रेरकीय गुण, चुंबकीय गुणधर्म, अंतराकाशी यौगिक, मिश्रातु बनाना; $K_2Cr_2O_7$ और $KMnO_4$ का विरचन और गुणधर्म।

लैन्थेनॉयड इलक्ट्रॉनिक विन्यास, ऑक्सीकरण अवस्थाएं, रासायनिक अभिक्रियाशीलता और लैन्थेनॉयड आकुंचन।

ऐक्टिनॉयड इलेक्ट्रॉनिक विन्यास, ऑक्सीकरण अवस्थाएं।

एक्क-IX : उपसहसंयोजन यौगिक (12 पीरियड)

उपसहसंयोजन यौगिक परिचय, लिगन्ड, उपसहसंयोजन संख्या, वर्ण, चुंबकीय गुणधर्म और आकृतियां, एककेंद्रकीय उपसहसंयोजन यौगिकों का IUPAC नामपद्धति से नामकरण। आबंधन; समावयवता, गुणात्मक विश्लेषण, धातुओं के निष्कर्षण और जैविक निकायों में उपसहसंयोजन यौगिकों का महत्व।

एकक-X : हैलोऐल्केन और हैलोएरीन (12 पीरियड)

हैलोऐल्के नामपद्धति C-X आबंध की प्रकृति, भौतिक और रासायनिक गुणधर्म, प्रतिस्थापन अभिक्रियाओं की क्रियाविधि।

हैलोऐरीन C-X आबंध की प्रकृति, प्रतिस्थापन अभिक्रियाएं, (केवल मोनो-प्रतिस्थापित यौगिकों में हैलोजन का दैशिक प्रभाव)

डाइक्लोरोमेथेन, ट्राइक्लोरोमेथेन, टेट्राक्लोरोमेथेन आयडोफॉर्म, फ्रेऑन और डी.डी.टी. के उपयोग और पर्यावरण पर प्रभाव।

एकक-XI : ऐल्कोहॉल, फ़ीनॉल और ईथर (12 पीरियड)

ऐल्कोहॉल नामपद्धति, विरचन की विधियां, भौतिक और रासायनिक गुणधर्म (केवल प्राथमिक ऐल्कोहॉलों के लिए); प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक एल्कोहॉलों की पहचान करना, निर्जलन की क्रियाविधि, उपयोग; कुछ महत्त्वपूर्ण यौगिक मेथेनॉल, ऐथेनॉल।

फ़ीनॉल नामपद्धति, विरचन की विधियां, भौतिक और रासायनिक गुणधर्म, फीनॉल की अम्लीय प्रकृति, इलेक्ट्रॉनरागी प्रतिस्थापन अभिक्रियाएं, फ़ीनॉलों के उपयोग।

ईथर नामपद्धति, विरचन की विधियां, भौतिक और रासायनिक गुणधर्म, उपयोग।

एकक-XII : ऐल्डिहाइड, कीटोन और कार्बोक्सिलिक अम्ल (12 पीरियड)

ऐल्डिहाइड और कीटोन नामपद्धति, कार्बोनिल समूह की प्रकृति, विरचन की विधियां, भौतिक और रासायनिक गुणधर्म और नाभिकरागी योगज की क्रियाविधि, ऐल्डीहाइडों के ऐल्फा हाइड्रोजन की क्रियाशीलता; उपयोग।

कार्बोक्सिलिक अम्ल नामपद्धति, अम्लीय प्रकृति, विरचन की विधियां, भौतिक और रासायनिक गुणधर्म; उपयोग।

एकक-XIII : नाइट्रोजन युक्त कार्बनिक यौगिक (10 पीरियड)

ऐमीन नामपद्धति, वर्गीकरण, संरचना, विरचन की विधियाँ, भौतिक और रासायनिक गुणधर्म, उपयोग, प्राथमिक ऐमीनों की संरचना, प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक ऐमीनों की पहचान करना।

सायनाइड और आइसोसायनाइड उचित स्थानों पर संदर्भ में दिए जाएंगे।

डाइऐज़ोनियम लवण विरचन, रासायनिक अभिक्रियाएं और संश्लेषण कार्बनिक रसायन में महत्त्व।

एकक-XIV : जैव अणु (12 पीरियड)

कार्बोहाइड्रेड वर्गीकरण (ऐल्डोस और कीटोस) मोनोसैकेराइड (ग्लूकोस और फ्रक्टोज) ओलिगोसेकैराइड (सूक्रोस, लैक्टोस, माल्टोस) पॉलिसैकैराइड (स्टार्च, सेलुलोस, ग्लाइकोजन); महत्व।

प्रोटीन α ऐमीनों अम्लों का प्रारंभिक परिचय; पेप्टाइड आबंध, पॉलिपेप्टाइड, प्रोटीन प्रोटीन की प्राथमिक संरचना, द्वितीयक संरचना, तृतीयक संरचना और चतुष्क संरचना (केवल गुणात्मक परिचय), प्रोटीनों का विकृतीकरण; एन्जाइम।

विटामिन वर्गीकरण और प्रकार्य

न्यूक्लीक अम्ल DNA और RNA

एकक-XV : बहुलक (8 पीरियड)

वर्गीकरण प्राकृतिक और संश्लेषित, बहुलकन की विधियां (योगज और संघनन), सहबहुलकन, कुछ महत्त्वपूर्ण

बहुलक प्राकृतिक और संश्लेषित, जैसे पॉलीथीन, नाइलॉन, पॉलिएस्टर, बैकालाइट, रबर।

एकक-XVI–दैनिक जीवन में रसायन (8 पीरियड)

औषधों में रसायन पीड़ाहारी, प्रशांतक, पूतिरोधी, विसंक्रामी, प्रतिसूक्ष्मजैविक, प्रतिजननक्षमता औषध, प्रतिजैविक, प्रति-अम्ल और प्रतिहिस्टैमिन।

खाद्य पदार्थों में रसायन परिरक्षक, संश्लेषित मधुरक

अपमार्जक साबुन, संश्लिष्ट अपमार्जक, निर्मलन क्रिया।

प्रायोगक

परीक्षा की मूल्यांकन योजना	पूर्णांक
आयतनमितीय विश्लेषण	10
लवण विश्लेषण	6
विषय-वस्तु आधारित प्रयोग	4
कक्षा रिकार्ड तथा मौखिक परीक्षा	5
परियोजना (प्राजेक्ट)	5
	कुल योग 30

प्रायोगिक पाठ्यक्रम

(क) पृष्ठ रसायन **(6 पीरियड)**

अ. एक द्रवरागी और एक द्रवविरागी सॉल बनाना

द्रवरागी सॉल स्टार्च, अंड एल्ब्यूनिस और गोंद

द्रवविरागी सॉल एलुमिनियम हाइड्राक्साइड, फेरिक हाइड्राक्साइड, आर्सेनियस सल्फाइड

ब. पायसीकरण कर्मकों की विभिन्न तेलों के पायसों के स्थाईकरण में भूमिका का अध्ययन।

(ख) रासायनिक बलगतिकी **(4 पीरियड)**

अ. सोडियम थायोसल्फेट और हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के बीच अभिक्रिया पर सांद्रता और ताप का प्रभाव

ब. निम्नलिखित में से किसी एक की अभिक्रिया दर का अध्ययन

(i) आयोडाइड आयनों की विभिन्न सांद्रताओं का प्रयोग करते हुए आयोडाइड आयनों की हाइड्रोजन परॉक्साइड के साथ कक्ष ताप पर अभिक्रिया।

(ii) स्टार्च विलयन का सूचक के रूप में प्रयोग करके पोटेशियम आयोडेट, KIO_3 और सोडियम सल्फाइड (Na_2SO_3) के बीच अभिक्रिया (क्लॉक अभिक्रिया)

(ग) ऊष्मारसायन **(4 पीरियड)**

निम्नलिखित प्रयोगों में से कोई एक

(i) कॉपर सल्फेट अथवा पोटैशियम नाइट्रेट की विलयन एन्थैल्पी।

(ii) प्रबल अम्ल (HCI) और प्रबल क्षारक (NaOH) की उदासीनीकरण एन्थैल्पी।

(iii) ऐसीटोन और क्लोरोफॉर्म के बीच अन्योन्यक्रिया (हाइड्रोजन आबंध बनना) में एन्थैल्पी परिवर्तन ज्ञात करना।

(घ) वैद्युतरसायन **(2 पीरियड)**

$Zn / OZ_n^{2+} // C_u^{2+} / Cu$ में कक्ष ताप पर वैद्युत् अपघट्यों ($CuSO_4$ अथवा $ZnSO_4$) की सांद्रता परिवर्तन के साथ सेल-विभव में परिवर्तन का अध्ययन।

(च) वर्णलेखन (क्रोमैटोग्रेफी) **(2 पीरियड)**

1. पत्तियों और फूलों के सत्व से पेपर-क्रोमैटोग्रैफी द्वारा वर्णकों का पृथक्कन और R_f मान ज्ञात करना।
2. अकार्बनिक मिश्रण के केवल दो धनायनयुक्त संघटकों का पृथक्कन।

   (R_f मानों में पर्याप्त अनतर वाले संघटक दिए जाएं)

(छ) अकार्बनिक यौगिकों का विरचन **(4 पीरियड)**

1. द्विलवण बनना-फेरस अमोनियम सल्फेट अथवा पोटाश ऐलम
2. पोटैशियम फेरिक ऑक्सैलेट बनाना

(ज) कार्बनिक यौगिकों का विरचन **(4 पीरियड)**

निम्नलिखित में से किन्हीं दो यौगिकों का विरचन

1. ऐसीटेनिलाइड
2. डाइ-बेन्ज़ल ऐसीटोन
3. *p*-नाइट्रोऐसीटेनिलाइड
4. ऐनिलीन येलो या 2-नेफ्थॉल ऐनिलीन रंजक
5. आयोडोफॉर्म

(झ) कार्बनिक यौगिक में उपस्थित प्रकार्यात्मक समूह का परीक्षण **(6 पीरियड)**

असंतृप्ति ऐल्कोहॉली, फ़ीनोलिक, ऐडिलहाइडी, कीटोनिक, काबोक्सिलिक और ऐमीनो (प्राथमिक) समूह

(ट) शुद्ध नमूनों में कार्बोहाइड्रेट, वसा और प्रोटीन का अभिलाक्षिणिक परीक्षण और दिए गए खाद्य पदार्थ में इनकी उपस्थिति की जांच करना। **(4 पीरियड)**

(ठ) निम्नलिखित के मानक विलयनों द्वारा अनुमापन में $KMnO_4$ के विलयन की सांद्रता/मोलरता ज्ञात करना। **(8 पीरियड)**

1. ऑक्सैलिक अम्ल
2. फेरस अमोनियम सल्फेट

   (विद्यार्थी स्वयं तोल कर मानक विलयन बनाएंगे)

(ड) गुणात्मक विश्लेषण **(14 पीरियड)**

दिए गए लवण में एक धनायन और एक ऋणायन को ज्ञात करना

धनायन $Pb^{2+}, Cu^{2+}, As^{3+}, Al^{2+}, Fe^{3+}, Mn^{2+}, Zn^{2+}, Co^{2+}, Ni^{2+}Ca^{2+}, Sr^{2+}, Ba^{2+}, Mg^{2+}, NH_4^+$

ऋणायन $CO_3^{2-}, S^{2-}, SO_3^{2-}, SO_4^{2-}, NO_2^-, NO_3^-, Cl^-, Br^-, I^-, PO_4^3, C_2O_4^2, CH_3COO$

(नोट-अविलय लवण अपवर्णित)

परियोजना

वैज्ञानिक अन्वेषण जिसमें प्रयोगशाला परीक्षण और अन्य स्रोत से सूचना एकत्रित करनी सम्मिलित हो।

प्रस्तावित परियोजनाएं :

- पकने की विभिन्न अवस्थाओं में अमरूद के फल में ऑक्सैलेट आयनों की उपस्थिति का अध्ययन।
- दूध के विभिन्न नमूनों में केसीन की मात्रा का अध्ययन।
- सोयाबीन दूध बनाना और दही बनने एवं ताप के प्रभाव इत्यादि की दृष्टि से, इसकी तुलना प्राकृतिक दूध से करना।
- विभिन्न परिस्थितियों (जैसे ताप, सांद्रता, समय इत्यादि) में खाद्य परिरक्षक के रूप में पोटैशियम बाइसल्फाइट के प्रभाव का अध्ययन।
- लार के ऐमिलेज द्वारा स्टार्च के पाचन का अध्ययन और इस पर pH एवं ताप का प्रभाव।
- निम्नलिखित पदार्थों के किणवन की दर का तुलनात्मक अध्ययन

  गेहूँ का आटा, चने का आटा (बेसन), आलू का रस, गाजर का रस इत्यादि।
- सौंफ, अजवायन, और इलायची में उपस्थित वाष्पीशील तेलों (सगंध तेल) का निष्कर्षण।
- वसा, तेल, मक्खन, शर्करा, हल्दीचूर्ण, मिर्च चूर्ण और काली मिर्च में सामान्य खाद्य अपमिश्रकों का अध्ययन।

नोट अन्य कोई भी परियोजना जिसमें लगभग 10 पीरियड का कार्य सम्मिलित हो, शिक्षक/शिक्षिका की अनुमति से चयनित करी जा सकती है।

प्रस्तावित पाठ्यपुस्तकें

1. रसायन, भाग - I एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित, 2007
2. रसायन, भाग - II एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित, 2007

9. जीवविज्ञान (कोड संख्या 044)

प्रस्तुत पाठयक्रम

निम्नतर कक्षाओं में आरंभ की गई विचार धाराओं को और अधिक बल प्रदान करता है। विषय के समसामयिक क्षेत्रों में परिचित होने के साथ-साथ, विद्यार्थी नई-नई संकल्पनाओं को भी सीखते हैं। प्रस्तुत पाठ्यक्रम का यह भी उद्देश्य रहा है कि उसमें जंतुओं और पौधों दोनों में ही सामान्य रूप से निहित सिद्धांतों को महत्व दिया जाए और साथ ही ज्ञान-विज्ञान के अन्य विषयों के साथ जीवविज्ञान के संबंधों को भी उजागर किया जाए। पाठ्यक्रम को इस प्रकार तैयार किया गया है ताकि किसी प्रकार के दुःसाह्य परिवर्तनों का समावेश किए वग़ैर, उसमें संकल्पनाओं का सरल, स्पष्ट, तर्कसंगत प्रवाह बना रहे। पाठ्यक्रम में इस बात पर भी बल दिया गया है कि जीव विज्ञान के अध्ययन के साथ जीवन की वास्तविक समस्याओं के और दिन-प्रतिदिन के जीवन में उसका संबंध, पर्यावरण, प्रकृति, चिकित्सा, स्वास्थ्य और कृषि के क्षेत्रों में हो रहीं जीववैज्ञानिक संबंधी अभिनव शोधों के साथ बना रहे। संशोधित पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों पर पड़ने वाले बोझ को कम करने पर बल दिया गया है। ऐसा करते समय इस बात की पूरी-पूरी गुंज़ाइश रखी गई है कि विद्यार्थी को विषय को जानने-सीखने के तथा उसमें निहित आधारभूत संकल्पनाओं के महत्व को समझने के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध ा हो सकें।

आशा की जाती है कि प्रस्तुत पाठ्यक्रम में

- जीवविज्ञान के मूलभूत सिद्धांतों को समझने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।
- विद्यार्थी उभरते हुए ज्ञान-विज्ञान को तथा अलग-अलग व्यक्तियों के लिए एक समाज के लिए उसकी प्रासंगिकता समझ सकें।
- जनसंख्या, पर्यावरण और विकास से संबंधित विषयों के प्रति विवेकपूर्ण/तर्काधार मनोवृति को प्रोत्साहन मिलेगा।
- पर्यावरणपरक विषयों, समस्याओं और उनके समुचित समाधानों के प्रति जागरूकता को और अधिक प्रेरित करना।
- विद्यार्थी सजीव जगत् की विविधताओं और विपणनों को समझने के लिए जागरूक हो सकेगा, तथा यह जान सकेगा कि जीववैज्ञानिक जटिलताएं भी मूलतः साल प्रक्रियाओं पर ही आधारित होती हैं।

आशा की जाती है कि विद्यार्थी पाठ्यक्रम में शामिल विभिन्न शाखाओं को अधिक प्रासंगिक तौर पर एवं अनुकूल ढंग से समझ सकेंगे।

पाठ्यक्रम-संरचना
कक्षा XI (सैद्धांतिक)

प्रश्न-पत्र	समय : 3 घण्टे	अधिकत अंक : 70
1. सजीव जगत की विविधता		07
2. जंतुओं और पौधों की संरचनात्मक संघटना		12
3. कोशिका : संरचना एवं कार्य		15
4. पादप कार्यिकी		18
5. मानव कार्यिकी		18
	कुल	70

I. सजीव जगत् की विविधाता (25 पीरियड)

जीवधारियों में विविधता

जीवधारियों का वर्गीकरण (पांच जगत् वर्गीकरण, प्रमुख समूह, और प्रत्येक जगत् के वर्गीकरण के सिद्धांत)।

वर्गीकरण विज्ञान और नामपद्धति का द्विनाम-तंत्र-जंतुओं के प्रमुख लक्षण अकशेरूकियों के जगत् स्तर तक और कशेरूकियों के वर्ग स्तर तक, और पौधों के प्रमुख लक्षण। (प्रमुख समूह; ऐंजियोस्पर्मों के वर्गों तक) का वर्गीकरण, वायरस, वायरॉयड एवं लाकेन

पादप उद्यान, हर्वेनियम, प्राणि-पार्क और म्यूजियम

II. जंतुओं और पौधों की संरचनात्मक संघटना (30 पीरियड)

जंतुओं और पौधों के ऊतक।

पुष्पी पादपों के विभिन्न भागों (जड़, तना, पत्ती, पुष्पत्रक, पुष्प, फल और बीज़) की आकारिकी, शरीर रचना (शरीर) और कार्य।

एक ऐनेलिड (केंचुआ), एक कीट (तिलचट्टा) और एक ऐम्फिवियक (मेढ़क) की आकारिकी, शरीर रचना और कार्य।

III. कोशिका : संरचना एवं कार्य (40 पीरियड)

कोशिका : कोशिका-सिद्धांत, प्राक्केन्द्रकी और सुकेन्द्रकी कोशिकाएं; कोशिका-भित्ति, कोशिका-झिल्ली और कोशिका-अंगक (प्लास्टिक, माइटोकोन्ड्रिया, एंडोप्लाज्मी जालक, गॉलमी पिंड/डिक्टियोसोम, राइबोसोम, धनियां, तारक-केन्द्र) एवं केन्द्रकीय संघटना।

समसूत्री विभाजन, अर्धसूत्री विभाजन, कोशिका-चक्र

जीवधारियों के शरीर के मूलभूत रसायनिक संघटक

कार्बोहाइड्रेटों, प्रोटीनों, लिपिडों और न्यूक्लीइक अम्लों की संरचना एवं कार्य

एंज़ाइम; प्रकार, गुणधर्म और कार्य

IV. पादप कार्यिकी **(40 पीरियड)**

जल, भोजन, पोषण पदार्थों और गैसों का संचलन; पौधे और जल-खनिज पोषण, श्वसन, प्रकाश संश्लेषण, पादप वृद्धि और परिवर्धन।

V मानव कार्यिकी **(45 पीरियड)**

पाचन और अवशोषण

सांस लेना तथा श्वसन

देहतरल और परिसंचरण

उत्सर्जीत उत्पाद और निष्कासन

संचलन और गति

तंत्रिकीय नियंत्रण और समन्वयन

(प्रायोगिक)

समय : 3 घण्टे	**पूर्णांक : 30**	**60 पीरियड**
1. प्रयोग एवं स्पोटिंग		20 अंक
2. एक अन्वेषणात्मक प्रोजेक्ट को तैयार करना और उसी प्रोजेक्ट पर आधारित मौखिक परीक्षा		5 अंक
3. क्लास-रिकार्ड और विभिन्न प्रयोगों पर आधारित मौखिक प्रश्न		5 अंक
	कुल योग	**30 अंक**

A. प्रयोगों की सूची

1. तीन सामान्य पुष्पी पौधों (सोलैनैसी, फेबैसी और लिलिऐसी) का अध्ययन एवं वर्णन। जड़ों के प्रकार (मूसला अथवा अवस्थानिक), तना (शाखीय), पत्ती (व्यवस्था/चौड़ी आकृति/शिराविन्यास/सरल अथवा संयुक्त)।
2. द्विवीज पत्री और एक बीजपत्री जड़ों और तनों की अनुप्रस्थ काट तैयार करना और उनका अध्ययन करना।
3. आलू के परासरणमापी द्वारा परासरण (Onioin) प्रक्रिया का अध्ययन करना।
4. एपिडर्मिसी छिलकों उदाहरण : रिथो पत्तियों में प्लानोसिस (plamolysis) प्रक्रिया का अध्ययन करना।
5. पत्तियों की ऊपरी और निचली सतहों पर रंध्रों के वितरण का अध्ययन करना।
6. पत्तियों की ऊपरी और निचली सतहों पर वाष्पोत्सर्जन की दर का अध्ययन करना।
7. शर्करा, स्टार्च, प्रोटीनों और वसाओं की उपस्थिति के लिए परीक्षण करना। उपयुक्त पादप और जंतु पदार्थों में इनकी मौजूदगी ज्ञात करना।

8. पेपर क्रोमैटोग्राफी द्वारा पादप वर्णकों को प्रथक करना।

9. पुष्प-मुकुलों और अंकुरणशील बीजों में श्वसन की दर का अध्ययन करना।

10. स्टार्च पर लार-एमाइलेज के प्रभाव का अध्ययन करना।

11. मूत्र में यूरिया, ऐल्कुमिन, और पित्त लवणों की उपस्थिति ज्ञात करना।

B. निम्नलिखित (स्पॉटिंग) का अध्ययन/प्रेक्षण

1. संयुक्त सूक्ष्मदर्शी के भागों का अध्ययन करना।

2. प्रतिरूपों का अध्ययन और कारण बताते हुए उनकी पहचान करना। जीवाणु, ऑसीलैटोरिया, स्पाइरोजाइस, राइजोपस, मशरुम, यीस्ट, लिवरवर्ट, मॉस, फर्न, पाइन, एक एकबीजपत्री पौधा, और एक द्विवीजपत्री पौधा, तथा एक लाइकेन।

3. प्रतिरूपों का अध्ययन और कारण बताते हुए उनकी पहचान करना : अमीबा, हाइड्रा, लिवरफ्लूक, ऐस्कैरिक, जोंक, केंचुआ, झींगा, रेशमकीट, मधुमक्खी, घोंघा, स्टारफिश, शार्क, रोहू, मेंढ़क, छिपकली, कबूतर, खरगोश।

4. ऊतकों का तथा पादप एवं जंतु कोशिकाओं की आकृतियों में पाई जाने वाली विविधता का अध्ययन करना। उदाहरण के लिए, पैलिसेड कोशिकाएं, द्वार कोशिकाएं, पैरेन्काइम, कोलेन्काइमा, स्वेलेरेन्काइमा, जाइलन, फ्लोस्म, शल्की एपिथीलियम, पेशी-रेशे, और स्तनधारी के रूधिर की फिल्म की प्लाइड। इस अध्ययन के लिए अस्थायी/स्थायी प्लाइडों का प्रयोग किया जा सकता है।

5. स्थायी स्लाइडों की सहायता से प्याज की झिल्ली की कोशिकाओं और जंतु टिड्डे की कोशिकाओं में समसूत्री विभाजन का अध्ययन।

6. जड़, तने और पत्तियों के विभिन्न रूपांतरणों का अध्ययन।

7. विभिन्न प्रकार के पुष्पफलों को पहचानना तथा उनका अध्ययन करना।

8. बीजों/किशमिश में अंतःशोषण प्रक्रिया का अध्ययन करना।

9. निम्नलिखित सेट अप का प्रेक्षण और उनपर टिप्पणी लिखना।

   (a) अवायवीय श्वसन

   (b) प्रकाश-संश्लेषण

   (c) शीर्षस्थ कलिका निकालना

   (d) वाष्पोत्सर्जन के कारण होना, वाल भूषण

10. मानव कंकाल का तथा विभिन्न प्रकार की संधियों का अध्ययन करना।

11. मॉडलों/परिक्षित प्रतिरूपों की सहायता से केंचुए, तिलचट्टे और मेंढ़क की बाह्य आकारिकों का अध्ययन करना।

प्रस्तावित पाठ्यपुस्तकें

जीवविज्ञान, एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित

पाठ्यक्रम-संरचना
कक्षा-XII

एक प्रश्न पत्र	समय : 3 घण्टे	पीरियड : 70
1. जनन		14 अंक
2. आनुवंशिकी और विकास		18 अंक
3. प्राणिविज्ञान और मानक कल्याण		14 अंक
4. जैवप्रौद्योगिकी और उसके अनुप्रयोग		10 अंक
5. पारिस्थितिकी और पर्यावरण		14 अंक
	कुल योग	**70 अंक**

एकक I : जनन

जीवों में जनन : अलैंगिक और लैंगिक जनन।

पुष्पी पौधों में लैंगिक जनन : पुष्प की संरचना, परागण, विषेचन, बीजों और फलों का परिवर्धन, असंगजनता (apomatis) और बहुभ्रूणता।

मानव जनन : स्त्री और पुरुष में जनन-तंत्र, रजोचक्र, युग्मकों का बनना, निषेचन, अंतर्रोपण, भ्रूण का परिवध र्नि, गर्भावस्था, प्रसव और दुग्धस्रवण।

जनन स्वास्थ्य : जनसंख्या और संतति-नियंत्रण; गर्भ-निरोध और MTP यौन-संक्रमित रोग, जनन-अक्षमता।

एकक II : आनुवंशिकी और विकास

मेन्डेलीय वंशागति

वंशागति का गुणसूत्री सिद्धांत, मेन्डेलीय अनुपात से विचलन (जीन पारस्परिक क्रिया-अपूर्ण प्रभावित, सह-प्रभाविता, गुणनात्मक विकल्पी)

मानवों में लिंग-निर्धारण : XX, XY

सहलग्नता और जीन-विनिमय

वंशागति-प्रतिरूप : मानवों में मेन्डेलीय व्यतिक्रम और गुणसूत्री व्यतिक्रम

DNA और RNA, आनुवंशिक पदार्थ के लिए खोज, प्रतिकृतियन, अनुलेखन, आनुवंशिकों कोड, अनुरूपण

जीन-अभिव्यक्ति और नियमन

जीनोम और मानव जीनोम प्रोजेक्ट

DNA फिंगरप्रिंटिंग

विकास : जीवोत्पत्ति, सिद्धांत एवं प्रमाण

अनुकूली विकिरण, विकास-प्रणाली

मानव का उत्सव और विकास

एकक III : प्राणिविज्ञान एवं मानव-कल्याण

प्रतिरक्षा विज्ञान की मूलभूत संकल्पनाएं, टीके

रोगजनक, परजीवी

कैंसर और AIDS

यौवनावस्था और नशीले पदार्थों/मदिरा का अतिप्रयोग

पशुपालन

पादप-प्रजनन, ऊतक-संवर्धन, एकल कोशिका-प्रोटीन, खाद्य-उत्पादन

घरेलू खाद्य संसाधनों में सूक्ष्मजीव, आद्यौगिक उत्पाद, मलजल-उपचार, ऊर्जा-उत्पादन, जैवनियंत्रण-कारक और जैवउर्वरक

एकक IV : जैवप्रोद्यौगिकी और उसके अनुप्रयोग

सिद्धांत एवं प्रक्रियाएं; पुनर्योगज DNA तकनीक; स्वास्थय और कृषि-क्षेत्रों में अनुप्रयोग; आनुवंशिकीय रूपांतरित (GM) जीव; जैवसुरक्षा समस्याएं।

एकक V : पारिस्थितिकी और पर्यावरण

पारितंत्र : संघटक, प्रकार, ऊर्जा-प्रवाह, पोषण-चक्र और पारितंत्र सेवाएं; जीव और समस्टि : जीव और उनके पर्यावरण, समस्टि और पारिस्थितिक अनुकूलन। विविधता के केन्द्र और जैवविविधता का संरक्षण, आरक्षित क्षेत्र, राष्ट्रीय पार्क और अभ्यारण, पर्यावरकपरक समस्याएं।

प्रायोगिक XII

एक प्रश्न पत्र	**समय : 3 घण्टे**	**पीरियड : 60**
1. दो प्रयोग		4+4=8 अंक
2. स्लाइड तैयार करना		5 अंक
3. स्पॉटिंग		7 अंक
4. अन्वेषणात्मक प्रोजेक्ट और प्रोजेक्ट पर आधारित मौखिक परीक्षा		5 अंक
5. रिकॉर्ड और प्रयोग पर आधारित मौखिक परीक्षा		5 अंक
	कुल योग	**30 अंक**

प्रयोगों की सूची :

1. दिए गए पुष्प का विच्छेदन कीजिए और उसके विभिन्न भागों का प्रदर्शन कीजिए। परागकोष और अंडाशय का विच्छेदन कीजिए ताकि कक्षों की संख्या दर्शायी जा सके।
2. स्लाइड पर पराग-अंकुरण का अध्ययन कीजिए।

3. विभिन्न स्थलों से मृदा एकत्रित कीजिए तथा उसका अध्ययन कीजिए, मृदा की बनावट, नमी PH, और जल धारण क्षमता का अध्ययन कीजिए।

4. अपने आस-पास के दो अलग-अलग जलाशयों से पानी एकत्रित कीजिए और पानी के PH, स्वच्छता एवं उसमें मौजूद किसी प्रकार के जीवित जीवों का अध्ययन कीजिए।

5. दो व्यापक रूप से भिन्न स्थलों की वायु में निलंबित कणिक पदार्थ की उपस्थिति का अध्ययन कीजिए।

6. क्वाड्रैट विधि द्वारा पादप-समष्टि घनत्व का अध्ययन कीजिए।

7. क्वाड्रैट विधि द्वारा पादप-समष्टि प्रायिकता का अध्ययन कीजिए।

8. समसूत्री विभाजन का अध्ययन करने के लिए प्याज की झिल्ली की एक अस्थायी स्लाइड तैयार कीजिए।

9. स्टार्च पर लार-ऐमाइलेज की सक्रियता पर विभिन्न तापमानों और तीन अलग-अलग PH मानों के प्रभाव का अध्ययन कीजिए।

निम्नलिखित का अध्ययन/प्रेक्षण कीजिए (स्पोटिंग)

1. विभिन्न कारकों (वायु, कीट) के द्वारा परागण के लिए पुष्पों में पाए जाने वाले अनुकूलनों का अध्ययन कीजिए।

2. एक स्थायी स्लाइड की सहायता से वर्तिकाग्र पर पराग-अंकुरण का अध्ययन कीजिए।

3. स्थायी स्लाइडों की सहायता से, अर्थात् वृषण और अंडाशयों की अनुप्रस्थ काटों से युग्मक परिवर्धन की विभिन्न अवस्थाओं का अध्ययन कीजिए।

4. स्थायी स्लाइड की सहायता से प्याज की युकुल-कोशिका अथवा टिड्डे के वृषण में अर्धसूत्री विभाजन का अध्ययन कीजिए।

5. स्थायी स्लाइड की सहायता से ब्लास्टुला की अनुप्रस्थ काट का अध्ययन कीजिए।

6. किसी पौधे के विभिन्न रंग/आकार के बीजों के जरिए मेन्डेलीय वंशागति का अध्ययन कीजिए।

7. तैयार शुदा वंशावली चार्टों की सहायता आनुवंशिक विशेषताओं (जैसे जीभ को गोल-गोल रोल करना, रुधिर समूह, विडोसीक, का अध्ययन कीजिए।

8. नियंत्रित परागण, वंध्यीकरण, टैंगिग और बैगिंग पर अभ्यास

9. स्थायी एलाइडों अथवा प्रतिरूपों की सहायता से रोग-उत्पन्न करने वाले सामान्य जीवों, जैसे ऐस्कैरिस, एंटअमीबा, पलास्मोडियम, रिंगवर्य को पहचानिए। उनके द्वारा उत्पन्न रोगों के लक्षणों पर टिप्पणी लिखिए।

10. मरूदभिदी परिस्थिति में पाए जाने वाले दो पौधों और दो जंतुओं का अध्ययन कीजिए। उनके आकारिकीपरक अनुकूलनों पर टिप्पणी लिखिए।

11. जलीय परिस्थितियों में पाए जाने वाले पौधों और जंतुओं का अध्ययन कीजिए। उनके आकारिकीपरक अनुकूलनों पर टिप्पणी लिखिए।

12. विभिन्न पौधों और जंतुओं में समवृति और समजात अंगों का अध्ययन कीजिए।

प्रस्तावित पाठ्यपुस्तकें

जीवविज्ञान, एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित

10. BIOTECHNOLOGY (Code No. 045)

An unprecedented growth of human knowledge in the field of Biological Sciences coupled with equally significant developments in the field of technology have brought significant changes into existing social and economic systems. The emerging field of Biotechnology is likely to further enhance the applications of Science and Technology in the service of human welfare. Modern Biotechnology processes encompass a wide range of new products such as antibiotics, vaccines, monoclonal antibodies and many more. Furthermore, developments in recombinant DNA technology have yielded numerous new useful products in the fields of health care and agriculture.

The present syllabus takes care of all these aspects. Due emphasis has been laid on familiarizing the learners with the fundamental concepts, basic techniques and their applications. It is expected that the knowledge gained through the study of different topics and the skills acquired through the prescribed practical work will make the learners competent to meet the challenges of academic as well as professional courses after studying the subject at senior secondary stage.

OBJECTIVES

The broad objectives of teaching Biotechnology at senior secondary level are:;

- Tb help the learners know and understand basic facts and concepts in the subject at elementary stage.
- To expose the students to different basic processes and basic techniques used in Biotechnology
- To farmiliarize the learners to understand the relationship of the subject to health, nutrition, environment, agriculture and industry etc.
- To develop conceptual competence in the learners so as to cope up with professional courses in future career.
- To acquaint students with different applications of Biotechnology in everyday life.
- To develop an interest in students to study biotechnology as a discipline.

Course Structure
Class XI
(Theory)

One Paper (Three Hours)		**70 Marks**
Unit I	**Introduction to Biotechnology**	**10**
	Fundamentals of Biochemical Engineering Biotechnology and Society	
Unit II	**Biomolecules**	**20**
	Building Blocks of Biomolecules-Structure and dynamics	
	Structure and function of Macromolecules.	
	Biochemical Techniques	
Unit III	**Cell and Development**	**20**
	The basic unit of life	
	Cell Growth and development	
	Cellular Techniques	

U nit IV Genetics and Molecular Biology **20**

Principles of Genetics

Genome Function

Genetical Techniques

PRACTICALS

Note: Every student is required to do the following experiments during the academic session.

1. Preparation of buffers and pH determination.
2. Sterlization techniques (Wet and Dry Sterlization, Chemical sterlization and Utrafiltration.
3. Media preparation (Solid and Liquid LB medium) ..
4. Isolation of bacteria from curd and staining of bacteria.
5. Determination of bacterial growth curve.
6. Study of various stages of mitosis and calculation of mitotic index. 7. Preparation of Karyotype.
8. Cell counting (using Haemocytometer)
9. Isolation of genomic DNA.
10. Detection of DNA. by gel electrophoresis.
11. Isolation of milk protein (casein)
12. Estimation of protein by Biuret method.
13. Assaying the enzyme acid phosphate.

Scheme of Evaluation:

Time: 3 Hours **Max. Marks 30**

The scheme of evaluation at the end of session will be as under:

Two experiments	:	20 Marks
Viva on experimens	:	5 Marks
Practical record	:	5 Marks

(THEORY)

One paper **Time: 3Hours** **Total Marks : 70**

Unit V: Protein and Gene Manipulation **Marks 40**

Chapter I: Protein Structure and Engineering **15 Marks**

Introduction to the world of Proteins

3-D Shape of Proteins

Structure Function relationship in Proteins

Purification of Proteins

Characterization of Proteins

Protein based products ,

Designing Proteins

Proteomics

Chapter II: Recombinant DNA Technology **15 Marks**

Introduction

Tools of rDNA Technology

Making Recombinant DNA

DNA Library

Introduction of Recombinant DNA into host cells

Identification of recombinants

Polymerase Chains Reaction (PCR)

DNA Probes

Hybridization Techniques

DNA Sequencing

Site-directed mutagenesis

Chapter III: Genomics and Bioinformatics **10 Marks**

Introduction

Genome Sequencing Projects

Gene Production and counting

Genome similarity, SNP's and comparative genomics

Functional Genomics

History of Bioinformatics

Sequences and Nomenclature

Information Sources

Analysis using Bioinformatics tools.

Unit VI: Cell Culture Technology **10 Marks**

Chapter I: Microbial Culture and Applications

Introduction

Microbial Culture Techniques

Measurement and Kinetics of microbial Growth

Scale up of microbial process

Isolation of microbial products

Strain isolation and Improvement

Applications of microbial culture technology

Bioethics in microbial technology

Chapter II: Plant Cell Culture and Applications **10 Marks**

Introuction

Cell and Tissue Culture Techniques

Applications of Cell and Tissue Culture

Gene Transfer Methods in Plants

Transgenic Plants with Beneficial Traits

Diagnostics in Agriculture and Molecular Breeding

Bioethics in Plant Genetic Engineering

Chapter III: Animal Cell Culture and Applications **10 Marks**

Introduction

Animal Cell Culture Techniques

Characterisation of Cell Lines

Scale-up of Animal Culture Process

Applications of Animal Cell Culture

Stem Cell Technology

Bioethics of Genetic Engineering in Animals

Practicals

Note: Every student will be required to do the following experiments during the academic session

List of Experiments

1. Isolation of bacterial plasmid DNA and its detection by gel. eletrophoresis
2. Restriction digestion of plasmid DNA and its analysis by gel electrophoresis
3. Bacterial transformation using any plasmid
4. Data retrival and data base search using internet site NCBI
5. Download a DNA and protein sequence from internet, analyse and comment on it.
6. Cell viability assay (using Evans blue Stain)
7. Determination of blood groups. .'
8. Estimation of DNA
9. Ion-exchange chromatography for proteins.
10. Reading of a DNA sequencing gel and arrive at the sequence.
11. Estimation of blood glucuse by enzymatic method (GODIPOD)
12. Project work.

Scheme of Evaluation:

Time: 3 Hours **Max. Marks 30**

The scheme of evaluation at the end of the session will be as under:

A.	Two experiments	:	6+6 (only one computer bassed practical)
	Practical record	:	04
	Viva on Practicals	:	04
B.	Project work		
	Write up	:	05
	Viva on project	:	05
			Total 30

Recommended Books:

1. **A Textbook of Biotechnology-**Class XI: published by CBSE, New Delhi.

2. **A Laboratory Manual of Biotechnology-**Class XI:published by CBSE, New Delhi.

3. **A Textbook of Biotechnology-**Class XII: published by CBSE, New Delhi

4. **A Laboratory Manual of Biotechnology-**Class XII: published by CBSE, New Delhi.

11. अभियांत्रिकी रेखाचित्र, इन्जीनियरिंग ड्राइंग (कोड नं. 046)

आजकल इन्जीनीयरिंग ड्राइंग का विषय सभी इंजीनियरों, तकनीकी विशेषज्ञों, आर्किटेक्टों, ड्राफ्टस्मैनों, सरवेयरों, डिजाइनरों एवं अन्य व्यावसायिकों के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण हो गया है। इसके मूल सिद्धान्तों को भलीभांति समझना तथा इसका, अन्य कई क्षेत्रों एवं सामान्य जीवन की दैनिक परिस्थितियों में व्यापक प्रयोग कर पाना सीनियर सेकण्डरी के पाठ्यक्रम की विषयवस्तु आधार रखा गया है। सीनियर स्कूल पाठ्यक्रम में इंजीनियरिंग ड्राइंग के विषय का अध्ययन निम्न उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु रखा गया है

- वस्तुओं के आकार, अनुपात और प्रयोग के समुचित ज्ञान एवं कल्पना को समझ पाना।
- तीन आयामी को और दो आयामी वस्तुओं को कलात्मक ढंग से व्यावसायिक भाषा में कुशलता से बता पाना।
- तत्काल कार्य क्षेत्रों की परिस्थितियों में वस्तुओं के साफ-साफ मुक्त हस्त रेखाचित्रों को बना पाना।
- 'ठोस ज्यामिति' तथा 'मशीन आलेखन को भली-भांति समझकर, उन्हें आधुनिक क्षेत्रों, जैसे तकनीकी तथा उद्योगों में दक्षता से प्रयोग कर पाना।
- ड्राइंग के उपकरणों के प्रयोग में गति तथा परिशुद्धता प्राप्त कर लेना।

पाठ्यक्रम संरचना

कक्षा 11

(सैद्धान्तिक)

एक प्रश्न पत्र	समय : 3 घण्टे	अंक : 70
इकाई		**अंक**
समतल-ज्यामिति		
1. रेखाओं, कोणों तथा भुजाओं वाले चित्रों की रचना।		4
2. वृत्त, अर्ध-वृत्त और स्पर्श रेखाओं की रचना।		6
3. इलिप्स, पैराबोला, इनवोल्यूट, साइक्लाइड, हेलिक्स और साइन-कर्व की रचना।		6
ठोस-ज्यामिति		
4. बिन्दु, रेखाओं, पटलों (समतल) एवं ठोसों के लम्बकोणीय दृश्य बनाना।		12
5. ठोसों के परिच्छेदित (काट) दृश्य बनाना।		15
मशीन-ड्राइंग		
6. सरल मशीन-पुर्जों के लम्बकोणीय दृश्य बनाना।		12
7. पटलों (समतल) के सममितीय प्रक्षेप आलेखित करना।		10
8. ठोस पृष्ठों के विवरण चित्रों को बनाना।		5
	कुल अंक	**70**

समतल-ज्यामिति

यूनिट 1 : रेखाओं व कोणों की रचना और उनका विभाजन करना। त्रिभुजों वर्गों, समचतुर्भुजों, ट्रेपीजियमों, समबाहुभुजों, पंचभुजों, षष्ठ्भुजों और अष्टभुजों पर आधारित सरल प्रश्न हल करना।

यूनिट 2 : वृत्त की रचना, वृत्त पर बाह्य व आंतरिक स्पर्श रेखाओं की रचना, समबाहु त्रिभुज, वर्ग, समचतुर्भुज तथा सम बाहु, बहुभुज-पंच भुज, षष्ठभुज तथा अष्टभुज के अन्दर वृत्त की रचना करना।

यूनिट 3 : (a) इलिप्स की निम्नलिखित विधियों से रचना करना।

(i) सकेन्द्र वृत्तों द्वारा।

(ii) प्रतिच्छेदी चापों द्वारा।

(iii) प्रतिच्छेदी रेखाओं द्वारा।

(b) पेराबोला की निम्नलिखित विधियों से रचना करना :

(i) प्रतिच्छेदी रेखाओं द्वारा।

(ii) प्रतिच्छेदी चापों द्वारा।

(c) वृत्त के इन्वोल्यूट की रचना करना :

(d) साइक्लाइड, हेलिक्स और साइन-कर्व की रचना करना।

ठोस ज्यामिति **(40 पीरियड)**

यूनिट 4 : लम्बकोणीय प्रक्षेपों एवं विभाजन की विधियां पूर्णतः SP 46–1988 के संशोधित परिपाटी के अनुसार। बिन्दु, रेखा, समतल चित्रों और लम्बकीय नियमित ठोसों जैसे क्यूब, प्रिज्म और पिरामिड (वर्गाकार, त्रिभुजाकार, पंचभुजाकार, षष्ठभुजाकार शंकु, बेलन, गोला, अर्ध-गोला व शंकु-ठोसों के छिन्नक भाग का प्रक्षेप आलेखित करना जबकि उनके अक्ष को HP/V.P के लम्बवत अथवा एक तल के समान्तर (और दूसरे तल से किसी झुकाव पर) अथवा VP/HP दोनों के समांतर रखा जाए।

यूनिट 5 : ऊपर-लिखित शर्तों के अनुसार ठोसों के परिच्छेदित-दृश्य जो कि क्षैतिज/ऊर्ध्वाधर/कोण बनाते हुए परिच्छेदित तल द्वारा बनाए गए हों। इनके सही आकार को भी बनाना। **(45 पीरियड)**

मशीन ड्राइंग

यूनिट 6 : मशीनी-ब्लॉकों के लम्बकोणीय प्रक्षेप। **(40 पीरियड)**

यूनिट 7 : सममितीय मापनी की रचना करना। जिसमें 10 mm के मुख्य भागों तथा 1 mm के उपभाग हों। त्रिभुजाकार, वर्गाकार, पंचभुजाकार, षष्ठ् भुजाकार, वृत्ताकार, अर्धवृत्ताकार चित्रों को HP अथवा V.P के एकांतर रखकर सममितीय प्रक्षेप आलेखित करना। (मापनी पर) इन्हीं चित्रों की एक भुजा अथवा कर्ण अथवा व्यास H.P./V.P के समांतर अथवा लम्ब होना चाहिए। **(5 पीरियड)**

यूनिट 8 : निम्नलिखित ठोसों की सतहों के विवरण का चित्र बनाना :

1. क्यूब, क्यूबाइड, प्रिज्म त्रिभुजाकार, वर्गाकार, पंच-भुजाकार तथा षष्ठ्भुजाकार।
2. पिरामिड (त्रिभुजाकार, वर्गाकार, पंचभुजाकार तथा षष्ठ्भुजाकार)
3. (लम्बवृत्तीय) बेलन एवं शंकु।

प्रायोगिक

एक प्रश्न पत्र (प्रायोगिक) **3 घंटे** **30 अंक**

1. प्रिज्मों तथा पिरामिडों का गत्ते (मोटे पेपर) द्वारा विकास करना।

2. विभिन्न प्रकार के पैकिंग के डिब्बों (कार्टनों) का विकास करना।

3. विभिन्न प्रकार के डिजाइन/मयूरल, आतंरिक तथा बाह्य सजावट के लिए बनाना जिनमें रंगीन लेमिना का प्रयोग सर्कमस्क्राइबिंग, इनस्काइबिंग तथा प्रिस्काइबिंग के ज्ञान पर आधारित हो।

4. इलिप्स की रचना करना :

   विधी

   (a) पेपर ट्रेमल अभ्यास से,

   (b) धागे के प्रयोग से,

इन चित्रों को मैदान में ड्राइंग शीट पर अथवा प्लाईवुड पर बनाना।

5. निम्नलिखित के शीर्ष-दृश्य (Plan) बनाना।

   (a) कक्षा का कमरा।

   (b) घर का ड्राइंग रूम/शयन कक्ष/अध्ययन कक्ष/रसोईघर

   (c) घर का इन्जीनियरिंग-ड्राइंग कक्ष

   इनमें फर्श पर रखी विभिन्न वस्तुओं को दिखाना।

6. क्रियाओं द्वारा निम्नलिखित वक्रों को आलेखित करना।

   (a) इनवोल्यूट।

   (b) साइक्लॉइड।

   (c) हेलिक्स।

   (d) साइन (sine) कर्व तथा उनके दैनिक जीवन में प्रयोगों की सूची बनाना।

7. निम्नलिखित परिस्थितियों में ठोसों (प्रिज़्म पिरामिड, गोला आदि) के काट-दृश्य को मिट्टी द्वारा, साबुन द्वारा, प्लास्टिसिन, मोम या अन्य किसी भी पदार्थों, जो आसानी से उपलब्ध व सस्ते हों द्वारा हो बनाना जबकि काट-तल

   (i) आधार के समांतर हो।

   (ii) आधार पर लम्ब हो।

   (iii) आधार पर कोण बनाते हुए हो।

   (iv) आधार के ऊपर दी हुई ऊँचाई पर कोण बनाते हुए काटता हो।

   ऊपर वर्णित ठोसों को मिलाकर विभिन्न ठोसों की रचना और उनके काट दृश्यों के मॉडल भी बनाना।

टिप्पणी :

I. ऊपर-लिखे सभी प्रयोगों में दृश्यों के आलेखन स्केचिंग को भी बनवाएं तथा उनका मूल्यांकन के अनुसार अंक दें।

II. मूल्यांकन प्रणाली इस प्रकार है :

(a) प्रयोग (2)	15 अंक
(b) आलेखित/स्कैच	5 अंक
(c) मौखिक प्रश्न-उत्तर	5 अंक
(d) सत्र में किया गया कक्षा कार्य तथा गृह कार्य	5 अंक
कुल	**30 अंक**

कक्षा 12
(सैद्धान्तिक)

एक प्रश्न पत्र	**समय : 3 घण्टे**	**अंक : 70**
इकाई		**अंक**
I. ठोसों के सममितीय प्रक्षेप/1		25
II. मशीन ड्राईंग		
(a) मशीनी-पुर्जों को आलेखित करना		15
(b) मशीनी-पुर्जों को संगठित कर काट-दृश्यों को आलेखित करना।		40
1. बियरिंग।		
2. रॉड-जॉइन्ट		
3. टाइ-रॉड तथा पाइप जॉइन्ट		
4. कपलिंग।		
5. घिरनियां		
	कुल अंक	**70**

यूनिट–I : ठोसों का सममितीय प्रक्षेप (50 पीरियड)

सममितीय मापनी की रचना करना। जिसमें 10 mm के मुख्य भागों तथा mm के उपभागों को दर्शाया गया हो, त्रिभुज, पंचभुज, षष्ठभुज आदि के सहायक दृश्य 1:1 मापनी पर अथवा सममितीय मापनी पर आलेखित किए जा सकते हैं।

(अदृश्य किनारों की छुपी हुई रेखाओं को सममितीय प्रक्षेय में नहीं दिखाएं)

ठोस क्यूब एवं सम भुजा वाले प्रिज्म तथा पिरामिडों (त्रिभुजाकार, वर्गाकार, पंचभुजाकार, षष्ठ्भुजाकार), शंकू, बेलन, गोला, अर्धगोला, लम्ब पिरामिडों (त्रिभुजाकार, वर्गाकार, पंचभुजाकार, षष्ठ्भुजाकार) के छिन्नक एवं शंकू जैसे ठोसों जो कि आधार के समांतर काटे गए हैं का सममितीय प्रक्षेप आलेखित करना। इन सभी ठोसों के अक्ष क्षैतिज-तल (H.P) पर लम्ब अथवा ऊर्ध्वाधर तल (V.P) पर लम्ब अथवा दोनों क्षैतिजधर तल एवं उर्ध्वा तल के समांतर होने चाहिए। (देखने की दिशा को तीर द्वारा दिखायें)

ऊपर लिखे गये ठोसों का संगठन (प्रिज्म व पिरामिड के के छिन्नक के अलावा) इनके ठोसों की एक भुजा को क्षैतिज तल (HP) या ऊर्ध्वाधरतल (VP) के समांतर अथवा लम्ब रखा जाए। एक ठोस पर दूसरा ठोस बीचों-बीच रखा जाय। किन्तु दोनों ठोसों के सामान्य अक्ष को क्षैतिज तल (HP) के समांतरन रखें।

टिप्पणी : एकल ठोस के प्रश्न में केवल ठोस को सदैव ऊर्ध्वाधर स्थिति में रखा जाएगा।

यूनिट II मशीन ड्राइंग (आलेखन) (36 पिरियड)

(अ) मशीनी पुर्जों का आलेखन

(i) 1:1 मापनी सहित यंत्रों द्वारा आलेखन (निम्नलिखित किन्हीं दो में) आन्तरिक विकल्प दिये जायेंगे।

विभिन्न प्रकार की चूड़ी का प्रमाणिक प्रोफाइल बनाना वर्गाकार (Squre), Knuckle, B.S.W., metric (बाह्य एवं आंतरिक) एवं चूड़ी का नामांकन (Nomenclature) बोल्ट (Square, Hexagenal, Tee) तथा Hook) नट (Square तथा Hexagonal), समतल (Plain) वॉशर, बोल्ट तथा नट का संयोजन, वॉशर के साथ या बिना वॉशर के दो पुर्जों का संयोजन करने के लिए। मानक विमाओं के साथ Single riveted lap joint.

(ii) मुक्त-हस्त रेखाचित्र बनाना।

(निम्नलिखित किन्हीं दो में, आंतरिक विकल्प दिये जायेंगे।)

बाह्य और आंतरिक चूड़ी का पारम्परिक प्रदर्शन, Studs (Plain, Plain with squre neck और collor), स्क्रू (Round-head, cheese-head, 90^o flat counter-sunk head, heagonal socket head और Grub serews) Snap head, pan-head-with-tapered neck, feat head और 60^o counter-sunk flat head; cepunk keys के प्रकार (Rectangular taper, woodruff और दोनों सिरों पर Gib-head के साथ double-head feather.

(ब) निम्नलिखित मशीनी-पुर्जों के संयोजन के दृश्यों का आलेखन (82 पिरियड)

विद्यार्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे निम्नलिखित मशीनी-पुर्जों के संयोजनों के दृश्यों अघ असुच्चय-दृश्यों का आलेखन बनायेंगे।

टिप्पणी

(i) निम्नलिखित सभी समुच्चय-आलेखनों में, केवल अर्ध-काट सम्मुख दृश्य ही बनाना होगा। दूसरा दृश्य, बिना काट (पूर्ण), जहां पर भी लागू हो, बनाना होगा।

(ii) निम्नलिखित सभी असमुच्चय-आलेखनों में केवल दो लम्बकोणीय दृश्य, दो पुर्जों के आलेखित करने होंगे। किन्हीं (इन लम्बकोणीय दृश्यों में कोई एक दृश्य अर्धकाट अथवा पूर्णाकार आलेखित करना होगा)

(iii) (अ) इन सभी काट दृश्यों में, अदृश्य रेखायें अथवा किनारे नहीं दिखाने हैं।

(ब) इन सभी पूर्ण दृश्यों में, अदृश्य रेखायें अथवा किनारे दिखाने की आवश्यकता है।

1. Bearings

*(i) Open–Bearing

*(ii) Bushed-Bearing

*(iii) Footstep–Bearing (केवल आंशिक सम्मुख दृश्य ही पूछा जाएगा।)

*(iv) Simple plummer-block. (with only round brasses) केवल आंशिक सम्मुख दृश्य ही पूछा जाएगा।

2. Rod-Joints

*(i) Cotter-joints for circular rods. (Socket and spigot joints)

*(ii) Cotter-joints for round-rods (Sleeve and cotter joint)

*(iii) Cotter-joints for square rods. (Sleeve and cotter josint)

*(iv) Knuckle-joint (केवल आंशिक सम्मुख दृश्य ही पूछा जाएगा)

3. Tie-rod and Pipe-Joint

(i) Turnbuckle.

(ii) Flange Pipe joint.

4. Couplings.

(i) Unprotectedd Flange coupling (having socket and spigot arrangement)

(ii) Poteicted Flaage Coupling.

5. Pulleys.

(i) Solid Cast Irons Pulley having solid web (200 mm व्यास तक)

(ii) Single groove V-belt ulley (200 mm व्यास तक)

प्रायोगिक

एक प्रश्न पत्र (प्रायोगिक) **3 घंटे** **अंक 30**

I निम्नलिखित कार्यों को निर्धारित (Two machine block) के दिये हुये दृश्यों द्वारा, सम्पूर्ण करना।

मूल्यांकन के बिन्दु

इसके नीचे अंग्रेज़ी के पाठ्यक्रम की भांति दो पृष्ठों की Drawings भी छपनी चाहिए तथा अन्त में आवश्यक निर्देश भी होने चाहिए वर्ना हिन्दी का पाठ्यक्रम अधूरा रहेगा

(i) सभी विभाएं mm में हैं।

(ii) उपरोक्त आरेख स्केल मानकर नहीं खींचे गए हैं।

(iii) लुप्त अथवा मेल न खाने वाली विभाएं, यदि हैं तो उनकी उचित कल्पना कर लें।

(iv) सभी आरेखों एवं रेखाचित्रों में केवल प्रेक्षप की I कोण विधि को अपनाएं।

भाग (अ)

1. दिये गये दृश्यों की नकल करना (1) अंक
2. लुप्त-दृश्य का, अदृश्य रेखाओं के साथ आलेखन (2) अंक
3. सममितीय-प्रक्षेप का रेखाचित्र बिना अदृश्य रेखाओं के बनाना। (5) अंक
4. ऊपर दिये गये Machine block को तीन विभाओं में बनाना (किसी मापनी पर नहीं, परन्तु लगभग-अनुपात में) किसी भी माध्यम में बनाया जा सकता है। उदाहरण Thermocol, साबुन का टुकड़ा, Plasticine, मिट्टी, मोम, Orchis (सभी फूल वालों से उपलब्ध) इत्यादि। (7) अंक

II भाग 'ब'

भाग (I) में किये गये प्रयोगों पर आधारित मौखिक-परीक्षा (Viva-voce) (2 अंक)

सत्र में किए गये कार्य

निर्धारित 15 Machine blocks के हल (3 अंक)

कुल **30 अंक**


25
15
35
10
55
SIDE VIEW
FRONT VIEW
1
?


45
10
15
15
10
20
25
FRONT VIEW
SIDE VIEW
2
?


?
FRONT VIEW
3
TOP VIEW


?
FRONT VIEW
4
TOP VIEW


?
FRONT VIEW
5
TOP VIEW


?
FRONT VIEW
6
TOP VIEW


?
7
FRONT VIEW
TOP VIEW

















भाग (क)

(i) सभी विमाएं mm में हैं।

(ii) उपरोक्त आरेख स्केल मानकर नहीं खींचे गए हैं।

(iii) लुप्त अथवा मेल न खाने वाली विमाएं, यदि हैं तो उनकी उचित कल्पना कर लें।

(iv) सभी आरेखों एवं रेखाचित्रों में केवल प्रेक्षप की I कोण विधि को अपनाएं।

12. गृह विज्ञान (कोड 064)

गृह विज्ञान एक ऐसा विषय है जिसका अध्ययन व्यक्ति में सूझबूझ का विकास करता है। यह शिक्षा आज के बदलते परिवेश में व्यक्ति को समाज, परिवार व घर में वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समायोजन बनाने में मदद करती है। यह विकास चार विभिन्न क्षेत्रों के अध्ययन द्वारा होता है।

1. आहार व पोषण
2. मानव विकास
3. प्रबन्धन एवम् विस्तार के सामुदायिक स्रोत/साधन
4. वस्त्र एवं परिधान विज्ञान

इस विषय की सहायता से विद्यार्थी भारतीय समाज की बदलती आवश्यकताओं को समझ सकते हैं। इसके विद्योपार्जन नियमों की सहायता से व्यवसायिक क्षमता को विकसित कर सकते हैं।

इससे शिक्षार्थी में प्रतिस्पर्धा की भावना आती है और जीवन को चुनौतियों को स्वीकार कर उनका सामना करने का सामर्थ्य आता है।

उद्देश्य

यह पाठ्यक्रम उच्चतर माध्यमिक स्तर पर विद्यार्थियों के लिए तैयार किया गया है। इसके द्वारा वे अपनी ज्ञानवृद्धि व समझने की क्षमता को विकसित कर परिवार और समाज को भी विकास की ओर ले जा सकते हैं। इसके मुख्य तथ्य निम्नलिखित हैं :

- इसकी सहायता से शिक्षार्थी मानव विकास की अवस्थाओं को समझता है। खासतौर पर खुद के विकास को और बाल विकास को।
- इसकी सहायता से विभिन्न संसाधनों का उचित प्रबन्धन करना व अपनी क्षमताओं का विकास करना।
- शिक्षार्थी को समर्थ, सावधान व जागरूक उपभोक्ता बनाना।
- व्यक्ति को आहार व जीवन शैली का ज्ञान देना। बीमारियों से बचाव व उसके प्रबन्धन के प्रति जागरूक व समर्थ बनाना।
- शिक्षार्थी में स्वास्थ्यवर्धक आहार की आदतें निर्मित करना।
- वस्त्रों के चुनाव व उसके रख-रखाव की जानकारी विकसित करना।
- सम्प्रेषण (Communication) सम्बन्धी क्षमताओं का विकास व नए ज्ञान की ओर अग्रसर होना। अपने ज्ञान व तर्क-क्षमता द्वारा समुदाय और समाज के ज्ञान में वृद्धि करना और उसको अधिक लोगों तक पहुँचाना।

पाठ्यक्रम की रूपरेखा
कक्षा-XI

सैद्धांतिक (Theory)	समय : 3 घण्टे	अधिकतम अंक : 70
इकाई		**अंक 70**
I. गृह-विज्ञान की अवधारणा		02
II. स्वयं को पहचानो		17
III. परिवार एवम् स्वयं के लिए पोषण		17
IV. मेरे साधन		17
V. मेरे वस्त्र		17
	कुल	**70**

इकाई-I : गृह-विज्ञान की अवधारणा/संकल्पना एवम् इसका अध्ययन क्षेत्र। (पीरियड-2)

गृह-विज्ञान का अर्थ, कार्य-क्षेत्र एवम् गृह-विज्ञान शिक्षा का महत्त्व।

इकाई-II : स्वयं को पहचानो किशोरावस्था से सम्बन्धित समस्याएँ एवं मुद्दे। (पीरियड-33)

किशोरावस्था अर्थ, आरम्भिक किशोरावस्था (12–15 साल) और उत्तरीय किशोरावस्था (16–18 वर्ष) पूर्व व उत्तर परिपक्वता।

लक्षण ज्ञानात्मक विकास अवस्था परिवर्तन-मूर्त या साकार प्रक्रिया से औपचारिक सक्रियात्मक अवस्था की ओर बढ़ाव।

शारीरिक विकास वृद्धि और स्फुरण।

लैंगिक विकास सामाजिक एवं संवेगात्मक विकास।

मित्र समूह का महत्त्व, विपरीत लिंग के प्रति रुचि, विभिन्न व बदलती अभिरुचियाँ, भविष्य के प्रति चिन्ता, किशोरावस्था मानसिक तनाव व दबाव का काल।

प्रमुख एवं महत्त्वपूर्ण विकासोचित्त कार्य शारीरिक बदलाव को स्वीकार करना, नए व अधिक परिपक्व सम्बन्ध बनाना (दोनों लिंगों के साथियों के साथ), अपने लिंग के अनुसार सामाजिक भूमिका अपनाना व अपने को लिंगीय उत्तरदायित्वों के योग्य बनाना, परिवार से अलग भावनात्मक स्वतन्त्रता व निर्णय लेने की चाहत, व्यवसाय की तैयारी, प्रजनन सम्बन्धी स्वास्थ्य और रक्तहीनता की रोकथाम।

वैयक्तिक विभिन्नताएँ समान लिंगियों में विभिन्नताएँ, विपरीत लिंगियों में विभिन्नताएँ, शीघ्र व विलम्बित परिपक्वता, वंशानुगत भूमिका एवम् वातावरण की भूमिका (परिवार, मित्र, स्कूल और पड़ोस)

अंतर्वैयक्तिक क्षमताएँ किशोरावस्था में पारिवारिक सम्बन्ध, परिवार के साथ, मित्रों, समाज व समुदाय के सदस्यों के साथ।

किशोरावस्था की विशेष आवश्यकताएँ :

(i) पोषक सम्बन्धी आवश्यकताएँ (गुणात्मक एवम् मात्रात्मक)

(ii) व्यायाम एवं मनोरंजन, सामाजिक विकास में शारीरिक क्रियाओं का महत्व, मोटापे से बचाव,

(iii) माता-पिता के साथ आपसी समझ (Understanding) एवं सम्बन्ध, माता-पिता व बालकों द्वारा किए जाने वाले प्रयत्न (सम्बन्ध सुधार हेतु)

किशोरावस्था की कुछ समस्याएँ वृद्धि के स्फुरण के कारण आने वाला भद्दापन एवं उससे होने वाली हीनता, स्वतन्त्रता और नियन्त्रण, निराशा, तनाव, मद्यपान, नशीली दवाएँ, धूम्रपान, बाल-अपराध, यौन-सम्बन्धी समस्याएँ, यौन अपराध, अपूर्ण ज्ञान एवम् बढ़ती जिज्ञासा, समाज से उपेक्षा, एच.आई.वी./एड्स व अन्य जनन सम्बन्धी संक्रामक रोगों से बचाव।

जनसंख्या शिक्षा अधिक जनसंख्या की समस्याएँ व कारण, कन्या की उपेक्षा, कारण व बचाव, न्यायिक एवम् सामाजिक कानून, बालिका के स्तर में सुधार हेतु सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयत्न और दी जाने वाली सुविधाएँ, पुत्र की लालसा। छोटे परिवार की आवश्यकता व महत्त्व।

इकाई-III : परिवार एवं स्वयं के लिए पोषण **(पीरियड 45)**

भोजन, स्वास्थ्य और पोषण की परिभाषा व इनका परस्पर सम्बन्ध, विभिन्न परिभाषाएँ, भोजन, पोषक तत्त्व, पोषण, स्वास्थ्य और पोषण स्तर। भोजन, स्वास्थ्य और पोषण का सम्बन्ध, पोषक तत्वों और कार्य के आधार पर भोजन का वर्गीकरण, ऊर्जा ग्रहण के आधार पर गरीबी रेखा का निर्धारण।

भोजन के कार्य शरीर निर्माण, ऊर्जा प्रदान करना, रक्षात्मक कार्य, नियन्त्रणात्मक अर्थात् शारीरिक, मानसिक, सामाजिक व सांस्कृतिक कार्य, अच्छे स्वास्थ्य के लक्षण, पोषण व शारीरिक स्तर, पोषण व मनोवैज्ञानिक स्तर, पोषण व मानसिक क्षमता, मृत्यु-दर, पोषण का दीर्घ-जीवन से सम्बन्ध।

उत्तम स्वास्थ्य एवम् उचित पोषण हेतु खाद्य-पदार्थों का चयन पोषक तत्वों की आधारभूत जानकारी प्राप्ति के साधन, कार्य, कमी से होने वाले रोग और उनकी रोकथाम। प्रोटीन, कार्बोज, वसा, फोक, विटामिन, ए, डी, बी (थायमिन), बी-2, (राईबोफ्लेविन), नायसिलन, फॉलिक अम्ल, बी-12, विटामिन सी, खनिज लवण कैल्शियम, लोहा, आयोडीन। विभिन्न खाद्य-वर्ग (ICMR) और उनका योगदान। संतुलित आहार परिभाषा व प्रभावित करने वाले कारक, आहार और पोष्टिक तत्वों से सम्बन्धित आवश्यकताएँ (ICMR Table) भोज्य पदार्थों के चयन को प्रभावित करने वाले कारक जैसे संस्कृति, परिवार के आहार सम्बन्धी मूल्य, आहार सम्बन्धी मान्यताएँ, भोज्य पदार्थों की उपलब्धता, मित्रों का प्रभाव और संचार माध्यम।

भोजन से अधिकतम पोषण मूल्यों की प्राप्ति उचित चयन, तैयारी, पकाना और संग्रह आहार के पौष्टिक मान में वृद्धि करना।

खाद्य पदार्थों का चयन व संग्रह खराब न होने वाले खाद्य-पदार्थ, जल्दी खराब न होने वाले पदार्थ, सुविधाजनक खाद्य पदार्थ।

खाद्य पदार्थों के खराब होने के कारण।

आहार संरक्षण की घरेलू विधियाँ जैसे रेफ्रिजरेशन (शीतकरण), सुखाना, रासायनिक पदार्थों का इस्तेमाल, घरेलू संरक्षित पदार्थ।

भोजन पकाना पकाने के उद्देश्य, पकाने का विभिन्न पोषक तत्वों पर प्रभाव, पकाने में पोषक तत्वों की हानि, हानि कम करने के उपाय, भोजन पकाने की विभिन्न विधियाँ जैसे उबालना, भाप में पकाना, प्रेशर कुकर का इस्तेमाल, वसा में पकाना (उथली व गहरी विधि), कम उबालना, सॉट करना भूनना, सेंकना, भट्ठी में पकाना।

भोजन का पोषण मान बढ़ाने की विधियाँ अंकुरण, खमीरीकरण, खाद्य पदार्थों का मिलाजुला प्रयोग (खाद्य सम्मिश्रण) और फॉर्टीफिकेशन।

इकाई-IV : मेरे साधन **(पीरियड 36)**

साधन अर्थ, प्रकार

(i) मानवीय ज्ञान, कार्यकुशलता, समय, ऊर्जा और मनोवृत्तियाँ,

(ii) भौतिक साधन धन, सम्पत्ति, वस्तुएँ,

(iii) सामुदायिक साधन जैसे स्कूल पार्क, अस्पताल, सड़कें, पानी, बस, बिजली, ईंधन और चारा। साधनों की व्यवस्था की आवश्यकता सामुदायिक साधनों का संरक्षण जरूरत और तरीके।

साधनों की व्यवस्था व्यवस्था का अर्थ व आवश्यकता, व्यवस्था की प्रक्रिया के चरण आयोजन, संगठन, नियन्त्रण, क्रियान्वयन, और मूल्यांकन, व्यवस्थापन में इसका महत्व।

समय और शक्ति की व्यवस्था कार्य तथा अवकाश काल के लिए समय की व्यवस्था की आवश्यकता और प्रक्रिया, कार्य सरलीकरण अर्थ और तरीके।

घर में किए जाने वाले कार्य, सोना, पढ़ना, खाना पकाना, खाना खाना, नहाना, कपड़े धोना और मनोरंजन, इन कार्यों के लिए स्थान की व्यवस्था की जरूरत।

घर में विभिन्न स्थानों को आकर्षक बनाने के लिए रंगों और उप-साधनों का उपयोग।

परिवार के कार्यों को सुचारू रूप करने में परिवार के सदस्यों की भूमिका।

कार्य नैतिकता अर्थ एवम् महत्व, कार्य-स्थल पर अनुशासन, समय पर पहुँचाना, सीट पर रहना, अपने कार्य को जानना और मधुर भाषा का प्रयोग।

इकाई–V : मेरे वस्त्र **(पीरियड–34)**

तन्तु विज्ञान तन्तुओं के प्रकार

(i) प्राकृतिक, सूती, सिल्क और ऊनी।

(ii) मानव निर्मित नाइलॉन, रेयॉन, पॉलिएस्टर।

(iii) मिश्रित टेरीकॉट, टेरीसिल्क, टेरीवूल।

कपड़े का निर्माण धागा बनाने की विधि (कताई-यांत्रिक और रासायनिक), कपड़ा बनाने की विधियाँ बुनाई (करघे पर बुनाई), सिलाई द्वारा बुनाई, दवा कर वस्त्र बनाना और ब्रेडस और लेस, विभिन्न प्रकार की बुनाई, जैसे सादी बुनाई, दवील बुनाई, और साटिन बुनाई। विभिन्न प्रकार की बुनाई से बनने वाले कपड़ों की संरचना, रख-रखाव व टिकाऊपन।

वस्त्रों की परिसज्जा अर्थ और महत्व, विभिन्न प्रकार

(i) आधारभूत सफाई या शुद्धीकरण, विरंजन, कड़ा करना, टेटरिंग।

(ii) विशिष्ट परिसज्जा मर्सराइजेशन, सिकुड़न, प्रतिरोधक, जल अभेद्यता, रंगाई और छपाई।

प्रयोगात्मक गृह-विज्ञान

कक्षा XI

एक प्रश्न पत्र	समय : 3 घण्टे	अंक : 30
इकाई		**अंक**
I. गृह विज्ञान की अवधारण		-
II. स्वयं को पहचानो		-
III. परिवार एवम् स्वयं के लिए पोषण		8
IV. मेरे साधन		8
V. मेरे वस्त्र		7
VI. फाईल		5
VII. मौखिक प्रश्न		2
	कुल अंक	**30**

इकाई-Iगृह विज्ञान की अवधारणा

इकाई-II : स्वयं को पहचानो **(पीरियड-8)**

प्रयोग 1 अपनी सकारात्मक और नकारात्मक क्षमताओं को पहचानें। कक्षा में अध्यापक/अध्यापिका और साथियों के साथ उस पर बात करें। राय जानने के बाद यह निर्णय लें कि आप किस प्रकार अपनी सकारात्मक क्षमताओं का इस्तेमाल करके अपनी कमजोरियों को कम कर सकते हैं या उन पर कैसे काबू पा सकते हैं।

प्रयोग 2 परिवार, मित्रों और समाज के अन्य सदस्यों के साथ अपने अंतःसम्बन्धों को दर्शाने के लिए अपनी जिन्दगी से जुड़ा कोई अनुभव कक्षा में बताएँ।

इकाई-III : परिवार एवम् स्वयं के लिए पोषण **(पीरियड-28)**

प्रयोग-I अपने परिवार के सदस्यों के अच्छे स्वास्थ्य के लक्षणों का निरीक्षण करना।

प्रयोग-II अपने घर में उपलब्ध विभिन्न खाद्य पदार्थों की खाद्य वर्गों के अनुसार सूची बनाना।

प्रयोग-III अपने घर में विभिन्न खाद्य-पदार्थों के संग्रह की विधि का निरीक्षण करना और उनका मूल्यांकन करना।

प्रयोग-IV आहार में पौष्टिक तत्वों का संरक्षण करते हुए विभिन्न तरह के आहार तैयार करना।

प्रयोग-V भोजन पकाने की विभिन्न विधियों का इस्तेमाल करते हुए व्यंजन एवम् अल्पाहार तैयार करना।

प्रयोग VI कुछ घरेलू विधियों द्वारा खाद्य-संरक्षण करना, जैम, शरबत, अचार और चटनी।

इकाई-IV : मेरे साधन **(पीरियड-30)**

1. अपने घर व आसपास उपलब्ध साधनों का निरीक्षण करना और उनकी सूची बनाना।

2. किसी एक सामुदायिक साधन का विस्तारपूर्वक अध्ययन करना। इसकी व्यवस्था कैसे की जाती है। इसके बारे में जानकारी प्राप्त करें और व्यवस्था में सुधार लाने के सुझाव दें।

3. अपने घर के किसी एक कार्य-केन्द्र का निरीक्षण तथा मूल्यांकन करें तथा उसके गुण व दोष बताएँ। इसमें सुधार लाने का सुझाव दें।

4. अपने लिए एक दिन की कार्य योजना बनाएँ और बताएँ कि कार्यों को करने के लिए आप दूसरों की सहायता कहाँ और क्यों लोगे?

5. फूलों की व्यवस्था करना।

6. फर्श सज्जा करना।

7. पीतल, शीशा, लोहा, एल्यूमीनियम तथा प्लास्टिक की सफाई व पॉलिश करना।

इकाई-V : मेरे वस्त्र **(पीरियड-24)**

- **प्रयोग-I** विभिन्न प्रकार के वस्त्रों के नमूने एकत्र करना व उनकी विशेषताओं के आधार पर पहचानना।
- **प्रयोग-II** विभिन्न प्रकार की बुनाई वाले वस्त्रों के नमूने एकत्र करके उनको उनकी बुनाई के आधार पर पहचानना।
- **प्रयोग-III** एकत्रित कपड़ों के रेशों को विभिन्न परीक्षणों के आधार पर पहचानना।
  1. दहन परीक्षण।
  2. वस्त्र के रेशे खिसकने का परीक्षण।
  3. कपड़े को फाड़कर परीक्षण करना।
  4. पक्के रंग के निर्धारण हेतु परीक्षण।
- **प्रयोग-IV** दिए गए कपड़े को साधारण रंगाई और बंधेज रंगाई की विधि द्वारा रंगना।
  कपड़े पर ठप्पा विधि (Block printing) द्वारा छपाई करना।

पाठ्यक्रम की रूपरेखा
कक्षा XII (सैद्धांतिक)

एक प्रश्न पत्र	समय : 3 घण्टे	अंक : 70
इकाई		**अंक**
I. शिशुओं को जानें		17
II. परिवार एवं स्वयं के लिए पोषण		17
III. धन-व्यवस्था और उपभोक्ता शिक्षण		17
IV. मेरे परिधान		17
V. गृह-विज्ञान के प्रशिक्षण की उपयोगिता		02
		कुल 70

इकाई I—शिशुओं को जानें (0-3 वर्ष) पीरियड-34

कुछ विशेष लक्षण शारीरिक लम्बाई, वजन और अनुपात क्रियात्मक विकास, 0-3 माह, 3-6 माह, 6-9 माह, 9-12 माह और 1-3 वर्ष (विकास के चरण Milestones) सामाजिक और भावनात्मक विकास आसपास के लोगों को पहचानना, समाजीकरण, भावनाएं व संवेदनाएँ प्रकट करना।

ज्ञानात्मक विकास मूर्त या साकार प्रक्रियाओं द्वारा सीखना भाषात्मक विकास।

संक्रामक रोगों से बचाव टीकाकरण-अवधारणा एवं प्रकार (प्राकृतिक एवं अर्जित), स्तनपान (प्राकृतिक रोग प्रतिरोधक क्षमता), टीकाकरण सूची, बच्चों में होने वाले रोगों के लक्षण और उनका उद्भवन/सम्प्रति, काल, क्षय रोग, काली खाँसी, टिटनेस, डिफ्थीरिया, पोलियो, खसरा, कॉलरा (हैजा), अतिसार।

असमर्थ और अक्षम बालकों की विशेष आवश्यकताएँ सामाजिक रूप से असमर्थ, शारीरिक रूप से असमर्थ (आंशिक अंधापन, आंशिक बहरापन, शारीरिक विकलांगता लक्षण व आवश्यकताएँ)।

बालकों की वैकल्पिक देखरेख भाई-बहन, दादा-दादी, पड़ोसी, दैनिक देखभाल केन्द्र और क्रेच ICDS (बाल विकास योजना) उद्देश्य एवं कार्य।

इकाई–II (पीरियड-36)

परिवार एवं स्वयं के लिए पोषण

परिवार के लिए आहार-आयोजन आहार-आयोजन का अर्थ और महत्व, आहार आयोजन को प्रभावित करने वाले कारक और सिद्धांत, परिवार के प्रत्येक सदस्य की जरूरत को ध्यान में रखते हुए आहार आयोजन करना। इसमें सम्मिलित हैं बच्चे, गर्भवती स्त्री, स्तनपान कराने वाली माता, अतिसार व बुखार से पीड़ित सदस्य। जीवन रक्षक घोल का महत्व, जीवन रक्षक घोल तैयार करने की विधि।

परिवार के उत्तम स्वास्थ्य के सरल उपाय पीने के लिए शुद्ध जल का महत्व, स्वच्छ व शुद्ध जल के गुण, जल को पीने योग्य स्वच्छ बनाने की घरेलू विधियाँ, उबालना, छानना, फिटकरी डालना, क्लोरीन की गोलियों का प्रयोग। घरेलू स्तर पर खाद्य-स्वच्छता का महत्व, भोज्य पदार्थों में मिलावट अर्थ और परिभाषा (P.F.A के अनुसार), भोज्य पदार्थों में पाए जाने वाले सामान्य मिलावटी पदार्थ

अनाज, दालें, दूध और दूध से बने पदार्थ, घी, तेल, चीनी, शहद और मसाले।

खाद्य-पदार्थों में पाए जाने वाले मिलावटी पदार्थों के सेवन से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले कुप्रभाव केसरी दाल, पीला रंग (Metanil yellow) आरजीमोन के बीज/तेल।

इकाई-III : धन प्रबन्धन एवं उपभोक्ता शिक्षण (पीरियड-36)

पारिवारिक आय पारिवारिक आय के विभिन्न साधन, (i) मौद्रिक आय, (ii) वास्तविक आय (प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष आय) (iii) आत्मिक आय, आय की सम्पूर्ति अर्थ, जरूरत एवं तरीके, घरेलू खाता या घरेलू हिसाब-किताब रखने की आवश्यकता एवं कार्य विधि।

बचत एवं निवेश बचत का अर्थ एवं महत्व, बचत के तरीके, निवेश के साधन बैंक, डाकघर, जीवन, बीमा, भविष्य निधि (PPF, PF. & G.P.F.) यूनिट्स, निवेश के साधन चुनने का आधार, जोखिम सुरक्षा, लाभ और कर में बचत।

उपभोक्ता संरक्षण एवं शिक्षण अर्थ, उपभोक्ता के समक्ष आने वाली समस्याएँ या मुश्किलें, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम (1986) और सेवाएँ, उपभोक्ता सहायता के साधन, लेबल, मानवीकरण चिन्ह विज्ञापन, मार्गदर्शक पुस्तिका, पत्रिका, उपभोक्ता, शिकायत निवारण संगठन।

इकाई-IV : मेरे परिधान (पीरियड-35)

वस्त्र एवं उनका व्यक्तित्व से सम्बन्ध कला के तत्व रेखा, रंग व बनावट। डिजाइन के तत्व संतुलन, लय अनुपात, अनुरुपता और दबाव, वस्त्रों के चुनाव को प्रभावित करने वाले कारक व्यक्तितव, आयु, मौसम, व्यवसाय, शारीरिक बनावट (आकार) अवसर, चलन। कपड़े का चुनाव व खरीदारी वस्त्र खरीदने का प्रयोजन, गुणवत्ता, मूल्य, मौसम, विश्वसनीय दुकान, कितनी मात्रा आवश्यक है। लम्बाई एवं चौड़ाई की जरूरत।

सिले-सिलाए वस्त्रों की माप व गुणवत्ता की जाँच सिले-सिलाए वस्त्रों की आवश्यकता एवं पैमाना सिलाई, तुरपाई, बटन-पट्टी, बन्द करने के साधन (हुक, आई आदि) कारीगरी, नमूना और लटकनशीलता या फॉल।

कपड़ों की देखभाल कपड़ों को साफ करने व दाग हटाने के कुछ सामान्य नियम व सावधानियाँ। कपड़ों की धुलाई में काम आने वाले सहायक-पदार्थ साबुन और डिटर्जेंट (आधारभूत अन्तर), वस्त्रों का संरक्षण व संग्रह करने के नियम।

इकाई-V : गृह-विज्ञान के प्रशिक्षण की उपयोगिता (पीरियड-3)

गृह-विज्ञान सम्बन्धी जानकारी की दैनिक जीवन में उपयोगिता।

परिवार की आय-सम्पूर्ति में कुछ सीखी गई क्षमताओं का उपयोग।

गृह-विज्ञान की मदद से स्वरोजगार व व्यवसायिक क्षमता को विकसित किया जा सकता है।

इस विषय को भविष्य में आजीविका का साधन बनाने हेतु कुछ प्रशिक्षणों की आवश्यकता होती है।

इन प्रशिक्षणों हेतु विभिन्न स्रोत व सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

प्रयोगात्मक गृह-विज्ञान

कक्षा-XII

एक प्रश्न पत्र	समय : 3 घण्टे	अंक : 30
इकाई		**अंक**
1. शिशुओं को जानें		03
2. परिवार एवं स्वयं के लिए पोषण		11
3. धन-व्यवस्था और उपभोक्ता शिक्षण		03
4. मेरे परिधान		06
5. गृह-विज्ञान के प्रशिक्षण की उपयोगिता		-
फाईल		05
मौखिक प्रश्न		02
	कुल	**30**

इकाई-I : शिशुओं को जानें (0-3 वर्ष)

1. अपने पड़ोस या घर पर किसी एक शिशु का निरीक्षण करके उसके क्रियात्मक और शारीरिक विकास के विभिन्न आयामों/चरणों का अध्ययन करो और तालिका बनाओ।
2. (0-3) साल तक के बच्चे के विकास के चरणों की तालिका बनाओ।
3. कामकाजी महिलाओं का साक्षात्कार करने के लिए सूची-पत्र बनाना।
4. किन्हीं तीन कामकाजी महिलाओं का साक्षात्कार करें और यह जाने की वह काम पर जाने से पहले अपने (0-3 साल) के बच्चे को किस तरह की वैकलिपक देखरेख में छोड़ती है।
5. 0-3 साल तक के बालक के लिए टीकाकरण तालिका बनाएं।

इकाई-II : परिवार एवं स्वयं के लिए पोषण

1. अपने परिवार के लिए आहार-तालिका का आयोजन करें और उसमें निम्न व्यक्तियों की आवश्यकतानुसार उचित परिवर्तन करें।

   (i) गर्भवती स्त्री।

   (ii) स्तनपान करवाने वाली माता।

   (iii) अतिसार से ग्रस्त व्यक्ति।

   (iv) ज्वर से पीड़ित व्यक्ति।

   इस आहार तालिका में से कोई एक व्यंजन बनाकर परोसे।
2. जीवन रक्षक घोल का निर्माण करना।

3. साधारण आहरीय मिलावट की जाँच के लिए परीक्षण

(i) चाय पत्ती

(ii) अनाज

(iii) दालें

(iv) दूध व दूध से बने पदार्थ

(v) धनिया पाउडर।

(vi) लाल मिर्च

(vii) हल्दी पाउडर

(viii) गुड़

(ix) साबुत काली मिर्च

इकाई–III : धन व्यवस्था और उपभोक्ता शिक्षण

1. बैंक या डाकघर में खाता खोलना। बैंक और डाकघर में खाता खोलने के विधि का पता लगाएं और उचित फार्म इकट्ठा करके भरें।
2. बैंक/डाकघर से विभिन्न तरह के फार्म इकट्ठा करके भरें।
3. घर पर इस्तेमाल होने वाली किन्हीं चार वस्तुओं के लेबल का निरीक्षण व मूल्यांकन करें। खासतौर पर उन वस्तुओं का जिन पर मानकीकरण चिन्ह हो।
4. घर पर इस्तेमाल होने वाली किन्हीं चार वस्तुओं के लेबल बनाए जिन पर क्रमशः ISI, FPO और एगमार्क का निशान हो।

इकाई–IV : मेरे परिधान

1. सिलाई में प्रयोग आने वाले टाँकों के नमूने बनाए।

(क) आधारभूत टाँके

(i) कच्चा टाँका

(ii) तुरपाई

(iii) चोर सिलाई

(iv) इन्टर लांकिग

(ख) बन्द करने के साधन

(ग) पैबन्द लगाना (पैच वर्क)

या

एक एप्रेन बनाए जिस पर ऊपर लिखे सारे टाँकों का इस्तेमाल किया गया हो।

2. सिले-सिलाए कपड़ों की गुणवत्ता की जाँच करें।
3. जल के विभिनन तापमानों का विभिन्न वस्त्रों पर क्या प्रभाव पड़ता है? जाँच करें और निष्कर्ष निकालें कि यह ज्ञान आपको किस प्रकार कपड़े, धोते समय मदद करेगा।
4. विभिन्न प्रकार के धब्बों को छुड़ाना

(i) चाय

(v) बॉल पेन की स्याही

(ii) कॉफी

(vi) लिपिस्टक

(iii) रसेदार सब्जी

(vii) रक्त

(iv) ग्रीस

5. साबुन/डिटेरजैन्ट बनाना (तरल/टिक्की/पाउडर)

परीक्षक के लिए निर्देश :–

वर्ग 'क'

1. **इकाई-I : शिशु को जानें**

वर्ग 'क' में प्रश्न 1 के लिए इस इकाई में से कोई एक प्रश्न चुनें। प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।

मील के पत्थर/टीकाकरण सूची/साक्षात्कार सूची

2. **वर्ग 'ख'**

इकाई-II परिवार एवं स्वयं के लिए पोषण

वर्ग 'ख' में प्रश्न-2 के लिए इस इकाई के पहले प्रश्न में से किसी एक व्यक्ति के लिए आहार आयोजन करें। इस प्रश्न के लिए 8 अंक निर्धारित हैं। अंकों को बाँटने का तरीका इस प्रकार है।

(i)	आयोजन और खाद्य पदार्थों का चुनाव (व्यक्ति की खास आवश्यकताओं के अनुसार)	2 अंक
(ii)	तैयार व्यंजन (पाक कला)	3 अंक
(iii)	परोसने का तरीका	2 अंक
(iv)	काम करने का तरीका व कार्य स्थान	1 अंक

3. वर्ग 'ख' में **प्रश्न 3** के लिए इस इकाई के अन्य प्रश्नों में से कोई एक प्रश्न चुनें। इस प्रश्न के लिए अंक 3 निर्धारित हैं।

जीवन रक्षक घोल

या

खाद्य मिलावट की जाँच

1 अंक सही परीक्षण के लिए

2 अंक मिलावट की सही पहचान के लिए।

4. **वर्ग 'ग'**

इकाई-III धन व्यवस्था और उपभोक्ता शिक्षणः वर्ग 'ग' में **प्रश्न 4** के लिए इस इकाई में से कोई एक प्रश्न चुने। इस प्रश्न के लिए **3 अंक** निर्धारित है।

अंकों को बाँटने का तरीका :

उचित फार्म का चुनाव	1 अंक
उचित तरीके से भरना	2 अंक
या	
लेबल बनाना	2 अंक
उचित मानकीकरण चिन्ह	1 अंक

5. वर्ग 'घ'

इकाई IV : मेरे परिधान : इस इकाई से दो प्रश्नों का चुनाव करें। वर्ग 'घ' में **प्रश्न 5** के लिए इस इकाई से निम्न में से कोई एक प्रश्न चुनें। इस प्रश्न के लिए **3 अंक** निर्धारित हैं।

टॉकी बनाना (कोई एक)

या

सिले-सिलाए वस्त्रों की जाँच करना

या

विभिन्न वस्त्रों पर पानी के तापमान के प्रभाव को जाँचना।

6. वर्ग 'घ' में **प्रश्न 6** के लिए इकाई IV से निम्न में से कोई एक प्रश्न चुनें। इस प्रश्न के लिए **3 अंक** निर्धारित हैं।

कोई एक धब्बा छुड़ाना।

या

साबुन बनाना

7. फाईल/कक्षा रिकार्ड	अंक-5
8. मौखिक प्रश्न	अंक-2

मौखिक प्रश्न परीक्षा में दिए गए प्रयोगों में से ही होने चाहिए।

सामान्य निर्देश–

1. दिए गए विकल्पों में से ही प्रश्नों का चुनाव करें।
2. व्यंजन बनाने का अर्थ है बनाने का सही तरीका, भोज्य पदार्थों का उचित इस्तेमाल और तैयार व्यंजन।
3. साफ सुथरा कार्य।
4. कुछ छः प्रश्नों का चुनाव करना है, जो इस प्रकार है :

वर्ग क में से एक प्रश्न	3 अंक
वर्ग 'ख' में से दो प्रश्न	8+3 =11 अंक
वर्ग 'ग' में से एक प्रश्न	3 अंक
वर्ग 'घ' में से दो प्रश्न	3+3=6 अंक
कक्षा रिकार्ड	5 अंक
मौखिक प्रश्न	2 अंक
कुल	**30 अंक**

प्रश्नों की सूची

प्रश्न 1. वर्ग क में चुने जाने वाले प्रश्नों की सूची

(कोई एक चुने) अंक 3

1. (0-1) साल तक के शिशु के शारीरिक विकास के चरण लिखो।
2. (0-3) साल तक के शिशु के क्रियात्मक विकास के चरण लिखो।
3. (0-3) साल तक के बच्चे के भाषा विकास के विभिन्न चरण लिखो।
4. (0-3) साल तक के बच्चों के लिए टीकाकरण तालिका बनाओ।
5. कामकाजी महिला का साक्षात्कार करने के लिए सूत्री पत्र बनाओ और यह जाने कि उसकी अनुपस्थिति में पूर्व-स्कूलगामी बच्चे की देखभाल कौन करता है।

प्रश्न 2 वर्ग ख में चुने जाने वाले प्रश्न **अंक-8**
(कोई एक प्रश्न चुनें)

1. परिवार के लिए एक दिन का आहार आयोजन करें और उसमें निम्न में से किसी एक व्यक्ति के लिए जरूरी परिवर्तन करें।

   (i) स्तनपान कराने वाली माता

   या

   (ii) गर्भवती स्त्री

   या

   (iii) अतिसार से ग्रस्त व्यक्ति

   या

   (iv) ज्वर से पीड़ित व्यक्ति

   इस आयोजन में से कोई एक परिवर्तित व्यंजन बनाकर परोसे।

प्रश्न 3. वर्ग ख में चुने जाने वाले प्रश्न अंक-3

(कोई एक चुने)

1. जीवन रक्षक घोल बनाए।
2. दिए गए खाद्य पदार्थों में मिलावटी वस्तु का नाम बताएँ और उसकी जाँच करें (निम्न में से कोई एक चुने)

   (i) अनाज

   (ii) दाल

   (iii) दूध व दूध से बने पदार्थ

   (iv) चाय पत्ती

   (v) धनिया पाउडर

   (vi) गुड़

   (vii) हल्दी पाउडर

   (viii) साबुत काली मिर्च

प्रश्न 4 वर्ग ग में चुने जाने वाले प्रश्न **अंक-3**

(कोई एक प्रश्न चुने)

1. निम्न के लिए उचित फार्म का चुनाव करें और भरकर दिखाएँ :
   (i) कम पैसे निकालने की पर्ची
   (ii) अधिक पैसे निकालने की पर्ची
   (iii) पैसा जमा करवाने की पर्ची
   (नकद या चैक द्वारा)
   (iv) बैंक में खाता खोलने का फार्म
2. किसी एक खाद्य पदार्थ का लेबल उचित मानकीकरण चिन्ह के साथ बनाएं।

प्रश्न 5. वर्ग घ में चुने जाने वाले प्रश्न

(कोई एक प्रश्न चुने) **अंक-3**

1. किसी एक टाँके का नमूना बनाओ :
   (i) तुरपाई
   (ii) कच्चा टाँका
   (iii) चोर सिलाई
   (iv) इन्टर लॉकिंग
   (v) बन्द करने के साधन हुक और बटन
2. सिले सिलाए वस्त्र की किन्हीं दो बिन्दुओं पर जाँच करें और लिखें।
   (सिलाई, बन्द करने के साधन, पैच, कढ़ाई और कपड़े की संरचना, कपड़े का प्रकार सूती, रेशमी, ऊनी या टेरीकॉट)
3. निम्न कपड़ों पर पानी के तापमान का क्या असर पड़ता है। परीक्षण करें और लिखें।
   (i) सूती, (ii) ऊनी, (iii) सिल्क, (iv) नाईलोन और (v) टेरीकॉट
   पानी का तापमान ठण्डा, गुनगुना और गर्म

प्रश्न 6. वर्ग 'घ' में चुने जाने वाले प्रश्न

(कोई एक प्रश्न चुने) **अंक-3**

1. सूती कपड़े पर लगा कोई एक धब्बा छुड़ा कर दिखाएं :
   (i) चाय
   (ii) काफी
   (iii) रसेदार सब्जी
   (iv) ग्रीस
   (v) बॉल पैन की स्याही
   (vi) लिपस्टिक
   (vii) रक्त
2. तरल साबुन बनाओ।
3. डिटरजैन्ट पाउडर बनाओ।

स्कूल द्वारा विद्यार्थी को दी जाने वाली सामग्री :–

1. खाना बनाने के बर्तन।
2. मिलावटी खाद्य पदार्थ।
3. खाद्य पदार्थों की जाँच के लिए जरूरी रासायनिक पदार्थ।
4. धब्बे का नमूना।
5. धब्बा छुड़ाने के लिए जरूरी सामग्री।
6. सूखे व ताजे खाद्य पदार्थ बेसन, दाल, सब्जियाँ, दूध, मसाले आदि। (प्रश्न पत्र के अनुसार)
7. बैंक या डाकघर की पर्ची/फार्म।
8. गोंद
9. लेबल बनाने के लिए कागज और ड्राइंग शीट
10. तापमान का असर जाँचने के लिए विभिन्न प्रकार के कपड़ों के नमूने।
11. साबुन या डिटेरजैन्ट बनाने का सामान।
12. पानी की व्यवस्था।

विद्यार्थी द्वारा लाया जाने वाला सामान :–

1. परोसने के बर्तन और चाकू, चम्मच आदि।
2. मेज़पोश, रूमाल, ट्रे-कवर।
3. ट्रे
4. रंग, ब्रुश, रबड़, पैन्सिल, फुटा आदि।
   (लेबल बनाने के लिए सामग्री)
5. 10×10 से.मी. का कपड़ा (टाँकी बनाने के लिए)
6. सिला-सिलाया वस्त्र।
7. धागा, सूई, हुक, बटन।
8. पुराने कपड़े-2
9. पुराने अखबार-2 पेज
10. फाईल।

13. कृषि (कोड सं. 068)

कक्षा-11 (सैद्धांतिक)

एक प्रश्न पत्र (सैद्धांतिक) **समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 70**

इकाई अनुसार अंक

इकाई	अंक
1. कृषि मौसम विज्ञान, जनन विज्ञान तथा पादप प्रजनन, जीव रसायन विज्ञान तथा सूक्ष्म जैविकी	35
2. पशुधन उत्पादन	35

इकाई 1. कृषि मौसम विज्ञान, जनन विज्ञान तथा पादप प्रजनन,
जीव रसायन विज्ञान तथा सूक्ष्म जैविक **84**

कृषि मौसम विज्ञान : मौसम के तत्व वर्ष, तापमान, आद्रता, पवन वेग, 16 पीरियड
धूप मौसम का पूर्वानुमान, फसल उत्पादन से जलवायु परिवर्तन का संबंध।

जनन विज्ञान तथा पादप प्रजनन

(क) कोशिका तथा उसकी संरचना, कोशिका विभाजन-समसूत्रण तथा अर्धसूत्रण और उनका महत्व।

(ख) क्रोमोसोमों में जननिक सामग्री का संगठन, डी.एन.ए. तथा आर.एन.ए।

(ग) वंशागति के मेंडल नियम। मेंडल की अपने प्रयोगों में सफलता के कारण, मेन्डल के प्रयोगों में सहलग्नता का अभाव।

(घ) सहलग्नता तथा जीन विनिमय। लिंग सहलग्न वंशागति।

(ङ) मात्रात्मक वंशागति, पौधों में सतत तथा असतत विविधता, एक्जीनी तथा बहुजीनी वंशागति।

(च) पादप प्रजनन में जनन विज्ञान की भूमिका, स्वपरगित तथा पर-परगित फसलें, फसलों में प्रजनन की विधियां-परिचय, चयन, संकरण, उत्परिवर्तन तथा बहुगुणितता, ऊतक तथा कोशिका संवर्ध।

(छ) **पादप जैव-तकनीकी** : परिभाषा फसल उत्पादन की संभावनाएं।

जीव रसायन विज्ञान : पी.एच. तथा उभयप्रतिरोधी, कार्बोहाइड्रेटों का वर्गीकरण तथा नामन पद्धति, प्रोटीन्स, लिपिड्स, विटामिन्स तथा एन्जाइम्स।

सूक्ष्म जैविकी : सूक्ष्मजीवी कोशिका-संरचना, सूक्ष्म जीव-शैवाल, जीवाणु कवक, ऐक्टिनोमाइसिटीज, प्रोटोजोआ तथा विषाणु। श्वसन किण्वन तथा जैव पदार्थ के अपघटन में सूक्ष्म जीवों की भूमिका।
20 पीरियड

इकाई 2. पशुधन उत्पादन **84 पीरियड**

क्षेत्र एवं महत्व **16 पीरियड**

(क) कृषि तथा उद्योग में पशुधन का महत्व।

(ख) भारत में गायों, भैंसों तथा मुर्गियों की महत्वपूर्ण नस्लें (भारतीय तथा विदेशी) तथा उनका वितरण।

देखभाल तथा प्रबंध **52**

(क) पशुओं तथा कुक्कुट घरों की प्रणालियां।

(ख) चारा डालने के सिद्धांत चारा डालने की रीतियां।

(ग) संतुलित राशन-परिभाषा तथा घटक।

(घ) बछड़ों बैलों, गाभिन तथा दुधारू पशुओं और चूजों, पट्ठामुर्गों तथा अंडा देने वाली मुर्गियों, कुक्कुटशाला का प्रबंध।

(ङ) बीमार पशुओं के लक्षण, पशुओं तथा मुर्गियों में सामान्य बीमारियों के लक्षण, पशु प्लेग, जहरबाद, खुरपका मुंहपका; ऊधशोध तथा गलघोटू, काक्सिडियोसिस। कुक्कुट माता तथा रानीखेत रोग, उनकी रोकथाम तथा नियंत्रण।

कृत्रिम वीर्य संचयन

जननेन्द्रियां, वीर्य का संग्रहण, तनूकरण तथा संरक्षण और कृत्रिम वीर्य संचन, पशु-सुधार में कृत्रिम वीर्य संचन की भूमिका।

पशुधन उत्पादन-पशुधन उत्पाद का प्रसंस्करण तथा विपणन।

कक्षा-11 (सैद्धांतिक)

एक प्रश्न पत्र (सैद्धांतिक) **समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 30**

इकाई अनुसार अंक

इकाई	**अंक**
(क) पशुधन प्रायोगिक	16
(ख) अवलोकन	05
(ग) संग्रहण तथा दौरे	05
(घ) मौखिक परीक्षण	04

(क) पशुधन प्रायोगिक कार्य **38 पीरियड**

(क) खेत में काम/दवा पिलाने/नाल लगाने के लिए बैलों को संभालना।

(ख) दुधारू पशुओं के मूल्यांकन के लिए प्राप्तांक कार्ड विधि।

(ग) गायों में मद के लक्षण।

(घ) खरहरना।

(ङ) पशुओं की आयु का पता लगाना।

(च) जानवरों के लिए राशन की संगणना।

(छ) सूखी घास तथा साइलेज तैयार करना।

(ज) खेती के जानवरों के शारीरिक वजन का परिकलन।

(झ) गाभिन तथा दुधारू पशुओं की देखभाल तथा संभाल।

(ञ) कुछ सामान्य औषधियों का सेवन कराना।

(ट) बीमार जानवरों के लक्षणों का अध्ययन।

(ठ) दूध, वसा तथा घनत्व का परीक्षण करना।

(ङ) गाया/भौसों को दुहना।

(ढ) पशुशालाओं की सफाई तथा रखरखाव।

(ण) दुग्ध उत्पादन की प्रति कि.ग्रा. लागत का परिकलन।

(त) पक्षियों की कलिंग।

(थ) कुक्कुट घरों की सफाई।

(द) गहरी बिदाली प्रणाली का प्रबंध।

(ध) रिकार्ड रखने और प्रति दर्जन अंडा उत्पादन की लागत का परिकलन करने की विधि।

(न) मुर्गियों के चारे का आकलन।

(ख) अवलोकन **16 पीरियड**

(क) गायों, भौसों तथा कुक्कटों की सामान्य नस्लों की पहचान।

(ख) स्थानीय पशु चिकित्सालय में विश्रृंगीकरण, दागने, गोदने, बधियां करने की विधि का अवलोकन।

(ग) स्थानीय पशु चिकित्सालय में कृत्रिम वीर्य संचन का अवलोकन।

(घ) सामान्य रोगों के प्रति कुक्कुटों को टीका लगाने का अवलोकन।

(ग) संग्रहण तथा दौरे **18 पीरियड**

(क) प्रयोगिक कार्य का रिकार्ड तैयार करना।

(ख) स्थानीय डेयरी तथा पोल्ट्री फार्मों, पादप प्रजनन/जैव तकनीकी प्रयोगशाला तथा कृषि मौसम विज्ञान प्रयोगशाला देखने जाता।

टिप्पणी : विद्यार्थी अपने दौरों के दौरान प्राप्त अनुभव के आधार पर लिखित रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

(घ) मौखिक परीक्षा

कक्षा-12 (सैद्धांतिक)

एक प्रश्न पत्र (सैद्धांतिक) **समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 30**

इकाई अनुसार अंक

	इकाई	**अंक**
1.	फसलोत्पादन	40
2.	उद्यान कृषि (बागवानी)	30

इकाई 1. फसलोत्पादन **96 पीरियड**

परिचय **8 पीरियड**

(क) भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति में खाद्यान्न उत्पादन के लक्ष्य, उपलब्धियां और भविष्य के लिए आंकलन, टिकाऊ फसल उत्पादन कृषि का व्यवसायीकरण तथा भारत में उसकी संभावनाएँ।

(ख) खाद्यान्न, दलहन, तिलहन, रेशेदार, शरकरा तथा चारे वाली फसलों की उपयोगिता के आधार पर उनका वर्गीकरण।

मृदा, मृदा-उर्वरता, उर्वरक तथा खाद **24 पीरियड**

(क) मृदा, मृदा-पी.एच., मृदा की संरचना, मृदा की जोत, मृदा की उर्वरता तथा मृदा स्वास्थ्य।

(ख) पादपों के आवश्यक पोषक तत्व, उनकी भूमिका तथा कमी के लक्षण।

(ग) भारत में मृदा के प्रकार और उनके अभिलक्षण।

(घ) जैव खाद, सामान्य उर्वरक एकाधिक पोषक, जटिल उर्वरकों सहित, उर्वरक मिश्रण जैव उर्वरक समन्वित पोषक तत्त्व प्रबन्धन।

सिंचाई तथा जल निकासी **24 पीरियड**

(क) सिंचाई के स्त्रोत (वृष्टि, नहरें, तालाब, नदियां, कुएं, नल कूप)

(ख) विकास की कठिन अवस्थाओं, समय अंतराल, मृदा में नमी की मात्रा तथा मौसम के पैरामीटरों के आधार पर सिंचाई का कार्यक्रम बनाना।

(ग) फ़सलों के लिए जल की आवश्यकता।

(घ) सिंचाई तथा जल निकास की विधियां।

(ङ) जल संभर प्रबन्धन

खरपतवार नियंत्रण **08 पीरियड**

खरपतवाल नियंत्रण के सिद्धांत, खरपतवार नियंत्रण की विधियां (यांत्रिक, रसायनिक तथा जैविक) तथा उनका समेकित प्रबन्ध।

फसलें **32 पीरियड**

बीज की क्यारी तैयार करना, बीज का उपचार बीजने/सेवने का समय तथा विधि, बीज दर उर्वरक देने, सिंचाई, निराई-गुडाई तथा खरपतवार नियंत्रण की मात्रा, समय तथा विधि, सामान्य कीट तथा रोग, (जीवाणु, फंफूद, विषाणु, निमेटोड द्वारा होने वाले रोग तथा व्याधियां) समन्वित कीट प्रबन्धन कटाई उपरान्त तकनीकी मुख्य फसलों धान, गेहूं, मक्का, ज्वार, बाजरा, मूंगफली, सरसों, अरहर, चला, ईख, कपास, बरसीम की कटाई, गहाई, भंडारण प्रक्रमण एवं विपणन।

इकाई 2. बागवानी **72 पीरियड**

(क) मानव आहार में फलों तथा सब्जियों का महतव, फसल में हेरफेर और संसाधन उद्योग।

(ख) उद्यान-स्थान तथा अभिन्यास, शोभाकारी बागवानी, शाक-वाटिका।

(ग) रोपण प्रणाली, साधना, काट-छांट करना, अंतरा-सस्यन, वायु-अवरोध, पाले तथा आतपदाह से सुरक्षा।

(घ) पेड़, झाड़ी, आरोही, वार्षिक, बहुवर्षी-परिभाषा तथा उदाहरण, बीज, कटाई, कलीकरण, दाब लगाने तथा कलम बांधने द्वारा प्रबर्धन।

(ङ) निम्नलिखित खेती के प्रसंस्करण तथा विपणन की विधियां :

(i) फल-आम, पपीता, केला, अमरूद, सिट्रस, अंगूर।

(ii) सब्जियां-मूली, गाजर, आलू, प्याज, फूलगोभी, बैंगन, टमाटर, सलाद तथा पत्ता गोभी।

(iii) फूल ग्लेडियोलस; केना/गुलदाउदी, गुलाब तथा गेंदा।

(च) फलों तथा सब्जियों के संरक्षण/परिरक्षण के सिद्धांत और विधियां।

(छ) जैली, जैस, कैच-अप चिप्स तैयार करना और उसकी पैकिंग।

कक्षा-12 (सैद्धांतिक)

एक प्रश्न पत्र (सैद्धांतिक) **समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 30**

इकाई अनुसार अंक

इकाई	अंक
(क) फसलों तथा उद्यान कृषि (बागवानी) के प्रायोगिक कार्य	10+6=16
(ख) अवलोकन	05
(ग) संग्रहण तथा दौरे	07
(घ) मौखिक परीक्षण	02

(क) फसलों के प्रायोगिक कार्य **38 पीरियड**

(क) फसलों के बीजों के अंकुरण का प्रतिशत ज्ञात करना।

(ख) मृदा के नमूने निकालना और मृदा में नमी का पता लगाना।

(ग) पौदशाला तथा बीजों की क्यारियां तैयार करना।

(घ) बीजों का कवकनाशियों से उचार और सूक्ष्मजीवी संवर्धन।

(ङ) सिंचाई तथा जलनिकास की नालियों का अभिन्यास।

(च) पोषक तत्वों की आवश्यकता के आधार पर फसलों के लिए उर्वरक की आवश्यकता का परिकलन।

(छ) उर्वरक देने की विधियां।

(ज) बीजने रोपने की विधियां।

(झ) निराई-गुड़ाई की क्रियाएं-निराई करना, मिट्टी चढ़ना।

(ञ) एफ.वाई.एम. तथा कम्पोस्ट तैयार करना।

(ट) कीट-नियंत्रण तथा पोषक तथ्वों के छिड़काव के लिए फुहार तथा धूलित्र के लाभ।

(ठ) फसलों की कटाई।

(ङ) फसल के बीजों में नमी का निर्धारण करना।

(ढ) किसी भी फसल के बीजों के एक हजार की मात्रा या भार ज्ञात करना।

उद्यान कृषि (बागवानी) प्रायोगिक

(क) विद्यालय के बगीचे का अभिन्यास।

(ख) पौधशाला उगाने, गमले लगाने तथा रोपण की तैयारी।

(घ) पेड़ों की कांट-छांट करना और साधना।

(ङ) विद्यालय के लॉन को स्थापित करना और उसका रखरखाव।

(च) टमाटर की कैच-अप तथा फलों के जैम, जैली तैयार करना तथा फल/सब्जियों के चिप्स बनाना।

(ख) अवलोकन **16 पीरियड**

(क) फसलों के बीजों की पहचान।

(ख) विभिन्न फसलों के पौधों तथा खरपतवारों की पहचान।

(ग) खादों तथा उर्वरकों की पहचान।

(घ) विभिन्न प्रकार के औजारों तथा उपकरणों की पहचान।

(ङ) सामान्य स्थानीय नाशक कीटों और पोधों के रोगों की पहचान।

(च) विभिन्न प्रकार के वार्षिक, द्विवर्षीय तथा बहुवर्षीय शोभाकारी की पहचान।

(ग) संग्रहण तथा दौरे **18 पीरियड**

(क) फसल तथा खरपतवार के पौधों का वनस्पति-संग्रह तैयार करना।

(ख) फसल के महत्त्वपूर्ण कीड़ों तथा पौधों के रोगग्रस्त अंगों का संग्रहण तथा परिरक्षण।

(ग) प्रायोगिक रिकार्ड।

(घ) स्थानीय विस्तार एजेंसियों द्वारा आयोजित फसल प्रदर्शनी, कृषि क्रियाओं, खेत दिवस, कृषि मेलों में भाग लेना और उनका दौरा करना।

(ङ) इलाके के महत्त्वपूर्ण फलोद्यान, राज्य अनुसंधान फर्मो/बीज वर्धन फार्मो और कृषि विश्वविद्यालय/कृषि महाविद्यालयों तथा खाद्य प्रक्रमण उद्योगों का भ्रमण।

टिप्पणी : विद्यार्थी अपने दौरों के दौरान प्राप्त अनुभव के आधार पर लिखित रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

(घ) मौखिक परीक्षा

कृषि प्रायोगिक

(क) प्रयोगों की सूची

1. बताए गए कीड़ों की प्रति कीटनाशी के साथ बीज का उपचार।
2. दिये गए फसल के एक हजार बीजों का भार ज्ञात करें।
3. एक 10 हैक्टेयर के फार्म की या एक हैक्टेयर के विद्यालय उद्यान खेत के लिए सिंचाई तथा जल निकास की नालियों की अभिन्यास योजना बनाएं।
4. मृदा की नमी/पी.एच. का पता लगाने के लिए मृदा के नमूने लेना।
5. बताए गए खाद्यान्न तथा सब्जी की फसल के लिए आदर्श बीज क्यारी/नर्सरी क्यारी तैयार करना।
6. बताई गई फसल के निर्दिष्ट क्षेत्र के लिए उर्वरक की आवश्यकता का परिकलन करना।
7. खेत की किसी विशिष्ट फसल में बताए हुए कीड़े के प्रति एक निर्दिष्ट क्षेत्र में अपेक्षित कीटनाशी की मात्रा का परिकलन। इसके अनुप्रयोग की विधि भी प्रदर्शित करें।
8. प्रदर्शित करें कि आपको दी गई फार्म की अपशिष्ट सामग्री से आप आदर्श कम्पोस्ट कैसे तैयार करेंगे।
9. सब्जी/फल के बताए गए उत्पादन तैयार करें।
10. बताए गए पौधे के प्रवर्धन की आदर्श विधि, प्रदर्शित करें।

11. दिए गए नमूनों की पहचान करें और उनमें से प्रत्येक पर दो पंक्ति की टिप्पणी लिखें।
12. प्रयोगों की रिकार्ड, संग्रहण, सत्र कार्य, गमले के पौधों का रखरखाव और दौरे की रिपोर्ट।
13. मौखिक परीक्षा।

(ख) मूल्यांकन के लिए सामान्य दिशानिर्देश :

1. (i) परीक्षक उपर्युक्त पहले 7 प्रायोगिक अभ्यासों में से कोई एक दे दें। उसके 10 अंक होंगे।
   (ii) वे अगले दो प्रयोगों (8 तथा 9) में से एक देंगे, जिसके 6 अंक होंगे।
   (iii) पहचान के लिए अध्यापक पांच मदें देगा। हर मद का एक अंक होगा (½ अंक पहचान के लिए और ½ अंक दो पंक्ति की टिप्पणी के लिए (5 अंक)।
   (iv) प्रयोगों के रिकार्ड तथा गमले के पौधों के रखरखाव के लिए दो-दो अंक होंगे। संग्रहण, सत्र कार्य तथा दौरे की रिपोर्टों के लिए एक-एक अंक (7 अंक)।
   (v) मौखिक परीक्षा के दो अंक होंगे।
2. खेतों के प्रयोगों, फल परिरक्षण तथा प्रवर्धन की विधियों के लिए विद्यार्थी के उत्तर पुस्तिका में यह लिखना होगा कि कौन-सी विधि अपनाई गई है और कौन-कौन सी एहतियात बरतना जरूरी है।

प्रस्तावित संदर्भ :

1. गार्डन फ्लावर्स, ले.वी. स्वरूप, नेशनल बुक ट्रस्ट ऑफ इंडिया।
2. शस्य विज्ञान के मूलभूत सिद्धांत, ले.यू.के. वर्मा, हिन्दी ग्रंथ अकादमी, पटना (बिहार)।
3. माडर्न टेक्नीक्स ऑफ रेजिंग फील्ड क्रॉप्स, ले छिद्‌दा सिंह, ऑक्स फोर्ड एण्ड आई.बी.एच. पब्लिशिंग कं. नई दिल्ली।
4. मेन्योर्स एण्ड फर्टिलाइजर्स, ले.के.एस. यावलका जे.पी. अग्रवाल तथा एस. बोकड़े।
5. फ्रूट्स, लेखक रणजीत सिंह, नेशनल बुक ट्रस्ट, नई दिल्ली।
6. वैजिटेबल, ले.बी. चौधरी, नेशनल बुक ट्रस्ट, नई दिल्ली।
7. इम्पार्टेट ब्रीडल ऑफ कैटल एण्ड बुफैलोज, आई.सी.ए.आर. नई दिल्ली।
8. हैंडबुक ऑफ एनिमल हस्बैडरी, आई.सी.ए.आर. नई दिल्ली।
9. हैंडबुक ऑफ एनिमल हस्बैंडरी, आई.सी.ए.आर., नई दिल्ली।
10. सायल्ज ऑफ इंडिया, एफ.ए.आई. पब्लिकेशन, नई दिल्ली।
11. प्लाट ब्रीडिंग, ले.बी.डी. सिंह, कल्याणी पब्लिकेशन, नई दिल्ली।
12. जेनेटिक्स, ले.पी.सी. गुप्ता, रस्तोगी पब्लिकेशन, मेरठ (उ.प्र.)।
13. द सायल साइंस, ले.टी.डी. विस्वास तथा एस.के. मुखर्जी, टाटा मैकग्रा-हिल पब्लिकेशन कं.लि. नई दिल्ली।

अनुदेश-एवं प्रायोगिक मैन्युअल, एन.सी.ई.आर.टी. प्रकाशन

(i) एग्रीकल्चरल मिटीयोरालोजी, एन.सी.ई.आर.टी. प्रकाशन।
(ii) मिल्क एण्ड मिल्क प्रोडक्ट्स, एन.सी.ई.आर.टी. प्रकाशन।
(iii) फीड्स एण्ड फीडिंग ऑफ डेयरी एनीमल्स, एन.सी.ई.आर.टी. प्रकाशन।
(iv) फर्टिलाइजर्स एण्ड मेन्योर्स, एन.सी.ई.आर.टी. प्रकाशन।
(v) सायल एण्ड इट्स प्रोपर्टीज, एन.सी.ई.आर.टी. प्रकाशन।
(vi) प्लांट प्रापेगेशन, एन.सी.ई.आर.टी. प्रकाशन।
(vii) फ्लोरीकल्चर, एन.सी.ई.आर.टी., प्रकाशन।
(viii) फ्रूट कल्चर, एन.सी.ई.आर.टी. प्रकाशन।

14. कम्प्यूटर विज्ञान (कोड 083)

अधिगम उद्देश्य–

1. समस्या के हल के लिए तर्क का विकास करना।
2. लक्ष्य विन्यासित क्रियाविधि की संकल्पना का अवबोधन करना।
3. C^{++} के उपयोग द्वारा लक्ष्य विन्यासित प्रोग्रामन का कार्यान्वयन करना।
4. सम्बन्धपरक डाटाबेस पर कार्य करने की संकल्पना का अवबोधन करना।
5. तर्क के बीजगणित की मूल संकल्पना का अवबोधन करना।
6. संचार तथा नेटवर्क के संसार का अवबोधन तथा अन्वेषण करना।
7. वेब सेवाओं की संकल्पना का अवबोधन करना।
8. स्थानीकरण समस्याओं का अवबोधन करना।

सक्षमताएँ–

विद्यार्थी निम्नलिखित में निपुण हो जाएगा :

1. अभिकलित्र के अवयवों की पहचान करना।
2. लक्ष्य विन्यासित प्रोग्रामन के उपयोग द्वारा समस्या हल करना।
3. डाटाबेस कार्यान्वयन।
4. संचार तथा खुला स्रोत शब्दावली

कक्षा XI सैद्धान्तिक

समयः 3 घन्टे **अधिकतम अंक : 70**

इकाई संख्या	इकाई का नाम	अंक
1	अभिकलित्र-मूलभूत सिद्धान्त	10
2	प्रोग्रामन क्रिया विधि	10
3	C^{++} से परिचय	15
4	C^{++} में प्रोग्रामन	35
		कुल अंक 70

इकाई–1 : अभिकलित्र–मूलभूत सिद्धान्त

अभिकलित्र का विकास, अभिकलित्र तथा इसके प्रचालन के मूलभूत सिद्धान्त, प्रकार्यात्मक अवयव तथा इनके अन्तः संबंध, बूटिंग की संकल्पना।

सॉफ्टवेयर की संकल्पना

सॉफ्टवेयर के प्रकार प्रणाली, सॉफ्टवेयर उपयोगी सॉफ्टवेयर अनुप्रयोग सॉफ्टवेयर प्रणाली सॉफ्टवेयर/प्रचालय।

प्रणाली सॉफ्टवेयर : प्रचालन प्रणाली कम्पाइलर, इन्टरप्रेटर तथा एसेम्बलर

उपयोगी सॉफ्टवेयर ऐन्टीवायरस, फाइल प्रबन्धन टूल, कम्प्रेशन टूल तथा डिस्क प्रबन्धन टूल (डिस्क, क्लीनअप, बैकअप)

टूल की भांति अनुप्रयोग सॉफ्टवेयर वर्ड प्रोसेसर, प्रस्तुतीकरण टूल, स्पीयर्डशीट पैकेज, डाटाबेस प्रबन्धन प्रणाली; व्यवसायी सॉफ्टवेयर (उदाहरणार्थ विद्यालय प्रबन्धन प्रणाली, सम्पत्ति-सूची प्रबन्धन प्रणाली, वेतन चिट्ठा प्रणाली, वित्तीय लेखा, होटल प्रबन्धन, तथा आरक्षण प्रणाली)

प्रचालन प्रणाली प्रचालन प्रणाली की आवश्यकता, प्रचालन प्रणाली के प्रकार्य (प्रोसेसर प्रबन्धन, स्मृति प्रबन्धन, फाइल प्रबन्धन तथा युक्ति प्रबन्धन), प्रचालन प्रणाली के प्रकार इन्टरएक्टिव (GUI आधारित), समय-बांटना, वास्तविक समय तथा बंटित; सामान्यतः उपयोग की जाने वाली प्रचालन प्रणालियाँ, LINUX, WINDOWS, Bharti 00, Solaris, UNIX;

उपरोक्त में से किसी भी एक प्रचालन प्रणाली के उपयोग द्वारा निम्नलिखित कार्यों की व्याख्या तथा अभ्यास :

- विन्डो खोलना/बन्द करना
- फाइलों/फोल्डरों का सृजन/गतिमान करना/निष्कासन
- फाइलो/फोल्डरों का पुनः नामकरण
- कार्यों के बीच अदला-बदली

संख्या प्रणाली बाइनरी, ऑक्टल, डैसीमल, हेक्साडेसीमल तथा दो भिन्न संख्या प्रणालियों के बीच रूपान्तरण।

आन्तरिक भण्डारण; अभिलक्षणों का कोडन ASCI I, ISCI I (Indian Scripts Standard Code for Informaation Interchange), तथा UNICODE (बहुभाषीय अभिकलन के लिए)

माइक्रोप्रोसेसर; मूल संकल्पना, क्लॉक स्पीड (MH_Z, GH_Z), 16 bit, 32 bit, 64 bit, प्रोसेसर : प्रकार CISC, RISC;

स्मृति संकल्पना :

मात्रक : Byte, kilobyte, Megabite, Gigabite, Terabite, Petabite

प्राथमिक स्मृति : Cache, RAM, ROM

द्वितीयक स्मृति : हार्ड डिस्क ड्राइव, CD/DVD ड्राइव, पेन ड्राइव, ब्ल्यू रे डिस्क

निवेश निर्गत पोर्ट/संयोजन : सीरियल, पार्श्व तथा सार्वत्रिक सीरियल बस, PS-2 पोर्ट, अवरक्त पोर्ट, ब्ल्यूटूथ

इकाई–2 : प्रोग्रामन क्रियाविधि

व्यापक संकल्पना, मॉड्युलर दृष्टिकोण, व्यंजकों की स्पष्टता एवं सरलता, पहचानकर्ता के उचित नाम का प्रयोग, टीका-टिप्पणियाँ, प्रोग्राम प्रलेखन तथा अनुरक्षण, प्रोग्रामों को चलाना तथा दोष मार्जन करना, वाक्य रचना त्रुटियाँ, रन-टाइम त्रुटियाँ, तार्किक त्रुटियाँ

समस्या-हल करने की कार्यविधि तथा तकनीक, समस्या अवबोधन, निर्गत के लिए आवश्यक निवेशों की न्यूनतम संख्या की पहचान, समस्या का चरणबद्ध हल, हल को सरल चरणों में बाँटना, हल के आवश्यक अंकगणितीय तथा तार्किक प्रचालनों की पहचान, नियन्त्रित संरचना का उपयोग करना, प्रतिबन्धित नियन्त्रण तथा पाशन (परिमित एवं अपरिमित)

इकाई–3 : C++ से परिचय

आरम्भिक तैयारियाँ

C++अभिलक्षण सेट, C++ टोकन (अभिनिर्धारक, संकेत शब्द, स्थिरांक, प्रचालक) C++ प्रोग्राम की संरचना (फाइलें सम्मिलित करना, प्रमुख प्रकार्य); हीडर फाइलें, आइओस्ट्रीम h, आइओमैनिप h; cout, cin; I/O प्रचालकों का उपयोग (<< तथा >>), endl तथा setw () के उपयोग, I/O प्रचालकों का सोपानीकरण, त्रुटि सन्देश, सम्पादक का उपयोग, सम्पादक के मूलभूत आदेश, संकलन, सम्पर्क तथा क्रियान्वयन, C भाषा से मानक निवेश/निर्गत प्रचालन; gets (), puts () of Stdio. h. हीडर फाइल।

डाटा प्रकार, चर तथा स्थिरांक

डाटा प्रकार की संकल्पना, अन्तः निर्मित डाटा प्रकार : char, int, float तथा double; स्थिरांक, पूर्णांक स्थिरांक अभिलक्षण स्थिरांक (पिच्छट अभिलक्षण स्थिरांक -/n, /t), फ्लोटिंग पाइंट स्थिरांक, स्ट्रिंग स्थिरांक अभिगम परिवर्तक। **Const;** अन्तः निर्मित डाटा प्रकार के चर, चरों की घोषणा/प्रारम्भीकरण; नियतन प्रकथन, टाइप परिवर्तक, हस्ताक्षरित, अहस्ताक्षरित, लम्बा।

प्रचालक तथा व्यंजक

प्रचालक; अंकगणित प्रचालक (-, +, *, /, %) यूनैरी प्रचालक, (-), वृद्धि तथा ह्रास प्रचालक (-, ++), सम्बन्धक प्रचालक (>, > =, <,< =,= =, ! =) तार्किक प्रचालक (l, &&, ll), सशर्त प्रचालक <condition> ? <if true> : <else>; प्रचालकों का पूर्व उदाहरण, व्यंजक; व्यंजकों में स्वतः प्रकार के रूपान्तरण, टाइप कास्टिंग, C^{++} आशुलिपियाँ (+ =, - +, * =, / =, % =)

इकाई–4 : C^{++} में प्रोग्रामन

नियन्त्रण का प्रवाह

सशर्त प्रकथन; if-else, नीडित if, switch... care... default, नीडित switch... case भंग प्रकथन (केवल switch... case में ही प्रयोग करने हैं); पाश : while, do-while, for तथा नीडित पाशा

अभिलक्षण प्रकार्य

हीडर फाइल : Ctype. h

प्रकार्य : isalnum (), isalpha (), isdigit, is lower (), isupper (), toower (), toupper (),

String प्रकार्य

हीडर फाइल : string. h

प्रकार्य : is alnum (), is alpha (), is digit (), is lower (), is supper (), tolwer (), toupper ()

गणितीय प्रकार्य

हीडर फाइल math. h stdlib. h;

प्रकार्य : randomize (), random ()

उपभोक्त–पारिभाषित प्रकार्य

प्रकार्य को पारिभाषित करना, प्रकार्य आदिप्ररूप, प्रकार्य की याचना/पुकार, तर्कों को प्रकार्य की ओर अग्रसर करना, तर्क विशिष्टीकरण का डाटा प्रकार, व्यतिक्रम तर्क, स्थिरांक तर्क, मूल्य द्वारा पुकार, सन्दर्भ द्वारा प्रकार, प्रकार्य द्वारा मूल्य को वापस करना, व्यूहों के साथ प्रकार्यों की पुकार करना, प्रकार्यों तथा चरों के विस्तार नियम, स्थानीय तथा वैश्विक चर।

संरचित डाटा प्रकार : व्यूह

एक विमीय व्यूह की घोषणा/प्रारम्भीकरण, व्यूह अवयवों का निवेशन, व्यूह अवयवों की पहुंच, व्यूह अवयवों का जोड़-तोड़ (अवयवों का योग, अवयवों का गुणनफल, अवयवों का औसत, रैखिक खोज, अधिकतम/न्यूनतम मान ज्ञात करना)

स्ट्रिंग की घोषणा/प्रारम्भीकरण, स्ट्रिंग जोड़-तोड़ स्वरों/व्यंजनों/अंक/विशेष अभिलक्षणों की गिनती करना, प्रकरण रूपान्तरण, स्ट्रिंग का उत्क्रमण, स्ट्रिंग के प्रत्येक शब्द का उत्क्रमण);

दो विभीय व्यूह

दो विमीय व्यूह की घोषणा/प्रारम्भीकरण, व्यूह अवयवों का निवेश, व्यूह अवयवों की पहुँच, व्यूह अवयवों की जोड़-तोड़ (पंक्ति अवयवों का योग, स्तम्भ अवयव, विकर्ण अवयव, अधिकतम/न्यूनतम मान ज्ञात करना।

उपभोक्ता पारिभाषित डाटा प्रकार

उपभोक्ता पारिभाषित डाटा प्रकार की आवश्यकता।

संकेत शब्दों के प्रकारों का उपयोग करके प्रतीक नाम की परिभाषा करना तथा # Define direetivie का उपयोग करके macro की परिभाषा लिखना।

संरचनाएँ

संरचना की परिभाषा करना, संरचना चरों की घोषणा करना, संरचना अवयवों तक पहुँच, मान तथा सन्दर्भ कोणांक/प्राचल के रूप में संरचना का प्रकार्य की अग्रसर करना, प्रकार्य वापसी संरचना, संरचनाओं का व्यूह, किसी व्यूह की संरचना को किसी कोणांक/प्राचल के रूप में प्रकार्य की ओर अग्रसर करना।

कक्षा XI (प्रायोगिक)

समयः 3 घन्टे **कुल अंक : 70**

1. C^{++} में प्रोग्रामन

परीक्षा के समय अभिकलित्र में C^{++} में एक प्रोग्रामन समस्या विकसित एवं परखी जानी है। अंकों का आंवटन निम्नलिखित के आधार पर किया गया है :

तर्क	:	5 अंक
प्रलेखन/दन्तुरीकरण	:	2 अंक
निर्गत प्रस्तुतीकरण	:	3 अंक

2. प्रायोजना कार्य

स्ट्रिंग, संख्या तथा व्यूह जोड़-तोड़ सम्बन्धी समस्याएँ।

व्यापक मार्गदर्शन

आरम्भिक आवश्यकता, उपभोक्ता के लिए अन्तरापृष्ठ विकसित करना (पाठ्य वस्तु आधारित अन्तरापृष्ठ स्क्रीन को उपयोग करने का परामर्श दिया जाता है) खेल खेलने के लिए तर्क विकसित करना तथा अंक अर्जित करने के लिए तर्क विकसित करना।

1. स्मृति खेल : संख्या अनुमान लगाने का एक ऐसा खेल जिसमें ऐसे दो विमीय व्यूहों का अनुपयोग होता हो जिनमें बॉक्सों की भीतर यादृच्छिक रूप से जनित युगलों में संख्याएँ छिपी हैं।

2. Cross' N Knots Game : एक नियमित tic, tec, toe खेल

3. हॉलीवुड/हैंगमैन : शब्द अनुमान लगाने का खेल

4. Cow' N Bulls : शब्द/संख्या अनुमान लगाने का खेल

अन्य क्षेत्रों में इसी प्रकार की प्रायोजनाएँ ली जा सकती हैं।

(जैसा कि पाठ्यक्रम के अन्त में दिए गए प्रायोजना के लिए सामान्य मार्गदर्शन में वर्णन किया गया है प्रायोजना कार्य 2-4 विद्यार्थियों के समूह में किया जाना है।)

3. **प्रायोगिक फाइल** **05**

कक्षा XI के पाठ्यक्रम के अन्तर्गत अध्ययन की गयी विषयवस्तु से कम से कम 15 प्रोग्राम होने चाहिए।

- 5 प्रोग्राम नियन्त्रित संरचनाओं पर
- 4 प्रोग्राम व्यूह जोड़-तोड़ पर
- 4 प्रोग्राम स्ट्रिंग जोड़-तोड़ पर
- 2 प्रोग्राम संरचना जोड़-तोड़ पर

4. मौखिक प्रश्न **05**

मौखिक प्रश्न कक्षा XI के पाठ्यक्रम तथा विद्यार्थी द्वारा विकसित प्रायोजना पर पूछे जाएँगे।

कक्षा XII (सैद्धान्तिक)

समयः 3 घन्टे

इकाई संख्या	इकाई का नाम	अंक
1	C++ में प्रोग्रामन	30
2	डाटा संरचनाएँ	14
3	डाटाबेस तथा SQL	08
4	बूलियन तर्क	08
5	संचार तथा खुला स्रोत संकल्पनाएँ	10
		कुल 70

इकाई-1 : C++ में प्रोग्रामन

पुनरीक्षण : कक्षा XI में अध्ययन किया गया C++ पाठ्यक्रम

लक्ष्य विन्यासित प्रोग्रामन

लक्ष्य विन्यासित प्रोग्रामन की संकल्पना डाटा छिपाना, डाटासंपुटन, वर्ग तथा लक्ष्य, अमूर्त वर्ग तथा प्रत्यक्ष वर्ग, बहुसंभाव्यता (बहुसंभाव्यता का कार्यान्वयन C++ में एक उदाहरण के रूप में फन्कशन ओवरलोडिंग का उपयोग करके); वंशागति, पूर्व प्रोग्रामन कार्यविधियों की तुलना में लक्ष्य विन्यासित प्रोग्रामन के लाभ,

C^{++} में लक्ष्य विन्यासित प्रोग्रामन संकल्पनाओं का कार्यान्वयन :

वर्ग की परिभाषा, वर्ग के सदस्य : डाटा सदस्य तथा सदस्य प्रकार्य (विधियाँ), निजी तथा राजकीय दृश्यता विधाओं का उपयोग, वितथ दृश्यता विधा (निजी), सदस्य प्रकार्य परिभाषा : स्कोप विभेदन प्रचालक (: :) के उपयोग द्वारा आन्तरिक वर्ग परिभाषा तथा बाह्य वर्ग परिभाषा, किसी वर्ग के उदाहरण के रूप में लक्ष्य की घोषणा, लक्ष्यों से सदस्यों तक पहुंच, वर्ग प्रकार का व्यूह, प्रकार्य तर्कों के रूप में लक्ष्य-मूल्य द्वारा आगे बढ़ाना तथा सन्दर्भ द्वारा आगे बढ़ाना।

निर्माता तथा विध्वन्सक

निर्माता : विशिष्ट अभिलक्षण, निर्माता की परिभाषा तथा घोषणा, वितर्थ निर्माता, अतिभारित निर्माता, कॉपी निर्माता, वितथ तर्कों सहित निर्माता;

विध्वन्सक : विशिष्ट अभिलक्षण, विध्वन्सक की परिभाषा तथा घोषणा।

वंशागति (विस्तारित वर्ग)

वंशागति की संकल्पना, आधार वर्ग, व्युत्पन्न वर्ग, व्युत्पन्न वर्गों की परिभाषा करना, रक्षित दृश्यता विधा; एकल स्तर वंशागति, बहुस्तर वंशागति तथा बहु वंशागति, निजी तौर पर व्युत्पन्न तथा सार्वजनिक तौर पर व्युत्पन्न वर्ग, लक्ष्यों तथा व्युत्पन्न वर्गों के भीतर सदस्यों का अभिगमन।

डाटा फाइल संचालन :

डाटा फाइल की आवश्यकता, डाटा फाइलों के प्रकार, पाठ्य फाइल तथा द्विआधारी फाइल।

पाठ्य फाइल :

पाठ्य फाइल पर मूलभूत फाइल प्रचालन, फाइल में पाठ्य का सृजन/लेखन, पहले से उपस्थित पाठ्य फाइलों का पठन तथा जोड़-तोड़ (आनुक्रमिकता अभिगमन)

द्विआधारी फाइल :

फाइल का सृजन, फाइल में डाटा लेखन, फाइल से आवश्यक डाटा की खोज, फाइल में डाटा संलग्न करना, छंटी फाइलों में डाटा प्रविष्टि, फाइल से डाटा निकाल देना, किसी फाइल में डाटा का संशोधन

C++ में उपरोक्त वर्णित डाटा फाइल का क्रियान्वयन

फाइल संचालन के साथ C++ में उपयोग होने वाले अवयव : हीडर फाइल : fsteam. h; ifstram, ofstream, of stream वर्ग

in, out तथा app विधाओं में कोई पाठ्य फाइल खोलना :

फाइल में पाठ्य सामग्री लिखने तथा फाइल से पाठ्य सामग्री पढ़ने के सोपानीकरण प्रचालकों का उपयोग करना; open (), get (), put (), getline () तथा close (), प्रकार्य, फाइल-के-अन्त का संसूचन (eof () प्रकार्य का उपयोग करके तथा इसके बिना) :

in, out तथा app विधाओं के उपयोग द्वारा द्विआधारी फाइल खोलना

open ( ), read ( ), write ( ) तथा close ( ) प्रकार्य, फाइल-के-अन्त का संसूचन (eof ( ) प्रकार्य का उपयोग करके तथा इसके बिना) : tellg ( ), tell p ( ), seekg ( ), sees p ( ) प्रकार्य

संकेतक

संकेतकों की घोषणा तथा प्रारम्भीकरण, गतिक स्मृति आंवटन/विआंवटन प्रचालक : **new, delete** : संकेतक तथा व्यूह : संकेतकों का व्यूह, व्यूह के लिए संकेतक (1 विमीय व्यूह), संकेतक की वापसी प्रकार्य, संदर्भ चर तथा छदम नाम का उपयोग, संदर्भ द्वारा प्रकार्य आह्वान, संरचनाओं के लिए संकेतक, अनुवर्तन प्रचालक, *, - >; स्वतः संदर्भित संरचनाएँ।

इकाई–2 : डाटा संरचनाएँ

व्यूह

एक तथा दो विमीय व्यूह, क्रमागत आंवटन तथा पता परिकलन

एक विमीय व्यूह : मालारेखीय, खोज करना (रैखिक, द्विआधारी खोज), किसी व्यूह में किसी अवयव की प्रविष्टि, किसी व्यूह से निजी तत्व को हटाना, छंटाई (प्रविष्टि, चयन, बुद बुद छांट) दो रैखिक व्यूहों का संशृंखलन, दो छंटे व्यूहों का विलय;

दो विमीय व्यूह : माला रेखीय, संख्यांक मान वाले दो $N \times M$ व्यूहों का योग/अन्तर ज्ञात करना, किसी दो विमीय व्यूह में पंक्तियों व स्तम्भ अवयवों में व्यतिहार।

चिति (व्यूह तथा चिति का संबद्ध कार्यान्वयन) :

चिति पर प्रचालन (PUSH तथा POP) तथा इसका C^{++} में कार्यान्वयन, व्यंजकों को INFIX से POSTFIX संकेतन में परिवर्तित करना तथा POSTFIX व्यंजक का मूल्यांकन करना।

पंक्ति : (वृत्तीय व्यूह तथा संबद्ध कार्यान्वयन) :

पंक्ति पर प्रचालन (प्रविष्टि तथा हटाना) तथा इसका C^{++} में कार्यान्वयन।

इकाई–3 : डाटाबेस तथा SQL

डाटाबेस संकल्पनाएँ :

सम्बन्धपरक डाटा मॉडल : कार्यक्षेत्र (डोमेन) की संकल्पना ट्यूपल, सम्बन्ध, कुंजी, प्राथमिक कुंजी, वैकल्पिक कुंजी, विद्यार्थी-कुंजी;

संबंधपरक बीजगणित, चयन, प्रक्षेप, सम्मिलन तथा कार्तीय गुणन

संरचित प्रश्न भाषा (SQL)

व्यापक संकल्पनाएँ, SQL के उपयोग के लाभ, डाटा परिभाषा भाषा तथा डाटा जोड़-तोड़ भाषा

डाटा प्रकार : संख्या, लक्षण, दिनांक

SQL आदेश : CREATE TABLE, DROP TABLE, ALTER TABLE, UPDATE... SET.., INSERT, DELETE;

SELECT, DISTINCT, FROM, WHERE, IN, BETWEEN, GROUP BY, HAVING, ORDER BY

SQL प्रकार्य : SUM, AVG, COUNT, MAX तथा MIN;

नोट : उपरोक्त आदेशों का कार्यान्वयन किसी भी SQL समर्थित सॉफ्टवेयर पर एक अथवा दो सारणियों पर किया जा सकता है।

इकाई–4 : बूलियन लॉजिक (बूलीय तर्क)

द्विआधारी मान वाली राशियाँ, बूलीय चर, बूलीय स्थिरांक तथा बूलीय प्रचालक : AND, OR, NOT; सत्यमान सारणी, संवरक गुण, संचयी नियम, साहचर्य नियम, तत्समक नियम, प्रतिलोम (व्युत्क्रम) नियम, द्वैत-सिद्धान्त, वर्गसम नियम, बंटन नियम, अवशोषण नियम, अन्तर्वलन नियम, दे मॉर्गन-नियम तथा इनके अनुप्रयोग।

सत्यमान सारणी से गुणनफल का योग रूप (SOP) तथा योग का गुणनफल रूप (POS) प्राप्त करना/बूलीय व्यंजकों (SOP तथा POS) को इनके निम्नतम रूपों में घटाना, बूलीय व्यंजकों को (4 चरों तक) न्यूनतमीकृत करने में कारनाफ मानचित्र का उपयोग,

- मूलभूत तर्क गेट (NOT, AND, OR, NAND, NOR) के उपयोग अंकीय इलेक्ट्रॉनिक परिपथों की अभिकल्पना।
- SQL SELECT प्रकथनों में बलीय प्रचालकों (AND, OR) का उपयोग।
- सर्च इंजन प्रश्नों में बूलीय प्रचालकों (AND, OR) का उपयोग।

इकाई–5 : संचार तथा खुला स्रोत संकल्पनाएँ

नेटवर्किंग का विकास : ARPANET, इन्टरनेट, इन्टरस्पेस;

स्विचिंग तकनीक के सन्दर्भ में नेटवर्क के आरपार, डाटा भेजने के विभिन्न ढंग

डाटा संचार, शब्दावली

चेनल की संकल्पना, बैण्ड, बैण्ड-चौडाई (H_z, KH_z, MH_z, GH_z) तथा डाटा स्थानान्तरण दर (bps, kbps, Mbps, Gbps, Tbps)

प्रेषण माध्यम

व्यावर्तित युगल केबल, समाक्षी केबल, प्रकाशिक तन्तु, अवरक्त, रेडियोलिंक, माइक्रोवेव लिंक तथा उपग्रह लिंक

नेटवर्क युक्तियाँ

मॉडेम, RJ 45 कनेक्टर, ईथरनेट कार्ड, हब, स्विच, गेटवे

नेटवर्क संस्थितियाँ तथा प्रकार

बस, तारा, वृक्ष : DAN, LAN, WAN, MAN की संकल्पनाएँ

नेटवर्क प्रोटोकॉल

TCP/IP, फाइल स्थानान्तरण प्रोटोकॉल (FTP), PPP, Level-Remote Login (Telnet), इन्टरनेट, बेतार/मोबाइल संचार, प्रोटोकॉल जैसे GSM, CDM, GDRS, WLL; इलेक्ट्रॉनिक मेल प्रोटोकॉल जैसे SMTP, POP3, IMAP, Chat, वीडियो सम्मेलन VOIP प्रोटोकॉल जैसे WIFI तथा WIMAX.

नेटवर्क सुरक्षा संकल्पनाएँ :

वायरसों, वोर्म, ट्रॉजन हॉर्स, स्पैम की आशंकाएँ एवं इनसे सुरक्षा

कुकीज का उपयोग, फायरवाल के उपयोग से बचाव;

इन्डिया I.T. एक्ट; साइबर नियम, साइबर अपराध, IPR वाद विषय, हैकिंग

वेब सेवाएँ :

Hyper Text Markup Language (HTML), eXtensible Markup Language (XML); Hyper Text Transfer Protocol (HTTP), कार्यक्षेत्र के नाम, URL प्रोटोकॉल पता; वेब साइट, वेब ब्राउसर, वेब सरवर, वेब होस्टिंग, वेब स्क्रिप्टिंग-क्लाइंट साइड (VB स्क्रिप्ट, जावा स्क्रिप्ट, PHP) तथा सरवर साइड (ASP, JSP, PHP)
वेब 2.0 (समाजिक नेटवर्किंग के लिए)

खुला स्रोत शब्दावली

खुला स्रोत सॉफ्टवेयर, फ्रीवेयर, शेयर वेयर, निजी सॉफ्टवेयर, FLOSS, GNU, FSF, OSI

कक्षा XII (प्रायोगिक)

समयः 3 घन्टे **कुल अंक : 70**

1. C++ में प्रोग्रामन **10**

परीक्षा के समय अभिकलित्र में C++ में एक प्रोग्रामन समस्या विकसित एवं परखी जानी हैं, अंकों का आंवटन निम्नलिखित के आधार पर किया गया है

तर्क	:	5 अंक
प्रलेखन/दन्तुकीकरण	:	2 अंक
निर्गत प्रस्तुतीकरण	:	3 अंक

नोट : दी जाने वाली समस्या निम्नलिखित विषयों पर अनुप्रयोग प्रकार की होगी

- व्यूह (एक विमीय तथा दो विमीय)
- संरचना का व्यूह
- व्यूह तथा संबद्ध कार्यान्वयन के उपयोग द्वारा चिति
- व्यूह (वृत्तीय) तथा संबद्ध कार्यान्वयन के उपयोग द्वारा पंक्ति
- द्विआधारी फाइल प्रचालन (सृजन, प्रदर्शन, खोजना, संशोधन)
- पाठ्य फाइल प्रचालन (सृजन, प्रदर्शन तथा संशोधन)

2. SQL आदेश **05**

परीक्षा के समय अभिकलित्र पर प्रायोगिक रूप में विशेष सारणी/प्रतिक्रिया पर आधारित सन्देहात्मक पाँच प्रश्नों का परीक्षण किया जाना है। परिणाम सहित आदेशों को उत्तर पुस्तिका पर लिखा जाना चाहिए।

3. प्रायोजना कार्य **05**

प्रायोजना का विकास लक्ष्य विन्यासित प्रौद्योगिकी के साथ, जिसमें डाटा फाइल का उपयोग भी होना चाहिए, C^{++} भाषा में किया जाना है। (प्रायोजना का विकास 2-4 विद्यार्थियों के समूह में किया जाना है।)

- अभिकलित्र पर प्रस्तुतीकरण
- प्रायोजना रिपोर्ट (सूचीबद्धता, नमूना, निर्गत, प्रलेखन)
- मौखिक प्रश्न

4. प्रायोगिक फाइल **05**

निम्नलिखित विषयों पर कम-से-कम 20 प्रोग्राम होने चाहिए :

व्यूह (एक विमीय तथा दो विमीय अवयवों का छांटना, खोजना, विलीन करना, हटाना तथा प्रविष्टि करना)

- संरचना के व्यूह, लक्ष्यों के व्यूह
- व्यूह तथा संबद्ध कार्यान्वयन के उपयोग द्वारा चिति
- व्यूह (वृत्तीय) तथा संबद्ध कार्यान्वयन के उपयोग द्वारा पंक्ति
- द्विआधारी, फाइल पाठ्य प्रचालन। (सृजन, आधुनिक बनाना, शंका)
- अभिकलन आधारित कोई भी समस्या।
- किसी सारणी/संबंध पर आधारित 15 SQL आदेश निर्गत सहित 03

5. मौखिक प्रश्न **05**

मौखिक प्रश्न विद्यार्थी द्वारा विकसित प्रायोजना तथा कक्षा XII के अन्तर्गत पाठ्यक्रम से पूछे जाने हैं।

प्रायोजना के लिए मार्गदर्शन (कक्षा XI तथा XII)

1. आमुख

1.1. अभिकलित्र विज्ञान के शैक्षिक पाठ्यक्रम में प्रत्येक वर्ष एक प्रायोजना सम्मिलित है। इसका लक्ष्य पाठ्यक्रम की संकल्पनाओं तथा अभ्यासों का समावेश करना तथा सक्षमताओं के रिकार्ड को सामने रखना है।

1.2. एक समूह में 2-4 विद्यार्थियों को प्रायोजना पर कार्य करने की अनुमति प्रदान की जाए।

2. प्रायोजना सूची

2.1. पाठ्यक्रम के अन्तर्गत दिए गए विषयों/कार्य क्षेत्रों में से कक्षा XI में चुने गए विषय पर उन्हीं रूप रेखाओं पर प्रायोजना विकसित की जा सकती है।

2.2. कक्षा XII की प्रायोजना में पाठ्यक्रम के निम्नलिखित क्षेत्रों पर अध्ययन सुनिश्चित किया जाना है :

a. समस्या हल करना

b. डाटा संरचना

c. C^{++} में लक्ष्य विन्यासित प्रोग्रामन

d. डाटा फाइल संचालन

प्रायोजन का विषय हो सकता है :

- किसी प्राणाली सॉफ्टवेयर अथवा टूल की उपप्रणाली
- कोई वैज्ञानिक अथवा पूर्ण रूप से जटिल नकलर स्थिति
- विद्यालय प्रबन्धन, बैंकिंग, पुस्तकालय सूचना प्रणाली, होटल अथवा अस्पताल प्रबन्धन प्रणाली, परिवहन शंका प्रणाली
- क्विज /खेल
- ट्यूटर/अभिकलित्र सहायक अधिगमन प्रणालियाँ

2.3. प्रायोजना का उद्देश्य नकलर सूत्रीकरण, माड्यूलर प्रोग्रामन, आशावादी कोड़ निर्माण, सुव्यवस्थित प्रलेखन, तथा अन्य सॉफ्टवेयर विकास से सम्बद्ध अन्य पहलूओं की योग्यताओं की अतिविशिष्टता दर्शाना है।

2.4. प्रायोजना का मूल्यांकन प्रायोजना निदर्शन तथा प्रायोजना रिपोर्ट द्वारा किया जाएगा जिसमें प्रोग्राम स्टाइल का चित्रण, संरचित अभिकल्पना, न्यूनतम युग्मन, उच्च संबद्धता, कोड का उत्तम प्रलेखन ताकि पठनीयता तथा रखरखाव में सरलता सुनिश्चित की जा सके।

सन्दर्भ पुस्तकें Same as in English Versin

Computer Organisation and Boolean Logic

1. Rajaraman, FUNDAMENTALS OF COMPUTERS 4th Edition, Prentice Hall of India.
2. Peter Norton, INRODUCTION TO CIMPUTER 4th Edition, Tata McGraw Hill.
3. J. Shelly & Roger Hunt, COMPUTER STUDIES Wheeler's Publication.
4. C.S. French, COMPUTER STUDIES, Arnold Publishers.
5. Thomas C. Bartee, DIGITAL CIMPUTER FUNDAMENTALS, McGraw Hill International.

Problem Solving and Programming in C^{++}

Note : Prior knowledge of C is not required in the learning of C^{++}, eventhough reference about C are made in same of the books.

1. Robert Lofore, OBJECT ORIENTED PROGRAMMING IN TURBO C^{++}, Galgotia Publication Pvt. Ltd.
2. David Parsons, OBJECT ORIENTED PROGRAMMING WITH C^{++}, BPB Publications.
3. Bjarne Stroutrup, THE C^{++}, PROGRAMMING LANGUGE, Adison Wesley.

Data Structures

1. M.A. Weiss, Data Structures and Algorithm Analysis in C^{++}. The Benjamin/Cummings Pub. Co. Inc.
2. Scott Rober Ladd, C++COMPONENTS AND ALGORITHMS, BPB Publications.
3. Sartaj & Sahni, Fundamentals of Data Structure, Galgotia Book Source

Database Management System and SQL

1. C.J. Data, DATABASE PRIMER, Adison Wesley.
2. Martin Gruber, UNDERSTANDING SQL, BPB Publications.
3. Sheldon M. Dunn x Base Cross Reference Handbook, First Authorised Asian Edition 93, Tech. Publications Pvt. Ltd.

Computer Network

1. A.S. Tanenbaum, Computer Network 4th Edition, Prentice hall of India P.Ltd.
2. Williams Stalling, Data Communication and Networks 5th Edition, Prentice Hall of India P. Ltd.

   Hancock, Network Concept and Architectures, BPB Publications.

सूचना पद्धतियां (कोड 065)
के.मा.शि. ने पाठ्यचर्या 2011

अधिगम उद्देश्य

- किसी कम्प्यूटर सिस्ट़म और परिधीय तंत्र के कार्यकारी ज्ञान को प्राप्त करना।
- एप्लीकेशन विकास प्राक्रिया का अवबोधन करना।
- फ्रन्टन्एण्ड विकास में प्रोग्रामन कुशलता प्राप्त करना।
- ANSI SRL का उपयोग करके डाटावेस सृजन एवं प्रश्नचिह्नों में कॉशल प्राप्त करना
- GUI प्रोग्रामन टूल्स तथा RDSMS का उपयोग करके प्रोग्राम डिज़ाइन करना तथा डाटा बेस प्रचालित वेब एप्लीकेशन विकसित करना।
- ओपन सोर्स तथा ओपन स्टैन्र्ड संरचनाओं का अवबोधन एवं आलोचना करना

सक्षमताएं

- कम्प्यूटर सिस्टम का विश्वस्तरीय
- सरल IDES का उपयोग करके एप्लीकेशन विकास प्रक्रिया की अच्छी जानकारी
- स्वतंत्ररूप से प्रोग्रामों को विकसित करना उपयोग करना तथा डिबग करने की योग्यता
- RDBMS से डाटा स्टोर तथा रिट्रीबल संचय तथा पुनःप्राप्ति के लिए ANSI SQL को उपयोग करने की योग्यता।
- फ्रन्ट तथा बैंक एण्ड टूल्स का उपयोग करके कोई वेल एप्लीकेशन विकसित करने की नियुक्त।

कक्षा XI (सैशान्तिक)

इकाई	विषय वस्तु	परिएड		अंक	
		सैद्धातिक	प्रायोगिक	सैद्धान्तिक	प्रायोगिक
1	कम्प्यूटर सिस्टमों से परिचय	20		10	
2	प्रोग्राम से परिचय	40	40	25	16
3	रिलेशनल डाटाबेस प्रबन्धन सिस्टम	45	40	30	9
4	संचार प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग	5	20	5	5
		110	100	70	30

इकाई 1ः कम्प्यूटर सिस्टमों से परिचय ः

हाईवेयर संकल्पनाएं ः

कम्प्यूटर संगठन (मूलसकल्पना)ः CPU, नेमोरी (RAM एवं ROM), I/0 युक्तियां, कम्यूनिकेशन, एस, पोर्ट्स (सीरियल, पैरेलल, नेटवर्क, फोन) निवेश युक्तियांः की बंर्ड, माउस, लाइटपेन, टच स्क्रीन, ग्रायित, टैबलेट्स, जोयस्टिक, माइक्रोफोन, स्कें‍नर, स्मार्ट कार्ड रोडर, बारकोड रीडर, बायोमिट्रिक सेन्सर, वेब कैमरा।

निर्गत युक्तियां ः मॉनीटर/ VDU (बिल्युमॅल डिस्प्ले यूनिट), स्क्रीन, टेलीविजन, प्रिन्टर, (डॉट मैट्रिक्स प्रिन्टर, डेस्कजेंट/इंकजेट/बबल जेट प्रिटर, लेज़र प्रिन्टर) प्लॉटर, स्पीकर;

सेकण्डरी भण्डारण युक्तियां ः फ्लॉपी डिक्र, हाई डिस्क, कॉम्पैक्ट डिस्क, मैग्नेटिक टेप, डिज़िटल वैर्सुटाइन डिस्क (DVD), USB ड्राइन, मेमोरी कार्ड-तुलनात्मक युगधर्म

सार्फ्टवेयर संकल्पनाएं ः

आपरेठिग सिस्टम, आपरेटिंग सिस्टम की आवश्यकता, आपरेठिंग सिस्टम के प्रमूख कार्य मेमोरी प्रबन्धन

सिस्टम की सुरक्षा, आक्रमणों के स्रोत एवं संभावित क्षतिवां वायरत तथा संबंधित तत्व वॉर्म, इन तत्वों का प्रेषण (फैलाने) टूल्स के अलावा द्वारा वायरस का संसूचन डेस्कटॉप सुरक्षा डिजिटल सर्टिफिकेट्स, डिजिटल हस्ताक्षर, कीज़, फायरवाल, पासवर्ड, फाइल ऐक्सेस परमीशन्स,

सॉफ्टवेयर के प्रकार, सिस्टम सॉफ्टवेयर, ऐप्पीलकेशन सॉफ्टवेयर तथा डेवेलपठ टूल्स सिस्टम सॉफ्टवेयर

जनरल पर्थस साम्पन्य प्रयोजन के लिए एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर कार्ड, प्रोसेसर, प्रेजेन्टेशन टूल।

स्पेडशीट पैकेज, डाटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम।

विशिष्ट प्रयोजन के लिए ऐप्लीकेशन सॉफ्टवेयर (उदाहरणार्थ ः इन्वेन्टरी मैनेजमेंट सिस्टम, क्रय सिस्टम, मानव संसाधन मैनेजमैन्ट सिस्टम, पेरोल सिस्टम, वित्तीय लेखांकन, होटल मैनजेमेंट तका आरक्षण सिस्टम अतिः।

डेवेलपट टूल्स ः कम्पाइलर तथा इन्टरप्रेटर्स, एकीकृत विकास पर्यावरण

इकाई 2ः प्रोग्राम से परिचय

IDE के उपयोग द्वारा गेटिंग स्टार्टिड विद प्रोग्रामिंग

परिचय रैपिड एप्लीकेशन, IDE के उपयोग द्वारा विकास एकीकृत विकास पर्यावरण, बेसिक, इन्टरफेस कम्प्रोनेन्ट्स के उपयोग द्वारा IDE से घनिष्ठता स्थापित करना। बेसिक कम्पोनेन्ट हैन्डलिंग मेंथोड्स)ऐट्रिब्यूट्स

प्रोग्रामन के मूलभूत आधार

डाटा-प्रकार, डाटा-प्रकारों की सेंलना; बिल्ट-इन डाटा प्रकार- बाइट शॉर्ट, int, long, float, donble, char, string (अथवा कोई आब्जेक्ट) बूलियन, उपयोगकर्ता पारिभाषित डाटा प्रकारों के रूप में किसी क्लास तथा इन्सटान्स की संकल्पना

वैरिएबल्स/ (चर)

चर के उपयोग की आवश्यकता चरों की घोषणा करना, चरों के नामकरण की परिपाटी, चरों को मान निर्धारित करना

कन्ट्रोल स्ट्रक्चर्स

एसाइनमेन्ट स्टेटमेन्ट

डिज़ाइन स्ट्रक्चर्स - if, if-else, switch

लूपिंग स्ट्रक्चर्स : white, do-while, fe

किसी मेबोड का संकल्पना : बनावट, स्थानीय चर, रिटर्न वैल्युर, प्रासंगिक प्राचलों क्लास की सकल्पना (केवल के प्रकार सरल क्लास) : सदस्य, मेथोड्स, डाटा प्रकारों की भांति क्लासों का उपयोग।

अभिव्यक्तियों तथ नामों का चयन, टिप्पणियां, इन्डेन्टेशन का उपयोग, डॉकुमेन्टेशन तथा प्रोग्राम मैन्ठेनेन्स, डिबगिंग, प्रोग्राम, सिन्टैक्स बुटियां, सन्टाइन त्रुटियां, लॉजिकल त्रुटियां, समस्या हल-प्रणालियां एवं तकनीकियां, समस्या का अवबोधन, प्रासंगिक सूचना/जानकारी को पहचानना, टॉपन्डाउन डेवेलपमेन्ट एप्रोच।

इकाई 3 रिलेशनल डाटाबेस प्रबन्धन सिस्टम :

डाटाबेस प्रबन्धन सिस्टम

डाटाबेस संकल्पना से परिचय; रिलेशन/टेबल, एट्रीन्यूट/फील्ड्स, ट्यटिल/रोज़ डाटा टाइपूस- नम्बर, कैरैटर तथा डेठ की प्राइमरी की, कैडिडेटन्की, आन्टरनेट की

MY S2L से परिचय

(ANSI S2L 99 स्टैण्डर्ड कमाण्ड्स)

SRL स्टेटमेन्ट्स का वर्गीकरण

DML - SELECT, INSERT, UPDATE, DELETE DDL- CREATE, DROP, ALTER

SRL SELECT स्टेटमेन्ट (डेमो/पहले से ही बनी टेबलों के साथ कार्य करते हुए); SELECT स्टेटमेन्ट, सभी कॉलमों का चरण करते हुए, आपरेटर प्रिसीडेन्स, कॉलम एलिभास के उपयोग द्वारा परिभाषा करना, डुप्लीकेट रोज़ और आका ऐलीमिनेशन (DISNTINCT की वडी) टेबल स्ट्रक्चर को डिस्प्ले करना (DESC कमाण्ड) SELECT स्टेटमेन्ट सतत; वरण के समय रोज सीमित करना (WHERE क्लाज़ के उपयोग द्वारा), कैरेक्टर स्ट्रिंगस् तथा डेट्स के साथ कार्य करते हुए, NULL मानों के साथ कार्य करते हुए।

तुलनात्मक प्रचालकों - =, <,> <=, < >, BETWEEN IN LIKE (2) तार्किक प्रचालकों AND , OR, NOT, ऑपरेटर प्रिसिडेन्स को उपयोग करना ऑर्डरबाई क्लाज़ए आरोड़ी/अवरोई क्रमों में छंटाई, कॉलम एलित्रास नेम द्वारा छंटाई, मल्टीपल कॉलमों पर छंटाई

MY SQL में फन्कशन्स (फलन)

ट्रिट्रग फन्केशन , - CHAR ( ), CONCAT ( ), INSTR ( ), LCASE ( ), LEFT ( ), LOWER ( ), LENGTH ( ), LTRIM ( ), MID ( ), RIGHT ( ), RTRIM ( ), SUBSTR ( ), TRIM ( ), UCASE ( ), UPPER ( ),

गणितीय फलन- POWER, ROUND, TRUNCATE

Date तथा Time फलन CURDATE ( ), DATE ( ), MONTH ( ), YEAR ( ), DAYNAME ( ), DAY OF MONTH ( ), DAY OF WEEK ( ), DAY OF YEAR ( ), NOW ( ), SYS DATES ( )

टेबल/संबंध के डाटा के द्वारा का परिचालन करना : नई रोज़ सम्मिलित करना मानों के साथ नई रोज़ सम्मिलित करना, NUMBER, CHAR तथा DATE के मानों को सम्मिलित करना, किसी टेबल मे विद्यमान डाटा को परिवर्तित करके आधुनिक बनाने के लिए कमन, किसी से टेबल की रोज़ का अपडेटिंग, कथनों को निकालना, किसी टेबल से रो/रोज़ को हटाना।

कॉलमों के नामों के लिए नई परिपाटी का उपयोग करके नये कॉलमो को जोड़ने के लिए CREATE TABLE, ALTER TABLE का उपयोग करके टेबल का सृजन करना।

इकाई 4 संचार प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग

e-Governmance - परिभाषा, e-Governmance वेबसाइट इनकी प्रमुख विशेषताएं तथा इनके सामाजिक संघट्टन

e-Business - परिभाषा, e-Governmance वेबसाइट इनकी प्रमुख विशेषताएं तथा इनके सामाजिक संघटन

e-Learning - परिभाषा छात्रों नौसिखियाओं शिक्षकों (प्रशिक्षकों) तथा विद्यालयों (संस्थानों) के प्रबन्धकों को इसके लाभ, e-Learning वेबसाइट तथा इनकी विशेषताएं और इनके सामाजिक संघटन।

प्रायोगिक

क्रम संख्या	विवरण	अंक
1	जावा के उपयोग द्वारा समस्या	15
2	SQL Rveries	5
3	प्रायोगिक रिकॉर्ड	5
4	मौखिक प्रश्न	5

जावा के उपयोग द्वारा समस्या हल करना : पाठ्यक्रम के अन्त में प्रायोगिक परीक्षा के संचालन के समय विद्यार्थी को जावा का उपयोग करके एक समस्या हल करने के लिए दी जाएगी।

SQL Queries : पाठ्यक्रम के अन्त में प्रायोगिक परीक्षण के संचालन के समय विद्यार्थी को एक अथवा दो टेबलों पर आधारित 5 लिखने के लिए दी जाएगी।

प्रायोगिक रिकार्ड फाइल : समस्त शैक्षिक सत्र की अवधि में एक प्रायोगिक रिकार्ड फाइल का सृजन आवश्यक है। इस पर संबंधित शिक्षक द्वारा नियमित रूप से हस्त मर कराए जाने चाहिए तथा मूल्यांकन के लिए अन्तिम परीक्षा के समय इसे प्रस्तुत किया जाना चाहिए। उसमें निम्नलिखित का समावेश होना चाहिए।

IDE आधारित जावा (देखिए परिशिष्ट तथा) के उपयोग द्वारा कमसे कम 10 समस्याओं का हल

- एक और अथवा दो टैबलों पर आधारित कम से कम 20 SQL queries
- e-Govenane e-Business e-Learning वेबसाइटों के प्रासंगिक डाटा तक पहुंचना और उसकी रिपोर्ट देना

मौखिक प्रश्न : पाठ्यक्रम के अन्त में आयोजित प्रायोगिक परीक्षा में विद्यार्थियों से मौखिक प्रश्न पूछे जाएंगे। ये प्रश्न शैक्षिक सत्र के सवस्त पाठ्यक्रम की विषयवस्तु पर आधारित होंगे।

कक्षा XII (सैद्धान्तिक)

इकाई	विषय वस्तु	परिएड		अंक	
		सैद्धातिक	प्रायोगिक	सैद्धान्तिक	प्रायोगिक
1	नेटवर्किंग तथा ओपन स्टैण्डर्ड्स	20	-	10	-
2	प्रोग्रामन	42	40	25	16
3	रिलेशनल डाटाबेस प्रबन्धन सिस्टम	42	40	30	9
4	संचार प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग	6	20	5	5
		110	100	70	30

इकाई 1 नेटवर्किंग तथा ओपन स्टैन्डर्ड्स

कम्प्यूटर नेटवर्किंग : नेटवर्किंग - एक संक्षिप्त अतिदृष्टि, किसी नेटवर्क पर उपभोक्ताओं एवं कम्पयूटरों की पहचान करना (डोमेन का नाम, MAC media Access Control) तथा IP पता, डोमेन नेम रिज़ोलुशन, नेटवर्क टोपोलॉजिस नेटवर्क के प्रकार - LAN, MAN, WAN, PAN, तार लगी प्रौद्योगिकियां समाक्ष केबल ईथरनेट केबल, आप्टीकल फाइबर, बेतार-प्रौद्योगिकियां-ब्ल्यू टूथ, इन्फ्रारेड, माइक्रोवेव रेडियोज़िंक, उपगडलिंक, नेटवर्क युक्तियां हब, स्विच, रिपीटर, गेटवे-और इनके प्रकार्य

नेटवर्क सुरक्षा - सेवा का परित्याग, घुसपैठ - समस्याएं, ताक झांक करना ओपन सोर्स संकल्पनाएं

ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर :

(OSI मानक) Foss सामान्य उदाहरण Gun/Linux, Firefox, Open Office,

कॉमन ओपन स्टैण्डर्ड्स (ओपन डॉकुमेन्ट फॉर्मेट Ogg Vorbis) भारतीय भाषा कम्प्यूटिंग कैरेक्टर एनकोडिंग UNICODE तथा भारतीय भाषा, विभिन्न प्रकार के फॉन्ट्स (Open life Vs true tupe; static Vs dynamic) भारतीय भाषा टैक्स्ट्स प्रविष्टि करना - फोनेटिक तथा कीमैप पर आधारित।

इकाई 2 प्रोग्रामन

कक्षा IX का पुनरवलोकन

प्रागामन के मूलभूत आधार

क्लासेज़ के लिए ऐक्सिस स्प्रेसिफायर सदस्य तथा विधियां, पैकेज की संकल्पना। वेशशांति, आवश्यक तथा कार्यान्वयन विधि अतिभारण तथा अभिभावी, अमूर्त क्लास तथा अन्तरापृष्ठ, अन्तरापृष्ठों के उपयोग।

सामान्य उपयोग के पुस्तकालयः स्ट्रिंग क्लास तथा मेथोड्स : tastring concat tength to Lower csse to upper caser trim math object pow round

Simple GUI objects : Dealog

डाटा बैस से संयोजनों के लिए ODBC का उपयोग करके My SRL के डाटाबेस तक पहुंचना। वेब एल्पीकेशन डेवेलपमेंट : URL वेब सर्वर, वेब सर्वर के साथ संचार करना, क्लास तथ सर्वर साइंड की संकल्पना

बेसिक टैग्स को सम्मिलित करते हुए HTML पर आधारित वेब पेज़िस - HTML, TITLE BODY H1.... H6 पैराग्राफ (P), लाइन ब्रेक (BR), सेक्शन सेपैरेटर (HR), FONT, TABLE LIST (OL, OL) FORM; HTML के उपयोग द्वारा स्टैटिक पेज़िस का सृजन करना तथा उन तक पहुंचना, और XML से परिचय

इकाई 3 रिलेशन डाटाबेस प्रबन्धन सिस्टम (RDBMS)

कक्षा XI से RDBMS का पुनखलोकंन

डाटाबेस के मूलभूत आधार

डाटाबेस कार्यसम्पादन की संकल्पना, COMMIT तथा REVOKE के उपयोग द्वारा किसी कार्यसम्पादन के लिए वचनबद्ध होना तथा उसे रद्द करना।

रिकॉर्डों का समूहन : GROUP BY ग्रुप फन्क्शन्स - MAX, MIN AVG SUM COUNT COUNT के साथ COUNT DISTINCT क्लाज का उपयोग करना, ग्रुप फन्क्शन्स तथा Null Valuas

बह्ना सारणियों से डाटा को प्रदर्शित करना; Equijoin तथा Cortesian Praducts Foriegn Key की संकल्पना।

PRIMARY KEY तथा NOT NULL contraints के साथ सारणी का सृजन, कोई contraint जोड़ना, Constraint को संमर्थ बनाना, cnstraints पूठ विचार करना constraints से संबद्ध कॉलजों पर विचार करना

किसी कॉलम को हटाने के लिए ALTER TABLE किसी कॉलम के Data Types को सुधारने के लिए ALTER TABLE किसी सारणी को हटाने के लिए DROP Table

इकाई 4: संचार प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग

e-Governmance, e-Busniess तथा e-Learning के रूपकों का पुनः निरीक्षण Front-end Interiance - परिचय, विषय वस्तु, तथा विशिष्टताएं; उचित अवयव को पहचानता एवं उनका उपयोग करना (Text Box, Rodio Butter, checkbox, list) डाटा प्रविष्टि वैधीकरण तथा प्रदर्शन के लिए

Bock-end Data base : परिवय तथा इसका उद्देश्य, सारणियों की आवश्यकता तथा इसके आवश्यक सहज गुण की गवेषण करना

Front End तथा Database संबद्धता - परिचय, आवश्यकता एवं लाभ

प्रायोगिक

क्रम संख्या	विवरण	अंक
1	जावा के उपयोग द्वारा समस्या हल करना	10
2	SQL Rveries	5
3	प्रायोगिक रिकॉर्ड	5
4	प्रायोगिक रिकॉर्ड	5
5	मौखिक प्रश्न	5

जावा के उपयोग द्वारा समस्या हल करना

पाठ्यक्रम के अन्त में प्रायोगिक परीक्षा के संचालन के समय विद्यार्थी को जावा के उपयोग द्वारा कोई समस्या हल करने के लिए दी जाएगी

SQL Queries

पाठ्यक्रम के अन्त में आयोजित प्रायोगिक परीक्षा में विद्यार्थी को एक अथवा दो सारणियों पर आधारित 5 Queries लिखने के लिए दी जाएंगी।

प्रायोगिक रिकॉर्ड फाइल

समस्त शैक्षिक सज की अवधि में एक प्रायोगिक रिकॉर्ड फाइल का सृजन आवश्यक रूप से किया जाना है। इस पर नियमित रूप से संबंधित शिक्षक के हस्तक्षर किए जाने चाहिए। इसे अन्तिम प्रयोगात्मक परीक्षा के समय परीक्षक को दिखाना/प्रस्तुत किया जाना चाहिए। इसमें निम्नलिखित का समावेश होना चाहिए :

- IDE आधारित जावा के उपयोग द्वारा कम से कम 15 समस्याओं का हल
- एक और लेखना दो सारणियों पर आधारित कम से कम 25 SQL Queries
- जावा अनुप्रयोग तथा डाटाबेस संबंद्धता का समावेशन करते हुए कम से कम सरल समस्याओं का हल।

प्रायोजना फाइलः

पाठ्यक्रम की अवधि में सीखे गए प्रोग्रामन तथा डाटाबेस कौशल का उपयोग करके दो अपना तीन छात्रों के परस्पर सहयोग से सामूहिक रूप से कार्य करके कोई प्रायोजना विकसित की जानी है। यह प्रायोजना निम्नलिखित कार्यक्षेत्रों . e-Governance, e-Business तथा e-Learning में से किसी एक पर आधारित GUI Front-end के साथ अनुप्रयोग होनी चाहिए।

मौखिक प्रश्न पाठ्यक्रम के अन्त में आयोजित प्रायोगिक परीक्षा में विद्यार्थियों से मौखिक प्रश्न पूछे जाएंगे। ये प्रश्न शैक्षिक सत्र के समस्त पाठ्यक्रम के समस्त पाठ्यक्रम की विषय वस्तु पर आधारित करेंगे।

16. मल्टीमीडिया तथा वेब प्रौद्योगिकी (कोड 067)

अधिगम उद्देश्य

1. HTML/XML के उपयोग द्वारा वेब पेज विकास में दक्षता प्राप्त करना।
2. सरवर तथा क्लाइंट स्क्रिप्ट लिखने की योग्यता एवं वेब प्रबन्धन में दक्षता प्राप्त करना।
3. प्रतिबिम्ब श्रव्य एवं वीडियो सम्पादन टूलों द्वारा ग्राफीय प्रतिबिम्ब डिज़ाइन करना।

क्षमताएँ

विद्यार्थी निम्नलिखित क्षमताओं में दक्ष हो जाएगा :

1. स्वतः विकसित वेबसाइट का प्रबन्धन।
2. किसी पूर्ण विकसित वेब पोर्टल का प्रबन्धन।
3. प्रतिबिम्बों, द्रव्य एवं वीडियो फिल्मों/वेब पृष्ठों का सृजन, सम्पादन और अन्तः स्थापन।

कक्षा XI (सैद्धान्तिक)

समय : 3 घन्टे **कुल अंक 70**

इकाई संख्या	इकाई का नाम	अंक
1	अभिकलित्र प्रणाली	15
2	वेब-पेज विकास	25
3.	वेब-स्क्रिप्टिंग	20
4	मल्टीमीडिया तथा ऑथरिंग टूल्स	10
	कुल	**70**

इकाई–1 : अभिकलित्र प्रणाली

अभिकलित्र से परिचय, निवेश युक्तियाँ कुंजी पटल, माउस, जॉय स्टिक, मिक, कैमरा; निर्गत युक्तियाँ मॉनीटर, प्रिन्टर, स्पीकर, प्लॉटर।

स्मृति एकक-बाइट, किलोबाइट, मेगाबाइट, गाइगाबाइट, टेरा बाइट।

प्राथमिक स्मृति RAM तथा ROM; द्वितीयक संग्रह युक्तियाँ फ्लॉपी डिस्क, हार्ड डिस्क, CD-ROM, DVD, जिप ड्राइव, DAT, ड्राइव, शक्ति युक्तियाँ UPS"

सॉफ्टवेयर-सिस्टम सॉफ्टवेयर, एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर, यूटीलिटी सॉफ्टवेयर; अभिकलित्र पर कार्य करना अभिकलित्र को चालू करना, अभिकलित्र को बूट करना, प्रतिमाएँ, सुगम मार्ग, टास्कबार, माउस पॉइंटर टाइप करना, किसी सरल मूल फाइल को सुरक्षित एवं प्रिन्ट करना, MS पेन्ट द्वारा सरल चित्र खींचना, परिकलकों के विकल्पों का उपयोग करना, डेस्कटाप का कस्टमॉइसिंग, विन्डो एक्सप्लोरर, फोल्डरों का प्रबन्धन (सृजन, गतिमान, निष्कासन, पुनः नामकरण), फ्लॉपी डिस्क ड्राइव उपयोग करना, CD/DVD ड्राइवों का उपयोग करना, फाइलों का प्रबन्धन (प्रतिलिपि बनाना, गतिमान बनाना, निष्कासित करना, पुनः नामकरण), श्रृव्य एवं वीडियो का प्रचालन।

GUI प्रचालन प्रणाली

महत्त्वपूर्ण विद्यार्थी/शिक्षक किसी भी प्रचालन प्रणाली पर इसी प्रकार के प्रचालन कर सकते हैं। शिक्षकों को यह परामर्श दिया जाता है कि वे किसी एक प्रचालन प्रणाली का उपयोग करते समय अन्य प्रचालन प्रणालियों के समतुल्य गुणों का निदर्शन दें।

GUI विन्डो

सामान्य लक्षण, डेस्क टॉप के अवयव टास्क वार, प्रतिमाएँ, स्टार्ट बटन, सुगम मार्ग, फोल्डर, पुनः चक्रण बिन, मेरा अभिकलित्र

मीनु आरम्भ : प्रोग्राम, दस्तावेज, सैटिंग, पता लगाना/खोजना, सहायता, चलाना, बन्द करना/लॉग-ऑफ, टास्कबार का कस्टोमाइजेशन, मीनु आरम्भ, गुणों का प्रदर्शन (वाल पेपर, फोंट सेटिंग, कलर सैटिंग, स्क्रीन सेवर्स)।

प्रोग्राम मीनु; एक्सेसरी, परिकलक, नोट पैड, पेन्ट वर्ड पैड, मनोरंजन (CD प्लेयर, साउन्ड रिकार्डर, मीडिया प्लेयर, वोल्यूम नियन्त्रक)

ब्राउजर्स; मोजीला फायर बॉक्स, इन्टरनेट एक्सप्लोरर, नेट स्केप नेवीगेटर नियन्त्रक पैनल : नए हार्डवेयर जोड़ना, नए सॉफ्टवेयर जोड़ना, प्रिंटर स्थापित करना, तिथी/समय, माउस तथा क्षेत्रीय स्थापन।

डाक्युमैन्टेशन

वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर के उपयोग का उद्देश्य, किसी नए/प्रचलित दस्तावेज को खोलना, किसी दस्तावेज, को बन्द करना, किसी दस्तावेज को टाइप करना, किसी दस्तावेज को सुरक्षित करना, पूर्वदर्शन प्रिन्ट करना, दस्तावेज प्रिन्ट करना, विनिर्देशों के अनुसार पृष्ठ स्थापित करना, दस्तावेज के किसी अंश का चयन करना, चयनित विषय की प्रतिलिपि बनाना, चयनित विषय को काटना, चयनित विषय को चिपकाना, विषय के फोन्ट, आमाप, शैली, रंग में परिवर्तन करना, प्रतीक की प्रविष्टि करना, ग्रन्थाकारी करना, संरेखण बाएं-दाएं, मध्य; औचित्य प्रतिपादन।

इकाई-2 : वेब पेज-विकास

वेब-पृष्ठ; हाइपर टैक्स्ट ट्रान्सफर प्रोटोकॉल (HTTP); फाइल ट्रांस्फर प्रोटोकॉल (FTP) प्रभाव क्षेत्रों के नाम; URL; प्रोटोकॉल का पता, वेब साइट, वेब ब्राउसर, वेब सर्वर, वेब होस्टिंग।

HTML/DHTML

परिचय, उद्देश्य, यूनीवर्सल रिसोर्स आइडेन्टीफायर (URI) का परिचय, फ्रैगमेन्ट (खण्ड) पहचानकर्ता एवं सम्बन्धी URI, HTML का इतिकास, SGML, HTML/DHTML दस्तावेज की संरचना, खुली विन्डो तथा ब्राउसर के बीच स्विचिंग (कन्टेनर टैग, रिक्त टैग, विशेषताएँ)

HTML के आधारभूत टैग : HTML, HEAD, TITLE, BODY अग्र रंग तथा पृष्ठ भूमि रंग का स्थापन, पृष्ठ भूमि प्रतिबिम्ब, पृष्ठ भूमि ध्वनि शीर्षक टैग (H-1 से H6) तथा विशेषताएँ (ALIGN), फोन्ट टैग एवं विशेषताएँ (आमाप : 1 से 7 स्तर, BASE FONT, SMALL, BIG, COLOR), P, BR, HTML में टिप्पणी (< ! >) विषय वस्तु का ग्रंथीकरण (B,I,U,EM, BLOCK QUOTE, PRE FORMATTED, SUB, SUP, STRIKE), क्रमित सूची (ORDERED LIST-OL) {L1, TYPE-I, I, A, a; START, VALUE) अक्रमित सूची (UNORDERED LIST-UL) {बुलेट टाइप-चकती (डिस्क), वृत्त, वर्ग DL, DT, DD), Address टैग;

सम्पर्क सृजन अन्य HTML दस्तावेजों अथवा आंकड़ों के विषयों से सम्पर्क, एक ही HTML दस्तावेजों के अन्य क्षेत्रों से सम्पर्क Anchor (प्रतिमा)

टैग <A HREF> तथा <A NAME> इन लाइन प्रतिबिम्बों की प्रविष्टि, <IMGALIGN, SRC, WIDTH, HEIGHT, ALT, प्रतिबिम्ब सम्पर्क, क्षैतिज नियम <HR ALIGN, WIDTH, SIZE, NOSHADE>;

HTML के उपयोग द्वारा वेब पृष्ठ ऑथरिंग

सारणी : सारणियों का सृजन, बॉर्डर, TH, TR, TD, CELLSPACING, CELLPADDING, WIDTH, COLSPAN, CAPTION, ALIGN, CENTER

फ्रेम : प्रतिशतता विमाएँ, आपेक्षिक विमाएँ, फ्रेम Src फ्रेम बॉर्डर, ऊँचाई एवं चौड़ाई, दो या अधिक पंक्तियों के फ्रेमों का सृजन <FRAMESET ROWS> दो या अधिक स्तम्भों के फ्रेमों का सृजन <FRAMESET COLS>, <FRAME NAME SRC MARGIN HEIGHT MARGIN WIDTH SCROLLING AUTO NORE SIZE>, <NO FRAMES>, </NO FRAMES>; फार्म, परिभाषा, उपयोग किसी फाइल पर लिखा गया, किसी डाटा बेस जैसे MSACCESS अथवा Oracle के अनुसार पेश किया गया, विशेष रूप से किसी को E-mail किया गया, फार्मो जिसमें द्विमार्गी संचार, सम्मिलित;

फॉर्म टैग : FORM, <SELECT NAME SIZE MULTIPLE/SINGLE> <OPTION>... </SELECT>, <TEXT AREA NAME AREA ROWS COLS>, </TEXT AREA>. METHOD, CHECK BOX, HIDDEN, IMAGE, RADIO, RESET, SUBMIT, INPUT <VALUE, SRC, CHECKED, SIZE, MAXLENGTH, ALIGN>;

दस्तावेज उद्देश्य मॉडल

दस्तावेज उद्देश्य मॉडल की संकल्पना एवं महत्व, गतिक HTMNL दस्तावेज तथा दस्तावेज उद्देश्य मॉडल

कास्केडिंग स्टाइल शीट (CSS)

कास्केडिंग स्टाइल शीट (CSS) से परिचय, अपने दस्तावेज से स्टाइल शीट को जोड़ने के तीन ढंग, मूल वाक्य विन्यास, कास्केडिंग स्टाइल शीट का सृजन एवं सुरक्षित करना, <STYLE> टेग; किसी दस्तावेज के साथ बाह्य स्टाइल शीट फाइलों को सम्बन्द्ध करने को दर्शाने के उदाहरण; युगपत तथा अन्तः स्थापित की हुई, <DIV> टैग; कलर, पृष्ठभूमि-कलर, फोन्ट फैमिली, फोन्ट स्टाइल, फोन्ट साइज़ तथा फोन्ट वेरिएन्ट; फोन्ट वेट, WORD-SPACING, LETTER SPACING, TEXT DEORATION, VERTICAL ALIGN, TEXT-TRANSFORM; TEXT ALIGN, TEXT INDENT, LINE HEIGHT,

मार्जिन से परिचय, पैडिंग तथा बॉर्डर, से परिचय :

LS MARGINS (सभी मान), MARGIN PROPERTY, PADDING (सभी मान), PADDING PROPERTY; BORDER (सभी मान), BORDER PROPERTY, BACKGROUND IMAGE, BACK GROUND REPEAT; अतिरिक्त लक्षण, ग्रुपिंग स्टाइल शीट, कक्षाएँ नियत करना, परतों से परिचय, <LAYER> <ILAYER> टैग;

eXtensible Markup Language (XML)

XML : परिचय

XML के लक्षण : XML का उपयोग वर्तमान प्रोटोकॉल के साथ भी किया जा सकता है। यह विस्तृत प्रकार के अनुपयोगों का भरण पोषण करता है, SGML के अनुकूल है, XML दस्तावेज जन साधारण के लिए सुस्पष्ट हैं;

XML की संरचना; तार्किक संरचना, भौतिक संरचना;

XML मूल्य वृद्धि; अवयव मूल्य वृद्धि अर्थात् (<foo> Hello </foo>), आरोपित मूल्य वृद्धि अर्थात् (<! अवयव नाम, विशेषता =” मूल्य”>);

नियमों का नामकरण : अवयव तथा विशेषताओं के उपयोग के लिए, तथा सभी विवरणकर्ताओं के लिए, टीका-टिप्पणी अस्तित्व घोषणाएँ : <! ENTITY नाम ‘‘प्रतिस्थापन विषय वस्तु ”>;

अवयव घोषणाएँ : <! ELEMENT

रिक्त, अवयव EMPTY>;

अप्रतिबन्धित अवयव : <! ELEMENT कोई भी, अवयव ANY>;

अवयव विषय मॉडल : अवयव क्रम अर्थात् <! ELEMENT गिनती (पहला, दूसरा, तीसरा, चौथा)>

अवयव विकल्प <! ELEMENT चयन कीजिए (यह एक/वह एक)>संयोजित क्रम तथा विकल्प

अवयव उपस्थिति सूचक : तीन उपस्थिति सूचकों पर चर्चा

? (प्रश्न चिह्न)

* (तारांकन चिह्नह्न)

+ (धनात्मक चिह्न)

लक्षण विषय : PC DATA (व्याख्या योग्य अभिलक्षण आँकड़े) <! ELEMENT Text > (# PC DATA), दस्तावेज प्रकार की घोषणा (DTD) और वैधीकरण;

कोई DTD विकसित करना, किसी वर्तमान SGML DTD को संशोधित करना, XML कोड से या तो स्वचालित ढंग से अथवा हस्त कौशल द्वारा DTD विकसित करना।

इन्टरनेट एक्सप्लोरर में XML देखना; XML डाटा सोर्स आबजैक्ट के उपयोग द्वारा XML देखना, eXtensible Style Sheet Language (XSL) अथवा Cascading Style Sheet (CSS);

इकाई 3 : वेब स्क्रिप्ट लेखन

VB स्क्रिप्ट

परिचय, HTML पेज के साथ VB स्क्रिप्ट कोड जोड़ना, VB स्क्रिप्ट डाटा टाइप,-वैरिएन्ट सब टाइप, VB स्क्रिप्ट चर : (चरों की घोषणा, प्रतिबन्धों का नामकरण, चरों को मान प्रदान करना, आर्दश चर तथा 1-D क्रम विन्यास), VB स्क्रिप्ट स्थिरांक, VB स्क्रिप्ट प्रचालक, तथा प्रचालक पूर्ववर्तिता;

Msg बॉक्स : सन्देश बॉक्स के प्रकार्य (शीध्र, बटन, शीर्षक, हैल्पलाइन, संदर्भ), Msg बॉक्स प्रकार्य के वापसी मान, बटन तर्क स्थापन

सशर्त कथन : यदि, तब, अन्यथा, चयनित प्रकरण

लूप : डू लूप, जबकि... बढ़िए, के लिए... अगला, के लिए... प्रत्येक... अगला;

VB स्क्रिप्ट चर : उपक्रिया विधियाँ, प्रकार्य कार्यविधियाँ

HTML फॉर्म कन्ट्रोलों के साथ VB स्क्रिप्ट को उपयोग करना, डाटा उपचार फलन, डोरी फलन, दिनांक तथा समय फलन

इकाई–4 : मल्टीमीडिया तथा ऑथरिंग टूल्स

ग्राफीय युक्तियाँ, मॉनीटर प्रदर्शन विन्यास, ग्राफीय त्वरक कार्ड के मूल सिद्धान्त एवं इसका महत्व;

प्रतिबिम्बों की मूल संकल्पना, अंकीय प्रतिबिम्ब तथा अंकीय प्रतिबिम्ब निरूपण।

प्रतिबिम्ब फॉर्मेट : TIFF, BMP, JPG/JPEG, GIF, PIC, PDF, PSD

डिजाइन का सिद्धान्त, रूप, रेखा, रिक्त स्थान, बनावट, रंग, मुद्रण, लेआउट, रंग समन्वय एकता, सन्तुलन, अनुपात, लय, पुनरावृत्ति, विविधता, मितव्ययता, स्थिर जीवन, प्रकाश एवं छायाकरण, पोस्टर डिज़ाइन, स्थिर जीवन, रंगीन ले आउट, पोस्टर डिज़ाइन, पुस्तकें मैगजीन, ब्रोशर, बाल साहित्य, विवरणात्मक पाठ्य, भारतीय भाषाओं की स्क्रिप्ट, चित्रात्मक पुस्तकें, हास्य पुस्तकें, फोटोग्राफ सहित व्याख्या, वैज्ञानिक स्पष्टीकरण, संकल्पनात्मक व्याख्याएं, बाज़ार के लिए नियत कार्यो के लिए डिजाइन बनाना।

स्कैनर की सहायता द्वारा प्रतिबिम्ब स्कैन करना, विभेदन का स्थापन, आमाप, प्रतिबिम्बों का फाइल फॉर्मेट, प्रतिबिम्ब पूर्वदर्शन, बाइटोनल, ग्रे स्केल तथा रंग विकल्प;

PDF का महत्व सृजन, संशोधन,

सजीवन, आकृति विकास एवं अनुप्रयोग।

ग्राफीय टूल : प्रतिबिम्ब सम्पादन सॉफ्टवेयर (फोटोशॉप/कोरेलड्रा)

मूल संकल्पनाएं : एक परिचय, फाइलें, मीनू, टूलबॉक्स, रंग नियन्त्रित प्रतिमाएँ, विधा नियन्त्रित प्रतिमाएँ, विन्डो नियन्त्रित प्रतिमाएँ खालना तथा सुरक्षित करना, नए प्रतिबिम्ब सृजित करना, स्कैनर एवं अन्य फाइलों से प्रतिबिम्ब प्रग्रहण (TWAIN)

प्रतिबिम्ब संचालन : प्रतिबिम्ब काटना, प्रतिबिम्ब आमाप समायोजन, वर्क कैन्वास के आमाप में वृद्धि करना, किसी प्रतिबिम्ब को सुरक्षित करना।

परतें : परतें जोड़ना, परतों पर चयनितों को घसीटना व चिपकाना, फाइलों के बीच में परतों को घसीटना, परतों को देखना व छिपाना, परतों का सम्पादन, चयनितों का घूर्णन, वस्तु की परतें उतारना, परत की पारदर्शिता परिरक्षित करना, परतों को गतिमान बनाना व प्रतिलिपि तैयार करना; परतों का डुप्लीकेट बनाना, परतों का निष्कासन, परतों का विलय, समायोजन परतों का उपयोग करना।

चैनल तथा मास्क : चैनल पैलेट, चैनल दिखाना एवं छिपाना, चैनल का भिन्न-भिन्न प्रतिबिम्बों में विभाजन, चैनलों का विलय, शीघ्र मास्क का सृजन; शीघ्र मास्क विधा द्वारा मास्कों का सम्पादन करना।

पेंटिग तथा सम्पादन : ब्रशेस पैलेट, ब्रश आकृति, ब्रशों का सृजन व निष्कासन, कस्टम ब्रशों का सृजन, ब्रश विकल्पों का स्थापन, ब्रशों को सुरक्षित करना, लोड करना, तथा संलग्न करना, विकल्प पैलेट

अपारदर्शिता, दाब, अथवा उदभासन, पेंट फेडआउट दर, चयन करना, चयन टूलों का उपयोग, चयनों का समायोजन, किसी चयन की धार को चिकना बनाना; चयन सीमा को छिपाना; चयनों को गतिमान बना एवं उनकी प्रतिलिपियां तैयार करना चयनों को घटाना व विस्तार करना, चयनों को चिपकाना व निष्कासित करना, प्रतिबिम्ब ट्रेस करना (कोरेल ड्रा)

मल्टीमीडिया की संकल्पना : चित्र/ग्राफिक्स, श्रव्य, वीडियो

ध्वनि : ध्वनि रिकार्डर द्वारा ध्वनि रिकार्ड करना (पकड़ना), ध्वनि सम्पादन सॉफ्टवेयर द्वारा ध्वनि पकड़ना (उदाहरण ध्वनि फोर्ज), ध्वनि सम्पादन, शोर-संशोधन, इफैक्ट एनहान्समेन्ट;

स्वर पहचान सॉफ्टवेयर फिलिप्स/ड्रैगन, MIDI प्लेयर, ध्वनि रिकार्डर, MONO तथा स्टीरियो, ध्वनि फाइल फॉर्मेट : AIFF (ओडियो इनपुट फाइल फॉर्मेट फ्रॉम एपल मैक), MIDI, WAV, MP3, ASF (माइक्रोसोफ्ट से स्ट्रीमिंग फॉर्मेट)

श्रव्य आयात करना तथा श्रव्य CD से श्रृव्य सुरक्षित करना।

ध्वनि गुणता : CD गुणता, रेडियो गुणता, टेलीफोन गुणता

कक्षा XI (प्रायोगिक)

समय : 3 घन्टे **कुल अंक : 30**

1. सिद्धहस्त अनुभव 15

- प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा HTML तथा VB स्क्रिप्ट के अन्तर्गत विभिन्न आदेशों का उपयोग करते हुए किसी विषय पर आधारित होम पेज विकसित करना है।
- वेब पेज की अभिकल्पना निम्नलिखित लक्षणों के साथ होनी चाहिए :
- HTML Basic Tags (html/head/title/body/B/I/U/BR/H/R)

- प्रतिमा/प्रतिबिम्ब समावेशन/सम्बन्धन
- सारणियाँ/फ्रेम/फॉर्म
- CSS
- XML मार्कअप/घोषणाएँ/अवयव विषय मॉडल
- अवयव प्राप्ति संसूचक
- बटन/कॉम्बो बॉक्स/चैक बॉक्स/VB स्क्रिप्ट के उपयोग द्वारा पाठ्य वस्तु बॉक्स

2. प्रायोगिक फाइल निम्नलिखित केस स्टडीज सहित **10**

- प्रायोगिक फाइल निम्न प्रभाव क्षेत्रों-विशिष्ट क्षेत्रों (दस्तावेजों तथा प्रिन्ट आउट सहित) पर बनाई जानी चाहिए।
- एक वेब पेज 'निर्धन वर्ग समुदाय के विरुद्ध अपराध' के लिए बनाइए।
- कुछ पेज विकसित पेजों के साथ ऐसे जोड़िए जिनमें अपराध तथा सरकार द्वारा किए जाने वाले उपायों के विषय में सूचना हो (स्थिर वेब पेज बनाने के लिए HTML टैग का उपयोग कीजिए)।
- वेब पेजों की विषय सूची की दिखावट में परिवर्तन के लिए इनलाइन स्टाइलिंग का उपयोग कीजिए।
- उपरोक्त प्रकरण में विकसित सभी पेजों की दिखावट में परिवर्तन के लिए स्टाइल शीटों (अन्तः स्थापित अथवा सम्बन्धन) का उपयोग कीजिए।
- शीट फॉर्मेट में आँकड़े प्रदान करके उपरोक्त वेब पेज में वृद्धि कीजिए।
- वेब पेज के विकास के इस चरण में इस वेब पेज के साथ कुछ गतिक लक्षण जैसे समय तथा चालू तिथि साथ जोड़िए।
- रजिस्ट्रेशन के लिए प्राप्त फॉर्मों से उपभोक्ता-जानकारी एकत्र कीजिए। उपभोक्ताओं के विषय में एकत्र जानकारी को Message Box का उपयोग करके प्रदर्शित कीजिए तथा रजिस्ट्रेशन कराने के लिए धन्यवाद भी कहिए (VB स्क्रिप्ट का उपयोग कीजिए)।

केस स्टडीज़

(इन केस स्टडीज़ का उपयोग पाठ्यक्रम के अन्तर्गत सीखी गयी संकल्पनाओं के प्रयोग के लिए भी किया जा सकता है)।

ज्ञान प्रभावक्षेत्र : HTML, DHTML, CSS, VB स्क्रिप्ट तथा प्रतिबिम्ब सम्पादन सॉफ्टवेयर

1. किसी विद्यार्थी की वेब साइट पर उस विद्यार्थी की व्यक्तिगत जानकारी जैसे उसका e mail पता, फोटोग्राफ, पसन्द, नापसन्द, रूचियाँ, कक्षा, विद्यालय का नाम, उपलब्धियाँ, कृपापात्र रेस्टोरैन्ट, पसन्द के पर्यटन स्थान, जीवन का अन्तिम उद्देश्य, मानवजाति के लिए सन्देश, आदर्श महान व्यक्ति का वर्णन होना चाहिए।
2. किसी विद्यालय की वेब साइट जिसमें विद्यालय का नाम, विद्यालय का आदर्श वाक्य, विद्यालय का फोटोग्राफ, विद्यालय का संक्षिप्त विवरण, प्रधानाचार्य का नाम, सुविधाएं, इन्फ्रास्ट्रक्टर, प्रयोगशालाएँ, खेल, फैकल्टी तथा विभागों की जानकारी, परिणाम तथा विद्यार्थियों की उपलब्धियों का वर्णन दिया गया हो।

3. किसी रेस्टोरैन्ट की वेब साइट जिसमें खाद्य पदार्थो के नाम, प्रत्येक मद का फोटो संक्षिप्त विवरण सहित, मूल्य सूची तथा उपलब्धता के समय की जानकारी दी गयी हो।

4. किसी पर्यटन एजेन्सी की वेबसाइट जिसमें विभिन्न पर्यटन स्थल, यात्रा के लिए उपलब्ध विभिन्न विधाएँ, उपलब्ध होटलों के प्रकार की जानकारी प्रदान की गयी हो।

5. अंग्रेजी/अन्य स्थानीय भाषा में आपका अपना ब्लॉग।

टिप्पणी :

- वेब साइट विकसित करने के लिए विभिन्न स्रोतों से वास्तविक जानकारी एकत्र कीजिए।
- यह परामर्श दिया जाता है कि उपरोक्त केस स्टडीज़ को, पाठ्यक्रम को पूरा करने के अनुसार, छोटे-छोटे मॉडयूल्स में विभाजित कर लीजिए।
- शिक्षक भी इस प्रकार की वैकल्पिक केस स्टडीज़ प्रदान कर सकते हैं।

3. मौखिक परीक्षा **05**

पाठ्यचर्या में अध्ययन किए गए विषयों से पाँच प्रश्न

कक्षा XII (सैद्धान्तिक)

समय : 3 घन्टे **कुल अंक 70**

इकाई	इकाई का नाम	अंक
1.	अभिकलित्र प्रणाली	05
2.	वेब प्रौद्योगिकी	10
3.	वेब पेज विकास	40
4.	मल्टीमीडिया तथा ऑथरिंग	15
	कुल	**70**

इकाई–1 : अभिकलित्र प्रणाली

डाटाबेस शब्दावली : डाटा, रिकार्ड/टुपिल, टेबल, डाटा बेस

कुंजी की संकल्पना : कैंडिडेट कुंजी, प्राथमिक कुंजी, विकल्प कुंजी, तथा विदेशी कुंजी;

डाटाबेस टूल : डाटा बेस प्रबन्धन टूल्स, सारणी सृजन एवं सुरक्षा, प्राथमिक कुंजी की परिभाषा करना, स्तम्भ की प्रविष्टि एवं निष्कासन, स्तम्भ का पुनः नामकरण, रिकार्डो की प्रविष्टि, रिकार्डो का निष्कासन, रिकार्डों में संशोधन, तथा सारणियों में सम्बन्ध।

2 वेब प्रौद्योगिकी

संचार तथा नेटवर्क संकल्पनाएँ

नेट वर्किंग का विकास, ARPANET, इन्टरनेट, इन्टरस्पेस

स्विचिंग तकनीक के सन्दर्भ में नेटवर्क में डाटा भेजने के विभिन्न ढंग

डाटा संचार शब्दावली : चैनल की संकल्पना, बैण्ड, बैण्ड चौड़ाई (H_Z, RH_Z, MH_Z) तथा डाटा स्थानातरण दर bps, kbps, mbps, gbps, Tbps)

प्रेषण माध्यम : व्यावर्तित युगल केबल, समाक्षी केबल, प्रकाशिक तन्तु, अवरक्त, रेडियो लिंक, माइक्रोवेव लिंक तथा उपग्रह लिंक

नेटवर्क युक्तियाँ : मॉडेम, RJ 45 कनेक्टर, ईथरनेट कार्ड, हब, स्विच, गेटवे

विभिन्न संस्थितियाँ बस, तारा, पेड; LAN, MAN, WAN की संकल्पनाएँ

प्रोटोकॉल : TCP/IP, फाइल स्थानान्तरण प्रोटोकॉल (FTP), PPP, Level Remote Loinm (Telnet), इन्टरनेट, वायरलेस/मोबाइल संचार GSM, CDMA, WLL, 3G, SMS, MMS वाइस मेल, अनुप्रयोग इलेक्ट्रॉनिक मेल, चैट, वीडियो कॉनफरेसिंग

नेटवर्क सुरक्षा संकल्पनाएँ भारतीय साइबर-नियम, फायरवाल, कुकिज , हैकर्स तथा क्रैकर्स

खुले स्रोत आधारित सॉफ्टवेयर का परिचय

शब्दावली तथा सकाचर्य : OSS, FLOSS, GUN, FSF, OSI, W3C मानक (XML, CSS)

परिभाषाएं : खुले स्रोत सॉफ्टवेयर, फ्रीवेयर, शेयरवेयर, निजी सॉफ्टवेयर स्थानीकरण, UNICODE

सॉफ्टवेयर : Linux, Mozilla web Browser, Apache Server, My SQL, Postgres, Pango, Open office, Tomcat, PHP Python

वेबसाइट : www. source forge. net, www. openrdf. org, www. open source. org, www. linux. com, www. linux india. net, www. gnu. org. www.wbc.org.

मल्टीमीडिया अनुप्रयोग : शिक्षा (CAI टूल का उपयोग), मनोरंजन, शिक्षा मनोरंजन, आभासी वास्तविकता, अंकीय पुस्तकालय, सूचना कियोस्क, मांग पर वीडियो, वेब पेज वीडियो फोन, वीडियो कॉनफरेसिंग तथा स्वास्थ्य-चिन्ता।

इकाई–3 : वेब पेज विकास

HTML/DHTML का पुनरावलोकन, कक्षा XI में अध्ययन की गयी VB स्क्रिप्ट

WEB- सरवर का प्रतिष्ठापन एवं प्रबन्धन-सरवर, इन्टरनेट सूचना सरवर (IIS)/ व्यक्तिगत वेब सरवर (PWS).

सक्रिय सरवर पेज (ASP), ASP की संकल्पना, ASP के लक्षण, अन्य तुल्य टूल JSP, PHP,

स्थिरांक, स्ट्रिंग तथा संख्यांक

डाटा के प्रकार : पूर्णांक, फ्लोटिंग बिन्दु (एकल, दुगुना), स्ट्रिंग, दिनांक, बूलियन, मुद्रा, परिवर्त, वस्तु,

चर, स्पष्ट एवं निहित घोषणा;

प्रचालक : अंकगणित : +, - (एक चर, द्वि चर), *, /, \ (पूर्णांक विभाजन) mod.^ ;

तुलना : <, >, <=, >=, <>, = ;

तार्किक : AND, OR, NOT, XOR, EQV, IMP

स्ट्रिंग प्रचालक : & or + (संशृंखलन के लिए)

फलन :

रूपान्तरण फलन : Abs (), CBool (), CByte (), CInt (), CStr (), CSng (), CLag (), CDate ();

स्ट्रिंग मैनीपुलेशन फलन : UCase (), LCase (), Len (), Left (), Right (), Mid (), LTrin (), InStr (), RTrim (), L Trim ();

समय एवं दिनांक फलन : Date (), Day (), Hour (), Left (), Len (), Minute (), Month (), Monthname (), Now ();

विन्यास : घोषणा तथा 1 विमीय विन्यासों का उपयोग।

नियन्त्रण : IF THEN, IF.. THEN.. ELSE.. END IF, IF.. THEN.. ELSE IF.. THEN.. END IF, SELECT.. CASE.. END SELECT, FOR.. NEXT, FOR EACH.. NEXT, DO WHILE.. LOOP, DO.. LOOP WHILE, DO UNTIL. LOOP;

कार्यविधि तथा प्रकार्य : प्राचलों/तर्कों;

लक्ष्य मॉडल संरचना की संकल्पना (ग्राहक से सरवर तथा सरवर से ग्राहक);

लक्ष्य : गुणधर्म, विधियाँ, घटनाएँ, लक्ष्य गुण धर्म स्थापन, लक्ष्य गुणधर्मों की पुनः प्राप्ति, लक्ष्यों/विधियों का आह्वान

लक्ष्य के प्रकार : प्रत्युत्तर, अनुरोध, प्रार्थना पत्र, सत्र, सरवर, ASP त्रुटि

प्रत्युत्तर लक्ष्य : लिखिए विधि, जोड़िए हीडर, Append To Log, Binary Write, सुगम मार्गो <% = Value/expr %> का उपयोग करना, सूचना नियन्त्रित करना : बफर फ्लश, क्लीयर, समाप्त;

अनुरोध लक्ष्य : अनुरोध लक्ष्य एकत्र करना; क्वैरी स्ट्रिंग, फॉर्म, सरवर चर, कुकीज़, ग्राहक प्रमाण पत्र

प्रार्थना पत्र : विषय वस्तु, ताला लगाओ, ताला खोज़ो, हटाओ, हटाओ सभी को;

ASP अवयव : AD रोटेटर, विषयवस्तु रोटेटर, काउन्टर, पेज काउन्टर, आज्ञा चैकर

पाठ्यवस्तु फाइल : किसी पाठ्यवस्तु फाइल को खोलना तथा विषयवस्तु को पढ़ना।

मूल डाटाबेस संकल्पनाएँ : सारणी/सम्बन्ध की संकल्पना, सम्बन्ध, कैन्डीडेट कुंजी, प्राथमिक कुंजी, विकल्प कुंजी, विदेशी कुंजी, डाटाबेस से संयोजित करना; DSN का सृजन, OLE DB उपयोग करना।

डाटाबेस पर कार्य करना : सरवर-वस्तुओं (ADODB, संयोजन, ADODB, रिकॉर्ड सेट) के उपयोग द्वारा डाटाबेस में सारणियों से रिकॉर्डों की प्रविष्टि, पुनः प्राप्ति, संशोधन/आद्यतन करना।

सरवर चर : HTTP उपभोक्ता ऐजेन्ट, REMOTE, ADDR, REMOTE HOST, SERVER NAME;

इकाई–4 : मल्टीमीडिया एवं ऑथरिंग टूल्स

मूवी फाइल फॉमेट : AVI, MPEG, SWF, MOV, DAT;

मूवी फ्रेम : फ्रेम की संकल्पना, फ्रेम बफर, तथा फ्रेम दर

ऑथरिंग टूल्स : एनीमेशन बनाना, श्रृव्य/वीडियो अन्तः स्थापन, तथा वेब पेज पर अन्तः स्थापित करना।

मैक्रोमीडिया फ्लैश के उपयोग द्वारा मल्टीमीडिया ऑथरिंग

सरल मूवी फ्लैश बनाना, स्थापन गुणधर्म, फ्रेम दर, विमाए, तथा पृष्ठभूमि रंग।

दृश्य : दृश्य की संकल्पना, डुप्लीकेट दृश्य, दृश्य जोड़ना, दृश्य हटाना, तथा दृश्यों के बीच मार्ग निर्देशन;

परतें : परत की संकल्पना, परत के गुणधर्म, परत का नाम, दिखाइए/ छिपाइए/ताला लगाइए परतें, परतों के प्रकार सामान्य/गाइड/मास्क, रूपरेखा रंग, रूपरेखा की भांति परत देखना, परत ऊँचाई, किसी परत का जोड़ना-हटाना

फ्रेम : फ्रेम की संकल्पना;

मुख्य फ्रेम का सृजन, फ्रेम में पाठ्य वस्तु की प्रविष्टि, फ्रेम में ग्राफीय अवयव की प्रविष्टि करना, पाठ्य वस्तु/ग्रफिक को प्रतीक में बदलना, फ्रेम में प्रतीक की प्रविष्टि करना, प्रतीक गुणधर्म व्यवस्थित करना (ग्राफिक/बटन/मूवी); खाली फ्रेम प्रविष्टि करना, खाली मुख्य फ्रेम प्रविष्टि करना, खाली फ्रेम में मुख्य फ्रेम की प्रविष्टि करना, किसी परत के सभी/विशिष्ट फ्रेमों का चयन करना, चयनित फ्रेमों की प्रतिलिपि बनाना/चिपकाना।

विशेष प्रभाव : गति ट्वीनिंग, आकृति ट्वीनिंग, रंग प्रभाव, ध्वनि परत की प्रविष्टि करना, किसी दृश्य तथा मूवी का परीक्षण करना।

आयात/निर्यात (मूवी/ध्वनि तथा अन्य मल्टीमीडिया वस्तुएं)

प्रकाशन : किसी फ्लैश मूवी को प्रकाशित करना, प्रकाशित व्यवसयाओं को परिवर्तित करना, SWF (फ्लैश मूवी) का निर्माण करना, HTML पेज, GIF प्रतिबिम्ब, JPEG प्रतिबिम्ब (*. Jpg), PNG प्रतिबिम्ब, विन्डो प्रोजेक्टर (*, exe), मैकिनतोष प्रोजेक्टर (*, hqx), क्विक टाइम (*. mov), रीयल प्लेयर (*, smil) प्रकाशित पूर्व समीक्षा का परीक्षण करना।

कक्षा XII (प्रायोगिक)

समय : 3 घन्टे **कुल अंक : 30**

1. सिद्धहस्त अनुभव **15**

- प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा HTML, VB स्क्रिप्ट तथा ASP के अन्तर्गत विभिन्न आदेशों का उपयोग करते हुए किसी विषय पर आधारित कम से कम 4 वेब पेज की वेब साइट विकसित करनी है।
- वेब पेज की अभिकल्पना निम्नलिखित लक्षणों के साथ होनी चाहिए :
- HTML Basic Tag (html/head/title/body/B/I/U/BR/HR)
- फलन
- प्रतिबन्धित तथा नियन्त्रण प्रकथन
- विषय वस्तु : प्रत्युत्तर/प्रार्थना/प्रार्थना-पत्र /सत्र/सरवर/ASP त्रुटि
- फोटो शॉप/कोरेलड्रा का उपयोग करके प्रतिबिम्ब सम्पादन
- विलीन हो रही परतें/गतिमान तथा प्रतिलिपि परतें
- मल्टीमीडिया ऑथरिंग का उपयोग (माइक्रोमीडिया फ्लैश के उपयोग द्वारा)

(नोट : निर्गत को वेब पेज/फ्लैश मूवी/विन्डो प्रोजेक्टर/क्विक टाइम के रूप में।

- विद्यार्थियों से सैद्धान्तिक पाठ्यक्रम में अध्ययन किए XML की संकल्पनाओं पर आधारित XML दस्तावेजों को सृजित करने के लिए कहा जाता है।

2. प्रायोगिक फाइल **05**

- प्रायोगिक फाइल निम्न प्रभाव क्षेत्रों विशिष्ट क्षेत्रों पर (दस्तावेजों तथा प्रिन्ट आउट सहित) बनाई जानी चाहिए।
- एक सरल वेब पेज बनाइए जिसमें HTML के लगभग सभी टेग हों।
- आयकर विभाग के लिए एक होम पेज (सरल तथा पाठ्यवस्तु) विकसित कीजिए तथा इसे उस डायरेक्टरी में संचित कीजिए जिसका उपयोग वेब सरवर पर वेब सेवाओं के लिए किया जाता है।
- उस वेब पेज को ब्राउसर पर देखिए।
- अन्य नमूना पेजों (जैसे आयकर जोन, किसी व्यक्तिगत के लिए आयकर का विस्तृत विवरण, आयकर नोटिफिकेशन, आयकर समाचार आदि) के साथ सम्बन्ध बनाकर होम पेज को बढ़ाइए।
- होम पेज पर दिनांक तथा समय अन्तः स्थापित कीजिए।
- उपभोक्ता पंजीकृत पेज प्रदान कर वेब साइट को और बढ़ाइए। उपभोक्ता का विस्तृत विवरण एकत्र करके एक नया वेब पेज प्रदर्शित कीजिए और पंजीकरण के लिए धन्यवाद दर्शाइए। फार्म निवेशों को प्रामाणिक बनाने के लिए उचित कार्य भी अंकित कीजिए
- उपभोक्ता को किसी छदम नाम से लॉग इन सेवा प्रदान कीजिए तथा सत्र को उपभोक्ता के लॉग आउट होने तक बनाए रखिए।
- उपभोक्ता के लॉग इन प्रयासों के लिए भेंटकर्ता-काउंट बनाकर रखिए।
- वेब पेज के लॉग इन मॉड्यूल को परिवर्तित कीजिए और अब इसे सरवर पर आयकर उपभोक्ता डाटाबेस के साथ संयोजित कीजिए। यह पंजीकरण विवरण के भण्डारण तथा उपभोक्ता के लॉक्ड को आगे बढ़ाने के लिए किया जाना है।
- यदि उपभोक्ता अपना पासवर्ड भूल जाए तो लॉग इन पेज को इस प्रकार बनाइए कि उसमें पास वर्ड को परिवर्तित करने की भी सुविधा हो।
- वेब सरवर पर कुछ सृजित अथवा सम्पादित साउंड फाइलों को संचित कीजिए और इन्हें देखने के लिए लिंक प्रदान कीजिए।
- वेब पेज की दिखावट को उचित स्थानों पर चित्रों का समावेश करके परिवर्तित कीजिए (उदाहरण के लिए : आयकर विभाग का लोगो, आयकर भवन का चित्र आदि का समावेश कीजिए)
- वेब साइटों (राज्य सरकार/स्थानीय भाषा के समाचार पत्र) को देखिए तथा स्थानीय भाषा में 5 विभिन्न प्रिन्ट आउट प्राप्त कीजिए।
- स्थानीय भाषा में वेब पेज विकसित कीजिए।

(**नोट** : विद्यार्थी कक्षा XI की केस स्टडीज़ में सुधार भी कर सकते हैं तथा इसे डाटाबेस तथा मल्टीमीडिया आधारित सामग्री द्वारा और बढ़ा सकते हैं।)

3. प्रोजेक्ट **05**

केस स्टडीज़ को निम्नलिखित भागों में विभाजित किया जाना है :

केस स्टडी भाग-1 (वेबसाइट साधनों का एकत्रीकरण, सम्पादन तथा सृजन)

- एक इलेक्ट्रॉनिक मूवी का सृजन कीजिए जिसमें विभिन्न पिक्चर श्रव्य कतरने, मूवी कतरने तथा किसी संस्थान/विद्यालय से सम्बन्धित वास्तविक विषय वस्तु हो।
- 3D एनीमेशन से परिचय
- वेब पेजों में श्रृव्य तथा वीडियों अन्तःस्थापन।
- अन्योन्य वाक्-थ्रू से परिचय।
- वेब पेजों में वाक्-थ्रू अन्तःस्थापित करना।
- किरणे स्टोरी बोर्ड की अभिकल्पना करना।

केस स्टडी भाग-2 (साधनों के साथ वेब सूची का विकास)

- कक्षा XI के अन्तर्गत अध्ययन की गई केस स्टडी डाटाबेस आधार, लॉगइन, ऑन लाइन पंजीकरण, बुकिंग तथा/अथवा आदेश देने की सुविधा सहित बनाना।

नमूना केस स्टडी

(नोट इसी प्रकार की अन्य केस स्टडीज़ भी प्रोजेक्ट कार्य के लिए उपयोग की जा सकती है।

मिस्टर वर्मा कॉप्सी सॉफ्ट ड्रिंक (I) लिमिटेड के CEO हैं। इनकी कम्पनी का कॉप्सी ब्रांड के सॉफ्ट ड्रिंक का विस्तृत वितरक नेटवर्क हैं। इन्हें बिक्री तथा वितरण नेटवर्क में वृद्धि के साथ वर्तमान प्रणाली में किसी नये प्रौद्योगिक हस्तक्षेप को अपनाने की आवश्यकता है। वह यह चाहते हैं कि उनकी कम्पनी की विस्तृत लोकप्रिय माध्यम, जिसे विश्वव्यापी वेब कहते हैं, द्वारा वैश्विक उपस्थिति प्रतीत हो। मान लीजिए आपकी नियुक्ति इस कम्पनी की विकास-टीम में एक वरिष्ठ व्यक्ति के रूप में की जाती है। आप कम्पनी की वर्तमान आवश्यकता तथा उसके विषय में अन्य जानकारी एकत्र करना चाहते हैं। आपके कार्य को सरल बनाने के लिए हमने कम्पनी के विषय में निम्नलिखित विस्तृत विवरण एकत्र किया है

कम्पनी के विषय में जानकारी

कम्पनी का नाम : कॉपसी सॉफ्ट ड्रिंक (I) लिमिटेड

क्षेत्र : पूर्व, पश्चिम, उत्तर तथा दक्षिण

वितरक : समस्त संसार में

मिस्टर वर्मा ने कहा कि वेब साइट पर कम्पनी के विषय में निम्नलिखित पदों में जानकारी दर्शायी जानी चाहिए

- होम पेज
- उत्पाद तथा प्रोत्साहन पेज
- वितरक लॉग इन पेज/पासवर्ड वसूली पेज
- वितरक विशिष्ट विस्तृत विवरण पेज
- पंजीकरण पेज   वितरक बनने के लिए
- कम्पनी समाचार तथा क्षण दीप्तियां
- कम्पनी-प्रोफाइल

तकनीकी विवरण

वेब साइट परिचय क्षण दीप्तियों में दिया जाना है।

वितरक की जानकारी के लिए एक उपयुक्त डाटाबेस बनाए रखना है :

नोट :

- उपरोक्त साइट/मूवी के विकास के लिए विभिन्न स्रोतों से वास्तविक जानकारी एकत्र कीजिए।
- पाठ्यक्रम के अध्ययन के अनुसार उपरोक्त केस स्टडी को छोटे-छोटे मॉड्यूलों में विभाजित करने का परामर्श दिया जाता है।
- शिक्षक भी इसी प्रकार की वैकल्पिक केस स्टडी प्रदान कर सकते हैं।

4. मौखिक प्रश्न

पाठ्यक्रम के अन्तर्गत अध्ययन की गई विषय वस्तु से पाँच प्रश्न।

सन्दर्भ पुस्तकें

- HTML XML
- Mastering HTML 4 Premium Edition– Ray & Ray (BPB)
- Using ITML (Fourth Edition) - Lee Anne Rlnilips (PHI)
- Beginning XML David Hunter et al (WROX)
- XML Pocet Reference-Scrnon St. Laurut Michol
- PHOTOSHOP
- Inside Adobe Photoshop 6, Gazy David Bouton Barbare Bouton, Gary Kubiclek, MareZebest Nathanson (Techmedia)
- Photoshop 7 Savvy - Steve Romaniello (BPB)
- VB Script
- VB Script-Paul wilson & others (Wrox)
- Learn Microsoft VP Script in a weekend - Jerry Lee Ford Jy (Prcinier Press)
- ASP
- Developing ASP Components-Powers (Oreilly)
- Active Server Pages 3-Developing ASP Components-Powers (Oreilly)
- Developers Guide - Stephen Asbury & Manuet Alberto Ricard (Hungry Minds)
- Practical SP-Bayross (BPB)
- FLASH
- Using Macromedic Flash 5 - Darrel Plant and Robert Cleveland (QVE)

- Adobe Flash C 53 Professional for Windows and Macintosh Visual Quick Stgu Guide Katterine Ulrich (Peachpit Press)
- Networking
- Computer Networking A 5 Tarenbaum, (4th Edition) (PHI)
- Network Concept and Architechtures–Hancock (BPB)
- Online Tntorigls
- www.com schools.com
- www. tutionalized.com

17. अर्थशास्त्र (कोड सं. 030)

मूलाधार

अर्थशास्त्र सामाजिक विज्ञान का एक घटक है और इसका प्रत्येक मनुष्य के जीवन पर बहुत प्रभाव होता है। जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था और आर्थिक जीवन में परिवर्तन होते हैं, बच्चों के अपने अनुभव में शिक्षा को आधार बनाना आवश्यक हो जाता है। इसके लिए बच्चों को विश्लेषणात्मक कौशल प्राप्त करने के अवसर प्रदान करना अत्यावश्यक है ताकि वे आर्थिक वास्तविकताओं का अवलोकन कर सकें और उन्हें समझ सकें।

उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों में स्वयं सोचने और समझने की क्षमता विकसित हो जाती है। वे अमूर्त विचारों को भी समझ सकते हैं। इस स्तर पर उनके लिए अर्थशास्त्र को एक अलग विषय के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

शुरू में उन्हें देश की आर्थिक वास्तविकताओं से परिचित कराया गया है और इन्हें समझने के लिए कुछ मूल सांख्यिकीय विधियाँ बताई गई हैं। बाद में अर्थशास्त्र को एक अमूर्त सिद्धान्त के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

अर्थशास्त्र के पाठ्यक्रम में प्रक्षेपण कार्य भी शामिल किए गए हैं। इससे दैनिक जीवन से जुड़े हुए विभिन्न आर्थिक मुद्दों और अन्य अदृश्य व्यापक मुद्दों की छानबीन करने के अवसर प्राप्त होंगे। इन पाठ्यक्रमों से प्राप्त शैक्षिक निपुणता उन्हें प्रक्षेपण कार्य करने में सहायक होगी। यह पाठ्यक्रम सूचना व संचार प्रौद्योगिकी के प्रयोग के अवसर प्रदान करेगा जो उनकी अधिगम प्रक्रिया में सहायक होंगे।

उद्देश्य

- कुछ मूल आर्थिक अवधारणाओं को समझना, उनका आर्थिक विवेचन करना और नागरिक, श्रमिक व उपभोक्ता के रूप में उसका दैनिक जीवन में प्रयोग करना।
- राष्ट्र निर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका समझना और देश के समक्ष आर्थिक मुद्दों के प्रति संवेदनशील होना।
- आर्थिक मुद्दों का विश्लेषण करने के लिए मूल आर्थिक व सांख्यिकीय विधियों की जानकारी प्राप्त करना।
- यह समझना कि किसी भी आर्थिक मुद्दे पर एक से अधिक मत हो सकते हैं और तर्क-संगत वाद विवाद करने की क्षमता का विकास करना।

(पाठ्यक्रम की रूपरेखा)

कक्षा 11

प्रश्न-पत्र-1	3 घंटे		अंक-100
इकाईयाँ		**पीरियड**	**अंक**
भाग-अ : अर्थशास्त्र के लिए सांख्यिकी			
1. परिचय		5	3
2. आँकड़ों का संग्रहण, व्यवस्थापन और प्रस्तुतीकरण		25	12
3. सांख्यिकीय विधियाँ और निर्वचन		64	30
4. अर्थशास्त्र में प्रक्षेपण कार्य		10	5
भाग-ब : भारतीय आर्थिक विकास			
5. विकासात्मक नीतियाँ और अनुभव (1947-90)		18	10
6. 1991 से आर्थिक सुधार		14	8
7. भारतीय अर्थव्यवस्था के सम्मुख वर्तमान चुनौतियाँ		60	25
8. भारत का विकास सम्बन्धी अनुभव-पड़ोसियों के साथ तुलना		12	7
	कुल	**208**	**100**

भाग-अ : अर्थशास्त्र के लिए सांख्यिकी

इस पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों से विभिन्न साधारण आर्थिक पहलुओं से सम्बन्धित संख्यात्मक और गुणात्मक सूचना का सुव्यवस्थित तरीके से संग्रहण, व्यवस्थापन और प्रस्तुतीकरण की निपुणता प्राप्त करने की अपेक्षा की जाती है। इसका उद्देश्य कुछ मूल सांख्यिकीय विधियाँ प्रदान करना भी है जिनकी सहायता से किसी भी आर्थिक सूचना की व्याख्या और उसका विश्लेषण किया जा सके और उपयुक्त निष्कर्ष निकाले जा सकें। इस प्रक्रिया में विद्यार्थियों से विभिन्न आर्थिक आँकड़ों के व्यवहार को समझने की अपेक्षा की जाती है।

इकाई–1 : परिचय (पीरियड 5)

अर्थशास्त्र क्या है?

सांख्यिकी का अर्थ और विषय-क्षेत्र, और

इसका अर्थशास्त्र में महत्व।

इकाई–2 : आँकड़ों का संग्रहण, व्यवस्थापन और प्रस्तुतीकरण (पीरियड 25)

- 12वीं कक्षा में हमारा केन्द्र बिन्दु बदलकर इतिहास के प्राचीनकाल, मध्यकाल व आधुनिक काल के विषयों का विस्तृत अध्ययन होगा हालांकि प्रयत्न यही रहेगा कि इन काल परक विषयों में अंतर को कम किया जाए। हमारा उद्देश्य इन विषयों का अध्ययन विस्तार और गहराई से करना होगा बजाय समस्त ऐतिहासिक काल का क्रमानुसार सर्वेक्षण। इस प्रकार विद्यार्थियों के पूर्व कक्षाओं में अर्जित ज्ञान के आधार पर पाठ्यक्रम का निर्माण होगा।

- 11वीं कक्षा में प्रत्येक विषय के अध्ययन में एक प्रकार के स्रोत से भी परिचित कराया जाएगा। इस प्रकार के अध्ययन से विद्यार्थी यह जानना शुरू कर देंगे कि विभिन्न प्रकार के स्रोत क्या दर्शित करते हैं और क्या नहीं/वे जान पाएँगे कि इतिहासकार इन स्रोतों की व्याख्या करने में आई समस्याओं तथा कठिनाइयों का किस प्रकार विश्लेषण करते हैं और किस प्रकार से एक घटना ऐतिहासिक प्रक्रिया अथवा ऐतिहासिक व्यक्ति का निर्माण विभिन्न प्रकार के स्रोतों को देखकर होता है।
- 12वीं कक्षा का प्रत्येक विषय चार उप-शीर्षकों के अंदर समाहित किया जाएगा।

  (क) घटनाओं, मुद्दों और प्रक्रियाओं का विस्तृत स्वरूप।

  (ख) विषयसम्बन्धी खोज की वर्तमान स्थिति का सार।

  (ग) विषय की जानकारी किस प्रकार प्राप्त की गई है, उसका वर्णन,

  (घ) मूल स्रोत से लिए गए एक विषय से सम्बन्धित उद्धरण लेकर इतिहासकारों ने उसका प्रयोग कैसे किया है, की व्याख्या।

12वीं और 11वीं कक्षा दोनों कक्षाओं में यद्यपि इन विषयों को एक व्यापक कालानुक्रम से संयोजित किया गया है किन्तु फिर भी उनमें अतिछादिता है। इसका अभिप्राय यह समझाने का था कि कालानुक्रम और काल-निर्धारण सदा बहुत बारीकी से नहीं हो पाते हैं।

पाठ्य पुस्तक में प्रत्येक विषय एक विशेष समय और स्थान के अनुसार मिलेगा। किन्तु ये परिचर्चाएँ निम्न प्रकार से विस्तृत संदर्भ में दी गई है

(क) विशेष घटना को काल-रेखा में रख कर।

(ख) किसी विशेष घटना अथवा प्रक्रियाओं की परिचर्चा अन्य स्थानों या समय पर हुई विकास के संदर्भ में।

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

कक्षा-XI

प्रश्न-पत्र 1	समय : 3 घंटे	अंक : 100

इकाई	पीरियड	अंक
1. विश्व इतिहास का परिचय	8	-
खण्ड क : प्रारंभिक समाज	**32**	**15**
2. भूमिका	06	-
3. समय के प्रारम्भ से प्रारंभिक नगर	14	-
4. प्रारंभिक नगर	12	-
खण्ड 'ख' : साम्राज्य	**40**	**25**
5. भूमिका	06	-
6. तीन महाद्वीपों में फैला हुआ एक साम्राज्य	12	
7. केन्द्रीय इस्लामिक क्षेत्र	12	
8. यायावर साम्राज्य	10	
खण्ड ग : बदलती परम्पराएँ	**44**	**25**
9. भूमिका	06	-
10. तीन वर्ग	12	
11. बदलती हुई सांस्कृतिक परम्पराएँ	14	
12. संस्कृतियों का टकराव	12	
खण्ड घ : आधुनिकीकरण की राहें	**46**	**25**
13. भूमिका	08	
14. औद्योगिक क्रान्ति	12	
15. मूल निवासियों का विस्थापन	12	
16. आधुनिकीकरण की राहें	14	
17. मानचित्र कार्य (इकाई 1-16)	**10**	**10**
कुल	**180**	**100**

कक्षा XI : विश्व इतिहास के विषय

विषय	पीरियड	उद्देश्य
1. विश्व इतिहास की भूमिका	(8)	
खण्ड क : प्रारम्भिक समाज		
2. भूमिका	(6)	
3. समय के प्रारम्भ से केन्द्र बिन्दु : अफ्रीका, यूरोप 5000 ई. पूर्व तक (क) मानव के उद्भव पर विचार (ख) प्रारम्भिक समाज (ग) वर्तमान समय में शिकार-संग्रहक समाज पर इतिहासकारों के मत	(14)	• मानव के क्रमिक विकास की पुनर्रचना के तरीकों से विद्यार्थियों को परिचित कराना। • क्या वर्तमान के संग्रहण व शिकार करने वाले लोगों के अनुभवों से प्रारंभिक समाजों के जीवन को समझा जा सकता है?
4. प्रारंभिक नगर **केन्द्र बिन्दु** : इराक, तीसरे सहस्राब्द पूर्व (क) शहरों का विकास (ख) प्रारंभिक शहरी समाजों की प्रकृति (ग) इतिहासकारों के लेखन के उपयोगों पर वाद-विवाद।	(12)	प्रारंभिक शहरी केन्द्रों की प्रकृति से विद्यार्थियों को परिचित कराना। क्या लेखन सभ्यता को चिह्नित करने में महत्वपूर्ण है।
खण्ड-ख : साम्राज्य		
5. भूमिका	(6)	
6. तीन महाद्वीपों में फैला हुआ एक साम्राज्य • केद्र बिन्दु : रोमन साम्राज्य, 27 ई. पूर्व. से 600 ई. तक (क) राजनीतिक विकास (ख) आर्थिक विस्तार (ग) धर्म (घ) परवर्ती पुराकाल (च) दासप्रथा पर इतिहासकारों के मत।	(12)	• एक प्रमुख विश्व साम्राज्य के इतिहास से विद्यार्थियों को परिचित कराना। • चर्चा करना कि क्या दासता अर्थ व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण तत्व थी।

विषय	पीरियड	उद्देश्य
7. केन्द्रीय इस्लामी क्षेत्र केन्द्रबिन्दु : 7वीं से बारहवीं शताब्दियाँ (क) राज्य पद्धति (ख) अर्थव्यवस्था (ग) संस्कृति (घ) धर्मयुद्धों पर इतिहासकारों के दृष्टिकोण।	(12)	• अफ्रीकी और एशियायी क्षेत्रों में इस्लामी साम्राज्यों के उदय से तथा उसके समाज और अर्थ व्यवस्था से विद्यार्थियों को परिचित कराना। • धर्म युद्ध का इन क्षेत्रों में क्या अर्थ है, तथा उनको कैसे अनुभव किया गया इसे समझना।
8. यायावर साम्राज्य : केन्द्र बिन्दु : मंगोल, 13वीं से 14वीं शताब्दी (क) यायावार की प्रकृति (ख) साम्राज्यों का गठन (ग) विजय और अन्य राज्यों से सम्बन्ध (घ) यायावार समाजों तथा राज्य के गठन पर इतिहासकारों के विचार।	(10)	• विद्यार्थियों को यायावार समाज एवं उनकी संस्थाओं से परिचित कराना। • क्या यायावार समाजों में राज्यों का गठन संभव है, इसकी चर्चा करना।
खण्ड ग : बदलती परंपराएँ		
9. भूमिका	(6)	
10. तीन वर्ग केन्द्र बिन्दु : पश्चिमी यूरोप, 13-16 शताब्दी तक (क) सामंतवादी समाज एवं अर्थव्यवस्था (ख) राज्यों की रचना (ग) चर्च एवं समाज (घ) सामंतवाद के ह्रास पर इतिहासकारों के विचार,	(10)	• विद्यार्थियों को समकालीन अर्थव्यवस्था एवं समाज तथा उनमें आए परिवर्तनों से परिचित कराना, • सामंतवाद के पतन पर वाद-विवाद किस प्रकार परिवर्तन की प्रक्रियाओं को समझने में सहायक होता है, यह दर्शित करना।
11. बदलती हुई सांस्कृतिक परंपराएँ केन्द्र बिन्दु : यूरोप : 14वीं से 17वीं शताब्दी तक (क) साहित्य और कला में नए विचार एवं नए रूझान। (ख) पूर्ववर्ती विचारों से सम्बन्ध (ग) पश्चिमी एशिया का योगदान।	(14)	• इस काल में बौद्धिक प्रवृत्तियों की खोज, विद्यार्थियों को समकालीन रंगचित्रों तथा इमारतों से परिचय। • पुनर्जागरण के विचार पर वाद-विवाद।
12. संस्कृतियों का टकराव केन्द्र बिन्दु : 15वीं से 18वीं शताब्दी के बीच अमरीका (क) यूरोपवासियों की खोज यात्राएँ	(12)	• यूरोपीय अर्थव्यवस्था के उन परिवर्तनों पर चर्चा कीजिए जिनके फलस्वरूप समुद्री यात्राएँ हो पाईं।

विषय	पीरियड	उद्देश्य
(ख) स्वर्ण की खोज, दास बनाना, छापे मारना।		● मूल निवासियों पर विजय के प्रभावों की चर्चा कीजिए।
(ग) मूल निवासी एवं संस्कृतियाँ, अराबाकी, एजटेक, इन्का लोग। (घ) विस्थापनों (स्थानान्तरण) का इतिहास। (च) दास व्यापार पर इतिहासकारों के दृष्टिकोण।		● दास व्यापार की प्रकृति पर वाद-विवाद कीजिए और देखिए कि ऐसा विवाद हमें इन खोजों के अर्थ के बारे में क्या बताता है।
खण्ड-घ : आधुनिकीकरण के रास्ते		**(पीरियड 46)**
13. भूमिका	(8)	
14. औद्योगिक क्रान्ति		
केन्द्र बिन्दु : इंग्लैण्ड, 18वीं तथा 19वीं शताब्दी (क) अभिनव तथा तकनीकी परिवर्तन		● इस काल में हुए विकास की प्रकृति तथा उसकी सीमाओं को समझिए।
(ख) विकास के प्रतिरूप (ग) श्रमिक वर्ग का उदय (घ) क्या औद्योगिक क्रान्ति हुई थी? (ङ) इतिहासकारों के दृष्टिकोण।		● औद्योगिक क्रान्ति विचार पर विद्यार्थियों को वाद-विवाद के लिए प्रेरित कीजिए।
15. मूल निवासियों का विस्थापन	**(12)**	
● केन्द्र बिन्दु : 18 से 20वीं शताब्दी में उत्तरी अमरीका एवं ऑस्ट्रेलिया।		
(क) उत्तरी अमरीका तथा ऑस्ट्रेलिया में यूरोपीय उपनिवेशवादी। (ख) श्वेत प्रवासी समाजों का गठन। (ग) स्थानीय लोगों का विस्थापन एवं दमन		● विद्यार्थियों को, विस्थापनों की प्रक्रियाओं से, जिनके साथ-साथ अमरीका तथा ऑस्ट्रेलिया का विकास हुआ, सुग्राही बनाइए।
(घ) यूरोपीय बसावट के मूल निवासियों पर पड़े प्रभाव पर इतिहासकारों के विचार।		● विस्थापित लोगों की ऐसी प्रक्रियाओं से तात्पर्य समझाइये।
16. आधुनिकीकरण की विभिन्न राहें	**(14)**	
केन्द्र बिन्दु : पूर्वी एशिया-उत्तर 19वीं व बीसवीं शताब्दी में (क) जापान में सैन्यीकरण एवं आर्थिक विकास (ख) चीन तथा साम्यवादी विकल्प		● विद्यार्थियों को जागरूक बनाइए कि वे समझें कि आधुनिक विश्व में रूपान्तरण के अनेक रूप हैं।
(ग) आधुनिकीकरण पर इतिहासकारों के वाद-विवाद।		● स्पष्ट कीजिए की आधुनिकीकरण जैसे विचारों के तर्कसंगत मूल्यांकन की आवश्यकता क्यों है?
17. मानचित्र कार्य		**(पीरियड 10)**
एक से पन्द्रह इकाई तक	(10)	

प्रस्ताविक पाठ्यपुस्तकें :

1. विश्व इतिहास के विषय एन.एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित

पाठ्यक्रम की रूपरेखा
कक्षा XII

एक प्रश्न पत्र	समय : 3 घण्टे पीरीयड	अधिकतम अंक : 100
इकाई		**अंक**
खण्ड-I : विश्व इतिहास के विषय	45	25
इकाई 1–4		
खण्ड-II : विश्व इतिहास के विषय	55	30
इकाई 5–9		
खण्ड-III : विश्व इतिहास के विषय	70	35
इकाई 10–15	10	
इकाई 16 मानचित्र कार्य	10	10
	कुल 180	**कुल** 100

भारतीय इतिहास के विषय

विषय पीरीयड (45)	उद्देश्य
भाग I (11)	
1. **प्रारंभिक नगरों की कहानी,** हड़प्पाई पुरातत्त्व सामान्य पर्यवलोकन : प्रारंभिक शहरी केन्द्र, खोज की कहानी : हड़प्पाई सभ्यता **उद्धरण** मुख्य स्थलों पर पुरात्त्वीय रिपोर्ट विचार-विमर्श : इसका उपयोग पुरातत्त्ववेत्ता तथा इतिहासकारों ने किस प्रकार किया है।	❑ विद्यार्थियों को आर्थिक व सामाजिक संस्थाओं के रूप में प्रारंभिक शहरी केन्द्रों से परिचित कराना ❑ ऐसे तरीकों से परिचित कराना जिनसे नये डेटा की सहायता से इतिहास की वर्तमान मान्यताओं में संशोधन हो सकें। ❑ विद्वानों द्वारा पुरातत्त्वीय रिपोर्टों के विश्लेषण करने के तरीके को सोदाहरण समझाना।
2. **राजनीतिक एवं आर्थिक इतिहास** : शिलालेख इनकी कहानी केसे बताते है। (11) सामान्य पर्यावलोकन : मौर्यकाल से गुप्त काल तक का राजनीतिक एवं आर्थिक इतिहास खोज की कहानी : शिलालेख तथा लिपि को पढ़ना, राजनीतिक एवं आर्थिक इतिहास की समझ में परिवर्तन **उद्धरण** : अशोक के शिलालेख एवं गुप्तकालीन भूमि अनुदान विचार विमर्श : इतिहासकारों द्वारा शिलालेखों की व्याख्या।	❑ उपमहाद्वीप के राजनीतिक एवं आर्थिक इतिहास की प्रमुख प्रवृत्तियों से विद्यार्थी को परिचित करना। ❑ शिलालेख के विश्लेषण से परिचित कराना और यह बताना कि इनसे राजनीतिक एवं आर्थिक प्रक्रियाओं के बारे में हमारी समझ कैसे बनती है।

विषय	उद्देश्य
3. **सामाजिक इतिहास** : इतिहास रचने के लिए महाभारत का उपयोग **(12)** **सामान्य पर्यावलोकन** : सामाजिक इतिहास की समस्याएं : जाति, वर्ग, नातेदारी, लिंगभेद **खोज की कहानी :** महाभारत का संचारण व प्रकाशन **उद्धरण** : महाभारत से इतिहासकारों द्वारा किस प्रकार इसका प्रयोग किया गया सोदाहरण। **विचार-विमर्श** : सामाजिक इतिहास की पुनः रचना के अन्य स्रोत।	❑ सामाजिक इतिहास की समस्याओं से परिचित कराना। ❑ मूलग्रन्थों के विश्लेषण तथा सामाजिक इतिहास की पुनर्रचना में उनके प्रयोग से परिचित कराना।
4. **बौद्ध धर्म का इतिहास : सांची स्तूप** सामान्य पर्यावलोकन : (क) वैदिक धर्म, जैनधर्म, वैष्णवधर्म, शैव धर्म की संक्षिप्त समीक्षा **(11)** (ख) केन्द्र बिन्दु : बौद्धधर्म खोज की कहानी : सांची स्तूप **उद्धरण** : सांची की मूर्तियों के चित्रों की व्याख्या विचार-विमर्श : वे तरीके जिन से इतिहासकारों ने मूर्तियों की व्याख्या की है बौद्ध धर्म के इतिहास की पुनर्रचना के अन्य स्रोत	❑ भारत के प्रारंभिक काल में प्रमुख धर्मों की गतिविधियों पर चर्चा ❑ दृश्य विश्लेषण के तरीकों तथा धार्मिक इतिहास पुनर्रचना में उनके प्रयोग से परिचित कराना।
खण्ड-ख : मध्यकालीन भारत **55 पीरीयड** 5. **कृषि सम्बन्ध : आइन-ए-अकबरी** **(11)** सामान्य पर्यवलोकन : (क) सोलहवीं और सत्रहवीं शताब्दी में कृषि सम्बन्धों का ढांचा (ख) इस काल में परिवर्तनों के प्रतिरूप। **खोजों की कहानी** : आइन-ए-अकबरी के संग्रहण एवं अनुवाद का विवरण **उद्धरण** : आइने-ए-अकबरी से **विचार-विमर्श** : इतिहासकारों द्वारा इतिहास की पुनःरचना में प्रयुक्त मूलपाठों का प्रयोग किस प्रकार किया गया है।	❑ कृषि सम्बन्धों के विकास की गतिविधियों की चर्चा करना। ❑ इतिहास लेखन में सरकारी दस्तावेजों का अन्य स्रोतों द्वारा अनुपूरण की विवेचन करना।
विषय	**उद्देश्य**

6. मुगल दरबार : इतिवृत्तों के माध्यम से इतिहास की पुनःरचना (11) सामान्य पर्यावलोकन (क) 15वीं से 17वीं शताब्दी के दौरान इतिहास की रूपरेखा। (ख) मुगल दरबार तथा राजनीति पर विचार-विमर्श। **खोज की कहानी** : कोर्ट के इतिवृत्तों की रचना-प्रक्रिया का विवरण उनके बाद के समय में किए गए अनुवाद एवं प्रेषण **उद्धरण : अकबरनामा** एवं **पादशाहनामा** से **विचार-विमर्श** : इतिहासकारों द्वारा राजनीतिक इतिहास के निर्माण में मूलपाठों के प्रयोग के तरीके।	❑ विद्यार्थियों को राजनीतिक इतिहास की महत्त्वपूर्ण घटनाओं से परिचित कराना। ❑ दिखाएं कि इतिवृत्त एवं अन्य स्रोत राजनीति के संस्थाओं के इतिहास की पुनः रचना में किस प्रकार प्रयुक्त होते हैं।
7. नवीन वास्तुकला : हम्पी (11) **सामान्य पर्यावलोकन** (क) विजय नगर कालीन मन्दिरों, किलों, सिंचाई सुविधाओं जैसी नई इमारतों की रूपरेखा। (ख) राजनीतिक व्यवस्था एवं वास्तुकला में सम्बन्ध **खोज की कहानी** : हम्पी की खोज की कहानी **उद्धरण** : हम्पी के भवनों के दृश्य **विचार-विमर्श** : इतिहासकारों ने इन संरचनाओं का विश्लेषण एवं व्याख्या किन तरीकों से की है।	❑ विद्यार्थियों के समकालीन नवनिर्मित भवनों से परिचित कराना। ❑ उन तरीकों की चर्चा कीजिए जिनसे इतिहास की पुनः रचना में स्थापत्यकला का विश्लेषण किया जा सकता है।
8. धार्मिक इतिहास भक्ति-सूफी परम्पराएं (11) **सामान्य पर्यवलोकन** (क) इस काल में धार्मिक गतिविधियों की रूपरेखा (ख) भक्ति एवं सूफी सन्तों के विचार और आचार। **संप्रेक्षण की कहानी** : भक्ति एवं सूफी रचनाओं को कैसे सुरक्षित रखा गया है। **उद्धरण** : भक्ति और सूफी ग्रंथों से लिए गए उद्धरण। **विचार विमर्श** : वे तरीके जिनके द्वारा इतिहासकारों ने इन ग्रंथों की व्याख्याएं की हैं।	❑ विद्यार्थियों को धार्मिक गतिविधियों से परिचित कराना। ❑ भक्ति साहित्य का ऐतिहासिक स्रोत के रूप में, विश्लेषण करने के तरीकों की चर्चा कीजिए।

विषय	उद्देश्य
9. **यात्रियों के विवरणों के जरिए मध्ययुगीन समाज।** सामान्य पर्यवलोकन : यात्रियों के विवरणों के अनुसार सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन की रूपरेखा। उनके लेखों की कहानी : उन्होंने कहां कीं यात्राएं की, यात्राएं क्यों की, उन्होंने क्या लिखा और किनके लिए लिखा इन मुद्दों पर चर्चा। **उद्धरण** : अलबरूनी, इब्नबतूता, बर्निअर से विचार विमर्श : ये यात्रा विवरण हमें क्या बताते हैं और इतिहासकारों ने इन की व्याख्या कैसे की है।	❑ विद्यार्थियों को यात्रियों द्वारा वर्णित सामाजिक इतिहास की विशेषताओं से परिचित कराना। ❑ विवेचन करना कि यात्रियों के विवरण सामाजिक इतिहास के स्रोत के रूप में कैसे प्रयोग किए जा सकते हैं।
भाग II 10. **उपनिवेशवाद तथा ग्रामीण समाज : सरकारी रिपोर्टों से साक्ष्य।** **(11)** (क) सामान्य पर्यावलोकन : अठाहरवीं शताब्दी में जमींदारों, किसानों और शिल्पकारों का जीवन। (ख) ईस्ट इंडिया कम्पनी, राजस्व प्रणाली तथा सर्वेक्षण (ग) उन्नीसवीं शताब्दी में आये परिवर्तन **सरकारी अभिलेखों की कहानी** : ग्रामीण समाजों की सरकारी जांच क्यों की गई, उसका विवरण तथा तैयार किए गए दस्तावेज एवं रिपोर्ट। **उद्धरण** : फरमिन्गर की पांचवीं रिपोर्ट, फ्रांसिस बुकानन है मिल्टन एवं दक्कन दंगों की रिपोर्ट। चर्चा : सरकारी दस्तावेज़ क्या कहते हैं और क्या नहीं कहते तथा इतिहासकारों ने उनका प्रयोग किस प्रकार किया है।	❑ उपनिवेशवाद ने जमींदारों, किसानों और शिल्पकारों को किस प्रकार प्रभावित किया इस पर विद्यार्थियों की चर्चा। ❑ लोगों के जीवन को समझने में सरकारी स्रोतों के प्रयोग की समस्याओं एवं सीमाओं को समझना।
11. **1857 का चित्रण** **(11)** **सामान्य पर्यवलोकन :** (क) 1857-58 की घटनाएं। इन घटनाओं को किस प्रकार दर्ज किया गया तथा इनका वर्णन किस प्रकार किया गया। **केन्द्र बिन्दु** : लखनऊ **उद्धरण** : 1857 के चित्र, समकालीन विवरणों से उद्धरण चर्चा 1857 के चित्रों ने उस विद्रोह के प्रति अंग्रेजों के विचारों को किस प्रकार प्रभावित किया?	❑ 1857 की घटनाओं की किस प्रकार पुनः व्याख्या की जा रही है, इस पर चर्चा। ❑ दृश्य सामग्री का इतिहासकारों द्वारा किस प्रकार उपयोग किया जा सकता है विवेचन इसका।

विषय	उद्देश्य
12. **औपनिवेशिकवाद एवं भारतीय शहर, नगरयोजना एवं नगरीय रिपोर्ट** **(11)** सामान्य पर्यवलोकन : (मुम्बई) का विकास, मद्रास (चेन्नई), पर्वतीय सैरगाह, अठारहवीं व उन्नीसवीं शताब्दी में छावनियां। **उद्धरण** : फोटो और पेन्टिंग (रंग चित्र) नगरों की योजनाएं, नगर योजना रिपोर्टों से उद्धरण। केन्द्र बिन्दु कलकत्ता की नगरयोजना (पर विशेष बल) **चर्चा** : उपरोक्त स्रोत नगरों के इतिहास के निर्माण में किस प्रकार प्रयुक्त हो सकते हैं? ये स्रोत क्या नहीं प्रदर्शित करते हैं।	❑ विद्यार्थियों को आधुनिक शहरी केन्द्रों से परिचय। ❑ विभिन्न प्रकार स्रोतों के माध्यम से नगरीय इतिहास किस प्रकार लिखा जा सकता है? इस पर चर्चा।
13. **समकालीन दृष्टि से महात्मा गांधी सामान्य पर्यावलोकन** **(13)** (क) 1918-1948 के मध्य राष्ट्रीय आन्दोलन, (ख) गांधीवादी राजनीति एवं नेतृत्व की प्रकृति **केन्द्र बिन्दु** : 1931 में महात्मा गांधी। **उद्धरण** : भारतीय एवं अंग्रेज़ी भाषा के समाचार पत्रों की रिपोर्ट एवं अन्य समकालीन लेख। **चर्चा**-समाचार पत्र किस प्रकार इतिहास लेखन के स्रोत हो सकते हैं।	❑ राष्ट्रीय आन्दोलन के महत्त्वपूर्ण तत्त्वों तथा गांधी जी के नेतृत्व की प्रकृति से विद्यार्थियों से परिचय। ❑ विभिन्न समूह गांधी जी को किस प्रकार समझते थे इस पर चर्चा। ❑ इतिहासकारों को समाचार पत्र, डायरियां तथा पत्र ऐतिहासिक स्रोतों के रूप में कैसे पढ़ने चाहिए और उनकी व्याख्या।
14. **विभाजन : मौखिक स्रोतों के आधार पर सामान्य पर्यवलोकन** **(12)** (क) 1940 के दशक का इतिहास, (ख) राष्ट्रवाद, सामप्रदयिकतावाद और विभाजन केन्द्र बिन्दु पंजाब और बंगाल **उद्धरण** : विभाजन के अनुभवी व्यक्तियों की मौखिक गवाही। **चर्चा** : विभाजन के इतिहास की पुनःरचना में मौखिक गवाहियों का विविध विश्लेषण।	❑ राष्ट्रीय आन्दोलन के अन्तिम दशक, सांप्रदायिकता के विकास और विभाजन की कहानी की चर्चा। ❑ सांप्रदायिक हिंसा से गुज़रने वाले लोगों के अनुभवों से उस समय की घटनाओं को समझाना। ❑ मौखिक स्रोतों की संभावनाओं और सीमाओं को स्पष्ट करना।
15. **संविधान का निर्माण** **(12)** **सामान्य पर्यावलोकन** (क) स्वतंत्रता एवं नवराष्ट्र-राज्य, (ख) संविधान का निर्माण **केन्द्र बिन्दु** : संविधान सभा में वाद-विवाद **उद्धरण** : वाद विवादों से **चर्चा** : ये वाद-विवाद क्या दर्शाते हैं तथा उनका विश्लेषण कैसे किया जा सकता है। 16. **मानचित्र कार्य यूनिट 1–15 तक का।** **(10)**	❑ विद्यार्थियों को स्वतंत्रता के पश्चात् के प्रारंभिक वर्षों के इतिहास से परिचय। ❑ नवराष्ट्र राज्य के आदर्शों की स्थापना के निमित्त हुई बहस और उन आदर्शों को सूत्र रूप में रखने का विवेचन करना। ❑ समझना कि इस प्रकार की बहसें व चर्चाएं किस प्रकार से पढ़ी जा सकती हैं।

प्रस्तावित पाठ्यपुस्तकें :

1. भारतीय इतिहास के कुछ अंश भाग-I, एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित।
2. भारतीय इतिहास के कुछ अंश भाग-II, एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित।
3. भारतीय इतिहास के कुछ अंश भाग-III, एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित।

22. राजनीति विज्ञान (कोड संख्या 028)

मूलाधार

उच्चतर माध्यमिक स्तर पर राजनीति विज्ञान को एक विषय के रूप में चुनने वाले विद्यार्थियों को राजनीतिक वैज्ञानिक के चिन्तन के विविध मुद्दों से परिचित करवाने का अवसर प्रदान किया जाता है। इस स्तर पर, विद्यार्थियों को उनके इर्द-गिर्द की राजनीतिक प्रक्रियाओं से जोड़ने तथा उन प्रक्रियाओं को वर्तमान रूप देने वाले ऐतिहासिक सन्दर्भ को समझ पाने के योग्य बनाने की आवश्यकता है। राजनीति विज्ञान के विभिन्न विषय विद्यार्थियों को विषय की विभिन्न धाराओं : राजनीतिक सिद्धान्त, भारतीय राजनीति तथा अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति से अवगत कराते हैं। अन्य दो धाराओं तुलनात्मक राजनीति और लोकप्रशासन के मुद्दों को भी पाठ्यक्रम में समुचित स्थानों पर समायोजित किया गया है। इन विभिन्न धाराओं से परिचय कराते समय, इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि विद्यार्थियों को विषय के शब्दजाल से बोझिल न किया जाए। यहाँ पूर्व स्नातक स्तर पर विद्यार्थियों में इस विषय के प्रति रुचि उत्पन्न करने का विचार प्रमुख ही रहा है।

उद्देश्य :

भारत का संविधान सिद्धान्त और व्यवहार

- विद्यार्थियों को इस योग्य बनाना ताकि वे उन ऐतिहासिक प्रक्रियाओं तथा परिस्थितियों को समझ सकें जिनके अन्तर्गत भारत के संविधान का प्रारूप तैयार हुआ।
- विद्यार्थियों को ऐसा अवसर प्रदान करना जिससे वे उन विभिन्न दृष्टिकोणों से अवगत हों जिनसे भारतीय संविधान निर्माताओं का पथ-प्रदर्शन हुआ।
- विद्यार्थियों को इस योग्य बनाना जिससे वे संविधान की मौलिक विशेषताओं को पहचान सकें तथा विश्व के अन्य संविधानों के साथ तुलना कर सकें।
- वे उन अनेक तरीकों का विश्लेषण कर सकें जिनके द्वारा संवैधानिक प्रावधानों ने वास्तविक राजनीतिक जीवन में उन्हें कार्यान्वित किया है।

राजनीतिक सिद्धांत

- विवेकपूर्ण-तर्क शक्ति एवं निष्कर्ष निकालने के कौशल को विकसित करना।
- केवल अपने ही नहीं अपितु दूसरों के दृष्टिकोणों का सम्मान करते हुए मनन एवं चिन्तन करना।

- सामान्य सामाजिक जीवन तथा आधुनिक राजनीतिक जीवन के साथ-साथ राजनीतिक दार्शनिकों के चिन्तन के मुद्दों से विद्यार्थियों को परिचित करना।
- सामायिक राजनीतिक जीवन की चिन्ताओं, जिनसे विद्यार्थी घिरे हुए हैं उनके बारे में अर्थपूर्ण भागीदारी के योग्य बनाना।
- विरासत में प्राप्त विभिन्न अपरीक्षित पूर्वाग्रहों का विश्लेषण करने के लिए प्रोत्साहित करना।

स्वतन्त्र भारत में राजनीति

- उत्तर-स्वतंत्रता-काल में घटित महत्त्वपूर्ण राजनीतिक घटनाओं तथा व्यक्तियों से छात्रों को अवगत कराने के योग्य बनाना।
- हाल ही की ऐतिहासिक घटनाओं एवं प्रक्रियाओं के राजनीतिक विश्लेषण द्वारा कौशल का विकास करना।
- बृहत् प्रक्रियाओं तथा सूक्ष्म परिस्थितियों से स्वयं को जोड़ने की क्षमता का विकास करना।
- समकालीन भारत के अर्थपूर्ण ज्ञान के लिए, ऐतिहासिक परिदृश्य द्वारा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना।

समकालीन विश्व राजनीति

- विद्यार्थियों के ज्ञान को भारत तक ही सीमित न रखते हुए, समकालीन विश्व के राजनीतिक मानचित्र को पहचानने के योग्य बनाना।
- विद्यार्थियों को उत्तर शीत-युद्ध युग की विभिन्न महत्त्वपूर्ण घटनाओं तथा प्रक्रियाओं से अवगत कराना।
- हमारे दैनिक जन जीवन को वैश्विक घटनाएँ तथा प्रक्रियाएँ किस प्रकार प्रभावित करती हैं, इस की जानकारी के लिए विद्यार्थियों को सचेत करना।
- समकालीन मुद्दों का राजनीतिक विश्लेषण ऐतिहासिक परिदृश्य में करने की क्षमता को सुदृढ़ करना।

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

कक्षा XI

पत्र एक	समय-3 घण्टे	अंक 100
इकाई	**पीरियड**	**अंक**
भाग-क : भारत का संविधान सिद्धांत और व्यवहार		
1. संविधान : क्यों और कैसे ?	12	10
2. भारतीय संविधान में अधिकार	12	
3. चुनाव और प्रतिनिधित्व	10	
4. विधायिका	10	10
5. कार्यपालिका	10	10
6. न्यायपालिका	10	10
7. संघवाद	10	
8. स्थानीय शासन	10	10
9. संविधान-एक जीवंत दस्तावेज	10	10
10. संविधान का राजनीतिक दर्शन	10	10
	104	**50**
भाग-ख : राजनीतिक सिद्धांत		
11. राजनीतिक सिद्धांत एक परिचय	10	10
12. स्वतंत्रता	10	
13. समानता	10	10
14. सामाजिक न्याय	12	
15. अधिकार	10	
16. धर्मनिरपेक्षता	11	10
17. राष्ट्रवाद	10	
18. नागरिकता	11	
19. शांति	10	10
17. विकास	10	10
	104	**50**

भाग-क : संविधान-सिद्धांत और व्यवहार

	पीरियड
1. संविधान-क्यों और कैसे?	12
संविधान की क्या आवश्यकता है? संविधान की सत्ता	
2. भारतीय संविधान में अधिकार	12
अधिकारों का महत्व, भारतीय संविधान में मौलिक अधिकार, राज्य की नीति के निदेशक तत्व, मौलिक अधिकारों तथा निर्देशक तत्वों में सम्बन्ध।	
3. चुनाव और प्रतिनिधित्व	10
चुनाव और लोकतंत्र, भारत में चुनाव व्यवस्था, निर्वाचन क्षेत्रों का आरक्षण, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव, चुनाव सुधार।	
4. विधायिका	10
हमें संसद क्यों चाहिए? संसद के दो सदन। संसद के कार्य एवं शक्तियां। विधायी कार्य, कार्यपालिका पर नियंत्रण, संसदीय समितियां, स्व-नियमन।	
5. कार्यपालिका	10
कार्यपालिका क्या है? विभिन्न प्रकार की कार्यपालिकाएँ। भारत में संसदीय कार्यपालिका : प्रधान मंत्री तथा मंत्री-परिषद्। स्थायी कार्यपालिका नौकरशाही।	
6. न्यायपालिका	10
हमें स्वतंत्र न्यायपालिका क्यों चाहिए? न्यायपालिका की संरचना, न्यायिक संक्रियता, न्यायपालिका और अधिकार, न्यायपालिका और संसद।	
7. संघवाद	10
संघवाद क्या है? भारतीय संविधान में संघवाद, सशक्त केन्द्रीय सरकार और संघवाद, भारतीय संघीय व्यवस्था में संघर्ष, विशेष प्रावधान।	
8. स्थानीय शासन	10
हमें स्थानीय सरकारों की क्या आवश्यकता है? भारत में स्थानीय शासन का विकास, 73वाँ और 74 वाँ संशोधन, 73वें और 74वें संशोधन का क्रियान्वयन।	
9. संविधान एक जीवंत दस्तावेज	10
क्या संविधान अपरिवर्तनीय होते हैं? संविधान की संशोधन प्रक्रिया। संविधान में इतने संशोधन क्यों? संविधान की मूल संरचना तथा उसका विकास। संविधान-एक जीवंत दस्तावेज।	
10. संविधान का राजनीतिक दर्शन	10
संविधान के दर्शन का क्या आशय है? हमारे संविधान का राजनीतिक दर्शन क्या है? प्रक्रियागत उपलब्धियाँ, आलोचनाएँ।	

भाग-ख : राजनीतिक सिद्धांत

पीरियड

11. राजनीतिक सिद्धांत एक परिचय 12

राजनीति क्या है? राजनीतिक सिद्धांत में हम क्या पढ़ते हैं? राजनीतिक सिद्धांतों का व्यवहार में उतारना/हमें राजनीतिक सिद्धांत क्यों पढ़ना चाहिए?

12. स्वतंत्रता 10

स्वतंत्रता को आदर्श। स्वतंत्रता क्या है? हमें प्रतिबंधों की आवश्यकता क्यों है?

हानि सिद्धांत। सकारात्मक एवं नकारात्मक स्वतंत्रता।

13. समानता

समानता का महत्व। समानता क्या है? समानता के विभिन्न आयाम। हम समानता को बढ़ावा (प्रोत्साहन) कैसे दे सकते हैं?

14. सामाजिक न्याय 12

न्याय क्या है? न्यायपूर्ण निष्पक्षपता एवं न्याय।

सामाजिक न्याय का अनुसरण।

15. अधिकार 10

अधिकार क्या हैं? अधिकार कहाँ से आते हैं? कानूनी अधिकार और राज्य सत्ता। अधिकारों के प्रकार। अधिकार और जिम्मेदारियाँ।

16. धर्म निरपेक्षता 11

धर्म निरपेक्षता क्या है? धर्म निरपेक्ष राज्य क्या है? धर्म-निरपेक्ष के सम्बन्ध में पाश्चात्य तथा भारतीय दृष्टिकोण। भारतीय धर्म-निरपेक्षता की आलोचनाएँ तथा तर्काधार।

17. राष्ट्रवाद 10

राष्ट्रवाद क्या है? राष्ट्र एवं राष्ट्रवाद, राष्ट्रीय आत्म-निर्णय, राष्ट्रवाद तथा बहुलवाद

18. नागरिकता 11

नागरिकता क्या है? नागरिक तथा राष्ट्र, सार्वभौमिक नागरिकता, विश्व नागरिकता।

19. शान्ति 10

शान्ति क्या है? क्या हिंसा कभी शांति को प्रोत्साहित कर सकती है? शांति एवं राज्य, सत्ता शांति कायम करने के विभिन्न तरीके शांति के लिए समकालीन चुनौतियाँ।

20. विकास 10

विकास क्या है? प्रबल/प्रभावी विकास मॉडल की आलोचनाएँ। विकास की वैकल्पिक अवधारणा।

प्रस्तावित पाठ्यपुस्तकें :

1. भारत का संविधान, एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित।
2. राजनीति-सिद्धान्त भाग-II, एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित।

कक्षा XII

भाग-क : समकालीन विश्व राजनीति

इकाई	अंक
1. विश्व राजनीति में शीतयुद्ध का दौर	
2. द्वितीय विश्व का विघटन तथा दो ध्रुवीयता का अंत	14
3. विश्व राजनीति में अमरीकी वर्चस्व	
4. आर्थिक एवं राजनीतिक सत्ता के वैकल्पिक केंद्र	16
5. शीतयुद्ध के अंत के दौर में दक्षिणी एशिया	
6. एक ध्रुवीय विश्व में अंतर्राष्ट्रीय संगठन	10
7. समकालीन विश्व में सुरक्षा	
8. पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधन	10
9. वैश्वीकरण एवं इसकी आलोचना	
	50
भाग-ख : स्वतंत्र भारत में राजनीति	
10. राष्ट्र-निर्माण की चुनौतियाँ	
11. एक दल के प्रभुत्व का दौर	
12. नियोजित विकास की राजनीति	
13. भारत के विदेश संबंध	16
14. कांग्रेस प्रणाली चुनौतियाँ और पुनर्स्थापना	12
15. संवैधानिक व्यावस्था का संकट	
16. क्षेत्रीय आकांक्षाएँ एवं संघर्ष	
17. नए जन आंदोलनों का उदय	16
18. भारतीय राजनीति में नए बदलाव	
	50

पाठ्यक्रम

भाग-क : समकालीन विश्व राजनीति

विषय सूची	**अवधि (घंटे)**
1. विश्व राजनीति में शीत युद्ध का दौर	**14**

द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात् दो महाशक्तियों के गुटों का आरम्भ। शीत युद्ध के दायरे। दो-ध्रुवीयता को चुनौतियाँ : गुटनिरपेक्ष आंदोलन, नव अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था की खोज। भारत और शीतयुद्ध।

2. दूसरे विश्व का विघटन तथा दो-ध्रुवीयता का अंत 12

विश्व राजनीति में नए अस्तित्व : रूस, बाल्कान राज्य तथा मध्य एशिया के राज्य, जनतांत्रिक राजनीति एवं पूंजीवाद का आगमन तथा उत्तर साम्यवादी शासन। भारत का रूस तथा अन्य उत्तर साम्यवादी देशों के साथ संबंध।

3. विश्व राजनीति में अमरीकी वर्चस्व 12

एक-पक्षवाद का विस्तार : अफगानिस्तान, प्रथम खाड़ी युद्ध, 9/11 के प्रति प्रतिक्रिया तथा इराक पर आक्रमण। आर्थिक तथा वैचारिक क्षेत्रों में अमरीकी वर्चस्व तथा उसे चुनौतियाँ। अमरीका के साथ भारत के संबंधों का नवीकरण।

4. आर्थिक एवं राजनीतिक सत्ता के वैकल्पिक केन्द्र 10

चीन का आर्थिक शक्ति के रूप में उत्तर-माओवादी दौर में उत्थान, यूरोपीय संघ की रचना एवं विस्तार, आसियान, भारत-चीन संबंधों में बदलाव।

5. उत्तर-शीत युद्ध दौर में दक्षिणी एशिया 12

पाकिस्तान तथा नेपाल में जनतांत्रिक-करण तथा पलटाव। श्रीलंका में जातीय संघर्ष, आर्थिक वैश्वीकरण का इस क्षेत्र पर प्रभाव। दक्षिणी एशिया में संघर्ष तथा शांति संबंधी प्रयास। भारत के पड़ौसी देशों के साथ संबंध।

6. एक ध्रुवीय विश्व में अंतर्राष्ट्रीय संगठन 12

संयुक्त राष्ट्र का पुनर्गठन एवं भविष्य। पुनर्गठित संयुक्त राष्ट्र में भारत का स्थान। नए अंतर्राष्ट्रीय पात्रों का उदय : नए अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संगठन, गैर-सरकारी संगठन। नई वैश्वीय शासित संस्थाएँ कहाँ तक लोकतांत्रिक तथा उत्तरदायी हैं?

7. समकालीन विश्व में सुरक्षा 12

सुरक्षा संबंधी पारंपरिक चिंताएँ तथा निरस्त्रीकरण संबधी नीतियाँ। अपारंपरिक अथवा मानवता की सुरक्षा : वैश्विक गरीबी, स्वास्थ्य एवं शिक्षा। स्थानान्तरण एवं मानवाधिकार संबंधी विषय।

8. विश्व राजनीति में पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधन 10

पर्यावरणीय आंदोलन तथा वैश्विक पर्यावरणीय मानक का विकास। परंपरागत तथा सांझी सम्पदा संबंधी संघर्ष। मूलवासी और उनके अधिकार। वैश्विक पर्यावरण संबंधी विवाद पर भारत का पक्ष।

9. वैश्वीकरण तथा इसके आलोचक 12

आर्थिक, सांस्कृतिक तथा राजनीतिक प्रदर्शन।

वैश्वीकरण के परिणामों की प्रकृति संबंधी विवाद

वैश्वीकरण विरोधी आंदोलन। वैश्वीकरण के कार्यक्षेत्र में भारत तथा इसके विरोध में संघर्ष।

भाग-ख : स्वतंत्र भारत में राजनीति

10. राष्ट्र-निर्माण की चुनौतियाँ 12

राष्ट्र-निर्माण के बारे में नेहरू की सोच : भारत विभाजन की पैतृक सम्पत्ति : शरणार्थियों के पुनर्स्थापन की चुनौती, काश्मीर समस्या। राज्यों का गठन एवं पुनर्गठन, भाषा को लेकर राजनीतिक संघर्ष।

11. एक दल के प्रभुत्व का दौर

प्रथम तीन आम चुनाव, राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस के प्रभुत्व की प्रकृति, राज्य स्तर पर प्रभुत्व की असमतलता, कांग्रेस की गठबन्धनता की प्रकृति। प्रमुख विपक्षी दल।

12. नियोजित विकास की राजनीति **10**

पंचवर्षीय योजनाएँ, राज्य-क्षेत्र की व्यापकता तथा नवीन आर्थिक हितों का उद्‌गम। अकाल एवं पंचवर्षीय योजनाओं का निलम्बन। हरित क्रांति तथा इसमें राजनीतिक बदलाव।

13. भारत के विदेश संबंध

नेहरू की विदेश नीति। 1962 का भारत-चीन युद्ध, 1965 तथा 1971 के भारत-पाक युद्ध, भारत का परमाणु-कार्यक्रम तथा विश्व राजनीति के बदलते समीकरण।

14. कांग्रेस प्रणाली : चुनौतियाँ और पुनर्स्थापना **10**

नेहरु के पश्चात् राजनीतिक उत्तराधिकार। गैर-कांग्रेसवाद तथा 1967 के चुनाव परिणामों में परिवर्तन की झलक। कांग्रेस में विभाजन तथा पुनर्गठन, 1971 के चुनाव में कांग्रेस की जीत, 'गरीबी हटाओ' की राजनीति।

15. संवैधानिक व्यवस्था का संकट

नौकरशाही तथा न्यायपालिका की 'प्रतिबद्धता' की खोज। गुजरात में नवनिर्माण आंदोलन तथा बिहार आंदोलन। आपातकाल : प्रसंग संवैधानिक एवं संवैधानिक परिमाण, आपातकाल का विरोध। 1977 के चुनाव तथा जनता पार्टी का उदय। नागरिक स्वतंत्रताओं संबंधी संगठनों का उद्‌गम।

16. क्षेत्रीय आकांक्षाएँ एवं संघर्ष

क्षेत्रीय दलों का उदय। पंजाब में संकट-स्थिति तथा 1984 के सिख विरोधी दंगें। काश्मीर की स्थिति। उत्तरपूर्वी भारत में चुनौतियाँ तथा प्रतिक्रियाएँ।

17. नए सामाजिक आंदोलनों का उदय

किसान आंदोलन, महिला आंदोलन, पर्यावरण तथा विकास-प्रभावित जन आंदोलन। मंडल आयोग की रपट का व्यवहारीकरण तथा उसके परिणाम।

18. भारतीय राजनीति में नए विकास

1990 में सहभागिता का उमड़ाव। जनता दल तथा भारतीय जनता पार्टी का उदय। क्षेत्रीय दलों की बढ़ती भूमिका और गठबंधन की राजनीति। राष्ट्रीय मोर्चा तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक सरकार।

गठबंधन (राजग) चुनाव 2004 तथा संप्रग सरकार। उत्तरी भारत राजनीति में अन्य पिछड़ा वर्ग का उदय। चुनावी तथा गैर चुनावी क्षेत्रों में दलित राजनीति/सांप्रदायिकता की चुनौतियाँ, अयोध्या विवाद, गुजरात दंगे।

प्रस्तावित पाठ्यपुस्तकें :

1. समकालीन विश्व राजनीति, एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित।
2. स्वतंत्र भारत में राजनीति, एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित।

23. भूगोल (कोड सं. - 029)

तर्काधार

भूगोल को उच्चतर माध्यमिक स्तर पर एक वैकल्पिक विषय के रूप में समाविष्ट किया गया है। दस वर्ष की सामान्य शिक्षा के उपरांत विद्यार्थी इस स्तर के प्रारंभ होने पर विभिन्न शाखाओं में बँट जाते हैं तथा पहली बार उनका परिचय विषय की कठिनाइयों से होता है। उच्चतर शिक्षा के प्रवेशद्वार पर खड़े विद्यार्थी अपनी शैक्षिक रुचियों को बढ़ावा देने के लिए भूगोल को चुनते हैं। इसीलिए उन्हें विषय की अधिक विस्तृत और गहन समझ की आवश्यकता होती है। अन्य विद्यार्थियों के लिए भौगोलिक ज्ञान दैनिक जीवन में उपयोगी होता है, क्योंकि यह युवा वर्ग की शिक्षा का लाभदायक माध्यम है। भूगोल का योगदान अपनी विषय-वस्तु संज्ञान प्रक्रियाओं, कुशलताओं और उन मूल्यों में निहित है, जिनको यह प्रोत्साहित करता है। इस प्रकार यह संसार के पर्यावरणीय और सामाजिक आयामों के अन्वेषण, समझ और मूल्यांकन में विद्यार्थियों की मदद करता है।

भूगोल लोगों और उनके पर्यावरण के अंतर्संबंधों की खोज करता है। इसीलिए इसमें भौतिक और मानव-पर्यावरणों तथा स्थानीय, राज्य/प्रादेशिक, राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर उनकी अन्योन्य क्रियाओं को शामिल किया गया है। अतः धरातल पर भौतिक और मानवीय लक्षणों और परिघटनाओं के वितरणात्मक प्रतिरूपों के लिए जिम्मेदार आधारभूत सिद्धान्तों को ठीक-ठीक समझना ज़रूरी है। इन सिद्धान्तों का अनुप्रयोग संसार और भारत के व्यक्ति अध्ययनों के द्वारा किया जाएगा। इस प्रकार भारत के भौतिक और मानवीय पर्यावरण तथा भौगोलिक दृष्टि से कुछ मुद्दों का अधिक विस्तार से अध्ययन किया जाएगा। विद्यार्थी भौगोलिक अनुसंधान में प्रयुक्त विभिन्न विधियों से परिचित हो जाएंगे।

उद्देश्य

भूगोल का पाठ्यक्रम शिक्षार्थियों की निम्नलिखित में सहायता करेगा :

- भूगोल की पारिभाषिक शब्दावली, मूल संकल्पनाओं और मूल सिद्धान्तों से परिचित कराएगा।
- पृथ्वी तल के प्राकृतिक तथा मानवीय लक्षणों और परिघटनाओं के स्थानिक विन्यास की प्रक्रियाओं और प्रतिरूपों की खोज पहचान तथा समझ पैदा करेगा।
- भौतिक और मानवीय पर्यावरणों के अंतर्संबंधों और उनके प्रभाव को समझने और विश्लेषण करने में सहायक होगा।
- स्थानीय, प्रादेशिक, राष्ट्रीय और भूमंडलीय स्तर की नई परिस्थितियों या समस्याओं में भौगोलिक ज्ञान और अन्वेषण की विधियों का प्रयोग करेगा।
- आँकड़ों/सूचनाओं के संग्रह, संसाधन और विश्लेषण तथा मानचित्र व आरेखसहित रिपोर्ट तैयार करने और जहाँ कहीं संभव हो, कंप्यूटर के उपयोग से संबंधित भौगोलिक कुशलताओं का विकास करेगा, और
- समाज से संबंधित मुद्दों जैसे पर्यावरणीय मुद्दे सामाजिक-आर्थिक समस्याओं और स्त्री-पुरुष संबंधी समस्याओं के समझने में भौगोलिक ज्ञान का उपयोग करेगा तथा समाज का जिम्मेदार और प्रभावी सदस्य बनेगा।

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

कक्षा-11

एक सैद्धांतिक प्रश्न प्रत्र	समय : 3 घंटे	पूर्णांक : 70
भाग (क) भौतिक भूगोल के सिद्धांत	**पीरियड-75**	**35 अंक**
इकाई-1 : भूगोल एक विषय के रूप में	3	3
इकाई-2 : पृथ्वी	10	5
इकाई-3 : भू-आकृतियां	18	8
इकाई-4 : जलवायु	30	10
इकाई-5 : जल (महासागर)	8	4
इकाई-6 : पृथ्वी पर जीवन	6	3
इकाई-7 : मानचित्र कार्य		2
भाग (ख) भारत : भौतिक पर्यावरण		**35 अंक**
इकाई-8 : विषय-प्रवेश		3
इकाई-9 : भू-आकृति विज्ञान		10
इकाई-10 : जलवायु, वनस्पति और मृदा		10
इकाई-11 : प्राकृतिक संकट और विपदाएं		9
इकाई-12 : मानचित्र कार्य		3
भाग (ग) प्रायोगिक कार्य		**30 अंक**
इकाई-1 : मानचित्रों के सिद्धांत		10
इकाई-2 : स्थलाकृतिक और मौसम मानचित्र		15
इकाई-3 : प्रायोगिक अभिलेख पुस्तिका और मौखिक परीक्षा		5

भाग (क) भौतिक भूगोल के सिद्धांत — 75 पीरियड

इकाई-1 : भूगोल, एक विषय के रूप में — 3 पीरियड

भूगोल एक संयोजक और स्थानिक विशेषताओं के विज्ञान के रूप में।

भूगोल की शाखाएं, भौतिक भूगोल का महत्व।

इकाई-2 : पृथ्वी — 10 पीरियड

पृथ्वी की उत्पत्ति और विकास, पृथ्वी का अभ्यंतर, वैगनर का महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धांत और प्लेट विवर्तनिकी, भूकंप और ज्वालामुखी।

इकाई-3 : भू-आकृतियां **18 पीरियड**

शैल : शैलों के प्रमुख प्रकार और उनकी विशेषताएं, भू-आकृतियां और उनका विकास, भू-आकृतिक प्रक्रम : अपक्षय, बृहत् क्षरण, अपरदन और निक्षेपण, मृदा-रचना।

इकाई-4 : जलवायु **30 पीरियड**

वायुमंडल-संघटन और संरचना, मौसम और जलवायु के तत्व।

सूर्यातप आपतन-कोण और वितरण, पृथ्वी का ऊष्मा बजट वायुमंडल का तापमान और शीतलन (चालन, संवहन, पार्थिव विकिरण और अभिवहन), तापमान, तापमान नियंत्रक कारक, तापमान का वितरण, क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर, तापमान का व्युत्क्रमण।

वायुमंडलीय दाब वायुदाब कटिबंध, पवनें, भूमंडलीय मौसमी, स्थानीय, वायुराशियों और वाताग्र, उष्णकटिबंधीय तथा बहिरुष्ण कटिबंधीय चक्रवात।

वर्षण वाष्पीकरण, संघनन ओस, तुषार, कुहरा, कुहासा और बादल, वर्षा प्रकार और विश्व में वितरण।

विश्व की जलवायु वर्गीकरण (कोपेन), पौधघर प्रभाव, भूमंडलीय तापन और जलवायवी परिवर्तन।

इकाई-5 : जल (महासागर) **(8 पीरियड)**

जलीय चक्र

महासागर तापमान और लवणता का वितरण, महासागरीय जल की गतियाँ-तरंगें, ज्वार-भाटा और धाराएं, अंतःसमुद्री उच्चावच।

इकाई-6 : पृथ्वी पर जीवन **(6 पीरियड)**

जीवमंडल-पादपों और अन्य जीवों का महत्व, जैव विविधता तथा संरक्षण, पारितंत्र और पारिस्थितिक संतुलन

इकाई-7 : विश्व के राजनीतिक रेखा मानचित्र में ऊपर दी गई इकाइयों पर आधारित लक्षणों की पहचान का मानचित्रत कार्य

भाग (ख) भारत भौतिक पर्यावरण **65 पीरियड**

इकाई-8 : विषय-प्रवेश **(3 पीरियड)**

स्थिति स्थानिक संबंध और भारत का विश्व में स्थान। (3 पीरियड)

इकाई-9 : भू-आकृति विज्ञान **(24 पीरियड)**

संरचना और उच्चावच

अपवाह तंत्र, जलविभाजक/जलसंभर की संकल्पना,

हिमालयी और प्रायःद्वीपीय,

भू-आकृतिक विभाग

इकाई-10 : जलवायु, वनस्पति और मृदा **24 पीरियड**

मौसम और जलवायु तापमान का स्थानिक और कालिक वितरण, वायुदाब, पवनें और वर्षा, भारतीय मानसून, रचनातंत्र, आगम और प्रत्यावर्तन, वर्षा की परिवर्तिता, स्थानिक और कालिक, जलवायु के प्रकार (कोपेन)

प्राकृतिक वनस्पति, वनों के प्रकार और वितरण, वन्य जीवन, संरक्षण, जीवमंडल आरक्षित क्षेत्र।

मृदा प्रमुख प्रकार (आई.सी.ए.आर. अर्थात् भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा किया गया वर्गीकरण) और उनका वितरण, मृदा का निम्नीकरण और संरक्षण।

इकाई-11 : प्राकृतिक संकट और विपदाएं : कारण, परिणाम और प्रबंधन (प्रत्येक प्रकरण (टापिक) के लिए एक व्यक्ति अध्ययन का निर्धारण) 16 पीरियड

बाढ़ और सूखा

भूकंप और सुनामी

चक्रवात

भू-स्खलन

इकाई-12 : मानचित्र कार्य भारत के राजनीतिक रेखा-मानचित्र में ऊपर दी गई इकाइयों पर आधारित लक्षणों का स्थान निर्धारण तथा और नामांकन संबंधी मानचित्र कार्य।

भाग (ग) प्रायोगिक कार्य (40 पीरियड)

इकाई-1 : मानचित्रों के सिद्धांत (12 पीरियड)

मानचित्र प्रकार, मापनी-प्रकार, साधारण रैखिक मापनी की रचना, दूरी मापन, दिशा अन्वेषण और प्रतीकों (चिन्हों) का उपयोग।

मानचित्र प्रक्षेप प्ररूपता, प्रक्षेपों की रचना और गुण, एक मानक अक्षांश शांक व प्रक्षेप और मर्केटर का प्रक्षेप

इकाई-2 : स्थलाकृतिक और मौसम मानचित्र (28 पीरियड)

स्थलाकृतिक मानचित्रों का अध्ययन (1 : 50,000 या 1 : 25000 मापनी पर निर्मित भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा प्रकाशित मानचित्र) समोच्च रेखाएं और अनुप्रस्थ काट और भू-आकृतियों की पहचान, ढाल, पहाड़ी, घाटी, जल-प्रपात, भृगु, बस्तियों का वितरण।

वायव फोटो : प्रकार और ज्यामिती ऊर्ध्वाधर वायव फोटो, मानचित्रों और वायव फोटो में अन्तर, फोटो की मापनी निर्धारण।

उपग्रह चित्र : सुदूर संवेदन में अवस्थाएं आंकड़ा (डेटा) अर्जन, प्लेटफार्म और संवेदक तथा आंकड़ा उत्पाद (प्रोडक्ट), (फोटोग्राफीय और अंकीय)

वायव फोटो और उपग्रह चित्रों से भौतिक और सांस्कृतिक लक्षणों की पहचान,

मौसम उपकरणों का उपयोग, तापमापी, शुष्कार्द बल्ब तापमापी, वायुदाब मापी, वात-दिग्दर्शी, वर्षा मापी

मौसम चार्टों का उपयोग, वायुदाब, पवन और वर्षा के वितरण का वर्णन करना।

इकाई-3 : प्रायोगिक अभिलेख पुस्तिका और मौखिक परीक्षा।

प्रस्तावित पाठ्यपुस्तकें :

1. भौतिक भूगोल के मूल सिद्धांत, एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित।
2. भारत : भौतिक पर्यावरण, एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित।
3. भूगोल में प्रायोगिक कार्य, एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित।

पाठ्यक्रम की रूपरेखा
कक्षा-12

एक सैद्धांतिक प्रश्न प्रत्र | **समय : 3 घंटे** | **पूर्णांक : 70**

(क) मानव भूगोल के सिद्धान्त	**35 अंक**
इकाई-1 : मानव भूगोल	3
इकाई-2 : लोग	5
इकाई-3 : मानव क्रियाकलाप	10
इकाई-4 : परिवहन, संचार और व्यापार	10
इकाई-5 : मानव बस्तियां	5
इकाई-6 : मानचित्र कार्य	2
(ख) भारत : लोग और अर्थव्यवस्था	**35 अंक**
इकाई-7 : लोग	5
इकाई-8 : मानव बस्तियां	4
इकाई-9 : संसाधन और विकास	12
इकाई-10 : परिवहन, संचार और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार	7
इकाई-11 : भौगोलिक परिप्रेक्ष्य में चयनित मुद्दे और समस्याएं	4
इकाई-12 : मानचित्र कार्य	3
(ग) प्रायोगिक कार्य	**30 अंक**
इकाई-1 : आँकड़ों का संसाधन और थिमैटिक (विषयक) मानचित्रण	15
इकाई-2 : क्षेत्र-अध्ययन या स्थानिक सूचना प्रौद्योगिकी	10
इकाई-3 : प्रायोगिक अभिलेख पुस्तिका और मौखिक परीक्षा	5

(क) मानव भूगोल के सिद्धांत — **70 पीरियड**

इकाई-1 : मानव भूगोल स्वरूप और विषय-क्षेत्र — **3 पीरियड**

इकाई-2 : लोग — **15 पीरियड**

जनसंख्या वितरण, घनत्व और वृद्धि।

जनसंख्या परिवर्तन स्थानिक प्रतिरूप और संरचना, जनसंख्या परिवर्तन के निर्धारक।

आयु, स्त्री-पुरुष अनुपात, ग्रामीण-नगरीय संघटन।

मानव विकास-संकल्पना, चयनित संकेटक, अंतर्राष्ट्रीय तुलनाएं।

इकाई-3 : मानव क्रियाकलाप **(25 पीरियड)**

प्राथमिक क्रियाकलाप संकल्पना और बदलती प्रवृत्तियां, संग्रहण पशुचारण, खनन, निर्वाह कृषि, आधुनिक कृषि, कृषि और संबद्ध क्रियाकलापों में कार्यरत लोग चयनित देशों से कुछ उदाहरण।

द्वितीयक क्रियाकलाप संकल्पना, निर्माण उद्योग, प्रकार कुटीर, छोटे पैमाने के, बड़े पैमाने के, कृषि आधारित तथा खनिज आधारित उद्योग, द्वितीयक क्रियाकलापों में कार्यरत लोग, चयनित देशों से कुछ उदाहरण।

तृतीयक क्रियाकलाप संकल्पना, व्यापार, परिवहन और संचार, सेवाएं, तृतीयक क्रियाकलापों में कार्यरत लोग, चयनित देशों से कुछ उदाहरण।

चतुर्थक क्रियाकलाप संकल्पना, ज्ञान-आधारित उद्योग, चतुर्थक क्रियाकलापों में कार्यरत लोग, चयनित देशों से कुछ उदाहरण।

इकाई-4 : परिवहन, संचार और व्यापार **19 पीरियड**

स्थल परिवहन सड़कें, रेलमार्ग, पार-महाद्वीपीय, रेलमार्ग।

जल परिवहन अंतःस्थलीय जलमार्ग, प्रमुख महासागरीय मार्ग।

वायु परिवहन अंतर्महाद्वीपीय वायुमार्ग।

तेल और गैस पाइप लाइनें।

उपग्रह संचार और साइबर स्पेस।

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आधार और बदलते प्रतिरूप, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के प्रवेश के रूप में पत्तन, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में डब्ल्यू. टी. ओ. (विश्व व्यापार संगठन) की भूमिका।

इकाई-5 : मानव बस्तियां **8 पीरियड**

बस्तियों के प्रकार ग्रामीण और नगरीय, नगरों की आकारिकी (व्यक्ति अध्ययन) महानगरों का वितरण, विकासशील देशों में मानव बस्तियों की समस्याएं।

इकाई-6

विश्व के राजनीतिक रेखा मानचित्र में ऊपर दी गई इकाइयों पर आधारित लक्षणों की पहचान का मानचित्र कार्य।

भाग (ख) भारत : लोग और अर्थव्यवस्था **70 पीरियड**

इकाई-7 : लोग **12 पीरियड**

जनसंख्या : वितरण, घनतव और वृद्धि, जनसंख्या का संघटन-भाषाई, धार्मिक, स्त्री-पुरुष अनुपात, ग्रामीण-नगरीय और व्यावसायिक, समय और प्रादेशिक विभिन्नताओं के अनुसार जनसंख्या परिवर्तन।

वास : अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय-कारण और परिणाम,

मानव विकास : चयनित संकेतक और प्रादेशिक प्रतिरूप।

जनसंख्या, पर्यावरण और विकास।

इकाई-8 : मानव बस्तियां **8 पीरियड**

ग्रामीण बस्तियां प्रकार और वितरण,

नगरीय बस्तियां प्रकार, वितरण और प्रकार्यात्मक वर्गीकरण

इकाई-9 : संसाधन और विकास **28 पीरियड**

भूमि-संसाधन सामान्य भूमि उपयोग, कृषि-भूमि उपयोग, प्रमुख फसलों का वितरण (गेहूँ, चावल, चाय, काफी, कपास, जूट, गन्ना और रबड़) कृषि-विकास और समस्याएं।

जल संसाधन उपलब्धता और उपयोग सिंचाई, औद्योगिक तथा अन्य उपयोग, भौगोलिक दशाए एवं जल का अभाव और संरक्षण की विधियां, वर्षा जल संग्रहण और जलसंभार प्रबंधन (जल संभर प्रबंधन में भागीदारी से संबद्ध एक व्यक्ति (केसस्टडी) अध्ययन को शामिल किया जाए।)

खनिज और ऊर्जा संसाधन : धात्विक (लौह-अयस्क, तांबा, बॉक्साइट, मैगनीज) तथा आधात्विक (अभ्रक, नमक) खनिजों का वितरण, परंपरागत (कोयला, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस और जल-विद्युत) तथा गैर-परंपरागत (सौर, पवन, बायोगेस ऊर्जा संसाधन।)

उद्योग : प्रकार, औद्योगिक अवस्थिति एवं उनका संरक्षण चयनित उद्योगों का वितरण और बदलते प्रतिरूप लोहा और इस्पात, सूती वस्त्र, चीनी, पेट्रो-रसायन और ज्ञान आधारित उद्योग, औद्योगिक अवस्थिति पर उदारीकरण, निजीकरण और भूमंडलीकरण का प्रभाव, औद्योगिक संकुल।

भारत में नियोजन लक्ष्य क्षेत्र नियोजन (व्यक्ति अध्ययन), धारणीय सतत पोषणीय विकास का विचार।

इकाई-10 : परिवहन, संचार और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार **12 पीरियड**

परिवहन और संचार सड़कं, रेलमार्ग, जलमार्ग और वायु मार्ग, तेल और गैस पाइप लाइनें, राष्ट्रीय विद्युत ग्रिड, संचार जाल रेडियो, दूरदर्शन, उपग्रह और इंटरनेट।

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार भारत के विदेशी व्यापार के बदलते प्रतिरूप, समुद्री पत्तन और उनके पृष्ठ प्रदेश तथा वायु पत्तन।

इकाई-11 : भौगोलिक परिप्रेक्ष्य में चयनित मुद्दों और समस्या (प्रत्येक प्रकरण (टॉपिक) पर एक व्यक्ति अध्ययन शामिल किया जाए) **10 पीरियड**

पर्यावरण प्रदूषण, नगरीय-कचरा निपटान

नगरीकरण ग्रामीण-नगरीय प्रवास, गंदी बस्ती की समस्याएँ।

भू-निम्नीकरण

इकाई-12 : मानचित्र कार्य

भारत के राजनीतिक रेखामानचित्र में ऊपर दी गई इकाइयों पर आधारित लक्षणों का स्थान निर्धारण और नामांकन संबंधी मानचित्र कार्य। 3 अंक

भाग (ग) प्रायोगिक कार्य

इकाई-1 : आँकड़ों का संसाधन और थिमैटिक (विषयक) मानचित्रण **(20 पीरियड)**

आँकड़ों के स्रोत

आँकड़ों का सारणीयन और संसाधन, औसत की गणना केन्द्रीय प्रवृत्ति की माप, और कोटि सहसंबंध।

आँकड़ों का निरूपण, आरेखों की रचना, दंड, वृत्त और प्रवाह-संचित्र, थिमैटिक (विषयक) मानचित्र, बिंदु, वर्णमात्री और सममान रेखा मानचित्रों की रचना।

आँकड़ों के संसाधन और मानचित्रण में कंप्यूटरों का उपयोग।

इकाई-2 : क्षेत्र अध्ययन और स्थानिक सूचना प्रौद्योगिकी **10 पीरियड**

क्षेत्र निरीक्षण और अध्ययन : मानचित्र अनुस्थापन, प्रेक्षण और स्केच बनाना, किसी एक स्थानीय मुद्दे का सर्वेक्षण, प्रदूषण, भौम जल में परिवर्तन, भूमि उपयोग और भूमि उपयोग में परिवर्तन, निर्धनता, ऊर्जा के मुद्दे, मृदा निम्नमीकरण, बाढ़ों और सूखे का प्रभाव, विद्यालय का छात्र-ग्रहण क्षेत्र, बाजार का सर्वेक्षण और घरेलू सर्वेक्षण (अध्ययन के लिए किसी भी स्थानीय समस्या से जुड़े प्रकरण (टॉपिक) को लिया जा सकता है। आँकड़ों के संग्रहण के लिए प्रेक्षण और प्रश्नावली द्वारा सर्वेक्षण को चुना जा सकता है, संग्रहीत आँकड़ों का आरेख और मानचित्रों के साथ सारणीयन और विश्लेषण किया जा सकता है।

या

स्थानिक सूचना प्रौद्योगिकी

भौगोलिक सूचना तंत्र (जी.आई.एस) से परिचय, यंत्र सामग्री आवश्यकताएं और प्रक्रिया सामग्री का प्रतिरूपक, आँकड़ा संरूप, रेखापुंज (रैस्टर) और सदिश (वैक्टर) आँकड़े, आँकड़ा, निवेश, संपादन और संस्थिति निर्माण, आँकड़ों का विश्लेषण उपरिशयन और चयक (बफर)।

प्रस्तावित पाठ्यपुस्तकें :

1. मानव भूगोल के मूल सिद्धांत, एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित।
2. भारत -लोग और अर्थव्यवस्था, एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित।
3. भूगोल में प्रायोगात्मक कार्य भाग-II, एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित।

24. मनोविज्ञान (कोड नं. 037)

स्कूली शिक्षा के उच्चतर माध्यमिक स्तर पर मनोविज्ञान को एक वैकल्पिक विषय के रूप में शामिल किया गया है। एक अध्ययन क्षेत्र के रूप में मनोविज्ञान मनुष्य के अनुभवों, व्यवहारों और मानसिक प्रक्रियाओं का सामाजिक-सांस्कृतिक तथा सामाजिक-ऐतिहासिक संदर्भ में अध्ययन करता है। इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मनोविज्ञान के मूलभूत विचारों, सिद्धान्तों तथा विधियों से परिचित कराना है ताकि वे अपने को तथा अपने सामाजिक परिवेश को अच्छी तरह से समझ सकें। इसे इसमें क्षेत्रों के ज्ञान तथा समझ को स्वतः विकसित करने के लिए आवश्यक जानकारी तथा रुचि पैदा करने पर बल किया गया है।

यह पाठ्यक्रम संदर्भ में स्थापित मनोवैज्ञानिक ज्ञान और प्रक्रियाओं से संबंधित है। इसमें व्यवहार की प्रक्रिया की जटिलता पर जोर दिया गया है तथा सरलीकृत कार्य-कारण सोच को हतोत्साहित किया गया है। यह सब आलोचनात्मक चिन्तन को प्रोत्साहित कर सांस्कृतिक व्यवहार में भूमिका को समझा कर की तथा यह बताकर कि दैहिक प्रक्रिया और अनुभव व्यवहार को किस तरह निर्धारित करते हैं। यह पाठ्यक्रम निजी बोध को विकसित करने के साथ दृष्टिकोणों की बहुलता पर भी ध्यान देता है।

यह उचित होगा है कि पढ़ाने सीखने के क्रम में विद्यार्थी अपनी समझ को स्वयं विकसित करें। इसलिए मनोविज्ञान की पढ़ाई व्यक्ति-वृत्त अध्ययन, कथाएँ, अनुभव पर आधारित अभ्यास, दिन-प्रतिदिन के सामान्य अनुभवों के विश्लेषण पर आधारित होनी चाहिए।

पाठ्यक्रम को सुधारने और अद्यतन करने का यह प्रयास शिक्षकों तथा विद्यार्थियों से प्राप्त सुझावों पर आधारित है। इसके साथ-साथ पाठ्यक्रम का बोझ, अंतर्नुशासनात्मक उपागम, लिंग गत समानता संबंधित मुद्दों, विशिष्ट एवं हाशिए पर बसे समूहों और शांति और पर्यावरण की चिंता और नागरिकता के मूल्यों को पैदा करना भी इसका उद्देश्य है।

उद्देश्य

- विद्यार्थियों के निकटस्थ समाज और वातावरण के संदर्भ में मानव व्यवहार तथा मन का बोध विकसित करना।
- जीवन के विभिन्न पहलुओं में मनोवैज्ञानिक ज्ञान और इसके अनुप्रयोग की अनुशासनात्मक प्रकृति के लिए विद्यार्थियों में रुचि जगाना।
- विद्यार्थियों को प्रखर दृष्टि-सम्पन्न, सामाजिक रूप से जागरूक तथा आत्मावलोकनपरक बनाना।
- विद्यार्थियों को स्वयं के विकास तथा प्रभावी बनने की जिज्ञासा पैदा करना तथा संवेदनशील तथा उत्तरदायी नागरिक बनने में मदद करना।

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

कक्षा-11

एक सैद्धांतिक पत्र	समय : 3 घंटे	अंक : 70
इकाई		**अंक**
मनोविज्ञान के आधार		
I. मनोविज्ञान का परिचय		08
II. मनोविज्ञान की विधियाँ		09
III. मानवव्यवहार के आधार		08
IV मानव-विकास		07
V. सांवेदिक और प्रात्याक्षिक प्रक्रियाएँ		08
VI. सीखना		08
VII. मानव-स्मृति		08
VIII. भाषा और चिन्तन		07
IX. अभिप्रेरणा और संवेग		07
प्रायोगिक कार्य (प्रॉजेक्ट, प्रयोग, लघु अध्ययन)		30

मनोविज्ञान के आधार (90 पीरियड)

इकाई-I : मनोविज्ञान का परिचय 16 पीरियड

यह इकाई मनोविज्ञान को एक अनुशासन के रूप में इसके अनुप्रयोग एवं इसका अन्य वैज्ञानिक विषयों के साथ संबंध को उपयुक्त तथा रोचक उदाहरणों तथा दैनिक जीवन के अनुभवों के विश्लेषण के माध्यम से समझने में सहायक होगा।

मनोविज्ञान की प्रकृति, मूल अवधारणाएँ : व्यक्ति, चेतना, व्यवहार और अनुभव, मनोवैज्ञानिक विशेषताओं में समानताएँ एवं भिन्नताएँ, मनोविज्ञान का एक अनुशासन के रूप में विकास, भारत में मनोविज्ञान का विकास, मनोविज्ञान और अन्य अनुशासन, विभिन्न मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाओं के पारस्परिक संबंध।

इकाई-II. : मनोविज्ञान की प्रविधियाँ 20 पीरियड

इस एकक का उद्देश्य पाठकों को मनोवैज्ञानिक प्रश्नों तथा मुद्दों का अध्ययन करने व समझने की प्रविधियों से परिचय कराना है।

मनोवैज्ञानिक गवेषणा का लक्ष्य, कुछ महत्वपूर्ण विधियाँ : प्रेक्षण नैसर्गिक, प्रायोगिक, सहसंबंधक अध्ययन, साक्षात्कार, व्यक्ति अध्ययन; मनोवैज्ञानिक उपकरण परीक्षण, प्रश्नावलियाँ तथा उपस्कर : आँकड़ों का विश्लेषण : केन्द्रीय प्रवृत्ति के नापों की अवधारणा तथा गणना। आँकड़ों की रैखिक प्रस्तुति : बार, हिस्टोग्राम, पालीगन, मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाओं के अध्ययन में नैतिक मुद्दे।

इकाई–III : मानव व्यवहार का आधार — 8 पीरियड

इस एकक में मानव व्यवहार तथा अनुभवों को निर्धारित करने वाले जैविक और सामाजिक-सांस्कृतिक कारकों पर केन्द्रित किया गया है। मानव व्यवहार पर विकासवादी दृष्टिकोण, जैविक और सांस्कृतिक आधार, तंत्रिका तंत्र और अंतःस्रावी तंत्र संरचना का अनुभव और व्यवहार के साथ संबंध, मस्तिष्क और व्यवहार में तंत्रिका संघटकों की भूमिका, निद्रा और जागृति की अवस्था, व्यवहार के आनुवांशिक आधार, संस्कृति और मानव-व्यवहार, समाजीकरण, अपनी संस्कृति को आत्मसात करना तथा दूसरी संस्कृति का अंगीकार, वैश्वीकरण, विविधता और भारतीय संदर्भ में बहुलता।

इकाई–IV : मानव विकास — 16 पीरियड

यह इकाई विकास में भिन्नता तथा जीवन विस्तार में विकासात्मक संकृत्य से सम्बन्धित है।

विकास का तात्पर्य, विकास को प्रभावित करने वाले कारक, विकास के विविध संदर्भ, विकासात्मक अवस्थाओं का विहंगमावलोकन, गर्भावस्था में विकास, शैशवास्था, बाल्यावस्था, किशोरावस्था (विशेषतः, अस्मिता, स्वास्थ्य और सामाजिक प्रतिभागिता के प्रश्न), प्रौढ़ावस्था और वृद्धावस्था।

इकाई–V : सांवेदिक और प्रात्याक्षिक प्रक्रियाएँ — 16 पीरियड

यह इकाई विभिन्न सांवेदिक उद्दीपकों को ग्रहण करने, ध्यान देने तथा उन्हें अर्थ प्रदान करने की प्रक्रिया को समझने पर केन्द्रित है। संसार को समझना, उद्दीपकों की प्रकृति, ज्ञानेन्द्रियों की प्रकृति और कार्य-प्रणाली, सांवेदिक अनुकूलन, ध्यान : प्रकृति और निर्धारक, चयनात्मक तथा सतत ध्यान, प्रत्याक्षात्मक संगठन के नियम, कर्ता की विशेषताओं का प्रत्यक्षीकरण में भूमिका, पैटर्न की पहचान, प्रत्यक्षात्मक गोचर : पश्चात् प्रतिभाएँ, दिक्-प्रत्यक्ष, प्रात्यक्षिक स्कैर्य, भ्रम, व्यक्ति प्रत्यक्षीकरण, प्रत्यक्षीकरण पर सामाजिक-सांस्कृतिक प्रभाव।

इकाई–VI : सीखना — 20 पीरियड

इस इकाई में नए व्यवहारों को सीखने तथा व्यवहार में परिवर्तन पर ध्यान दिया गया है। सीखने की प्रकृति तथा सीखने का वक्र : सीखने के प्रारूप, क्लासिकी और नैमित्तिक अनुबंधन, प्रेक्षणात्मक सीखना, संज्ञानात्मक सीखना, वाचिक सीखने, सप्रतयय का सीखना, कौशलों को सीखना, सीखने में सहायक तत्व, सीखने का अंतरणः प्रकार और अनुप्रयोग। सीखने की शैलियाँ, सीखने की अयोग्यता, सीखने के सिद्धान्तों के कुछ अनुप्रयोग।

इकाई–VII : मानव स्मृति — 20 पीरियड

यह इकाई सूचना के ग्रहण, धारण करने, पुनःप्राप्ति तथा लोप से सम्बद्ध है। स्मृति-वृद्धि तरीकों के बारे में इसमें विवेचन किया जाएगा।

स्मृति की प्रकृति, सूचना संसाधन, उपागम, संसाधन के स्तर, स्मृति प्रणालियाँ सांवेदिक स्मृति, अल्पकालिक स्मृति, दीर्घकालिक स्मृति, ज्ञान का प्रतिनिधित्व, स्मृति का संगठन, रचनात्मक प्रक्रिया के रूप में स्मृति; विस्मरण की प्रकृति तथा कारण; स्मृति को बढ़ाना, स्मृति से जुड़ी विकृतियाँ।

इकाई–VIII : भाषा और चिन्तन — 20 पीरियड

इस इकाई का संबंध चिंतन तथा अन्य सम्बद्ध प्रक्रियाएँ जैसे कि तर्क करने, समस्या समाधान, निर्णय लेने और सर्जनात्मक चिंतन से है। इसका सरोकार भाषी और विचार के संबंध से भी है।

चिंतन और भाषा : प्रकृति और अंतःसंबंध, संज्ञानात्मक विकास की अवस्थाएँ : पियाजे, वायगॉट्स्की तथा सूचना संसाधन उपागम का परिचय, भाषा तथा भाषा प्रयोग का विकास, तर्कना, समस्या समाधान, निर्णय, सर्जनात्मक चिंतन : प्रकृति, प्रक्रिया एवं विकास।

इकाई–IX : अभिप्रेरण एवं संवेग — 18 पीरियड

यह इकाई मानव क्यों व्यवहार करता है, इस प्रश्न से जुड़ा है। मानव किस तरह से सकारात्मक एवं नकारात्मक घटनाओं का सामना करता है, यह भी इस इकाई का विषय है। मानव अस्तित्व और अभिप्रेरण की प्रकृति, जैविक आवश्यकताएँ, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक प्रेरक : उपलब्धि, संबंधन और शक्ति, मॉस्लो की आवश्यकताओं का परानुक्रम, नवीन संप्रत्यय : सक्षमता, आत्म प्रभाविकता, आंतरिक अभिप्रेरण : संवेग की प्रकृति, संवेग के शारीरिक/जैविक संज्ञानात्मक तथा सांस्कृतिक आधार, संवेग का प्रकटन, सकारात्मक संवेग, खुशी, आशावादिता, समानुभूति, कृतज्ञता, सकारात्मक संवेगों का विकास, क्रोध और भय जैसे नकारात्मक संवेगों का प्रबंधन।

प्रायोगिक कार्य (परियोजना (प्रोजेक्ट), प्रयोग (एक्सपेरिमेंट), लघु अध्ययन इत्यादि) — 60 पीरियड

विद्यार्थियों को एक परियोजना तथा एक प्रयोग करने होंगे। प्रोजेक्ट करने में अनुसंधान की प्रविधियाँ तथा संबंधित कौशल शामिल है। प्रायोगिक कार्य में प्रयोग करना तथा लघु अध्ययन शामिल होंगे जो कि पाठ्यक्रम के विषयों से संबंधित है। (यथा, मानव विकास, सीखना, स्मृति, अभिप्रेरण, प्रत्यक्षीकरण, ध्यान तथा चिंतन)

(i) प्रयोगात्मक फाइल	05 अंक
(ii) परियोजना फाइल	05 अंक
(iii) मौखिक परीक्षा (परियोजना एवं प्रयोग)	05 अंक
(iii) एक प्रयोग : (5 अंक प्रयोग करने के लिए और 10 अंक रिपोर्ट के लिए)	15 अंक

प्रस्तावित पाठ्यपुस्तकें :

1. मनोविज्ञान का परिचय, एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित।

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

कक्षा-12

एक सैद्धांतिक पत्र **इकाई अनुसार अंकभार**	**समय : 3 घंटे**	**अंक : 70**

इकाई		**अंक**
I.	बुद्धि और अभिक्षमता	09
II.	स्व और व्यक्तित्व	10
III.	मानवीय क्षमताएँ तथा और जीवन चुनौतियों का सामना	07
IV	मनोवैज्ञानिक विकार	10
V.	चिकित्सात्मक के उपागम तथा परामर्श	07
VI.	अभिवृत्ति और सामाजिक संज्ञान	08
VII.	सामाजिक प्रभाव और समूह प्रक्रियाएँ	07
VIII.	पर्यावरणीय और सामाजिक सरोकार	06
IX.	अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान	06
	प्रायोगिक कार्य (मनोवैज्ञानिक परीक्षण, केस प्रोफाइल)	30 अंक

मनोविज्ञान स्व और समाज

इकाई-I. : बुद्धि और अभिक्षमता — 20 पीरियड

इस इकाई का उद्देश्य यह अध्ययन करना है कि लोग किस तरह बुद्धि और अभिक्षमता के क्षेत्र में एक दूसरे से भिन्न होते हैं।

बुद्धि में वैयक्तिक भिन्नता : बुद्धि के सिद्धान्त, संस्कृति और बुद्धि, सांवेगिक बुद्धि; अभिक्षमता प्रकृति और प्रकार, मनोवैज्ञानिक गुणों का मूल्यांकन।

